Seventeenth Series, Vol. XXII No. 8 | Thursday, February 09, 2023
Magha 20, 1944 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Eleventh Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XXII contains Nos.1 to 10)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Vinay Kumar Mohan

**Joint Secretary**

Jai Mukesh Shukla

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Meenakshi Rawat

**Editor**

Pankaj Kumar Singh

**Assistant Editor**

**© 2023 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XXII, Eleventh Session, 2023/1944 (Saka)**

**No. 08, Thursday, February 09, 2023/ Magha 20, 1944 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 101 to 107 and 112 | 10-38 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 108 to 111 and 113 to 120 | 39-113 |
| Unstarred Question Nos. 1151 to 1380 | 114-613 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 614-623

**COMMITTEE ON ESTIMATES**

(i) 21st and 22nd Reports

(ii) Action Taken Statement 624

**COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE**

9th Report 625

**COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES**

79th to 82nd Reports 625

**STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY**

37th to 42nd Reports 626-627

**STATEMENT CORRECTING THE REPLY TO STARRED QUESTION NO. 5 DATED 02.02.2023 REGARDING 'TARGETS UNDER AMRUT SCHEME'** 628-642

**MATTERS UNDER RULE 377** 643-669

(i) Regarding establishment of Indian Institute of Management in Gorakhpur district, Uttar Pradesh

**Shri Ravi Kishan** 643

(ii) Regarding construction of Renuka dam, Lakhwar dam Kishau dam and Sharda-Yamuna Link Project

**Shri Dharambir Singh** 644

(iii) Need to resolve the problems faced by cotton producers and exporters

**Shri Ramdas Tadas** 645

(iv) Need to enhance the amount of pension under EPS-95

**Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil** 646

(v) Regarding establishment of an AIIMS in Raichur

**Shri Raja Amareshwara Naik** 647

(vi) Need to enact a law on religious conversion

**Shri Gopal Shetty** 648

(vii) Need to generate work orders for Ordnance Clothing Factory in Shahjahanpur, Uttar Pradesh

**Shri Arun Kumar Sagar** 649

(viii) Regarding establishment of a Kendriya Vidyalaya in Ajmer Parliamentary Constituency

**Shri Bhagirath Choudhary** 650

(ix) Need to expedite completion of the Behta-Aurangabad Rail Project

**Shri Sushil Kumar Singh** 651

(x) Regarding menace of wild animals in Palamu Parliamentary Constituency

**Shri Vishnu Dayal Ram** 652

(xi) Regarding release of funds for strengthening research infrastructure in Pali medical college

**Shri P. P. Chaudhary** 653

(xii) Need to frame a policy to promote agriculture export and attract industrial investment in Bundelkhand region

**Kunwar Pushpendra Singh Chandel** 654-655

(xiii) Need to accord the status of 'Martyr' (Shaheed) to armed forces personnel

**Dr. Manoj Rajoria** 656

(xiv) Need to start operation of medical facilities in Darbhanga Super Speciality Hospital, Bihar

**Shri Gopal Jee Thakur** 657

(xv) Regarding exclusion of Angel Valley of Erumely Panchayat from the forest land and Periyar Tiger Reserve (PTK)

**Shri Anto Antony** 658

(xvi) Regarding Development of tourism sector in Kishanganj district

**Dr. Mohammad Jawed** 659

(xvii) Regarding development of an Airport in Kanyakumari

**Shri Vijaykumar *alias* Vijay Vasanth** 660

(xviii) Need to review the decision to adopt GATE scores as benchmark for recruitment to Graduate Executive Trainees in PSUs

**Shri D.M. Kathir Anand** 661-662

(xix) Regarding focus on Palm oil under National Oil Mission

**Shri Sridhar Kotagiri** 663

(xx) Regarding slums built on the Railway land in Mumbai

**Shri Gajanan Kirtikar** 664

(xxi) Regarding submission of Report by Rohini Commission on sub-categorisation within Other Backward Classes (OBCs)

**Shri Chandeshwar Prasad** 665

(xxii) Regarding setting up of 4G mobile towers in Gajapati district, Odisha
**Shri Chandra Sekhar Sahu** 666

(xxiii) Regarding establishment of a Kendriya Vidyalaya in Ambedkar Nagar district in Uttar Pradesh
**Shri Ritesh Pandey** 667

(xxiv) Regarding modernization of Nilambur Shornur Railway line
**Dr. M. P. Abdussamad Samadani** 668

(xxv) Regarding alleged incidents of attack on Christian Community
**Shri Thomas Chazhikadan** 669

**UNION BUDGET (2023-2024)-GENERAL DISCUSSION** 670-988

Shri Margani Bharat 670-680

Prof. Sougata Ray 680-692

Shri Shrirang Appa Barne 692-695

Shri Mahabali Singh 695-699

Shri Bhartruhari Mahtab 699-707

Shrimati Sangeeta Azad 707-712

Shri Shriniwas Dadasaheb Patil 712-717

Shri M.K. Raghavan 717-720

Shri Sudheer Gupta 721-736

Shri A. Raja 736-747

Shri Jayadev Galla 747-73

Dr. M. P. Abdussamad Samadani 753-757

| | |
|---|---|
| Shri P. C. Mohan | 757-762 |
| Dr. Kakoli Ghosh Dastidar | 762-766 |
| Adv. A. M. Ariff | 766-771 |
| Shrimati Gomati Sai | 771-775 |
| Shri Hasnain Masoodi | 775-783 |
| Shri Rajkumar Chahar | 783-792 |
| Shrimati Harsimrat Kaur Badal | 793-798 |
| Er. Guman Singh Damor | 798-803 |
| Shri Syed Imtiaz Jaleel | 803-806 |
| Shrimati Riti Pathak | 806-813 |
| Dr. Shafiqur Rahman Barq | 814-816 |
| Shri Gurjeet Singh Aujla | 817-820 |
| Shri K. Subbarayan | 820-823 |
| Shrimati Sandhya Ray | 824-828 |
| Shri Lavu Srikrishna Devarayalu | 828-834 |
| Shri Jagdambika Pal | 834-840 |
| Shri Chandeshwar Prasad | 841-843 |
| Shri N.K. Premachandran | 843-848 |
| Shri Ram Kripal Yadav | 848-855 |
| Shrimati Supriya Sadanand Sule | 855-861 |
| Shri Ramshiromani Verma | 862-864 |
| Shri Sunil Soren | 864-867 |
| Shri Hanuman Beniwal | 867-872 |

| | |
|---|---|
| Shrimati Navneet Ravi Rana | 872-875 |
| Shri Pradyut Bordoloi | 875-878 |
| Shri Thomas Chazhikadan | 878-881 |
| Dr. Thol Thirumaavalavan | 881-883 |
| Sardar Simranjit Singh Mann | 883-884 |
| Dr. Amar Singh | 885-887 |
| Shrimati Vanga Geetha Viswanath | 887-888 |

**-*ANNEXURE – I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 823 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 824-830 |

***ANNEXURE – II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 831 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 832 |

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

----------

Thursday, February 09, 2023/ Magha 20, 1944 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

## (Q. 101)

**DR. KALANIDHI VEERASWAMY:** Sir, the country has a problem where there is unemployment and huge amount of income disparity. We talk about below poverty line families where the total income of a family is only around Rs. 30,000 annually. When we are talking about this, we are selling gas cylinders for Rs. 1,000 and even if you consider Rs. 200 subsidy which is being given, it is around Rs. 9,600 for a family which is earning Rs. 30,000. We talk about the below poverty line families.

The Government is claiming that they are giving gas for so many crores of people. In income tax, you have slabs where you say that up to rupees seven lakh, we are not going to charge any income tax.

**HON. SPEAKER:** Hon. Member, you ask the question.

**DR. KALANIDHI VEERASWAMY:** Sir, I am coming to the question.

I am asking the hon. Minister whether he can consider giving subsidy for LPG at a much better rate for these BPL families where it can be given at probably Rs. 200 per cylinder for BPL families and maybe at a higher rate for higher income groups.

Thank you.

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Hon. Speaker, Sir, I want to, with your permission, draw the attention of the hon. Member to the fact that it was precisely because the capacity to pay of the families, which are termed as BPL families, that the Ujjawala Scheme was introduced. When Ujjawala Scheme was

introduced, initially, it had eight crore connections and these eight crore connections were provided a good seven or eight months before the time. We re-issued another 1.60 crore cylinders under the Ujjawala Scheme where the lady member of the household was presented free of cost a cooking top and a cylinder. Now during the course of the pandemic when economic activity had come to a grinding halt at one stage and then it was slow, and the families who are in the below poverty line categorisation were the most severely affected, the Government gave three cylinders free of cost to those BPL families.

Sir, in so far as prices are concerned, I would like to submit, through you, to the House that we import 60 per cent or thereabout, perhaps even more sometimes, of our requirements. The import price is linked to what is called the Saudi Contract Price.

The interesting thing is that the Saudi Contract Price during the last two years or so – if we have to use this as a reference period – has gone up from about $250 per metric ton to something like $900 per metric ton. Today also, I think it is more than $75 per metric ton. Now, if your import bill is determined by the international price, then it is very interesting to analyse what the Government did. As the Government is sensitive to the requirements of the consuming population, particularly as the hon. Member says to the most vulnerable, we did not allow the cost of domestic LPG to increase. While Saudi Contract Price went up by 333 per cent, yet the price increased was very small for the domestic LPG. In May 2022, precisely as the hon. Member states, we introduced … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी संक्षिप्त में बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपको बोलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। माननीय मंत्री जी इनको जवाब न दें।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, प्लीज़ आप बैठे और एक बात सुन लें। अगर बैठे हुए कोई व्यक्ति टिप्पणी करता है तो माननीय मंत्रीगण जवाब न दिया करें। मैंने उनको नहीं कह दिया है, लेकिन आप उनसे बहस करना चाहते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने उनको नहीं कह दिया है, लेकिन आप उनसे बहस करना चाहते हैं।

… (व्यवधान)

**श्री हरदीप सिंह पुरी:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं कौन होता हूं बहस करने वाला, ये इतने विद्वान हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप चर्चा न करें। मैं जिनको एलाऊ करूं, आप उनको जवाब दें।

… (व्यवधान)

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Sir, I want to conclude this. At the end of the day, at a time when the hon. Prime Minister was providing three free meals, dry rations to a very large segment of our population, even at that stage, we did not allow the price of domestic LPG to go up. Now, at the end of the day there is a subsidy of Rs. 200. What is this subsidy? It is tax payer's money. As the hon. Member says, the ones who are most vulnerable, we are always ready to help if it is left to this House and the hon. Prime Minister. It would be ideal if the international or the

Saudi Contract Price could further come down from $750. It would enable domestic LPG to be sold at even more economical rates.

So, I wish to submit this in response to what the hon. MP has said. I always stand ready to be able to provide further details for this.

**DR. KALANIDHI VEERASWAMY:** Sir, I was only trying to reiterate that 33 per cent of a family's income goes towards gas, which is probably not acceptable. How can it be alleviated?

My next question is this. What is the status of your investment in Mozambique where there is a huge project going on which is taken up by 'Total'. There are some unrests over there. If that project happens, probably gas can be made a lot cheaper in India. So, I would like to know what is the status of the project which is happening in Mozambique.

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Sir, I want to thank the hon. Member. It is my understanding that at least I have set out the context and the international situation.

As part of many initiatives which have been taken during the last seven-eight years – import of gas, acquisition of assets outside, and increasing domestic production of gas, I would like to inform the hon. Member, through you, Sir, that last year our domestic production went up by 18 per cent. This year also, it is going to increase by more than 15 per cent. But for an economy which is thriving, where the rate of growth is 6.5-7 per cent, where our growth rate is three times the global average, we have a situation arising. More demand for energy is arising on a daily basis.

Insofar as the investment in Mozambique is concerned, the hon. Member has referred to unrest. There is an issue there. We are in partnership with an international group of companies. He mentioned one of them. There are local conditions arising out there. I would perhaps call unrest is too mild a term but there are issues of dealing with a form of insurgency there. We are in touch with these people. The project is under what is called force majeure.

As regards the $6 billion investment by Indian companies, we are very confident that due to the negotiations we are having both with the Government parties and the others, and people taking on responsibility, we will find a way to navigate through this problem so that we get gas not only from Mozambique but from several other sources where we are getting gas from. At the end of the day, the international price is determined by a variety of factors. One of the analyses I read was in a few years' time, all this will be a thing of the past because there would be so much gas available. But we have to navigate the next two or three years through the kind of global situation as it exists today and as it is evolving.

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE:** Sir, I appreciate the hon. Minister saying that for Aatmanirbhar Bharat, in nine years, he has managed to increase. But you are still at 60 per cent. So, from where did you start to bring it to this 20 per cent? As you said, you increased it by 16 per cent and 16 per cent. I need a clarification on this.

In the international process what was mentioned, we have had a slight conflict with our various relationships because of the amount of oil and gas that we are getting from Russia. So, that was the big benefit, and that is what came in

the media. Why that benefit of the oil cost was not given to the consumers? You had made that agreement with Russia which has come in the newspapers, and we have strained our other relations worldwide including with America. I want to know how does this balance work and why is the common man not getting the cylinder cheaper if you think you have done such a good intervention?

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Hon. Speaker Sir, I think I should start by saying that precisely because the Government wants to insulate our domestic consumer from the volatility which results on account of the international prices, we took a number of steps. First of all, if you look at the scale, in 2014, we had 14 crore gas connections. That has risen to 31 crore or more than that. Today, apart from the 31 crore connections, several other things have happened. Our gas pipeline which was at something like 14000 kilometres in 2014, we are taking it to 33,500 kilometres. That is the target, and we are already at 23,500 kilometres. Our domestic production, as I mentioned, has gone up 18 per cent last year and 18 per cent this year. But after that increase in production, we still have to import about 60 per cent. Now, the issue here is that oil marketing companies have not increased the price. They took huge losses on account of the fact that they were not able to pass through on to the consumers the international price at which they were imported.

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ जी।

… (व्यवधान)

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** So, they had Rs. 28,000 crore loss for which the Government compensated them Rs. 22,000 crore. … (*Interruptions*). Equally, in

so far as petrol and diesel prices are concerned, on two occasions, … (*Interruptions*) in November 2021 … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, मैंने श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ जी का नाम एनाउंस कर दिया है। आप बैठ जाइए।

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ जी।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH:** Hon. Speaker Sir, I convey my thanks to the hon. Minister for the more and more connections given under Ujjwala scheme. But I would like to know from the hon. Minister this. It is estimated that rural households with LPG connections are spending 6.7 per cent of their income on fuel, which was 40 per cent than the amount they were paying before shifting to LPG.. … (*Interruptions*)..

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप शॉर्ट में प्रश्न पूछिए।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH:** And thereby forcing them to make unfair choices about their basic standard of life. I would like to know from the hon. Minister … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मैं आपसे फिर से आग्रह कर रहा हूं कि आप अपना प्रश्न शॉर्ट में पूछिए, नहीं तो आप जितना लंबा क्वैश्चयन पूछेंगे, माननीय मंत्री जी उतना उसका डबल जवाब देंगे।

… (व्यवधान)

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** I am happy to provide a shorter answer provided I know what the question is! Sir, in so far as rural households spending is concerned, I can again reiterate that the Government has taken a number of

steps and very effective steps to insulate the consumers by not raising the prices of petrol and diesel. They have not gone up since 6th April last year. Throughout the world, the increases are astronomical. In India, petrol and diesel prices in the OMC pumps have not gone up since 6th April, 2022. I think this point needs to be appreciated. Equally, for gas, we have not allowed the increase in the Saudi contract price to be reflected in the domestic price.

It is so easy to get excited and talk about things. The ground situation is that India stands out as a shining example where the consumer has not had to face increase in the global volatility and price increases. … (*Interruptions*) As I said earlier, from 6th April, 2022 petrol and diesel prices have not gone up in India whereas they have shot up elsewhere. You only need to look at what is happening in our neighbouring countries. While in one country after 8 o'clock you cannot switch on the electricity because there is no energy.

Equally for gas, if the international price comes down, we are still willing to look at the issues if we need to. Equally, let me say that those who are the beneficiaries of UJJWALA, their consumption has gone up. I occasionally hear statements saying people do not take benefit. The average under UJJWALA is 3.68 cylinder. So, it has gone up very fast, and even those who earlier were not taking refills are now taking more and more refills.

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 102,

श्री मनोज तिवारी।

**(Q. 102)**

**श्री मनोज तिवारी :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग उत्पादित खादी उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है? क्या पिछले तीन वर्षों में खादी क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

**श्री बी. एल. वर्मा :** माननीय अध्यक्ष महोदय, खादी विकास सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत खादी में जो सुधार किया गया है, खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत खादी उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2013 में खादी मार्ट की शुरुआत की गई थी। खादी मार्ट न केवल खादी उत्पादनों की वास्तविकता की गारंटी देता है, बल्कि खादी को ऐसे ब्रांड के रूप में बढ़ावा देता है, जो सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संबंधी मूल्यों को दर्शाता है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, खादी विकास योजना के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी घटक के अंतर्गत उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, कारीगरों की उत्पादता व आय में वृद्धि करने, मानव परिश्रम को कम करने, बाजार की मांग के अनुसार नए उत्पादों को विकसित करने तथा स्थानीय कच्चे माल का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए विभिन्न अनुसंधान विकास कार्यक्रम चलाए गए हैं।

**श्री मनोज तिवारी :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बहुत ही विस्तार से जवाब दिया है और मैं उसके लिए आभार प्रकट करता हूं। मगर मेरा एक पूरक प्रश्न है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की खादी के लिए जो सोच और विजन है, हमें उस पर बहुत गर्व है। मुझे पता है कि इसी के कारण आज युवाओं में खादी फैशन ट्रेन्ड कर रहा है। दो-तीन बातें बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, जो मुझे डेटा के माध्यम से मिली हैं।

अध्यक्ष जी, इस समय निफ्ट के समान ही खादी भी फैशन वर्ल्ड की पसंद बन रही है। खादी क्षेत्र के कामगारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जी बहुत चिंतित रहते हैं, ताकि युवाओं में खादी ट्रेन्ड हो सके। मुझे एक बात अच्छी लगी है कि खादी ग्रामोद्योग केन्द्र के जो अध्यक्ष हैं, वे गांव-गांव जाकर प्रवास भी कर रहे हैं। माननीय मंत्री जी यह बताएं कि वर्षों से जो गरीब कामगार हैं,

जो इस खादी को बनाने में सूत काटते हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री जी हमेशा चिंतित रहते हैं, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो सके। क्या आप उनकी मजदूरी बढ़ाने के लिए कोई प्रावधान या योजना लाए हैं? मैं उसकी जानकारी चाहता हूं।

**श्री बी. एल. वर्मा :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने निफ्ट की जो बात की है, उसके लिए गांधीनगर, बेंगलुरु, कोलकाता और शिलांग में हब बनाए गए हैं, ताकि वहां ज्यादा से ज्यादा काम किया जा सके एवं नई-नई फैब्रिक का उत्पादन किया जा सके। घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उच्च स्तरीय फैब्रिक कपड़ों की गुणवत्ता व मानकों का प्रसार किया जा सके।

माननीय सदस्य ने विशेष रूप से पूछा है कि जो हमारे कारीगर हैं, उनकी गुणवत्ता एवं सुधार के लिए क्या कुछ पैसा बढ़ाया जा रहा है। जब वे कत्तन करते हैं, तो एक कत्तन पर उन्हें 7.5 रुपये दिए जाते हैं, लेकिन इसे बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। इसमें कुछ न कुछ पैसा बढ़ाया जाएगा।

**डॉ. निशिकांत दुबे :** अध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री जी के कारण खादी ग्रामोद्योग आज डेढ़ लाख करोड़ रुपये से ऊपर का टर्न ओवर कर रहा है। मेरा बड़ा साधारण सा सवाल है कि जो केवीआईसी है, उसके जो बड़े-बड़े शोरूम्स हैं, वे दिल्ली, मुम्बई, जयपुर, भोपाल तथा गोवा में हैं। खादी रूरल एरियाज में रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। खादी के जो 298 कलस्टर्स हैं, उनमें 250 कलस्टर्स ऐसे हैं, जो कि इसी वेस्टर्न इंडिया में मौजूद हैं। ईस्टर्न इंडिया इससे अछूता है।

मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से साधारण सा प्रश्न है कि इससे जुड़े प्रोग्राम्स, मिशन सोलर चरखा, स्फूर्ति, वर्किंग केपिटल, हनी मिशन और खादी को दुनिया से जो कम्पीटिशन आ रहा है, प्राइवेट सेक्टर से आ रहा है या हैंडलूम सेक्टर से अलग हट कर जो मशीन मेड कपड़े पर आ रहा है, उसके बारे में ईस्टर्न इंडिया के डेवलपमेंट के लिए खासकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बंगाल और नार्थ ईस्ट के लिए जो समस्याएं हैं, जहां खादी की प्रेजेंस कम है, उसके लिए भारत सरकार क्या कर रही है?

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री नारायण राणे) :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उसके बारे मैं कहना चाहता हूँ कि खादी का विस्तार करने के बारे में माननीय पंतप्रधान जी

का अच्छी तरह से ध्यान है। खादी के विस्तार के लिए काफी योजनाएं आज शुरू हो चुकी हैं। उसके बारे में राज्य मंत्री जी ने अभी बताया है। कलस्टर के बारे में मैं बताना चाहता हूँ कि जिन राज्यों में या जिन इलाकों में कलस्टर नहीं पहुंचे हैं, वहां कलस्टर देने का प्रयोजन सरकार कर रही है और खादी से रोजगार बढ़ाने की कोशिश करने के लिए यह प्रावधान किया गया है। खादी की गुणवत्ता में सुधार के लिए, चरखों में सुधार के लिए कौशल विकास योजना तथा आधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इससे खादी में सुधार का काम चालू है। रोजगार का ज्यादा निर्माण करके खादी के कामगारों को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** Sir, we know that khadi, crafts people and weavers have really been affected by COVID-19, but in the Minister's reply, I see that the financial assistance has drastically been reduced from Rs. 31.28 crore to Rs. 7.39 crore. It is supposed to be aiding and helping them, but you have been reducing that. The Center for Excellence in Khadi has been set up in NIFT in Ahmedabad, Bangalore, Kolkata, and Shillong. Why has Chennai been left out?

**श्री नारायण राणे :** अध्यक्ष महोदय, चेन्नई को छोड़ा नहीं गया है। जहां रिक्वायरमेंट की आवश्यकता थी, वहां फंड भेजा गया है। उसकी नियुक्ति कर दी गई है। वर्ष 2019-20 में 31 करोड़ रुपये दिए गए थे, वर्ष 2020-21 में 12 करोड़ रुपये दिए गए थे और वर्ष 2021-22 में सात करोड़ रुपये दिए गए थे। यह जो एमाउंट कम होता गया है, वह इसलिए है, क्योंकि उस समय बैंक के माध्यम से 150 करोड़ रुपये का जो लोन मिला था, उसमें से आज भी 145 करोड़ रुपये इस डिपार्टमेंट के पास बैलेंस हैं। खादी के लिए जो भी आवश्यकता हो, खादी की टेक्नोलॉजी पहुंचाने या खादी के चरखा चलाने वाले को कुछ भी आवश्यकता हो, तो 145 करोड़ रुपये आज भी डिपार्टमेंट के पास है।

**श्री भर्तृहरि महताब :** ओनरेबल स्पीकर सर, खादी का एक इमोशनल कनेक्शन हम सब के परिवार के साथ है। हैंड्सपन खादी, यही उसकी खूबी है और इसलिए मैं उसके प्रोडक्शन और मार्केटिंग के

बारे में जानना चाहता हूं। हम प्रोडक्शन के ऊपर ज्यादा जोर दे रहे हैं या मार्केटिंग के ऊपर ज्यादा जोर दे रहे हैं, आपका उत्तर आएगा कि हम दोनों पर दे रहे हैं।

अगर आप विस्तार में जाएं, इन कई सालों में प्रोडक्शन कहां-कहां बढ़ा है, किन चीजों में बढ़ा है? Khadi is supposed to be a poor man's dress or poor woman's dress. परन्तु हम मिडिल क्लास और कन्ज्यूमर दुकान के जरिए इसको बेचने के लिए काफी कोशिश कर रहे हैं। मार्केटिंग और प्रोडक्शन के हिसाब से हमारी प्रायरिटी क्या है? जैसा डॉ. निशिकांत दुबे जी ने और श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि जी ने भी कहा है, ज्यादा से ज्यादा पैसा आपके पास रहने से कुछ फायदा नहीं होगा, अगर आपको उसे डिस्ट्रिब्यूट करना है तो स्टेटवाइज डिस्ट्रीब्यूट न करें, पर रीजनवाइज अगर उसका डिस्ट्रीब्यूशन सही ढंग से हो तो यह ज्यादा महत्व रखेगा। इस बारे में मैं सरकार की मंशा जानना चाहता हूं।

**श्री नारायण राणे :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जो प्रश्न पूछा है, मैं बताना चाहूंगा कि आम आदमी या आम कामगार, गरीबों के लिए रोजगार प्राप्त करने के लिए खादी के माध्यम से काम किया जाता है। खादी में सुधार हो, ज्यादा से ज्यादा कामगारों को रोजगार मिले, अच्छा उत्पादन मिले, इस कोशिश में सरकार काम कर रही है। जहां आवश्यकता है, इसमें स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से भी हम सुधार कर रहे हैं। जो खादी का बेस है, खादी जिस कारण से शुरू की गई, वह बेस बना रहे और क्वालिटीवाइज अच्छा खादी निर्माण हो। इसकी मार्केटिंग हम इसलिए कर रहे हैं, कि जो कामगार खादी बनाते हैं, कपड़ा बनाते हैं, मार्केटिंग करने के बाद ही उनके लिए पैसा आएगा। हमारे ध्यान में खादी में रोजगार देना है और कामगारों की पर-कैपिटा इनकम में सुधार हो, यह सरकार का उद्देश्य है।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 103 के साथ प्रश्न संख्या 112 को क्लब किया जाता है। माननीय मंत्री, क्वेश्चन 112 क्लब कर रहे हैं, वह स्मार्ट सिटीज़ का ही क्वेश्चन है।

श्री मोहनभाई कुंडारिया।

**(Q. 103 and 112)**

**श्री मोहनभाई कुंडारिया :** अध्यक्ष महोदय, राजकोट में स्मार्ट सिटी देने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। राजकोट स्मार्ट सिटी में 71 परियोजनाएं शुरू की गई थीं, जिनमें से 33 परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं और 38 परियोजनाओं का काम चालू है। यह वर्ष 2017 से 2023 तक पांच वर्ष की परियोजना थी। अभी जो 38 प्रोजेक्ट्स चालू हैं, उनमें समय मर्यादा बढ़ाने के लिए क्या सरकार कुछ सोच रही है?

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Sir, I want to thank the hon. Member for raising this question on the Smart City Project in Rajkot. जैसा माननीय सदस्य ने कहा है, राजकोट में 2161 करोड़ रुपये की कॉस्ट के कुल 71 प्रोजेक्ट्स हैं। इनमें से 803 करोड़ रुपये की कॉस्ट के 33 प्रोजेक्ट्स आलरेडी कम्प्लीट हो गए हैं और करीब 1355 करोड़ रुपये की कॉस्ट वाले 38 प्रोजेक्ट्स हैं, which is work in progress. इस योजना में हमने फण्डिंग के लिए जून, 2023 तक की प्रॉवजनिंग की है। जिस तरीके से राजकोट में काम हो रहा है, my assessment is that Rajkot is a most successful project amongst the successful Smart City Projects. हमारा जो सिस्टम है, जैसे ही प्रोजेक्ट कम्प्लीट होता है, उसका कम्प्लीशन सर्टिफिकेट आता है तो हम अगले सेगमेंट के लिए प्रॉवजनिंग और जो प्रॉवजनिंग हुई है, उसमें पैसा रिलीज कर देते हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब से लेकर जून तक हमारे पास जो भी समय है, उसमें हम राजकोट की स्मार्ट सिटी स्पेशल परपज़ वेहिकल को एनकरेज करेंगे। स्टेट गवर्नमेंट भी इसमें ओवरसाइट करती है, गुजरात में उनकी छ: स्मार्ट सिटीज हैं। केन्द्र सरकार से हम भी ओवरसाइट करते हैं। मुझे विश्वास है कि काम समय से पूरा हो जाएगा और इसके लिए हम उनको एनकरेज करते रहेंगे।

**श्री मोहनभाई कुंडारिया :** अध्यक्ष महोदय, गुजरात में स्मार्ट सिटी में सीएसआर को चेंज किया है। नेक्स्ट प्रोजेक्ट में, गुजरात में कितने नए शहरों में उस प्रोजेक्ट का लाभ मिलेगा?

**श्री हरदीप सिंह पुरी :** सर, केन्द्र सरकार की तरफ से जो फण्डिंग स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स के लिए है, वह हमारी तरफ से टोटल 500 करोड़ रुपये है और 500 करोड़ रुपये राज्य सरकार की तरफ से

आना है तथा बाकी पैसा पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप के प्रोजेक्ट्स के थ्रू है। The Central Government stands ready to cooperate for all the 100 Smart Cities. सब जगह इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर्स बन गए हैं। अगर कुछ और भी जरूरत हो, लेकिन अभी तक जो स्मार्ट सिटीज प्रोजेक्ट्स की फण्डिंग है, वह अभी इन 100 के लिए है। अगर कुछ स्टेट गवर्नमेंट्स अपनी तरफ कुछ सिटीज़ को स्मार्टिफाई करना चाहते हैं, जैसे कई राज्य सरकरों ने किया है तो हम उनको एनकरेज करेंगे।

**श्री अर्जुन लाल मीणा :** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। माननीय मंत्री जी ने काफी विस्तृत तरीके से देश में 100 स्मार्ट सिटीज़ के बारे में उत्तर दिया है। राजस्थान के उदयपुर सिटी में लगभग 127 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है और 1371 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं तथा 9 परियोजनाओं का कार्य चल रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी से प्रश्न पूछना चाहता हूं कि क्या मंत्री जी स्मार्ट सिटी उदयपुर में आने-जाने वाले लोगों के लिए जो बार-बार जाम लगता है, उससे निजात पाने के लिए उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन से कोर्ट चौराहे तक एलिवेटेड रोड बनाने की मंशा रखते हैं?

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी के पास क्या नक्शा थोड़े ही है, जो एक-एक रोड का बना देंगे। आप जनरल क्वेश्चन पूछिए।

**श्री हरदीप सिंह पुरी :** ऑनरेबल स्पीकर सर, सबसे पहले मैं उदयपुर की स्मार्ट सिटी को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि आज वह नेशनल रैंकिंग में पांचवे स्थान पर है। It is a very successful Smart City project. With due modesty I also want to say Udaipur is one of the most beautiful cities. Even before the Smart City project commenced in June 2015, Udaipur already had very heavy footfall of tourists visiting the many beautiful locations there, and personally I have been greatly benefited from these visits. जो स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में इण्डिविजुअल प्रोजेक्ट्स टेक अप किए जाते हैं, वे स्टेट की तरफ से आते हैं। If you see in Udaipur, in 127 projects, work of Rs. 1,372 crore has been

completed. There are nine projects at work order stage of Rs. 257 crore. चूंकि प्रोजेक्ट्स कम्प्लीट होने में कुछ महीने रह गए हैं तो मैं समझता हूं कि इस समय उसमें कोई नया प्रोजेक्ट इंट्रोड्यूस करने के लिए स्कोप कम है, लेकिन राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के एफर्ट और the hon. Member mentioned traffic congestion and he had asked for an elevated roadway. These are all projects that can be considered by the concerned agency under different provisions which are available.

**माननीय अध्यक्ष :** राज्य सरकार आपसे सलाह नहीं लेती है, वह तो खुद ही चेंज कर देती है।

**DR. SHASHI THAROOR:** Mr. Speaker, looking at the Minister's response I must say I am concerned about the very uneven pace of implementation of the Smart Cities Mission given that there are only about four months left for the ultimate deadline of June, 2023 for the 100 cities. You take one example or one pair of cities that were both selected in September of 2016. You take Varanasi on the one hand and you take Atal Nagar in Chhattisgarh. In Varanasi, pretty much every programme has been done – 98 out of 104 according to your website. In Atal Nagar, only 3.8 per cent of the projects, that is two out of 53, are complete. So, my first question to the hon. Minister is, how do you explain these discrepancies and the unevenness in the implementation of the Smart City projects? Secondly, how do you account for the delays? If there are some cities where there are major delays, there must be some common factors that your Ministry has studied to understand why these projects are not getting completed. Finally, Sir, how does Thiruvananthapuram fare in this league table of uneven implementation?

**माननीय अध्यक्ष :** आप वरिष्ठ सदस्य हैं, एग्जेक्यूशन का कार्य राज्य सरकार करेगी, तो यह सुपरविजन करेंगे।

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Sir, I have a very simple question. The hon. Member knows, and I know the rest of you know, that when you read facts and figures and statistics, you have to be a little careful. Sometimes the time for a project under construction to be completed is very little. But till the completion certificate comes, it will be shown as work under progress. Almost all the 100 cities are doing fairly well. In some, during COVID-19 period, there was a slowdown, or there were local factors. जैसे आपने चेयर से हिंट दिया कि जो राज्य सरकारें होती हैं, उनका भी इसमें रोल होता है। अब जो केरल में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट है, मैं समझता हूं कि इस पर the hon. Member and I can have a special seminar along with other Members to discuss it. But I do not think that it would be appropriate for me to give, share my assessment on why some things do not happen in the State Governments. It may not be in the spirit of the discussion we are having. There are also other factors, common factors where oversight is effective, where the Advisory Committees for the projects are meeting.

सर, एक प्रश्न राजकोट स्मार्ट सिटी के बारे में उठा था। मुझे आपको यह बताने में बहुत खुशी होती है कि उसकी जो एडवाइजरी कमेटी है, जिसमें hon. MP is also a Member, उसकी 16 मीटिंग्स हो चुकी हैं। हर एक क्वाटर में मीटिंग होती है। जहां पर, local MPs and elected representatives take this thing, there is a very big difference.

जहां तक uneven progress है… (व्यवधान) आप हमारी वेबासाइट भी देखें। Varanasi was declared a smart city in September, 2016. Atal Nagar came in Round 3, much later. So, to compare something which is in Round 1 to something which is

in Round 3 also requires – and if I may have your permission – what is called a statistical hop, step and jump which I think educated Members and analysts should try to avoid indulging in.

**माननीय अध्यक्ष :** अधीर रंजन जी।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** मेरा सवाल दूसरे सवाल से संबंधित है। मुझे दूसरे सवाल के बारे में पूछना है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** अभी वह मंत्री जी नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :** अगर आपको प्रश्न नहीं पूछना था, तो आप क्यों खड़े हुए?

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, मैं इसलिए खड़ा हुआ था कि शशि थरूर जी ने डिसक्रिपेंसी के बारे में जो सवाल पूछा था, उनका सवाल स्पष्ट था कि Varanasi and Atal Nagar, even Thiruvananthapuram… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** वह विद्वान हैं। आप उनका वकील न बनें।

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** But the concerned Minister is a well loquacious Minister in the House. … (*Interruptions*) He knows how to deviate, how to deflect … (*Interruptions*)

**SHRI S. S. PALANIMANICKAM:** Sir, my city is also a smart city … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** 100 माननीय सदस्यों की सिटी स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आती है, तो क्या मैं 100 माननीय सदस्यों को बोलने के लिए एलाउ कर दूंगा?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** Q.104 – श्री बी. बी. पाटिल।

… (व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** Shri Dayanidhi Maran.

**(Q. 104)**

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** Thank you, Speaker, Sir. The Minister is a very dynamic Minister and he has all the data on his fingertips. I just want to ask you regarding pilot projects; there are two parts.

The first part is this. How do you ensure that when you lay these fibres, you do not expand the roads again so that these fibres do not get affected? The fibres which you are laying along with the National Highways, will these be used exclusively for the National Highways programme or it will also be leased out to other private operators like ISPs and other service providers?

The second part is this. Since Bengaluru has been mentioned, we have been making a serious request to you. Recently I had the opportunity to travel to Ranipet from Chennai. There, the roads are pathetic. All the land has been given by the State Government. But your contractors have gone to the court. For the last four years, the Chennai-Bengaluru Highway is in a mess. To cross 100 kilometres, it takes nearly four-and-a-half hours. It is in a very pathetic state. I know, you will come and tell me that all the contractors have gone to court. What is this process? How do you overcome it? Why should a common man or why should the people of Tamil Nadu suffer because your people are not able to ensure that these contractors fall in line? Please ensure that these projects are completed on time. Thank you, Sir.

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Sir, I had just got an opportunity to visit the Chennai-Bengaluru Express Highway site. The problem does not lie with my department. I need your cooperation in this regard. Aggregate is not available.

We get permission for three months, and after three months it is a very difficult task to again get permission. We do not get permission for mining, which is also a big problem in making roads. Land acquisition is a problem. We do not get environmental clearance or forest clearance. Still, progress on the Bengaluru side of the Express Highway is very good. As far as Tamil Nadu is concerned, we do not have land as also the required clearances. In such a case how will the contractor work? This is a big problem. I am really thankful to you because I do want to work for Tamil Nadu, and I need your cooperation in this regard.

In the State of Tamil Nadu, we have a number of projects and I have explained it also to the hon. Member. I have given representation also to the hon. Chief minister a number of times. Without land, without environmental clearance it is not possible for us to construct the road. I am with the hon. Member. We want to complete the Chennai-Bengaluru Express Highway. My target is to complete this project by the end of December this year. This will facilitate the commuters to travel from Chennai to Bengaluru in two hours.

I had recently travelled from Bengaluru to Mysore. The work is completed on this track. We are talking with the PMO and taking date for the Prime Minister to come over there next month. It will take only one hour to travel from Bengaluru to Mysore. I understand the importance of this road. We will hundred per cent try our level best, but if your cooperation is there it will be a great thing for me to complete this project.

With regard to Delhi-Mumbai Express Highway, I would like to say that it is a greenfield project. We are working on it and our mandate is only to construct

the road. The Petroleum Ministry requires land for laying gas pipeline. They have undertaken a number of big projects. With regard to laying optical fibre, the other department is doing a lot of work. We are doing two pilot projects on an experimental basis; one is Delhi-Mumbai Expressway, the greenfield expressway, and the other is Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor, the brownfield expressway. NHLML, an organisation of the NHAI, has already appointed Andhra Pradesh Urban Infrastructure Asset Management Limited for this work.

The cost of the project is very high. It comes to Rs. 6 to Rs. 7. per kilometre. We are planning to make a duct in which we can lay petroleum pipeline, IT fibre line, and there will also be PVC or LDPE or HDPE pipe for the optical fibre cable. We can use electric cable also. This will be easy for us because we do not need to acquire any land for that because already land acquisition is there. So, we can save money on that.

Under the Prime Minister's Gati Shakti Project, we are required to create cooperation, coordination, and communication between the stakeholders. We are taking up this project on the basis of that. I am thankful to the hon. Member to have asked me this question. We are now framing a policy keeping in mind the possibility of working on BOT model. We are exploring whether it will be hundred per cent possible to make private people invest money on duct, and give services to the concerned department. Today, when I was taking the briefing, we have taken a decision to formulate the policy on PPP mode. If it is not economically viable on PPP mode, we can make it in Hybrid Annuity Model. We will finance some subsidy for that. But this is the need of the hour.

As far as achieving target with regard to enhancing popularity of Internet and other thing is concerned, it is very important for our Government. Our target is to lay optical fibre cable up to 50 lakh kilometres. We need to connect villages also. It assumes great importance when we talk of 5G. We are working on that. Basically, my mandate is only to construct road. For other things, IT Ministry and other ministries are there. Land is available for Delhi-Mumbai Express Highway.

The one-lane is only 3.5 metres. At first stage, we are only making 8-lane. We can go up to 16-lane. Still, we can provide land for the bullet train projects. Even, tomorrow, if they want to start the work with regard to bullet train project from Delhi to Mumbai, land is available. We are also thinking on the lines of hyperloop technology or something like that.

The hon. Prime Minister is going to inaugurate the Delhi-Jaipur Highway on 12th. For the first time, we are planning to make it e-highway. From Delhi to Jaipur, electric cables will be set up keeping in mind the futuristic technologies. The idea behind the same is that our trucks and buses, travelling from Delhi to Jaipur, will be able to take advantage of electric cables just like trains. We are now working in this direction. That is also a first pilot project. I do not know whether it will be a success or not. But it is a first trial.

Hon. Speaker, Sir, I am very much thankful to the hon. Member for asking me this question. Again, it is my humble request to all the hon. Members from Tamil Nadu to cooperate with us with regard to the NHAI works in their respective constituencies. We want to do it.

**HON SPEAKER:** Question No. 105

Shrimati Sajda Ahmed– Not present

Shri Adhir Ranjan Chowdhury

**(Q.105)**

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** Hon. Speaker, Sir, Part (b) of the question is, whether the Government has taken note that the huge virtual water trade of India is a great concern for water security, and if so, the details thereof. After going through the reply to the said question, I found that this has not been spelt out in an elaborate manner. Part (b) and Part (c) have been marked together, but the core issue of virtual water trade has been conspicuously absent in your explanation in Part (b) and Part (c).

We know that in the year 1993, the idea of virtual water trade was conceived by Tony Allan. The name itself implies import and export of hidden water present in various products. We do not have any idea as to what is this virtual water trade. People are not aware of it. Even personally, I am not aware of it.

Do you have any policy with respect to virtual water trade in India? Have you ever estimated what are the challenges and what are the benefits of it? In the prevailing situation, I think, this could be considered. But the answer to the question -- which was raised -- is seriously deficient.

Therefore, I thought it prudent to draw your attention to it.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, माननीय सदस्य ने वर्चुअल वॉटर ट्रेड के बारे में अपनी अनभिज्ञता और सदन की अनभिज्ञता के बारे में चर्चा की है। जिन सज्जन का नाम माननीय सदस्य ने लिया है, उन्होंने एक अध्ययन करके इसके बारे में बताया है। जो भी उत्पादन होता है, चाहे फसल का उत्पादन हो, जो कपड़े हम पहनते हैं, उसका उत्पादन हो या जो सेवाएं, जो हम उपयोग में लेते हैं, हर तरह की सेवा में कहीं न कहीं पानी की आवश्यकता होती है।

कृषि के जो उत्पाद भारत एक्सपोर्ट करता है, उनको लेकर माननीय सदस्य ने यह चिंता व्यक्त की थी कि हम जो चावल निर्यात करते हैं, गेहूं निर्यात करते हैं, कपास निर्यात करते हैं और चीनी निर्यात करते हैं, ये सभी water guzzling crops हैं और इनके निर्यात के चलते हम वर्चुअली पानी को निर्यात कर रहे हैं, जो कि भारत जैसे देश में, जहां पानी की कमी है, निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि भारत सरकार ने, कृषि के क्षेत्र में जो पानी उपयोग होता है, इसके उपयोग को कम करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमने स्मार्ट इरीगेशन को बढ़ावा देने के लिए, प्रेशराइज़्ड पाइप्स के माध्यम से इरीगेशन को बढ़ावा देने के लिए, जिसके लिए सामान्यत: यह माना जाता है कि इससे 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है।

मैं मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात का उल्लेख करना चाहता हूं। इन राज्यों की सरकारों ने इस दिशा में बहुत बेहतरीन काम किया है।

अध्यक्ष जी, इसके अतिरिक्त 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के बारे में आपको जानकारी होगी कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हमें हर बूंद से अधिकतम उत्पादन हो सके, इसके लिए काम करना चाहिए। माइक्रो इरिगेशन को प्रमोट करने के लिए भी सरकार काम कर रही है। इन सबके अतिरिक्त मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आप सभी को इस विषय का संज्ञान है कि इस वर्ष को माननीय प्रधान मंत्री जी के आग्रह और अनुरोध पर 'मिलेट ईयर' के रूप में घोषित किया गया है। मैं मानता हूं कि जिस तरह से फूड पैटर्न्स चेंज हो रहे हैं और उसके कारण जो जागरुकता बढ़ रही है, यह हमारे देश के लिए

ऑपोरच्युनिटी है, क्योंकि हम दुनिया में सबसे ज्यादा मिलेट्स पैदा करने वाले देश हैं और सबसे ज्यादा वैराइटी ऑफ मिलेट्स पैदा करने वाले देश हैं। यदि हम इस समय अपने किसानों को प्रोत्साहित करके अपने देश में और पूरे विश्व के उपभोग के लिए मिलेट्स पैदा करें, तो हम वॉटर फुट प्रिंट को नीचे ला सकते हैं। इसके अलावा भी वॉटर फुट प्रिंट को कम करने के लिए विशेष रूप से भी, क्योंकि यह चावल के संदर्भ में कहा गया है, चावल के उत्पादन में आईसीएआर ने इस तरह की सीड वैराइटीज को डेवलप किया है कि उनसे पानी के उपयोग को एक चौथाई तक लाया जा सकता है या 1.2 से 1.8 मीटर क्यूबिक मीटर तक स्टैंडिंग वॉटर की आवश्यकता है उसे 30 सेंटीमीटर्स तक रिड्यूस किया जा सकता है। पानी और कृषि, दोनों राज्यों का विषय हैं, इसलिए नीचे तक इन टेक्नोलॉजी, वैराइटीज को प्रोपोगेट करने की जिम्मेदारी राज्यों की ही है। बहुत राज्यों ने इसमें बहुत अच्छा काम किया है। मैं हरियाणा का यहां विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं। उन्होंने चावल के उत्पादन के रकबे को घटाने के लिए एक इनसेंटिव स्कीम शुरू की और उस कारण लगभग एक लाख हेक्टेयर रकबा पॉयलेट प्रोजेक्ट के माध्यम से डायवर्सिफाई करने में सफलता प्राप्त की है। इसी तरह के प्रयास महाराष्ट्र सरकार ने, जब देवेन्द्र फड़नवीज जी की सरकार थी, किए। उन्होंने कहा कि गन्ना और कपास केवल ड्रिप इरिगेशन से ही उगाये जा सकते हैं। हमें निश्चित रूप से, इस दिशा में सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना पड़ेगा। हम अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं और अपने क्षेत्र के लीडर्स भी हैं। हम अपने क्षेत्र में किसानों को किस तरह से पानी के न्यूनतम उपयोग से अधिकतम खेती किस तरह से कर सकते हैं, इस पर हमें निश्चित रूप से काम करना पड़ेगा, तब जाकर हम इस वर्चुअल टेप बैलेंस को कम कर सकेंगे।

**अध्यक्ष महोदय :** प्रश्न संख्या 106

श्री दुष्यंत सिंह।

**(Q.106)**

**श्री दुष्यंत सिंह :** अध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने बड़े अच्छे काम किए हैं और उनके निदेश पर रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम का काम शुरू किया है, जिसके अंतर्गत हब एंड स्पोक का काम शुरू किया गया है। यानी बड़े एयरपोर्ट से छोटे एयरपोर्ट और छोटे एयरपोर्ट से बड़े एयरपोर्ट को लिंक करना है और इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट किया गया है।

मेरा माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि वर्तमान में एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑपरेटर्स की वॉच ड्यूटी टाइम और रेस्ट रिक्वायरमेंट्स के बारे में कमेटी की रिपोर्ट आई है और पेपर में भी आया है। डीजीसीए ने रूल्स की वर्किंग कंडिशन को बदलने के लिए कहा है। वर्तमान की एटीसीओज़ की जो एग्जम्पशंस हैं, वे फाइव टाइम्स पुअर कंडिशन्स में हैं। क्या सरकार उनकी रिक्वायरमेंट्स को पूरा करेगी और जो एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की जो नई पोस्ट्स हैं, उन्हें भरने की प्लानिंग करेगी? यह कब तक होगा, जिससे हमारे पूरे देश में जो आरसीएस एयरपोर्ट्स हैं और बाकी जो दूसरे एयरपोर्ट्स हैं, वे पूरा लाभ ले पाएं?

**जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह :** महोदय, जहां तक एटीसीओज़ का सवाल है, डीजीसीए इनकी पूरी जानकारी रखता है। इनके बारे में पूरी तहकीकात करता है और सबका नम्बर रखता है कि इतने एटीसीओज़ होने चाहिए। उसके हिसाब से हम भर्ती करते हैं और उनकी ट्रेनिंग करते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि हमारे मंत्रालय ने वर्ष 2021 से अब तक 792 लोगों की भर्ती की है और इस समय 456 एटीसीओज़ के लिए कार्य प्रगति पर है ताकि वे ट्रेंड हो कर अपनी-अपनी जगह पर जा सकें। जहां पर इनकी कमी है, वहां वॉच ऑवर्स उसी हिसाब से कम कर दिए जाते हैं, ताकि वहां जो एक्चुअल ट्रैफिक की रिक्वायरमेंट है, उसके हिसाब से कार्य किया जा सके। हमारा सतत् प्रयास है कि हमें जो भी रिक्वायरमेंट दी जाए, उसे पूरा करें ताकि हमारे यहां किसी प्रकार की कमी न आए।

**श्री दुष्यंत सिंह :** सर, मैं राजस्थान के उस भाग से आता हूं, जो एक एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट है। झालावाड़ में राजस्थान का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि आपके क्षेत्र में भी एयरपोर्ट बनना चाहिए और हमारे क्षेत्र में भी एयरपोर्ट बनना चाहिए।

हाड़ौती के साथ-साथ पूरे राजस्थान में एयरपोर्ट बनना चाहिए। क्या वर्तमान सरकार राजस्थान के लिए आरसीएस स्कीम के तहत हमारे क्षेत्र में नए रूट्स प्लान करेगी? प्लान करने के साथ ही हमें यह अश्योरेंस चाहिए कि हमारी एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स में जो नए एयरपोर्ट्स बनें, क्या सरकार वहां आरसीएस रूट्स बनाकर देगी, ताकि हमारे क्षेत्र में जो बच्चे बिहार, उत्तर प्रदेश और नॉर्थ-ईस्ट से आते हैं, उनको आने-जाने में सुविधा हो? हब एंड स्पोक की जो स्कीम चल रही है, क्या हमारे छोटे-छोटे एयरपोर्ट्स को आप प्रोत्साहन देंगे और उन्हें आरसीएस रूट्स से जोड़ेंगे? क्या आप झालावाड़ को इस रूट से जोड़ने की प्लानिंग कर रहे हैं?

**जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह :** अध्यक्ष महोदय, जहां तक आरसीएस या उड़ान का प्रश्न है, सबसे पहली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक ऐसी स्कीम है, जिससे कि उड़ान और हवाई जहाज से चलने का डेमोक्रेटाइजेशन हुआ है। उड़ान एक मार्केट ड्रिवेन स्कीम है, जिसके अंदर समय-समय पर जो बिड्स होती हैं, उनमें एयरलाइंस भाग लेती हैं। अपने व्यवसाय के एनालिसिस के बाद जिन रूट्स पर वे जाना चाहती हैं, उसको भी वे लेती हैं। अगर कोई एयरलाइन झालावाड़ जाने के लिए तैयार होती है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम झालावाड़ को उसी हिसाब से डेवलप करने की कोशिश करेंगे, लेकिन यह एयरलाइंस पर निर्भर है। इस समय सब-कुछ मार्केट ड्रिवेन है। सरकार केवल उनको बता सकती है कि आप इनके ऊपर कार्य करिए, लेकिन उनको फोर्स नहीं कर सकती।

**श्री रितेश पाण्डेय :** धन्यवाद अध्यक्ष जी।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑपरेटर्स की संख्या और बढ़ाने से संबंधित प्रश्न पूछना चाहता हूं। लखनऊ में ज्यादा एयर ट्रैफिक है। वहां से अयोध्या केवल 120 किमी दूर है, जहां पर एयरपोर्ट बनकर लगभग तैयार हो गया है। वहां पर फ्लाइट्स आने से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स का रोजगार और बढ़ेगा तथा अयोध्या, अम्बेडकर नगर व आजमगढ़ जैसे जिलों के लिए भी एक उपलब्धि बढ़ेगी। एयर ट्रैफिक कन्ट्रोलर्स की नियुक्तियां बढ़ाने के लिए क्या अयोध्या एयरपोर्ट को आप जल्द से जल्द चलवाकर वहां पर एयर ट्रैफिक कन्ट्रोलर्स को नियुक्त करेंगे?

लखनऊ में जो ज्यादा एयर ट्रैफिक है, क्या वह वहां पर डायवर्ट होगा या नहीं तथा कब तक होगा? धन्यवाद।

**जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह :** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि ट्रैफिक डायवर्ट नहीं किया जाता। जब कोई इमरजेंसी आती है, तभी यह डायवर्ट किया जाता है। एयर ट्रैफिक अपने रूट्स पर चलता है। जब हवाई जहाज ठीक से जा रहा है, हवाई अड्डा ठीक हो, मौसम ठीक हो, तो हवाई जहाज वहां पर उतरेगा। जहां तक नजदीकी का सवाल है, जब भी एयरपोर्ट तैयार होगा, वहां हवाई जहाजों का परिचालन होगा, तो एटीसीओज की जो भी रिक्वायरमेंट्स होंगी, उनको पूरा किया जाएगा।

**अध्यक्ष महोदय :** प्रश्न संख्या 107

श्री बालाशौरी वल्लभनेनी ।

**(Q.107)**

**SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI:** Sir, the allocation for education empowerment of minorities has come down in 2023-24. It has come down from Rs. 2515 crore in Budget Estimates of 2022-23 to Rs. 1689 crore in 2023-24. It means that you are spending less money for education empowerment of minorities in 2023-24. Is it true? What is the reason behind this reduction?

**श्री जॉन बर्ला :** अध्यक्ष महोदय, सरकार ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यकों, विशेषत: आर्थिक रूप से कमजोर और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है।

**<u>12.00hrs</u>**

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए विशेष रूप से देश भर में विभिन्न योजनाओं को लागू करता है। पिछले पाँच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित योजनाएं/कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

शैक्षणिक सशक्तीकरण योजनाएं- मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना, मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना है। रोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण योजनाएं – प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास), अल्पसंख्यकों को रियायती ऋण प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) को इक्विटी देते हैं। विशेष योजनाएं – जियो पारसी : भारत में पारसियों की आबादी में हो रही गिरावट को रोकने हेतु योजना, कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना।

… (*Interruptions*)

**एक माननीय सदस्य :** सर, जवाब तो पूरा होने दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष** : अब जवाब में तो मंत्री जी एक घंटा बोलेंगे। क्या एक घंटा चलने दें?

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

**(Starred Question Nos. 108 to 111 and 113 to 120**
**Unstarred Question Nos. 1151 to 1380)**
**(Page No. 39 to 613 )**

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना को अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

**श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब) :** महोदय, इस सदन में चीन पर चर्चा होनी चाहिए।… (व्यवधान)

**12.02 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय अध्यक्ष :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 2, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल जी।

**जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल) :** महोदय, मैं पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 8938A/17/23]

**12.02½ hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

**माननीय सभापति :** डॉ. वी.के.सिंह जी।

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 10 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 5533(अ) जो 29 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-548ग के, उसमें उल्लिखित, चार लेन परियोजना खंडों के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(दो) का.आ. 5534(अ) जो 29 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बीओटी (पथकर) आधार पर कार्यान्वित की जाने वाली महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के कागल-सतारा खंड को छह लेन करने की परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(तीन) का.आ. 5840(अ) जो 13 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-347ग के खालघाट से सरवरदेवला सड़क खंड की 2/4 परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(चार) का.आ. 5948(अ) जो 20 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-28 (नया एनएच-27) के लखनउ-अयोध्या खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-56 एएंडबी के लखनऊ बाइपास खंड की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(पांच) का.आ. 5949(अ) जो 20 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के अमरावती-चिखली खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(छह) का.आ. 6012(अ) जो 22 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में प्रस्तावित नवी मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन की सीमाओं पर अमरा मार्ग से 6/8 लेनों और वर्तमान एनएच-48 (नया एनएच-348) (ए1-ई खंड) (अब एनएच-548) एसएच-54 के चौड़ा करने की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(सात) का.आ. 6013(अ) जो 22 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 (पुराना एनएच-6) के तरसोड से फागने खंड की परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(आठ) का.आ. 6067(अ) जो 27 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-363 के मनचेरियल से रेपेल्लेवाडा खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(नौ) का.आ. 6167(अ) जो 30 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तराखंड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-125 पर सितारगंज-टनकपुर खंड की पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(दस) का.आ. 158(अ) जो 10 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-160 के सिन्नार से शिरडी खंड की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 8939/17/23]

(ग्यारह) का.आ. 256(अ) जो 13 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-319 (पुराना एनएच-30) के आरा से परिया खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(बारह) का.आ. 257(अ) जो 13 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा भारतमाला परियोजना के अंतर्गत पंजाब राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-354ख के करतारपुर गलियारे और एनएच-354 के रामदास से गुरदासपुर खंड की 2/4

परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(तेरह) का.आ. 258(अ) जो 13 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-29 पर वाराणसी से गोरखपुर खंड की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(चौदह) का.आ. 268(अ) जो 16 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-363 पर रेपेल्लेवाडा से तेलंगाना-महाराष्ट्र सीमा की परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(पंद्रह) का.आ. 269(अ) जो 16 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-29 पर वाराणसी से गोरखपुर खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(सोलह) का.आ. 298(अ) जो 17 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-161 पर कांडी से तेलंगाना / महाराष्ट्र सीमा खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(सत्रह) का.आ. 305(अ) जो 18 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-75ङ (नया एनएच-39) पर चुरहट बाईपास खंड की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(अठारह) का.आ. 304(अ) जो 18 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा पंजाब राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-62 और राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर मलोट-अबोहर-साधुवाली खंड की चार लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(उन्नीस) का.आ. 306(अ) जो 18 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-709 पर रोहतक से पानीपत खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

(बीस) का.आ. 328(अ) जो 19 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर रायगंज-डालखोला खंड की चार और अधिक लेन परियोजना के लिए उपयोक्ता शुल्क को अधिसूचित किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 8940/17/23]

(2) सड़क परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8941/17/23]

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) विद्युत मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[Placed in Library, See No. LT 8942/17/23]

(दो) विद्युत मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8943/17/23]

(2) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 179 के अंतर्गत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (कोयला आधारित तापीय विद्युत उत्पादन इकाइयों का लोचशील प्रचालन) विनियम, 2023 जो 30 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सीईए-टीएच-17-13/4/2022-टीईटीडी डिवीजन में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8944/17/23]

(3) ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 59 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 6027(अ) जो 23 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (विद्युत वितरण कंपनियों में ऊर्जा लेखा परीक्षा संचालित करने की रीति और अंतराल) विनियमों के प्रवर्तन को अधिसूचित किया गया है।

(दो) ऊर्जा संरक्षण (जांच करने की रीति) (संशोधन) नियम, 2022 जो 23 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 6028(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्थैतिक भण्डारण टाइप के इलेक्ट्रिक वाटर हीटर के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2022 जो 12 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. बीईई/एसएण्डएल/वाटर हीटर/3/2022-23 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) (संशोधन) विनियम, 2022 जो 29 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. बीईई/एसएण्डएल/डीटी/01/22-23 में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 8945/17/23]

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड, पोर्ट ब्लेयर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड, पोर्ट ब्लेयर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8946/17/23]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** महोदय, श्री रामेश्वर तेली जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) (एक) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8947/17/23]

(3) (एक) राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, अमेठी के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, अमेठी के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8948/17/23]

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कौशल किशोर) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) (एक) लक्षद्वीप बिल्डिंग डेवलपमेंट बोर्ड, कवरत्ती के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) लक्षद्वीप बिल्डिंग डेवलपमेंट बोर्ड, कवरत्ती के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8949/17/23]

(3) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[Placed in Library, See No. LT 8950/17/23]

(दो) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8951/17/23]

(4) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड, कोच्चि का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 8952/17/23]

(ख) (एक) उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड, लखनऊ के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड, लखनऊ का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 8953/17/23]

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8954/17/23]

(2) (एक) सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान, कपूरथला के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान, कपूरथला के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8955/17/23]

**जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल) :** महोदय, इंजीनियर बिश्वेश्वर टुडु जी की ओर से, मैं जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 8956/17/23]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** महोदय, श्री शान्तनु ठाकुर जी की ओर से, मैं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 8957/17/23]

---

**12.02¾ hrs**

## COMMITTEE ON ESTIMATES
## 21st and 22nd Reports

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर) :** महोदय, मैं प्राक्कलन समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'सीजीएचएस के अंतर्गत विभिन्न पहलों का मूल्यांकन' विषय के बारे में प्राक्कलन समिति (2022-23) का इक्कीसवां प्रतिवेदन।

(2) 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के निष्पादन की समीक्षा' विषय के बारे में प्राक्कलन समिति के ग्यारहवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी बाईसवां प्रतिवेदन।

### (ii) Action Taken Statement

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर) :** महोदय, मैं कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) से संबंधित 'अखिल भारतीय सेवाओं की प्राक्कलन और निष्पादन समीक्षा' विषय के बारे में समिति के 26वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी तीसरे प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा आगे की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**12.03 hrs**

## COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE
## 9th Report

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) :** सभापति महोदय, मैं सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति का नौवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

**12.03½ hrs**

## COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES
## 79th to 82nd Reports

**SHRI KHAGEN MURMU (MALDAHA UTTAR):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Committee on Government Assurances:-

1. Seventy-ninth Report (17th Lok Sabha) regarding 'Review of Pending Assurances Pertaining to the Ministry of Minority Affairs'.
2. Eightieth Report (17th Lok Sabha) regarding 'Review of Pending Assurances Pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals)'.
3. Eighty-first Report (17th Lok Sabha) regarding 'Requests for Dropping of Assurances (Acceded to)'.
4. Eighty-second Report (17th Lok Sabha) regarding 'Requests for Dropping of Assurances (Not Acceded to)'.

---

**12.04 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY
## 37th to 42nd Reports

**SHRI SANJAY SETH (RANCHI):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Communications and Information Technology (2022-23):-

(1) Thirty-seventh Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Twenty-sixth Report on the subject 'Suspension of Telecom Services/Internet and its impact' relating to the Ministry of Communications (Department of Telecommunications).

(2) Thirty-eighth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Twenty-seventh Report on the subject 'Ethical Standards in Media Coverage' relating to the Ministry of Information and Broadcasting.

(3) Thirty-ninth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Thirty-second Report on 'Demands for Grants (2022-23)' relating to the Ministry of Communications (Department of Telecommunications).

(4) Fortieth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Thirty-third Report on 'Demands for Grants (2022-23)' relating to the Ministry of Communications (Department of Posts).

(5) Forty-first Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Thirty-fourth Report on 'Demands for Grants (2022-23)' relating to the Ministry of Information and Broadcasting.

(6) Forty-second Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in their Thirty-fifth Report on 'Demands for Grants (2022-23)' relating to the Ministry of Electronics and Information Technology.

**12.04½ hrs**

## STATEMENT CORRECTING REPLY TO STARRED QUESTION NO. 5 DATED 02.02.2023 REGARDING "TARGETS UNDER AMRUT SCHEME"*

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कौशल किशोर) :** महोदय, मैं 'अमृत योजना के अंतर्गत लक्ष्य' के बारे में श्री बृजेन्द्र सिंह, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. 5 के 2 फरवरी, 2023 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने के बारे में वक्तव्य (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 8938/17/23.

## MINISTRY OF HOUSING & URBAN AFFAIRS

**CORRECTION STATEMENT TO BE MADE BY THE MINISTER OF HOUSING & URBAN AFFAIRS IN REPLY (ENGLISH AND HINDI VERSION) TABLED IN THE LOK SABHA ON 02.02.2023, IN PARA (A) OF THE STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PART (A) TO (D) OF THE LOK SABHA STARRED QUESTION NO. 5 RAISED BY SHRI BRIJENDRA SINGH, HON'BLE MEMBER OF PARLIAMENT (LOK SABHA) REGARDING "TARGETS UNDER AMRUT SCHEME"**

*****

I rise to make a correction in reply (English and Hindi version) tabled in the Lok Sabha on 02.02.2023, in para (a) of the Lok Sabha Starred Question No. 5 answered by the Ministry of Housing & Urban Affairs.

2. The word " 287 crore" may be read as "28.7 lakh" and "306 crore" may be read as " 30.6 Lakh" in reply (English and Hindi version) tabled in the Lok Sabha on 02.02.2023, in para (a) of the Statement referred to in reply to part (a) to (d) of the Lok Sabha Starred Question No. 5.

3. The correcting Statement may be brought to the notice of the House.

4. The inconvenience caused is regretted.

(KAUSHAL KISHORE)

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi -110011

**Corrected copy of the Lok Sabha Starred Question No. 5 answered on February 2, 2023.**

**(KAUSHAL KISHORE)**
**Minister of State for Housing and Urban Affairs**

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi-110011

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF HOUSING & URBAN AFFAIRS**

**LOK SABHA**
**STARRED QUESTION NO. *5**
**TO BE ANSWERED ON FEBRUARY 2, 2023**

**TARGETS UNDER AMRUT SCHEME**

**No. *5. SHRI BRIJENDRA SINGH :**

**Will the Minister of HOUSING AND URBAN AFFAIRS be pleased to state:**

**(a) the progress made towards achieving the target of replacing street lights with LEDs under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT);**
**(b) whether there have been delays in achieving the same;**
**(c) if so, the reasons therefor; and**
**(d) the quantum of funds allocated, released and utilized under the said scheme during the last three financial years?**

**ANSWER**

**THE MINISTER OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS**
**(SHRI HARDEEP SINGH PURI)**

**(a) to (d): A Statement is laid on the Table of the House.**

*****

**STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PART (a) TO (d) OF LOK SABHA STARRED QUESTION NO. 5 FOR ANSWER ON FEBRUARY 2, 2023 REGARDING "TARGETS UNDER AMRUT SCHEME" :**

**(a): The replacement of conventional street lights with energy efficient Light Emitting Diodes (LEDs) for promoting energy conservation is one of the major reforms under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT). So far in AMRUT cities, 98 lakh out of 101 lakh identified conventional street lights have been replaced with energy efficient LEDs leading to energy savings of 497 crore units per annum and reduction in $CO_2$ emission by 28.7 lakh tonnes per annum. In non-AMRUT cities & Gram Panchayats too, 65.96 lakh conventional street lights have been replaced with energy efficient LEDs by EESL leading to energy savings of 443 crore units per annum and reduction in $CO_2$ emission by 30.6 lakh tonnes per annum.**

**(b) and (c): There is no substantial delay in this regard. 98% of the target set under the Mission has been achieved so far.**

**(d): No financial allocation is made for replacement of street lights with LEDs because the programme is run without any budgetary allocation from Government of India as it is based on a sustainable business model where the cost of LEDs is repaid by Urban Local Bodies (ULBs) from savings in energy and maintenance expenditure over a period of time through savings in electricity bill.**

**Under AMRUT, funds are allocated for the entire mission period not year wise. ₹50,000 crore was allocated for the entire mission period including ₹35,990 crore for AMRUT Projects. The details of funds released and utilised in last 3 financial years and current financial year are as below:**

| Financial Year | Central Assistance released | | Utilization Certificate received against released Central Assistance | |
|---|---|---|---|---|
| | For Projects (₹ in crore) | For other components (₹ in crore) | For Projects (₹ in crore) | For other components (₹ in crore) |
| 2019-20 | 5,686.00 | 524.19 | 5,623.66 | 431.89 |
| 2020-21 | 6,146.31 | 236.67 | 4,897.88 | 165.54 |
| 2021-22 | 6,112.89 | 100.95 | 3,637.94 | 45.05 |
| Current Year (2022-23) | 606.30 | 5.70 | - | 1.75 |
| TOTAL | 18,551.50 | 867.51 | 14,159.48 | 644.24 |

*****

**Original copy of the Lok Sabha Starred Question No. 5 answered on February 2, 2023.**

**(KAUSHAL KISHORE)**
**Minister of State for Housing and Urban Affairs**

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi-110011

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF HOUSING & URBAN AFFAIRS**

**LOK SABHA**
**STARRED QUESTION NO. *5**

**TO BE ANSWERED ON FEBRUARY 2, 2023**

**TARGETS UNDER AMRUT SCHEME**

**No. *5. SHRI BRIJENDRA SINGH :**

**Will the Minister of HOUSING AND URBAN AFFAIRS be pleased to state:**

**(a) the progress made towards achieving the target of replacing street lights with LEDs under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT);**
**(b) whether there have been delays in achieving the same;**
**(c) if so, the reasons therefor; and**
**(d) the quantum of funds allocated, released and utilized under the said scheme during the last three financial years?**

**ANSWER**

**THE MINISTER OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS**
**(SHRI HARDEEP SINGH PURI)**

**(a) to (d): A Statement is laid on the Table of the House.**

*****

**STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PART (a) TO (d) OF LOK SABHA STARRED QUESTION NO. 5 FOR ANSWER ON FEBRUARY 2, 2023 REGARDING "TARGETS UNDER AMRUT SCHEME" :**

**(a): The replacement of conventional street lights with energy efficient Light Emitting Diodes (LEDs) for promoting energy conservation is one of the major reforms under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT). So far in AMRUT cities, 98 lakh out of 101 lakh identified conventional street lights have been replaced with energy efficient LEDs leading to energy savings of 497 crore units per annum and reduction in $CO_2$ emission by 287 crore tonnes per annum. In non-AMRUT cities & Gram Panchayats too, 65.96 lakh conventional street lights have been replaced with energy efficient LEDs by EESL leading to energy savings of 443 crore units per annum and reduction in $CO_2$ emission by 306 crore tonnes per annum.**

**(b) and (c): There is no substantial delay in this regard. 98% of the target set under the Mission has been achieved so far.**

**(d): No financial allocation is made for replacement of street lights with LEDs because the programme is run without any budgetary allocation from Government of India as it is based on a sustainable business model where the cost of LEDs is repaid by Urban Local Bodies (ULBs) from savings in energy and maintenance expenditure over a period of time through savings in electricity bill.**

**Under AMRUT, funds are allocated for the entire mission period not year wise. ₹50,000 crore was allocated for the entire mission period including ₹35,990 crore for AMRUT Projects. The details of funds released and utilised in last 3 financial years and current financial year are as below:**

| Financial Year | Central Assistance released | | Utilization Certificate received against released Central Assistance | |
|---|---|---|---|---|
| | For Projects (₹ in crore) | For other components (₹ in crore) | For Projects (₹ in crore) | For other components (₹ in crore) |
| 2019-20 | 5,686.00 | 524.19 | 5,623.66 | 431.89 |
| 2020-21 | 6,146.31 | 236.67 | 4,897.88 | 165.54 |
| 2021-22 | 6,112.89 | 100.95 | 3,637.94 | 45.05 |
| Current Year (2022-23) | 606.30 | 5.70 | - | 1.75 |
| TOTAL | 18,551.50 | 867.51 | 14,159.48 | 644.24 |

*****

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

"अमृत योजना के तहत लक्ष्य" के संबंध में श्री बृजेंद्र सिंह, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा) द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण के पैरा (क) में दिनांक 02.02.2023 को लोकसभा पटल पर रखे गए उत्तर (अंग्रेजी और हिंदी संस्करण) में आवासन और शहरी कार्य मंत्री द्वारा दिया जाने वाला शुद्धिकरण

******

मैं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय दवारा दिनांक 02.02.2023 को लोक सभा में पटल पर रखे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण के पैरा (क) में दिए गए उत्तर (अंग्रेजी और हिंदी संस्करण) में संशोधन करने का अनुरोध करता हूँ।

2. दिनांक 02.02.2023 को लोक सभा में पटल पर रखे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण के पैरा (क) में दिए गए उत्तर (अंग्रेजी और हिंदी संस्करण) में '287 करोड़' को '28.7 लाख' और '306 करोड़' को '30.6 लाख' पढ़ा जाए।

3. कृपया संशोधित विवरण को सदन के ध्यान में लाया जाए।

4. इस असुविधा के लिए खेद है।

(कौशल किशोर)

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi-110011

दिनांक 2 फरवरी, 2023 को लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के संबंध में दिए गए उत्तर की शुद्ध प्रतिलिपि

(श्री कौशल किशोर)
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi -110011

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं.*5
02 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

अमृत योजना के अंतर्गत लक्ष्य

*05. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर एलईडी लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या इसे हासिल करने में देरी हुई है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान उक्त योजना के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि कितनी-कितनी है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

<u>विवरण</u>

**"अमृत योजना के तहत लक्ष्य" के संबंध में 2 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण :**

(क): ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक स्ट्रीट लाइट के स्थान पर ऊर्जा कुशल लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) लगाना अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत प्रमुख सुधारों में से एक है। अब तक अमृत शहरों में, 101 लाख में से 98 लाख चिन्हित पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर ऊर्जा कुशल एलईडी लगा दी गई हैं, जिससे प्रति वर्ष 497 करोड़ यूनिट ऊर्जा की बचत हुई है और CO2 उत्सर्जन में प्रति वर्ष 28.7 लाख टन की कमी आई है। गैर-अमृत शहरों और ग्राम पंचायतों में भी, ईईएसएल दवारा 65.96 लाख पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर ऊर्जा कुशल एलईडी लगा दी गई हैं, जिससे प्रति वर्ष 443 करोड़ यूनिट ऊर्जा की बचत हुई है और CO2 उत्सर्जन में प्रति वर्ष 30.6 लाख टन की कमी आई है।

(ख) और (ग): इस संबंध में बहुत अधिक विलंब नहीं हुआ है। अब तक मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य का 98% प्राप्त किया जा चुका है।

(घ): स्ट्रीट लाइट के स्थान पर एलईडी लगाने के लिए कोई वित्तीय आवंटन नहीं किया गया है क्योंकि यह कार्यक्रम भारत सरकार से किसी भी बजटीय आवंटन के बिना चलाया जाता है क्योंकि यह एक स्थायी व्यवसाय मॉडल पर आधारित है जहां शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) दवारा बिजली के बिल में बचत के माध्यम से और समय-समय पर ऊर्जा और रखरखाव व्यय में बचत से एलईडी की लागत चुकाई जाती है।

अमृत के तहत, धनराशि संपूर्ण मिशन अवधि के लिए आवंटित की जाती है न कि वर्षवार। अमृत परियोजनाओं के लिए 35,990 करोड़ रू. सहित संपूर्ण मिशन अवधि के लिए 50,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। पिछले 3 वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष में जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | जारी की गई केंद्रीय सहायता | | जारी की गई केंद्रीय सहायता के लिए प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं के लिए (करोड़ रू. में) | अन्य घटकों के लिए करोड़ रू. में) | परियोजनाओं के लिए (करोड़ रू. में) | अन्य घटकों के लिए (करोड़ रू. में) |
| 2019-20 | 5,686.00 | 524.19 | 5,623.66 | 431.89 |
| 2020-21 | 6,146.31 | 236.67 | 4,897.88 | 165.54 |
| 2021-22 | 6,112.89 | 100.95 | 3,637.94 | 45.05 |
| चालू वर्ष (2022-23) | 606.30 | 5.70 | - | 1.75 |
| कुल | 18,551.50 | 867.51 | 14,159.48 | 644.24 |

*****

दिनांक 2 फरवरी, 2023 को लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के संबंध में दिए गए उत्तर की मूल प्रतिलिपि

(श्री कौशल किशोर)

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

कौशल किशोर/KAUSHAL KISHORE
राज्यमंत्री/Minister of State
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली-110011/New Delhi-110011

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं.*5
02 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

अमृत योजना के अंतर्गत लक्ष्य

*05. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर एलईडी लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या इसे हासिल करने में देरी हुई है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान उक्त योजना के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि कितनी-कितनी है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

## विवरण

**"अमृत योजना के तहत लक्ष्य" के संबंध में 2 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण :**

(क): ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक स्ट्रीट लाइट के स्थान पर ऊर्जा कुशल लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) लगाना अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत प्रमुख सुधारों में से एक है। अब तक अमृत शहरों में, 101 लाख में से 98 लाख चिन्हित पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर ऊर्जा कुशल एलईडी लगा दी गई हैं, जिससे प्रति वर्ष 497 करोड़ यूनिट ऊर्जा की बचत हुई है और CO2 उत्सर्जन में प्रति वर्ष 287 करोड़ टन की कमी आई है। गैर-अमृत शहरों और ग्राम पंचायतों में भी, ईईएसएल दवारा 65.96 लाख पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर ऊर्जा कुशल एलईडी लगा दी गई हैं, जिससे प्रति वर्ष 443 करोड़ यूनिट ऊर्जा की बचत हुई है और CO2 उत्सर्जन में प्रति वर्ष 306 करोड़ टन की कमी आई है।

(ख) और (ग): इस संबंध में बहुत अधिक विलंब नहीं हुआ है। अब तक मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य का 98% प्राप्त किया जा चुका है।

(घ): स्ट्रीट लाइट के स्थान पर एलईडी लगाने के लिए कोई वित्तीय आवंटन नहीं किया गया है क्योंकि यह कार्यक्रम भारत सरकार से किसी भी बजटीय आवंटन के बिना चलाया जाता है क्योंकि यह एक स्थायी व्यवसाय मॉडल पर आधारित है जहां शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) दवारा बिजली के बिल में बचत के माध्यम से और समय-समय पर ऊर्जा और रखरखाव व्यय में बचत से एलईडी की लागत चुकाई जाती है।

अमृत के तहत, धनराशि संपूर्ण मिशन अवधि के लिए आवंटित की जाती है न कि वर्षवार। अमृत परियोजनाओं के लिए 35,990 करोड़ रु. सहित संपूर्ण मिशन अवधि के लिए 50,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। पिछले 3 वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष में जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | जारी की गई केंद्रीय सहायता | | जारी की गई केंद्रीय सहायता के लिए प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं के लिए (करोड़ रु. में) | अन्य घटकों के लिए करोड़ रु. में) | परियोजनाओं के लिए (करोड़ रु. में) | अन्य घटकों के लिए (करोड़ रु. में) |
| 2019-20 | 5,686.00 | 524.19 | 5,623.66 | 431.89 |
| 2020-21 | 6,146.31 | 236.67 | 4,897.88 | 165.54 |
| 2021-22 | 6,112.89 | 100.95 | 3,637.94 | 45.05 |
| चालू वर्ष (2022-23) | 606.30 | 5.70 | - | 1.75 |
| **कुल** | **18,551.50** | **867.51** | **14,159.48** | **644.24** |

*****

**12.05 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377 *

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के नियम 377 के अधीन मामले स्वीकृत हुए हैं, वे कृपया अपने विषय को सभा पटल पर प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

### (i) Regarding establishment of Indian Institute of Management in Gorakhpur district, Uttar Pradesh

**श्री रवि किशन (गोरखपुर) :** मैं सरकार को सादर अवगत कराना चाहता हूं कि देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनामी से आगे ले जाने एवं भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भौगोलिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहे गोरखपुर महानगर/जनपद में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक व्यवसायिक क्षेत्र एवं शिक्षा क्षेत्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित करना नितांत आवश्यक एवं समय की मांग है।

गोरखपुर महानगर जनपद शिक्षा अध्ययन की दृष्टि से एक लंबे क्षेत्र (पूर्वांचल का गोरखपुर/ बस्ती/आजमगढ़ मंडल एवं बिहार का सीमावर्ती क्षेत्र) एवं सघन जनसंख्या को कवर करता है लेकिन एक बहुत बड़े क्षेत्रफल एवं जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला गोरखपुर इससे अछूता है जबकि देश के विभिन्न 20 स्थानों पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित हो गए हैं।

भारतीय प्रबंधन संस्थान को गोरखपुर में स्थापित करने हेतु पूर्वांचल की जनता, जनप्रतिनिधि एवं विद्युत जनों और व्यवसायियों द्वारा मांग की जाती रही है।

अतः मेरी मांग है कि गोरखपुर महानगर/जनपद में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने के संबंध में सहमति प्रदान कर के प्रस्ताव का डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के संदर्भ में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करने के साथ-साथ संबंधित दिशा निर्देश पारित करने की महती कृपा करें।

* Treated as laid on the Table.

**(ii) Regarding construction of Renuka dam, Lakhwar dam Kishau dam and Sharda-Yamuna Link Project**

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) :** आने वाले समय में दुनियां के साथ साथ हमारे देश में भी पानी की भारी किल्लत होने वाली है। पानी बचाने के बहुत ज्यादा संसाधन अभी तक हमारे देश में नही हैं। वैसे तो भारत सरकार पानी को बचाने पर पूरा ज़ोर दे रही है। लेकिन नदियों को आपस में जोड़ने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। रेणुका, किसाऊ, लखवार बांधो के बनाए जाने से हिमाचल से लेकर हरियाणा-दिल्ली-राजस्थान-गुजरात-महाराष्ट्रा तक पानी जाना है। लेकिन इन बांधों के काम को जितनी तेज गति से चलाना था, वो नहीं हो पाया। सभी राज्यों व केंद्र सरकार का दो बांधो के लिए MOU भी साइन हो चुके। लेकिन तीसरे बांध का काम अभी पेंडिंग है। मेरा निवेदन है कि इन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। शारदा -यमुना नदियों को जोड़ने की घोषणा भी बहुत पहले की जा चुकी है। इसे भी जल्द पूरा किया जाए ताकि हरियाणा के हिस्से का पानी मिल सके। लखवार-किसाऊ, रेणुना बांधों का वर्तमान स्टेट्स और शारदा-यमुना का भी वर्तमान स्टेट्स दिया जाए।

**(iii) Need to resolve the problems faced by cotton producers and exporters**

**श्री रामदास तडस (वर्धा) :** माननीय वस्त्र मंत्री जी से निवेदन है कि विदर्भ के वर्धा, अमरावती, चंद्रपुर, यवतमाल अकोला नागपुर वाशिम जिले में कपास की खेती सबसे ज्यादा होती है एंव कपास पर ही सभी किसान मूलतः आश्रित हैं।

कपास उत्पादको एवं निर्यातकों की मांग है कि जिस तरह चीनी के निर्यात में हर वर्ष सरकार अनुदान देती है उसी तरह कपास के निर्यात में भी सब्सिडी देने की जरूरत है क्योंकि कई बार विदेशों में कपास का भाव बहुत कम होने से भारत के कपास निर्यातकों एवं उत्पादको को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इस वर्ष अमेरिका में कपास में काफी मंदी है, जिस कारण भारत के कपास निर्यातकों की काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है, इस लिए प्रतिवर्ष कम से कम 50 से 60 लाख गांठे निर्यात करने का व्यवस्था जब तक नही करेगी तब तक कपास उत्पादको एंव निर्यातकों को घाटे में भरपाई नही हो सकेगा।

अंतः मैं माननीय वस्त्र मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि कपास उत्पादको एंव निर्यातकों के समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें।

## (iv) Need to enhance the amount of pension under EPS-95

**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव) :** ईपीएस-95 पेंशनार्थियों ने अपने परिश्रम से देश के विभिन्न संगठनों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रमुख योगदान दिया है।देशभर के 75 लाख से ज़्यादा ईपीएस-95 पेंन्शनरों के लिए वर्तमान में दी जानेवाली पेंन्शन राशि बहुत ही कम है जिससे उनकी आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और वो मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते है। 2018 में श्रम संबंधित संसदीय समिति की रिपोर्ट और ईपीएफओ की संबंधित उच्च स्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि ईपीएस-95 पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि बढ़ाई जानी चाहिए।इसके अतिरिक्त 2013 में कोशियारी समिति ने भी इस राशि को बढ़ाने का अनुमोदन किया है।मैं सरकार से मांग करता हूँ कि ईपीएस-95 योजना के तहत आने वाले पेंशनरों की मांगों पर कारवाई करे और इसके लिए केंद्र सरकार EPS-95 पेंशन योजना में आवश्यक परिवर्तन करके EPS-95 पेंशनरों और उनके परिवारों को 9000-रुपये प्रतिमाह की मूल पेंशन दी जानी चाहिए और साथ में महंगाई भत्ता या मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाए जिससे इन पेंशनभोगियों को इसका लाभ मिले और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद किसी वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े।

## (v) Regarding establishment of an AIIMS in Raichur

**SHRI RAJA AMARESHWARA NAIK (RAICHUR):** The Government announced an AIIMS in Karnataka. The Raichur and Yadgiri districts are considered most backward districts and got Special Status under Article 371 J. They are Aspirational Districts declared by NITI Aayog as 70% population is SC/ST and backward classes and literacy rate is 59%.

Raichur Constituency is having most of the population with SC/ ST and OBC group who are financially backward. Even they were unable to give good education, health facilities to their children. Starting of AIIMS in this area will improve educational and health facilities of the public in this area and it will also create employment opportunities to the most unemployed youth of the area.

The Dr. D.M. Nanjundappa Committee on Regional Imbalance in Karnataka recommended establishment of IIT at Raichur but IIT went to Dharwad in place of Raichur. Kalyana Karnataka region is lacking in heath facilities and people are dependent on Bengaluru/Pune/Hyderabad for Medical treatment.

Raichur has the highest number of cases of infectious diseases and 56-73% of pregnant women/children are suffering from malnutrition. People are forced to spend more than 76% of their income on medical treatment. Therefore, I demand to set up an AIIMS in Raichur to enhance medical infrastructure in the region.

## (vi) Need to enact a law on religious conversion

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** माननीय उच्चतम न्यायालय ने अभी कुछ माह पूर्व एक याचिका, जिसमें धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाने या फिर इस अपराध को भारतीय दंड संहिता में शामिल करने की अपील की गई है, पर सुनवाई के दौरान कहा है कि जबरन धर्मांतरण न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा हो सकता है और यदि जबरन धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल परिस्थितियां खड़ी हो जाएंगीं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ केंद्र सरकार को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देकर इस मामले में दखल देने को भी कहा है।

लेकिन, आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति/परिवार, जिनका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ है और वे हिन्दू धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार धार्मिक कृत्य करते हैं, लेकिन उन्हें बहला फुसलाकर या लुभावने लालच देकर किसी अन्य धर्म को स्वीकारने के लिए मजबूर कर दिया जाता है, जिस धर्म के बारे में उनको तनिक भी जानकारी नहीं होती है । अतः ऐसे व्यक्ति/परिवारों द्वारा किया गया धर्मांतरण, जिन्हें उस धर्म के बारे में तनिक भी जानकारी अथवा ज्ञान नहीं है, उनके द्वारा किए गए धर्मांतरण को कानूनी वैधता किसी भी स्थिति में नहीं मिलनी चाहिए।

अतः उपर्युक्त तथ्यों और माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संदर्भ में दिए गए निर्देशो को ध्यान में रखते हुए मेरा अनुरोध है कि केन्द्रीय स्तर पर धर्मांतरण से संबंधित एक सख्त अधिनियम बनाया जाए।

## (vii) Need to generate work orders for Ordnance Clothing Factory in Shahjahanpur, Uttar Pradesh

**श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। शाहजहांपुर में आयुध वस्त्र निर्माणी स्थित है। इस निर्माणी के पास वर्तमान में केवल वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के लिए पर्याप्त वर्क लोड। है यदि इस निर्माणी को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वर्क लोड नहीं दिया जाता है तो यह निर्माणी बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी।

ऐसी स्थिति में यह निर्माणी जो अपने कर्मचारियों को लगभग 15 करोड़ रूपये प्रति माह वेतन का भुगतान करती है और यह राशि शहर के दुकानदारों तक पहुंचती है, जिसका व्यापक असर शाहजहांपुर की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। बंद होने की स्थिति में हजारों लोगों को प्रभावित करेगी और मेरा पिछड़ा अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित होगा।

मैं सरकार के ध्यान में यह भी लाना चाहूंगा कि आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर की (टीसीएल ग्रुप) एक नवजात शिशु की तरह है। यदि इसका पालन पोषण नहीं किया गया तो इसका और समय ही अंत हो जाएगा।

अतः माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि वह संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में स्थित आयुध वस्त्र निर्माणी (टीसीएल ग्रुप) को वर्ष 2023-24 के लिए न्यू डिजाइन डिजिटल आर्मी यूनिफॉर्म ब्लैंकेट एवं अन्य उत्पाद का वर्क लोड दिए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि इस निर्माणी को यथावत चालू रखा जा सके।

## (viii) Regarding establishment of a Kendriya Vidyalaya in Ajmer Parliamentary Constituency

**श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) :** संसदीय क्षेत्र अजमेर के केकड़ी/मसूदा/दूदू विधानसभाक्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक भी केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं होने से क्षेत्रवासियों एवं छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय विद्यालय संगठन से समुचित एवं समग्र शिक्षा का स्थानीय स्तर पर लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है।जबकि उक्त तीनों विधानसभाक्षेत्रों में प्रत्येक में लगभग 02.50 लाख से 02.70 लाख की आबादी निवासरत हैं। केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में भारतीयसेना के लगभग 7500-8000 पूर्व एवं सेवारत सैनिक परिवार भी निवास करते हैं, लेकिन अजमेर संसदीय क्षेत्र में अजमेर शहर, किशनगढ़,नसीराबाद एवं ब्यावर में केन्द्रीय विद्यालय संचालित होने से केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र के वाशिंदों, छात्र-छात्राओं एवं सैनिक परिवारजनों को उक्त स्थापित केन्द्रीय विद्यालय की 70 से 80 किमी की दूरी पर स्थित होने के कारण इनमें शिक्षा अध्ययन का समग्र एंव समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इस संदर्भ में मेरे द्वारा नवीन केन्द्रीय विद्यालय केकडी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में खोलने हेतु पुरजोर मांग करने पर पत्राचार पश्चात राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर को भी निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्ताव तैयार कर उचित माध्यम से दिल्ली भिजवाने हेतु लिखा गया लेकिन उचित कार्यवाही आज तक अपेक्षित हैं।

अतः केन्द्रीय शिक्षामंत्री महोदय से निवेदन हैं कि अजमेर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग की विभागीय कार्य योजनान्तर्गत आगामी बजट वर्ष 2023-24 में उक्त नवीन केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना चैलेंज मैथड के तहत स्वीकृत करवाने की महती कृपा करावें।

**(ix) Need to expedite completion of the Behta-Aurangabad Rail Project**

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) :** पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत वर्ष 2007 में 326 करोड़ रूपए की लागत से बिहटा-औरंगाबाद नई रेल परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई और परियोजना का कार्य 2011-12 में पूरा किया जाना था। इस परियोजना से पटना, अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद की जनता लाभान्वित होगी। इस क्षेत्र का अधिकांश भाग अति पिछड़ा और एल.डब्ल्यू.ई. के अधीन है। इस परियोजना के लिए कई बार सर्वेक्षण हुआ और किसानों को भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस भी जारी किया गया, परंतु बताया गया है कि परियोजना की प्राक्कलन राशि 326 करोड़ रूपये से बढ़कर 2800 करोड़ रूपए हो गई। इस संबंध में मेरे द्वारा मामले को कई बार लोक सभा में उठाया गया है और माननीय सांसदों के साथ माननीय रेल मंत्री से परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया गया है।

संबंधित क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस परियोजना का कार्य पूरा कराने के लिए धरना प्रदर्शन भी किया गया लेकिन सरकार द्वारा समुचित राशि का आवंटन नहीं करने और अन्य कारणों से परियोजना का कार्य लम्बित है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण प्राक्कलन राशि में काफी वृद्धि हो गई है और इस पिछड़े क्षेत्र की जनता को विकास योजना से वंचित करने का कार्य किया गया। मेरा आग्रह है कि बिहटा-औरंगाबाद रेल परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

## (x) Regarding menace of wild animals in Palamu Parliamentary Constituency

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। पलामू एवं गढ़वा जिला में आजकल जंगली जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गए हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में एवं पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। तेंदुए द्वारा अब तक दो लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है और एक व्यक्ति तथा एक बच्चा अस्पताल में इलाजरत है।

वन विभाग के द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। तेंदुए को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र से एक शिकारी को भी बुलाकर इस कार्य में लगाया गया है परंतु कोई लाभदायक परिणाम नहीं निकला है। स्थानीय वन विभाग के पदाधिकारियों का यह प्रयास नाकाफी है।

क्या यह इस साल के बजट में है? नहीं है। कुछ एसेट्स मोनेटाइज नहीं हुए हैं। They used to speak about disinvestment. पिछले साल भी 50 हजार करोड़ रुपये था और इस साल भी बजट में 50 हजार करोड़ रुपये है। कोई भी आपके एसेट्स लेने के लिए, डिसइंवेस्टमेंट के लिए इंटरेस्टेड नहीं हैं। Your programmes are failing one by one. Shrimati Nirmala Sitharaman has this advantage, she makes an announcement and forgets about it next year but we keep the last year's Budget and we remember what all she said. That is why, this Budget that was brought with good intentions at a time when Indian economy was recovering from the downslide of the COVID missed all the opportunities. I will briefly complete my point.

मुझे बहुत डिस्टर्ब कर दिया है। इन लोगों का ... * है और हमें डिस्टर्ब करते हैं… (व्यवधान) कल अधीर रंजन चौधरी जी गलवान के बारे में बोल रहे थे कि चाइना कितने पॉइंट तक गलवान में दखल किया, कितने पॉइंट तक अरुणाचल प्रदेश में दखल किया। डिफेंस बजट बढ़ाने की क्या जरूरत थी? पूरे बजट का सिर्फ 1.5 परसेंट बढ़ा। This remains almost the same if you consider inflation. अभी तक छत्तीसगढ़ में माओवादी लोगों को मार रहे हैं। अभी परसों बीजेपी के एक आदमी को मार दिया गया। सीआरपीएफ का एलॉटमेंट भी नहीं बढ़ा। ये लोग बोलते हैं कि हम हेल्थ और ऐजुकेशन के लिए पैसे देंगे। एजुकेशन के लिए पूरे बजट का केवल 2.9 परसेंट एलॉटमेंट किया गया।…

---

* Expunged as ordered by the Chair.

(व्यवधान) हेल्थ की इतनी प्रॉब्लम है, लेकिन उसके लिए भी कोई एलॉटमेंट नहीं है।... (व्यवधान) सर, इन लोगों का ... * है।

Lastly, I want to say that giving allocation is not enough. In our country, you have to see that the projects are implemented on the ground. The Government has spent Rs. 22,000 crore less of what it had allocated for CapEx in this fiscal year. Allocating money is not equal to spending money, nor is allocating money equal to creating jobs. They have mentioned all '*Taar Kaata Hua' p*rogrammes for India'! सर, आप सुनिए कि कुछ प्रोजेक्ट्स के लिए एक पैसा भी नहीं दिया गया है।... (व्यवधान) अभी भी हमारी इकोनॉमी में private investment, equity and FDI constitute 40 per cent. Since last year, FDI is escaping from the economy. You find out how much FDI money has gone out. Private investment is being squeezed out because the Government is doing huge borrowings so the private sector is not being able to mop up resources. This point that they are giving everything to CapEx and creating a deficit financing creates a problem. यह देखिए, कुछ प्रोजेक्ट्स का अनाउंसमेंट किया गया - Agriculture Accelerator Fund, PM-PRANAM, GOBARdhan Scheme, Prakritik Kheti Bio-Input, MISHTI Scheme, यह मैंग्रोव के लिए है और अच्छी है। Amrit Dharohar Scheme and even for millets, इनके लिए एक भी पैसा एलॉट नहीं किया गया है।

सर, एक भी पैसा एलॉट नहीं किया गया है। केवल फाइनेंस मिनिस्टर ने बजट स्पीच में एनाउसमेंट की है और बजट पेपर्स में इनका कोई मेंशन नहीं है – 'पीएम प्रणाम,' एग्रीकल्चर एक्सलरेटर फण्ड, गोबरधन, नेचुरल खेती आदि। यह नेचुरल खेती क्या होती है? ...(व्यवधान) क्या आप गोबरधन के पक्ष में हैं?

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** बिल्कुल। GOBAR Dhan Yojana is a part of Swachha Bharat Mission. इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये का एलोकेशन है। आप एक बार चेक कर लीजिए।

**PROF. SOUGATA RAY:** You show it to me in the Budget. I am carrying all the Budget papers. आप दिखाओ।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** आप चेक कर लीजिए।

**PROF. SOUGATA RAY:** These are all announcements without any meaning. So, this is all cheating, hustling, befuddling. ये सब वैलेंटाइन्स डे प्रजेंट है।

सर, आप देखिए, बजट पेपर्स में एक अच्छी पिक्चर है कि हमारा रुपया कहां से आता है। इसमें इनकम टैक्स 15 प्रतिशत, एक्साइज ड्यूटी 7 प्रतिशत, कारपोरेशन टैक्स 15 प्रतिशत, जीएसटी 17 प्रतिशत है। आपने इनकम टैक्स में कितनी छूट दी है? 0.1 प्रतिशत। 38 हजार करोड़ रुपया इनकम टैक्स है। हमारा टोटल कलेक्शन 25 लाख करोड़ रुपये है, उसका 1 प्रतिशत है। यह कोई छूट नहीं है। आपने क्यों बड़े लोगों को सरचार्ज पर छूट दी? वह देना नहीं चाहिए था, गलत किया। This Budget is a tinkering exercise. सरकार ने दो साल पहले एक अटल टिंकरिंग लैब शुरू की थी, उसमें थोड़ा सा इधर-उधर करते हैं। यह बजट भी इकोनोमी को लेकर टिंकरिंग करता है। Defence is only eight per cent. सब्सिडीज कम करके 7 प्रतिशत कर दिया, स्टेट शेयर 18 प्रतिशत है। एक ही अच्छा काम हुआ है कि 50 साल के लिए स्टेट्स को 1 लाख करोड़ रुपये का बिना इंट्रेस्ट लोन दिया है और स्टेट्स को 3.5 प्रतिशत फिस्कल डेफिसिट एलाऊ किया है। ठीक है, लेकिन यह ऐसा समय है, जब इंडियन इकोनोमी स्टेबल है। This is the time to make a frontal attack on poverty, unemployment. अगर इकोनोमी स्टेबल है तो आप गरीबों के हाथ में पैसा पहुंचाओ, अपना दल भी स्ट्राँग होगा। अनुप्रिया जी, आप भी करिए। जो क्रोनी कैपिटलिस्ट है, वह देश को लूटेगा, वह कुछ नहीं करेगा। आपको और हमें गरीब के साथ रहकर लड़ाई लड़ना है। इसलिए मैं इस बजट प्रस्ताव का समर्थन नहीं करता हूं। मैं फिर मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल का एनआरईजीए का रुपया अभी देना

चाहिए, पश्चिम बंगाल का पीएम आवास का रुपये अभी देना चाहिए और रेलवे मिनिस्टर कोलकाता जाएं और हमारे कम्प्लीटेड प्रोजेक्ट्स को इनागुरेट करें।

सर, मैं बहुत आभारी हूं कि आपने धीरज के साथ मेरा भाषण सुना है। मैं आपको नमस्कार करता हूं।

धन्यवाद।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) :** अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी पार्टी की तरफ से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, उस पर अपनी बात रख रहा हूं।

**12.59 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

यह बजट भारत की आज़ादी के 75 साल होने पर अमृत काल का पहला बजट है। यह बजट महत्वाकांक्षी है तथा समावेशिता पर केन्द्रित है। जहां विकास का लाभ किसानों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदि सभी नागरिकों तक पहुंचेगा।

**13.00 hrs**

सभापति जी, माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने लक्षित लाभों के सार्वभौमीकरण के साथ कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया और इसके परिणामस्वरूप समावेशी विकास हुआ है, जैसे स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू टॉयलेट्स का निर्माण किया गया। आज दुनिया ने भारत को एक 'उज्ज्वल सितारे' के रूप में मान्यता दी है। इसका श्रेय माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है।

सभापति जी, खाद्य सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए सरकार ने 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत सभी अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त अनाज देने का फैसला किया, जिसका 2 लाख करोड़ का पूरा खर्च केंद्र सरकार देगी। यह गरीबों के हित में उठाया गया एक क्रान्तिकारी कदम है। इस बजट में 'प्रधान मंत्री आवास योजना' के लिए किए गए आवंटन को 66 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। इस बजट में एमएसएमई पर ख़ास ध्यान दिया गया है, जैसे उद्यम, ई-श्रम, एनसीएस और असीम पोर्टलों को आपस

में जोड़ा जाएगा, 130 लाख एमएसएमई को इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त कर्ज दिया गया, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के तहत दो लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा।

माननीय सभापति जी, पिछले नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय करीब दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है और यह पिछले नौ सालों में विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। देश करीब दो साल तक कोरोना से लड़ा है, लेकिन मोदी सरकार ने देश के आम आदमी के हित को ध्यान देते हुए जनहित के फैसले लिए और इनका लाभ देश की सभी जनता को हुआ है। आज के दिन तक 102 करोड़ लोगों को लक्षित करते हुए कोविड विरोधी टीकाकरण का आंकड़ा 220 करोड़ से पार हुआ है। इसके लिए सरकार और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को बधाई देनी चाहिए।

सर, 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये नकद हस्तांतरण किए गए हैं। देश का किसान संपन्न और खुशहाल हो, इसके लिए मैं मोदी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि 'जल जीवन मिशन' के तहत करीब 70 हजार करोड़ रुपये सभी राज्यों को दिए गए हैं। 'जल जीवन मिशन' के तहत ग्रामीण इलाकों में पानी की योजना को पहुंचाकर कई सारे ग्रामीण इलाकों को इसका लाभ पहुंचाया है। इस बजट में पीएम गतिशक्ति को बढ़ावा देने वाले सात कारक सड़क, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, विमानपत्तन, माल परिवहन, जल मार्ग और लॉजिस्टिक पर ध्यान दिया गया है। पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के दायरे में आर्थिक बदलाव के सभी सात कारक निर्बाध पहुपक्षीय कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक के दायरे में आ जाएंगे। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइप लाइन में इन सात कारकों से जुड़ी परियोजनाओं का लाभ सभी देशवासियों को हो जाएगा।

माननीय सभापति जी, वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 25 हजार किलोमीटर का विस्तार किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्किंग का विस्तार करने के लिए करीब 20 हजार रुपए जुटाए जाएंगे, जिससे देश का चहुंमुखी विकास होगा।

सभापति जी, एक समय इस देश में आधारभूत सुविधाओं में कमी थी, देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कमी थी। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एनडीए सरकार में यह यशस्वी कदम उठाया। उसके बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसके निर्माण में गति दी है। माननीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में आज देश में सीमाओं तक वर्ल्ड क्लास सड़कों का निर्माण हुआ है। एक समय था कि देश की सीमाओं पर सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा था। इस सरकार द्वारा आज यह निर्माण बढ़ा है।

माननीय सभापति महोदय, पिछले आठ वर्षों में राष्ट्रीय महामार्ग की लम्बाई में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अप्रैल, 2014 में राजमार्ग की लम्बाई 91,287 किमी थी, जो वर्ष 2021-22 में बढ़ कर1,40,995 किलोमीटर हो गई है। इसमें करीब 5.5 गुना वृद्धि हुई है। आज भारतीय राजमार्गों की चर्चा दुनिया भर में हो रही है। ये सब मोदी जी के नेतृत्व में माननीय नितिन गडकरी जी ने करके दिखाया है।

माननीय सभापति जी, मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा आज देश में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। इस बजट में पिछले बजट की तुलना में अधिक राशि का प्रावधान किया गया है।

माननीय सभापति जी, एक समय था कि हम रेल कोच का आयात करते थे, लेकिन आज हम देश में वर्ल्ड क्लास कोचेज का निर्माण करते हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश में अगले तीन सालों के दौरान 400 उत्कृष्ट वंदे भारत रेल गाडियों का निर्माण होगा। अगले तीन सालों में नई मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक के लिए 100 पीएम गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे।

माननीय सभापति महोदय, इसके साथ ही साथ अपने चुनाव क्षेत्र में पुणे से लोनावला तक लोकल सेवा चालू करने के बारे में, मैं यहां लगातार बात रखता रहा हूं। अगर इसके लिए केन्द्र सरकार जल्दी से जल्दी सहायता देगी, तो निश्चित रूप से यह मार्ग बनेगा। कर्जत से पनवेल और पनवेल से उरण तक का मार्ग का काम धीमी गति से चल रहा है। इस रेल मार्ग पर रेल विभाग द्वारा ध्यान देने की आवश्यकता है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान कुछ जरूरी मुद्दों पर आकर्षित करना चाहता हूं। देश में रिटायर्ड कर्मचारियों की संख्या करोड़ों में है। सरकार द्वारा उनको

राहत प्रदान नहीं की जाती है। सरकार पेंशन राशि पर इनकम टैक्स वसूल करती है। माननीय वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2023 के बजट घोषणा में वरिष्ठ नागरिकों की बचत लिमिट को पांच लाख रुपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए किया है, जिसका मैं अपनी पार्टी की तरफ से स्वागत करता हूं। परन्तु इस बचत पर और कमाए ब्याज पर टैक्स देना होता है, उस पर कोई विचार नहीं किया गया है। पिछले बजट में 75 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आईटीआर दाखिल करने से एग्जेम्प्ट किया गया है, पर उनकी ब्याज पर हुई कमाई पर टीडीएस कटेगी। आईटीआर भरने पर टीडीएस कैसे वापस मिलेगी।

माननीय सभापति महोदय, 70 वर्ष की आयु के बाद वरिष्ठ नागरिक मेडिकल बीमा के लिए पात्र नहीं हैं। इस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह बजट, माननीय मोदी जी के पिछले 9 वर्षों के कार्यकाल में पेश किये गये बजटों में से सर्वोत्तम बजट है। इसमें सभी वर्ग के लोगों पर ध्यान दिया गया है। गरीब, किसान, कर्मचारियों आदि पर सरकार ने ध्यान देते हुए, सरकार ने एक अच्छा और सराहनीय बजट पेश किया है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ। यह एक अच्छा बजट पेश किया गया, मैं उसका स्वागत भी करता हूँ।

**श्री महाबली सिंह (काराकाट) :** माननीय सभापति महोदय, केन्द्रीय बजट 2023-24, जो सदन में सामान्य चर्चा के लिए लाया है, पर बोलने के लिए आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

महोदय, जब भी सदन में बजट पर चर्चा होती है, तो सत्ता पक्ष के लोग बजट की सराहना करते हैं। आज़ादी के 75 वर्ष हो रहे हैं। इन 75 सालों में जिस भी सरकार ने बजट बनाया, उन सभी सरकारों ने दलित, पिछड़े, अखलियत, किसान, मजदूरों के हित में कहकर बजट बनाया। सरकारें बनती रहीं, बजट बनते रहे और बिगड़ते रहे, लेकिन इस देश के करोड़ों लोगों की तस्वीर आज तक नहीं बदली। आज भी करोड़ों लोग गन्दे नाले और पेड़ों के नीचे जन्म लेते हैं और वहीं पर मर जाते हैं, आज भी वहीं पर मर जाते हैं। महोदय**,** मुझे इसकी तरफ नहीं जाना है। लेकिन हम इस सदन के माध्यम से, सरकार

को बताना चाहते हैं कि बड़े अरमानों से बिहार की 13 करोड़ जनता ने वर्ष 2019 में 40 सीटों में से 39 सीटें एनडीए के खाते में डालने का काम किया था। 40 सीटों में से 39 सीटें देकर बिहार की जनता बहुत आशा, उम्मीद और अरमानों के साथ इस बजट पर निगाह रखी हुई थी। उनको विश्वास था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा इस बजट में जरूर प्रदान किया जाएगा। यह मांग तब से हो रही थी, जब बिहार में एनडीए की सरकार थी, जदयू और बीजेपी की गठबंधन की सरकार थी, उस समय बिहार की विधान सभा और विधान परिषद, दोनों ने प्रस्ताव पारित करके केन्द्र सरकार के पास भेजा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिए। जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तो केन्द्र सरकार ने उस समय वादा किया था कि बिहार को विशेष पैकेज देकर विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का काम करेंगे। लेकिन आप न तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे पाए, न ही बिहार को कोई पैकेज दिया गया।… (व्यवधान) यह झूठ नहीं, यह सच्चाई है। आपने इस बजट में बिहार को कौन-सा पैकेज दिया है? वह कहाँ है, आप जरा दिखा दीजिए। आपने कहाँ पर विशेष पैकेज दिया है, आप दिखा दीजिए। बिहार को विशेष पैकेज नहीं दिया गया है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र का यह मंदिर है। इस मंदिर में हम बता देना चाहते हैं कि यहाँ से जो भी घोषणाएं होती हैं, वे जमीन पर उतरनी चाहिए।

माननीय सभापति महोदय, बिहार में वर्ष 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री ने बिहटा-औरंगाबाद रेलवे लाइन का शिलान्यास किया था। आज वह योजना 3,500 करोड़ रुपए की हो गई है, लेकिन शिलान्यास होने के 14 साल बीत जाने के बाद भी आज तक उस बिहटा-औरंगाबाद रेलवे लाइन का काम जमीन पर नहीं उतरा है।

सभापति महोदय, आप बताइए कि हम लोग यहां सदन में चर्चा करते हैं, लेकिन बिहार की जनता पटना से लेकर दिल्ली तक धरना, आंदोलन और प्रदर्शन करती आ रही है। … (व्यवधान) वह चार पार्लियामेंट कांस्टिट्यूएंसीज का क्षेत्र है। सभी माननीय सदस्य, जो आज बोल रहे हैं, हमारे राम कृपाल यादव जी भी कई बार रेल मंत्री जी से मिले, हम लोग भी मिले, लेकिन 13 सालों से चार पार्लियामेंट कांस्टिट्यूएंसीज वाले उस छोटे से क्षेत्र में आज तक रेलवे लाइन नहीं बन सकी? … (व्यवधान) इसके साथ ही रोहतास के डिहरी-डालमियानगर रेलवे वैगन फैक्ट्री का तत्कालीन रेलवे

मंत्री ने शिलान्यास किया था। … (व्यवधान) महाराज, आप देखिए कि इसके शिलान्यास को भी 13-14 सालों का समय हो गया है। … (व्यवधान)

जो विगत तत्कालीन रेलवे मंत्री श्री पीयूष गोयल जी थे, उन्होंने सदन में कहा था कि वर्ष 2022 तक हम लोग डिहरी-डालमियानगर रेलवे वैगन फैक्ट्री को जनता के हाथों में चालू करके देंगे। … (व्यवधान) इसके बारे में बताइए? आज तक जमीन पर कहीं कुछ नहीं है। डिहरी से बंजारी रेलवे लाइन का भी वर्ष 2007 में शिलान्यास हुआ था, लेकिन आज तक उस पर भी कोई काम नहीं हुआ। … (व्यवधान) आप केवल आश्वासन और झूठ का सहारा लेते हैं। झूठ से काम नहीं चलेगा। बिहार को बिना विकसित किए हुए आप देश को विकसित नहीं कर सकते हैं। … (व्यवधान) बिहार महात्मा गौतम बुद्ध की धरती है, जहां से उन्होंने विश्व को संदेश देने का काम किया, वह महावीर की धरती है। ऐसी धरती की आप उपेक्षा करके, उसकी अनदेखी करके, उसके अरमानों पर पानी फेरकर आप देश को विकसित देशों की श्रेणी में ले जाना चाहते हैं? यह कैसे हो सकता है? … (व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक बात कहना चाहूंगा। हमारी जो केंद्र सरकार है, जो राष्ट्रपति महोदया ने भाषण दिया है, उसमें उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के बारे में कहा है और आपने कहा 'सबका प्रयास'। … (व्यवधान) हम मानते हैं कि आप कैसे 'सबका साथ' ले सकते हैं? आप 'सबका प्रयास' कैसे ले सकते हैं? आज हम देश की आजादी के 75 वर्षों का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और इस देश का जो बहुसंख्यक समाज है, वह आज भी अपमानों का जहर पीकर इस देश में जिंदा है। … (व्यवधान) आप कुछ लोगों ने अमृत को होठों से लगा लिया, आप अमर हो गए, लेकिन इस देश का जो बहुत बड़ा समाज है, वह आजादी के 75 वर्षों के बाद आज भी अपमान के जहर का घूंट पीकर जी रहा है। … (व्यवधान) आप 'सबका प्रयास' की बात करते हैं? 'सबका विश्वास' लेने की बात करते हैं? 'सबका विश्वास' आपको कैसे मिल सकता है? … (व्यवधान) 'सबका प्रयास' आपके साथ कैसे हो सकता है? … (व्यवधान)

सभापति महोदय, इसके लिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि देश की आजादी में इस देश के सारे लोगों ने अपनी कुर्बानी दी है। … (व्यवधान) चाहे हिंदू हो, चाहे मुसलमान हो, चाहे सिख

हो, ईसाई हो या बौद्ध हो, चाहे इस देश का दलित हो, महादलित हो, चाहे अगड़ा हो या पिछड़ा हो, सब लोगों ने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी है। … (व्यवधान)

सभापति जी, सभी लोगों का इस देश पर अधिकार है, देश की मिट्टी पर अधिकार है, देश की हवा पर अधिकार है, देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका में सब लोगों का अधिकार है। जब तक सब लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं देंगे, तब तक कैसे सभी का प्रयास आपको मिल सकता है? कैसे सबका विश्वास आपको मिल सकता है? एक तरफ देश में कोई हैलिकॉप्टर से जाकर अपनी बहू-बेटियों की शादी-विवाह करता है लेकिन इस देश में दलित आज भी दलित है और यदि वह घोड़े पर चढ़कर शादी करने जाता है, तो उसे आप उतार देते हैं और कहते हैं कि सबका साथ चाहिए। यदि ऐसा होता रहा तो सबका साथ आपको कैसे मिल सकता है? इसके लिए एक उपाय है, यदि हमारी केंद्र सरकार चाहती है कि सबका साथ, सबका विकास और सबका यदि प्रयास चाहिए तो एक ही उपाय है कि जो इस देश में सामाजिक व्यवस्था है, यह गैर बराबरी व्यवस्था है जैसे आरआरएस प्रमुख भागवत जी ने कहा कि देश में 'जाति व्यवस्था' भगवान ने नहीं बनाई है, बल्कि आदमी ने बनाई है। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं कि यदि आप सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास चाहते हैं और इस देश को विश्व में महाशक्ति और विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो एक काम यह करना होगा कि जो लोग गैर बराबरी व्यवस्था के तहत नीचे गिराए गए हैं, जात-पात के नाम पर नीचे गिराए गए हैं, उन लोगों को आपको ऊपर उठाना होगा और उन्हें ऊपर उठाने के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और देश की सीमा में जितनी रेजीमेंट्स हैं, उन सभी में इन लोगों की भागीदारी देनी होगी। यदि आप उन लोगों को भागीदारी देना चाहते हैं तो उसके लिए एक काम और करना होगा।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री महाबली सिंह :** महोदय, हमारा बीस मिनट का समय है।

**माननीय सभापति :** आपकी पार्टी के और भी वक्ता बोलने वाले हैं।

**श्री महाबली सिंह :** महोदय, समाज के इस वर्ग को आपको हिस्सेदारी देनी होगी, तब इस समाज में सामाजिक व्यवस्था कायम होगी और सभी लोगों के अंदर देश के प्रति ममता की भावना होगी। हमें

इसके लिए एक काम और करना है कि देश में जातीय जनगणना करानी होगी।… (व्यवधान) जब देश में जानवर की गिनती हो सकती है, देश में शेर, भालू, चीता, भेड़िये की गिनती हो सकती है, दूसरे जानवरों की गिनती हो सकती है तो मानव की जनगणना क्यों नहीं हो सकती है? जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक यह पता नहीं चलेगा कि किस जाति की देश में कितनी संख्या है। जब तक उनकी संख्या पता नहीं होगी, तब तक उनको हिस्सेदारी और भागीदारी सरकार कैसे दे सकती है? जातीय जनगणना कराना देश में बहुत जरूरी है। जब-जब हक और हिस्सेदारी की बात उठती है, देश में आरक्षण की बात उठती है, तो सुप्रीम कोर्ट कहता है कि सरकार ने जातीय जनगणना नहीं कराई है कि किस जाति की कितनी आबादी है तो हम कैसे आरक्षण दे सकते हैं। यदि हम इस देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका प्रयास जीतना चाहते हैं तो जातीय जनगणना कराइए।

**माननीय सभापति :** धन्यवाद, अब आप बैठ जाएं।

**श्री महाबली सिंह :** जिस जाति की जितनी आबादी है, उस हिसाब से उन्हें भागीदारी दीजिए, तभी हमारा देश विकसित राष्ट्र बन सकता है।

**माननीय सभापति :** धन्यवाद। भर्तृहरि महताब जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप बैठ जाएं। आपने अपनी बात कह दी है और अब आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

भर्तृहरि महताब जी।

… (व्यवधान)

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** Thank you, Mr. Chairman, Sir. The Budget basically reflects the plan and programme of the Government and the nation. So, when it is said that it is only the accountants' job, I dot not believe in that type of comment. There have been umpteen reasons to be apprehensive in

2023, more so, while waiting for the Budget. The US Federal Reserve's unbridled aggression, rising cost of funds, intensifying war between Ukraine and Russia, and China's COVID crisis are only to name a few. Yet, in the backdrop of this, this Government has decided to go bold and big on capex and chosen consistency in a world characterised by randomness and volatility. The Prime Minister has outlined the period from 2022 to 2047 as the period of *Amrit Kaal*. It is a vision to make India a developed country during this golden phase. To realise this, India needs to rapidly invest in social infrastructure. This investment would need to come from taxpayers' money and not borrowings. India's tax to GDP ratio is still below the critical mark of 15 per cent. India's gross tax to GDP ratio, which was 11 per cent in the financial year 2019, fell to 9.9 per cent in the financial year 2020 and marginally improved to 10.2 per cent in the financial year 2021-22. This is much lower when we compare ourselves with the emerging market economy which is of average of 21 per cent and, in the case of OECD countries, the average is 34 per cent.

Today, the country boasts of more than 4.3 million crorepati households, equivalent to 23 million consumers. They are spread all over the country. If political and economic reforms have their desired effects, India has the potential to become the fastest growing economy in the world by 2047. This growth will not only make the Indian middle class the biggest income group in the country, but it will also be the major driver of economic, political and social growth. The Finance Minister's full-fledged Budget before the next year's General Election can be commended on many counts. I will mention only three – staying in the course

of fiscal consolidation, changing the composition of Government expenditure in favour of capital as against revenue spending, and welcome move relating to personal income taxation.

In turbulent times like this, a good Budget can only be said to be just a good beginning. The turmoil in the global economy is likely to continue. As the impact of higher interest rates shows up in weaker demand for consumption and investment, geopolitical tensions continue to disrupt in every supply and trade. As the resilience of the domestic economy gets tested by global headwinds, deft fiscal manoeuvres are necessary like they are in this year. Now coming to the basic things, there is need for some answers. The allocation for PM Kisan Yojana is 13.33 per cent lower as compared to budgetary estimate of Rs. 68,000 crore made in 2022-23.

No doubt, the Revised Estimate of 2022-23 was reduced to Rs. 60,000 crore. But in 2021-22, an external expenditure of Rs. 68,825 crore, was incurred on the PM-KISAN. The figure is there for all of us to see. Should we believe that people have moved from farming to some other avenues for better? Or, should we believe that they have been pauperised and have become daily wage earners? About MGNREGA, this generated an all-time high of 389 crore person days of employment in 2021-22, and 363 crore person days in 2020-21. Even this fiscal's projection of 290 to 300 person days will exceed the 265 crore plus generated in 2019-20 and 2018-19. It is a demand-driven scheme. Whenever we make this point, it is always said that 'it is a demand-driven scheme.' But here, the figure shows how it has met. The budgeted amount this year is

Rs. 60,000 crore. The question is: how realistic is the assessment? If the next South-West monsoon is normal, and the non-farm economy recovers timely, the MGNREGA may not require any additional funding. Till then, do we have to keep our fingers crossed?

Coming to Free Food Distribution Scheme, this is a scheme which we have all experienced. There is a moderated income inequality in many States. The Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana played a key role in keeping extreme poverty in the country at the lowest level. We did not hear a single death because of hunger under this programme. The IMF Report says: "Extreme poverty was at the lowest level of 0.8 per cent during the pandemic-hit 2020." Similarly, the State Bank of India Study has analysed that 'several Government transfer payments for the poor are adding Rs. 75,000 to a household per annum.' But I would like to draw the attention of the Government to the design flaw as ration records have not been updated since 2011 onwards. More than 40 per cent of India's population is currently excluded from National Food Security Act. In many villages and slums, the most marginalised castes and communities are often without NFSA ration cards. However, States like Odisha, Tamil Nadu, Rajasthan, West Bengal and Chhattisgarh have either universalised or substantially expanded coverage with State cards. Sir, here, I would like to remind the Government about a judgment of the Supreme Court of last August 2022, which had ordered and directed the Union Government to expand the National Food Security Act coverage. But nothing has happened till now. The answer that comes from the Government is: "Let the Census be over." Despite

Supreme Court's direction based on population projection, at least, 100 million beneficiaries especially children born in the last decade, are missing from the ration list. When are they going to be covered under NFSA?

Now, I come to another very important issue where Odisha has been affected to a very great extent. I would first put the figures of the Budget. About the food subsidy to the Food Corporation of India under National Food Security Act, the Revised Estimate of 2022-23 was Rs. 2,14,596 crore. This time, in the Budget, it is Rs. 1,37,207 crore.

There is a drastic cut. On food subsidy for decentralised procurement of foodgrains, the allocation of Rs. 72,283 crore has come down to Rs. 59,793 crore. The Government may say that because they have withdrawn the Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana, there is no need to procure more. Here, actually, the catch lies. The catch is that Odisha produces more than 72 million tonnes of paddy. We, FCI and the State Government, purchase the whole crop at MSP from the farmers just to help them. Very few people keep rice for their own consumption. The rest is purchased. What will happen there? Now, already, the Odisha Government is purchasing but the Union Government is not purchasing any paddy or rice at all. Earlier, the rice was being moved to Kerala, Tamil Nadu and also to the North East. Now, that is also not being done. I would like to know the reason behind this step-motherly treatment with Odisha. Which are the States which are getting affected due to this curtailment in purchase of paddy? Odisha is the major State which is getting affected. I would like to say that FCI is not taking the parboiled rice and not making payments to Odisha though that is due.

Sir, this Budget is of Rs. 45,03,097 crore which is an increase of 7.5 per cent from the previous one. That is laudable as I said earlier. But, what is the position? The position is that, as I would say, there is a structural problem with our Budget. More than 40 per cent goes for the interest payments and 30 per cent goes on for salaries. So, are we correcting it to a certain extent? We do not see anything like that from this Budget. I am also reminded of another point. Most of us are aware of this. Are we, at any point of time, talking about Sahara India? Around 13 crore people have invested in that. What has happened? Does the Government not have any responsibility? We will say that it is *sub judice* and the Supreme Court and SBI are looking after it. Who is caring for these 13 crore people who had invested in it? Not a single reply is coming from the Government.

Now, I am coming to the health issues. In her speech, the Finance Minister has announced that the budget for health, not including research, will be roughly Rs. 86,175 crore and that is Rs. 615 for every person if I calculate it as per our population. This is a 2.7 per cent increase from the previous year and lower than the rate of inflation. In real terms, the health spending has declined. Vaccinating a single child against all childhood illnesses in our country costs Rs. 1600. A day of hospitalisation in the public hospital is estimated to be Rs. 2,800 and at a private hospital, it is more than Rs. 6800. Rupee spending on health by the Government gives more return than out of pocket or private spending by citizens. The National Health Mission allocates less than 3 per cent, that is, Rs. 717 crore to non-communicable diseases.

It is three times for communicable disease, that is, Rs. 2,178 crore. For reproductive and child health service, it is nine times more, that is, Rs. 6,273 crore. There is a need to rebalance it and to pay attention to non-communicable diseases.

On education, the share of education has fallen over the past seven years from 10.4 per cent to 9.5 per cent. This is stated in the *Economic Survey.* While expenditure on social service increased from Rs. 9,15,000 crore to Rs. 21,32,000 crore, the share of education has shrunk from 42.8 per cent to 35.5 per cent between 2015 and 2022. As a share of the GDP, the budgetary allocation for education saw a minimal gain, that is, 0.1 percentage point, from 2.8 per cent to 2.9 per cent, during these seven years' period.

On taxation, the Finance Minister has made five announcements to reduce the tax burden. Four pertained to the new regime. The last one is for exemption on leave encashment. But my question is, is the new tax regime attractive? Despite the Government's efforts to simplify the tax system, the uptake of this regime is low due to the unavailability of common tax deductions and exemptions. Why should they have to run to the Chartered Accountant or to a lawyer to understand how much tax they have to pay? Can we not make it simple? Even today, with this new tax regime, it is so cumbersome; it is very difficult to understand. Coming to the devolution of States, the States' share has never been close to 41 per cent, though it has been announced by the Fifteenth Finance Commission. The States' share has never been close to 41 per cent due to cess and surcharge imposed by the Union Government. From the Odisha Government,

our Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, has been repeatedly writing to the Prime Minister that you share some of this but that is falling on deaf ears. It keeps major chunk of taxes. What have we been asking? Odisha is facing natural disasters year after year. Our only demand is that you make Odisha a special focus State. We discussed it. Our State Government also has discussed with the NITI Aayog and the Prime Minister that you make Odisha a special focus State for at least three years.

**HON. CHAIRPERSON:** Your time is getting exhausted.

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB:** If a natural disaster hits Odisha, you allow or declare it as a special focus State where a fund sharing of 90:10, that is, between the Centre and the State, will be there for three years only, so that we tide over the situation and come up.

Sir, on railways, I will be failing in my duty if I do not mention 2-3 words about it because the Railway Minister is a Member of this House representing our State. We find a significant feature. It has set aside nearly a quarter of its total CAPEX outlay of Rs.10 lakh crore. The budgetary support amounts to Rs. 2.4 lakh crore. The goal is to raise the share of rail freight traffic from 27 per cent to 45 per cent by 2030. Road transport is 64 per cent. The freight earnings are 2.5 times more than the passengers' earnings. It is possible to improve on both counts. It is not unachievable. It is possible. The railways must adopt to become a transporter of FMCG, automobiles and other high value products for which the last mile connectivity is important. On the passenger side, upper-class travel should remain competitive vis-à-vis air and road travel. There is scope to raise

both traffic and freight revenues despite the pension payment. Can we imagine the pension payment of Railways is over 25 per cent of the total operating expenses of the Railways?

The budget numbers indicate that Rs. 30,000 crore has been set aside for doubling of tracks.

This was only Rs. 9000 crore in 2021-22. An amount of Rs. 33,000 crore has to be spent on new tracks, which is 50 per cent increase in two years. An amount of Rs. 40,000 crore has to be spent on rolling stock which was only Rs. 8000 crore last year. Similarly, Rs. 8000 crore for electrification needs to be spent. These are, in fact, very big numbers. The obvious question is, from the point of view of my State, how much is actually percolating to the State of Odisha, which has been denied railway development for last several years? The obvious question, of course, is whether Railways have the capacity for absorption and implementation for this expanded capital. Capital investment in railways is overdue, no doubt. But it needs financial reforms, administrative reforms, and greater independence. Before concluding, Sir, I have a small demand as my friend from Kendrapada has just now mentioned. The station is there, tickets are being sold, rail line is there, but it is not functioning. Passenger trains should ply on that. That is necessary. With these words, I conclude. Thank you.

**श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज):** धन्यवाद सभापति महोदय कि आपने मुझे बजट 2023-2024 पर अपने विचार रखने का मौका दिया। मैं आपका और आपके साथ-साथ अपनी पार्टी की मुखिया व राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूँ।

बजट 2023-24 के लिए हमारी पार्टी की मुखिया ने भी कहा है कि देश में पहले भी इस तरह के बजट आते-जाते रहे हैं। केन्द्र सरकार के बजट, जिसमें घोषणाओं, वादों, दावों और उम्मीदों की बरसात की जाती रही है, किन्तु वे सब बेमानी हो गये, जब भारत का मध्यम वर्ग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और कोविड के चलते लोअर मिडिल क्लास बन गया। यह बजट भी पिछले वित्तीय वर्षों से कुछ ज्यादा अलग नहीं है। सरकारें अपने पिछले साल की कमियों को नहीं बताती हैं, उन कमियों के स्थान पर नये वादों की झड़ी लगा देती हैं। सच्चाई यह है कि 100 करोड़ से अधिक जनता का जीवन हमेशा ही दांव पर लगा रहता है, जैसे कि इसके पूर्व के बजट अभिभाषणों में था। यह बजट भी 'मुंगेरी लाल के हसीन सपनों' के बजट की तरह ही है।

महोदय, बजट में हर वर्ग के लोगों को लुभाने की कोशिश की गयी है। जहाँ 5 लाख रुपये के इनकम टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है, इससे हर मध्यम वर्गीय परिवार को बहुत मदद मिलेगी। वहीं नई टैक्स रेजीम और पुरानी टैक्स रेजीम ने लोगों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है कि किस टैक्स रेजीम में जनता को अधिक से अधिक फायदा होगा।

महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि वे अपने अभिभाषण में इस टैक्स रेजीम को अवश्य ही स्पष्ट करें। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना के बजट में 13,000 करोड़ रुपये की कटौती की गयी है। हम सभी को ज्ञात है कि ग्रामीण अंचलों में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूर अधिकांशतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से आते हैं। इस योजना के संचालन से ग्रामीणों का पलायन भी रुका है और इसके साथ ही साथ रोजगार सृजन भी हुए हैं।

उत्तर प्रदेश में प्रधान संघ के सभी लोग आंदोलित हैं कि उनका समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। जो भी कर्मचारी ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त किए गए हैं, उनका वेतन भी वे अपनी जेब से दे रहे हैं।

महोदय, वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के विकास के लिए 3,943 करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी है। यह एक सराहनीय कदम है, लेकिन

अनुसूचित जाति, ओबीसी और ई.डब्ल्यू.एस. के छात्रों को भी इसी तरह के कोचिंग सेन्टर्स और छात्रावासों की जरूरत है। खास तौर पर मेरे जनपद आजमगढ़ में, जहाँ कई एकड़ सरकारी जमीन अब भी खाली पड़ी हुई है, मेरी सरकार से मांग है कि आजमगढ़ जनपद एक मण्डल है, जहाँ अभी महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय संचालन में आया है, जिसके चलते कई जिलों के छात्र यहाँ पठन-पाठन करने आते हैं। इन छात्रों के लिए भी इसी तरह के कोचिंग सेन्टर्स और छात्रावास बनाए जाएं।

महोदय, बजट में आकांक्षी जिले और ब्लॉक कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए सरकार स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन तथा अन्य हेतु 500 ब्लॉकों का चयन करने के लिए कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। मैं चाहती हूँ कि हमारे जनपद आजमगढ़ के समस्त ब्लॉकों को इस योजना में शामिल किया जाए।

महोदय, आजमगढ़ में महाविकास की योजना की रूपरेखा अभी तक तैयार नहीं है, जिसके कारण भूमि आवंटन नहीं हो पाया है। कौन-सा ग्रीन लैंड है, कौन-सी औद्योगिक भूमि है, कहां पार्क है, कहां क्रीड़ा स्थल है, कहां सरकारी जमीन है, कहां वनीकरण है, कहां सीवेज का प्लांट है, इसका कोई मास्टर प्लान अभी तक तैयार नहीं है।

एडीए ने वर्ष 2031 के लिए महायोजना का मास्टर प्लान बनाकर वर्ष 2021 में शासन को भेजा है, लेकिन अभी तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पायी है। अमीर-गरीब अपना आशियाना बनाने का सपना संजोए उस प्लान को लागू करने का इंतजार कर रहे हैं। औद्योगिक भूमि अलग नहीं होने के कारण कारपोरेट समूह और ब्रांडेड कंपनियां जनपद को अपना रुख नहीं कर रही हैं। इसलिए यहां विकास और रोजगार पूरी तरह से ठप है।

आजमगढ़ चारों तरफ से तमसा और घाघारा नदियों से घिरा हुआ है। हर साल बाढ़ से सैकड़ों गांवों में जानमाल का नुकसान होता रहता है। मेरी सरकार से मांग है कि रिवर फ्रंट बनाकर नदियों की बाढ़ पर नियंत्रण किया जाए। अभी हाल में माननीय प्रधानमंत्री जी ने गंगा नदी पर  कमर्शियल क्रूज का उद्घाटन किया है। मैं चाहती हूं कि उसे मेरे जिले की नदियों से भी जोड़ा जाए, ताकि माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जो सपना नदियों को नदियों से जोड़ने का था, उसे पूरा किया जा सके।

आजमगढ़ को चारों तरफ से रिंग रोड के मास्टर प्लान बनाकर जोड़ा जाए और उसे मेरे संसदीय क्षेत्र के लालगंज, फूलपुर, निजामाबाद और बूढनपुर के तहसीलों से भी जोड़ा जाए।

सर, अगर मैं हाइवे की बात करूं तो एनएच-233 पिछले छह सालों से बनने को है, लेकिन आज तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। पीएमजीएसवाई की सड़क की बात करूं तो सत्र खत्म होने को है, लेकिन सिर्फ 50 परसेंट काम ही इस पर हो पाया है। इन सरकारी योजनाओं पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए और इसको जल्द से जल्द पूरा कराना चाहिए।

सर, हर घर नल से जल योजना के बारे में अभी सरकार ने बात की है। लेकिन, अभी तक सिर्फ 30 परसेंट सर्वे हुआ है, बनना तो दूर की बात है। आजमगढ़ में डोमेस्टिक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (घरेलू औद्योगिक घराने) की स्थापना की जाए। इनवेस्टर्स समिट 2023 जो अभी हाल ही में उतर प्रदेश में चल रहा है। उसमें आजमगढ़ को भी शामिल किया जाए, ताकि आजमगढ़ में भी नये उद्योगों की स्थापना हो सके और जिले से पलायन होकर बड़े शहरों में जो भीड़ इकट्ठा हो रही है, उसे रोका जा सके। आजमगढ़ का मंदूरी एयरपोर्ट पूरी तरह से बनकर तैयार है, उसे जल्द से जल्द संचालन में लाया जाए। एयरपोर्ट से तहबरपुर बाजार होते हुए निजामाबाद, फरिहा बाजारों से मोहम्दपुर-वाराणसी फोर लेन तक जोड़ा जाए। आजमगढ़ के इटौरा में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय और चक्रपानपुर में मेडिकल कॉलेज होते हुए मेहनाजपुर वाया सिधौना तक पूरी सड़क को फोर लेन में तब्दील किया जाए, जिसे वाराणसी-आजमगढ़ के लिए एक अन्य सीधा मार्ग बन जाए और ट्रैफिक बट जाए, जिससे मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय जाने वालों की राह आसान हो जाएगी।

वाराणसी-लालगंज-आजमगढ़-गोरखपुर की नई रेल लाइन का बजट वर्ष 2022-23 में स्वीकृत किया गया है, लेकिन इसका काम काफी धीमी गति से चल रहा है। इसमें तेजी लायी जाए और लालगंज में एक स्टेशन बनाया जाए, जिससे वहां के लोकल प्रोड्क्ट्स अनाज, फल, सब्जियों के आयात-निर्यात में आसानी हो सके। मेरे जिले में एक वंदे भारत ट्रेन भी चलायी जाए।

आजमगढ़ में ब्लैक पोटरी (काली मिट्टी के बर्तन का उद्योग) और रेशम उद्योग, जिसमें मुबारकपुरी साड़ी शामिल है। ऐसे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए इनके बिजली के बिल को

माफ किया जाए। इनको आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाए और इनको जीएसटी से मुक्त किया जाए। छोटे व्यापारियों को व्यापारिक क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाए।

आजमगढ़ में लाल सोना कही जाने वाली लालमिर्च की खेती होती है। लेकिन, इसके भंडारण और निर्यात का प्रबंध नहीं होने के कारण किसानों को इसका मूल्य नहीं मिल पाता है। मेरी सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जाए। सनई की खेती पहले हमारे यहां होती थी, लेकिन अब यह मृतप्राय: हो चुकी है। अगर किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तो जूट उद्योग यहां स्थापित हो सकता है और मृतप्राय: खेती भी पुन: जीवित हो सकती है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में श्री अन्न की बात कही है। आजमगढ़ की भूमि इस तरह के श्री अन्न जिसमें बाजरा, ज्वार, रागी, जौ जैसे अनाज शामिल हैं और इसके लिए अनुकूल है। मेरी सरकार से मांग है कि सरकारी समितियों में ऑर्गेनिक खाद और श्री अन्न के बीज उपलब्ध कराए जाए, जिससे आजमगढ़ में भी इस तरह के श्री अन्न की भारी मात्रा में खेती हो सके।

आजमगढ़ में मत्स्य संपदा योजना के तहत, जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि नदी, तालाब का जाल बिछा हुआ है। इसको भी प्रोत्साहित करने के लिए वहां के उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जाए। जैसा कि मैंने पहले कहा कि आजमगढ़ चारों तरफ से नदियों से घिरा है, गांवों को जोड़ने के लिए नदियों पर पुल बनाकर एक्सप्रेस-वे और फोर लेन से जोड़ा जाए। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से मात्र 40 किलोमीटर दूर प्रधानमंत्री जी का क्षेत्र है और दूसरी तरफ माननीय मुख्यमंत्री जी का क्षेत्र है। आजमगढ़ बीच में होने के कारण, उसे हम पूर्वांचल का दिल कह सकते हैं। यह दोनों क्षेत्र से बड़ा जिला है, जिसका विकास पूरी तरह से अधूरा है। अमृत काल का यह समय और यह बजट लोगों के लिए उत्सव मनाने वाला है, लेकिन अगर आजमगढ़ को स्पेशल पैकेज दे दिया जाएगा तो आजमगढ़ के लोग भी इस अमृत काल का उत्सव मना पाएंगे। अभी हमने देखा कि राष्ट्रपति अभिभाषण में पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे थे। मैं दो लाइन कहना चाहूंगी कि

तू इधर-उधर की बात न कर ये बता कि क़ाफ़िला क्यूँ लुटा
मुझे रहज़नों से गिला नहीं तिरी रहबरी का सवाल है

सर, देश के साथ-साथ आजमगढ़ की जनता भी बहुत उम्मीद से माननीय वित्त मंत्री और माननीय प्रधान मंत्री की तरफ उम्मीद लगाकर बैठी है कि इस अमृत काल के बजट में आजमगढ़ को एक स्पेशल पैकेज दिया जाएगा, जिससे हम सभी लोग अमृत काल का उत्सव मना पाएंगे।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपकी बहुत-बहुत आभारी हूं।

**श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल (सतारा) :** सर, मैं आपका मनपूर्वक आभारी हूं। मैं इतना भाग्यवान हूं कि तीसरी बार इस बड़े हाउस में मुझे बात करने का मौका मिला है। मेरी भगिनी, जो मेरे साथ झारखंड में गवर्नर थीं, अभी राष्ट्रपति बन गईं। मेरी पहली एक भगिनी प्रतिभा जी मेरे साथ पढ़ी हुई हैं और रामनाथ जी भी गवर्नर थे, इसलिए मैं अपने को भाग्यवान समझता हूं। मैं आगे मराठी और हिंदी भाषा में बोलूंगा।

मैं सतारा कांस्टीट्युएंसी से आता हूं। स्वातंत्र्य के पूर्व काल में जो तीन जिले लड़ने के लिए प्रसिद्ध थे, उसमें क्रांतिकारी नाना सिंह पाटिल जी थे। मनु तांबे, जिसको झांसी की रानी कहते हैं, उसका मायका भी मेरे क्षेत्र में है। मेरी मांग है कि मिलिट्री भर्ती के लिए एक विद्यापीठ बनायें। मिलिट्री एकैडमी जैसे एनडीए खड़कवासला में है और आईएमए जैसे देहरादून में है, वैसी ही सेंटर की मिलिट्री एकैडमी बने और महिलाओं को ट्रेनिंग देंगे, तो अच्छा रहेगा।

*Hon'ble Chairman Sir, now I speak in Marathi. There are many residential schools in Mahabaleshwar and Panchgani. Parents from all over India send their wards to these schools. Mahabaleshwar is a very renowned hill Station. These locations are part of jungle area and that is why some restrictions are imposed by National Green Tribunal. Around 100-150 years ago, Britishers had identified this area, but it is still undeveloped. It lacks the basic infrastructure and vending zone for small vendors and service providers. So, no employment opportunities can be generated here and our Budget has a special focus on employment generation.

*...* English translation of this part of the Speech originally delivered in Marathi..

Hence, I would like to request NGT, that an inclusive development plan should be framed for Mahabaleshwar on the basis of mutual cooperation between State and Central Governments for the extension and overall development of this hill station.

Sir, also to connect Konkan region with western part of Maharashtra, a road stretch between Poladpur and Shirur can be used. But, it takes several hours to cross his road on weekends and holidays. Hence, widening of this road is very much needed for smooth flow of traffic.*

**माननीय सभापति :** आपने सम्भवत: मराठी में बोलने की सूचना नहीं दी होगी।

**श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल :** अभी सूचना दी है।

**माननीय सभापति:** अभी सूचना दी है, तो इंटरप्रिटर नहीं है। आप हिंदी या अंग्रेजी में बोलिए। सूचना न होने के कारण मराठी का इंटरप्रिटेशन नहीं हो पा रहा है।

**श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल :** मैं हिंदी में बोलूं।

**माननीय सभापति :** आप हिंदी या अंग्रेजी में बोलिए।

**श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल :** मैंने कल भी इच्छा प्रकट की थी, लेकिन वह नहीं हुई, इसलिए मैं हिंदी में बात करता हूं।

मेरी झांसी नहीं दूंगी, जिसने यह आवाज उठायी थी, वह झांसी की रानी मेरे कार्य क्षेत्र में एक छोटा सा गांव है, उस गांव से आती हैं। मैं चाहता हूं कि भारत में एक ऐसी मिलिट्री एकैडमी बने, जिस मिलिट्री एकैडमी का नाम मेरी झांसी नहीं दूंगी, बोलने वाली के नाम पर, झांसी की रानी मिलिट्री एकैडमी हो। नेशनल डिफेंस एकैडमी पूना में है और इंडियन मिलिट्री एकैडमी देहरादून में है। अगर वैसी ही एक एकैडमी बन जाए और यह महाराष्ट्र के सतारा में अजिंक्यतारा के पास में बने तो बड़ा अच्छा होगा।

महात्मा फुले की पत्नी सावित्री बाई थी। उन्होंने पूना और भीलवाड़ा में महिलाओं को शिक्षण देने का काम किया, उनके नाम से महिलाओं को शिक्षण देने के लिए एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी हो। एक विद्यापीठ पूना है, उसका नाम सावित्री रखा है। अगर महात्मा फुले नाम पर एक डिस्ट्रिक्ट बन सकता है, साहू नगर डिस्ट्रिक्ट बन सकता है, अंबेडकर नगर डिस्ट्रिक्ट बन सकता है, तो महात्मा फुले की पत्नी सावित्री बाई के नाम से महिलाओं की शिक्षा की एक विद्यापीठ बने, तो बड़ा अच्छा होगा।

**<u>14.00 hrs</u>**

सतारा में स्वर्गीय शंकरराव चव्हाण जो पूर्व डिफेंस मिनिस्टर थे और बाद में अर्थ मंत्री भी बने, मैं उनकी ही कान्सटीट्यूएंसी से आता हूं। मुझे बजट स्पीच पर बोलने का मौका मिला है इसलिए मैं खुद को भाग्यवान समझता हूं। सतारा में एक सैनिक स्कूल है, 2 जून, 1963 में आदरणीय चव्हाण साहब ने इसे बनवाया था, लेकिन आज उसमें महिलाओं के दस पद खाली है, लेकिन जो बच्चे वहां पढ़ते हैं, वे किसान और कामगार के बच्चे हैं, उसकी फीस सवा लाख और डेढ़ लाख रुपये है, अगर फीस में कुछ सहूलियत दी जाए तो बहुजन समाज के विद्यार्थी मिलिट्री अकेडमी में जाकर कुछ अपना नाम कमाएंगे और आगे चलकर उनको मिलिट्री में खाली जगह भरने का मौका मिलेगा।

पंत प्रधान आवास योजना में कम से कम 30-35 हजार घर बनाने की अर्जी मेरे डिस्ट्रिक्ट में आई थी, लेकिन कितनी जगह है, कैसे घर बना सकते हैं, काली मिट्टी में घर बनाना है, जहां खदानें हैं, वहां घर बनाना है, जब तक उसका ऐस्टिमेट नहीं बनाते हैं तब तक घर बनाना मुश्किल है। एक साथ डेढ़ लाख, दो लाख घर नहीं बनेंगे, कितनी जगह एवेलेबल है, कितनी अर्जी आई है, कितने लोगों को जगह दे सकते हैं, उसका ऐस्टिमेट क्या हो सकता है, हजार-डेढ़ हजार घर बनाकर यह स्कीम कभी भी पूरा नहीं हो सकता।

**<u>14.02 hrs</u>** (Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

मैं कल स्पीच सुन रहा था, जिस व्हीकल के पन्द्रह साल हो गए हैं, आप उसको हटाना चाहते हैं। उसकी संख्या क्या होगी, उसे कहां रखेंगे, डम्पिंग ग्राउंड कहां होगा? उसको तोड़ने की क्या व्यवस्था होगी, उसकी मेल्टिंग कैसी होगी? उसके बाद जो लोहा बनेगा उसका आप क्या उपयोग

करने वाले हैं? जब तक आप उसकी प्लानिंग नहीं करेंगे, तब तक ये गाड़ियां रास्ते पर आ जाएंगी, जो छोटे रास्ते हैं, वे फिर से छोटे बन जाएंगे। इसलिए जब तक स्क्रैप किए हुए मेटेरियल के लिए आप डम्पिंग की व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक यह नहीं होगा। इसमें पुणे जैसा शहर है, कोल्हापुर शहर है, नासिक है। जिनको कभी गाड़ी में बैठने का शौक नहीं था, उनके पास भी अब गाड़ियां हैं, अगर उनको थोड़ी सी सहूलियत मिले तो फायदा होगा, उनको बताया जाए कि आपको नई गाड़ी लेने के लिए सहूलियत दी जाती है, अगर नई गाड़ी लेते समय फाइनेंशियल अस्सिटेंस मिले, एक-दो साल के लिए रजिस्ट्रेशन का खर्च भी मिले तो लोगों को सहूलियत मिलेगी। पुरानी गाड़ी से देश की हवा में तकलीफ होती है, इसलिए लोग गाड़ी देने के लिए राजी होंगे, अगर उनको सहूलियत मिलेगी तो अच्छा होगा।

व्यक्तिगत कर भरने के लिए आपने सहूलियत दी है, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। लेकिन रिटर्न भरने के लिए सीए के पास जाना, वकीलों के पास जाना, उनको फीस देना, ये लोगों को सहन नहीं होता। जितना भरा है, उसको वापस लेने के लिए मुझे पैसे दो तो मैं करके दूंगा, यह लोगों को सहन नहीं होता, पैसे हम ज्यादा देते हैं और रिटर्न आता नहीं है, उसकी कुछ व्यवस्था हो।

व्यक्तिगत कर भरने के लिए आपने सहूलियत दी है, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। लेकिन रिटर्न भरने के लिए सीए के पास जाना, वकीलों के पास जाना, उनको फीस देना, ये लोगों को सहन नहीं होता। जितना भरा है, उसको वापस लेने के लिए मुझे पैसे दो तो मैं करके दूंगा, यह लोगों को सहन नहीं होता, पैसे हम ज्यादा देते हैं और रिटर्न आता नहीं है, उसकी कुछ व्यवस्था हो।

मेडिकल कॉलेज के लिए प्रावधान किया है, लेकिन इतने मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी उसकी क्या स्थिति है? कंस्ट्रक्शन चल रहा है या नहीं? मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने और उसको चलाने के लिए मनुष्य की क्या व्यवस्था है? जब तक यह पता नहीं चलता तब तक ये मेडिकल कॉलेज नहीं चलेंगे।

स्वच्छता के लिए मलबा निकालने के लिए यंत्र नहीं है, मैनहोल में जाने से कई लोगों की जिन्दगी खत्म हो गई है। जब तक मशीनें नहीं आती हैं, मशीन लेने के लिए सहूलियत नहीं दी जाती,

तब तक चाहे म्युनिसिपैलिटी हो, पंचायत हो, जिला परिषद हो, अगर उनके लिए कुछ व्यवस्था हो, तभी कुछ हो सकता है।

मैं सरकार का आभारी हूं कि दुर्गम क्षेत्र में टॉवर दिए गए हैं, लेकिन जब तक उधर पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होगी और टॉवर खड़ा करने की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक यह बनने वाला नहीं है। कई आश्वासन दिए गए हैं। उन आश्वासनों को पूरा करने के लिए पांच साल लगते हैं। एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक खाली आश्वासन ही दिए जाते हैं। फटी हुई झोली में कुछ डालना गलत तरीका है इसलिए आप पूरा प्लान बनाकर काम कीजिए। पिछले बजट में जो आश्वासन दिए गए थे, वे पूरे हुए कि नहीं, आगे इनका क्या करना है? जब आप इसे पूरा नहीं करते हैं, तो आश्वासन देना उचित नहीं है।

मैं सिक्किम में महामहिम राज्यपाल के पद पर रहा हूं। जहां तक आर्गेनिक खाद की बात है। पूरे विश्व में से भारत के एक राज्य में जनवरी, 2016 से आर्गेनिक खेती हो रही है। यहां पूरा इम्पोर्ट बंद कर दिया गया था। एक किलो केमिकल खाद या उर्वरक लाने पर 25,000 रुपये जुर्माना और तीन महीने की सजा का प्रावधान अगर किसी राज्य के बिल में हुआ तो वह सिक्किम में हुआ। आप इस तरह की तरकीबें निकालें ताकि लोगों को प्रोत्साहन मिले। इसके साथ ही ऑर्गेनिक खाद से जो चीजें बन रही हैं, इनकी खपत के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था हो तो अच्छा होगा।

महोदय, यशवंतराव चव्हाण जी जब चीफ मिनिस्टर बने तो सब बच्चों के लिए जात-जमात का चिंतन न करते हुए, जिनकी आमदनी कम है, उनके बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था में सहूलियतें दीं। जिनकी 1200 रुपये इनकम थी, उनके बच्चों को सहूलियतें दी गईं थीं। आज 1200 रुपये नहीं तो एक या डेढ़ लाख रुपये इनकम होगी, चौथी जमात में जो बच्चा एक बार पढ़ा, दूसरी बार पढ़ा, तीसरी बार पढ़ा, उसको सहूलियत दी गई थी।

मेरा कहना है कि देहातों में रहने वाले लोगों, छोटे किसान और कारीगरों आदि के बच्चों को सहूलियतें देनी चाहिए। एक, दो या तीन बच्चों को पढ़ने की सहूलियत से जो शिक्षा मिली है, इसका हमें आदर करना चाहिए।

महोदय, मुझे मराठी में अपनी बात कहनी थी, लेकिन मैं मराठी में बात नहीं कर सका। आपने मुझे हिंदी में बात कहने के लिए जो समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं और आपको धन्यवाद देता हूं। इस बजट में जो अच्छी चीजें की गई हैं, मैं उसे प्रोत्साहन देता हूं और उसकी सराहना करता हूं। जो चीजें कम हुई हैं, ज्यादा होनी चाहिए, ऐसा होगा और मैं उम्मीद करता हूं कि आप इसे करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी वाणी को विश्राम देता हूं।

**SHRI M. K. RAGHAVAN** (**KOZHIKODE**)**:** Thank you, Chairman, Sir, for allowing me this occasion to participate in the discussion on the Union Budget 2023-2024.

First of all, I strongly object to this year's Union Budget 2023-2024. Being the last Budget of this Government, I had high hopes from it. Unfortunately, after presentation of this Budget I have lost all hope. So, I wish to bring in a few suggestions for your kind consideration and action.

What happened to MGNREGA in this Budget? Madam Minister is really neglecting the rural population. This year's Budget clearly establishes it. The contribution to MGNREGA was monumentally reduced to Rs. 60,000 crore. What is the result of it? By slashing funds to MGNREGA, the Government is bringing disaster into the lives of our common men. This world's largest social security scheme was the brain-child of our then Government in 2005 led by the UPA. But unfortunately, we feel sad that the MGNREGA is being totally neglected by the Union Government.

My suggestion is that the minimum wages under MGNREGA must be increased to at least Rs. 400 per day, and timings should be reduced by giving more thrust to physical asset creation by channelling these resources to

agriculture and related activities. I humbly request the Finance Minister to enhance the funds for MGNREGA to at least Rs. 1,25,000 crore to ensure 100 days of employment in a year.

Hon. Finance Minister has totally neglected my constituency, Kozhikode as well as the entire state of Kerala. Of the Rs. 2,40,000 crore earmarked in the Budget for Railways, Kerala is expected to get only Rs. 2,033 crore. This is a very minute amount for our State. I wish to bring to your urgent attention that the file for redevelopment of Calicut Railway Station has been pending with the RLDA for years now. It is really sad that there is no provision for the Feroke Angadippuram Railway line and Guruvayur-Tirunnavaya railway line projects in this Budget. We request you to provide the Vande Bharat train connecting Calicut- Bangalore, Calicut-Trivandrum and Calicut-Chennai along with the extension of Train No.16511/12 connecting Kannur-Yeshwantpur to Calicut, and to provide us with more trains to the Malabar region.

Sir, the most important issue I have before you today is the establishment of AIIMS in Kozhikode. I have been requesting that the hon. Prime Minister and the hon. Health Minister sanction an AIIMS in Kozhikode for the past eight years. Land acquisition for the AIIMS in Kinalur, Calicut, has already been completed. I request that the Finance Minister provide funding for the establishment of AIIMS and expedite the process.

Sir, Calicut airport is one of the most profitable in Kerala and the only one owned by the Airports Authority of India. However, Calicut airport has been totally

neglected in this year's Budget. We request that you kindly provide sufficient funds for the expansion and extension of Calicut international Airport.

Sir, regarding Beypore port, I have made a request many times in this House to upgrade Beypore airport into a major port and improve connectivity to the Lakshadweep islands. But unfortunately, no initiative has been taken in this regard. My humble request is that you provide us with funds under Sagarmala to develop Beypore port as well as the Beypore Malapparambu road project. I thank the Government of India for including Beypore under the Swadesh Darshan scheme and request to allot more funds for tourism-related activities in Kozhikode

Sir, regarding the setting up of a Kendriya Vidyalaya at Ulliyeri, Calicut I request your urgent intervention. I appreciate the hon. Finance Minister decision to increase the duty on compounded rubber. But my only concern is whether existing international agreements entered by us will permit this. I seek a clarification on the same. I request the hon. Minister to enhance the allocation to Rubber Board and Spices Board. It is disappointing that there is nothing in the Budget for the coconut farmers of Kerala. I request the hon. Finance Minister to provide more funding for the Coconut Board to ensure procurement of coconut from farmers through NAFED.

Subsidies to the FCI under the National Food Security Act have been cut drastically to Rs. 1,37,207 crore from Rs. 2,14,696 crore in the Revised Estimates for 2022-2023. This can adversely affect a large number of people in our country and the functioning of the PDS system. So, my humble request is that you

provide more funds and take necessary steps to strengthen our country's PDS system.

Sir, our country has a rich tradition of protecting minorities. However, minority communities have been completely ignored in recent years. I request the hon. Finance Minister to increase the amount allocated for minorities to at least Rs. 10,000 crore.

I am not mentioning income tax, since the Finance Minister has clearly made it clear that the intention is to move towards the new tax regime. In doing so, our people will lose a large number of accrued benefits. There is a lack of understanding among taxpayers regarding new and old tax regimes. So, my request is to bring in a unified income tax structure by retaining the welfare provisions of the old tax regime. I request the Finance Minister to grant the pending GST dues to Kerala immediately. Otherwise, people in Kerala will not even be able to breathe fresh air, since it may also be taxed by the State Government in the future.

We are very much worried about the twin problem of rising inflation and unemployment which this Budget totally failed to address. Since time allotted for speech is limited, I am concluding my speech. I have given ample submissions to this Government. The Union Government is duty-bound to respect fiscal federalism. Hence, I request you to consider my suggestions which I proposed before this House. Thank you.

**श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर) :** सभापति जी, आपने मुझे इस शानदार बजट के समर्थन में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं कहना चाहूंगा कि फूल इसलिए अच्छे हैं कि खुशबू का पैगाम देते हैं और बजट इसलिए अच्छा है कि जनता के मन के भाव को जान लेते हैं और वित्त मंत्री जी इसलिए अच्छी हैं कि इस जनप्रिय बजट में हम आपके परिश्रम को पहचान लेते हैं।

अमृत काल का यह बजट देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कठोर परिश्रम, अनुशासित जीवनशैली, दृढ़ इरादों, संकल्पों को पूर्णता तक पहुंचाने की इच्छा शक्ति का, गरीबी से मुक्त हो सके, ऐसे प्रयासी भारत का, दुनिया को दिशा दे सके, ऐसे प्रभावी भारत का, आर्थिक रूप से सबल भारत का, सामरिक रूप से साहसिक भारत का, सांस्कृतिक रूप से मार्ग प्रशस्त कर दे, ऐसे भारत का या यूं कहें कि सब विषयों और सब समाज को साथ लिए आगे ही बढ़ते जाने का है। मंत्री जी ने ऐसे प्रतिबद्ध भारत का प्रभावी बजट प्रस्तुत किया है। निश्चित ही भारत के स्वर्णिम काल का यह अमृत संदेश है। इतिहास में यह काल वर्ष 2014 से आगे का गोल्डन इरा होगा, स्वर्णिम काल होगा, अमृत काल होगा।

हां, वह नरेन्द्र ही तो होंगे, जो समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत परोसने में लगे हैं और स्वयं के हिस्से में मंथन से निकला विष गले से लगाया है। मंथन से निकला अन्न, फल-फूल, आपकी थाली तक व तिरष्कृत वनस्पति स्वयं के सिर लगाया है। समाज की असमरसता का नाग गले लगाकर समरसता का भाव फैलाया है, तभी तो अमृत काल आया है, अमृत बजट आया है।

अमृत काल की बेला में जी-20 की अध्यक्षता आई है। घर में खुशियां लाई है, मंगल गीत हैं, हाथों में मेहंदी रची है और द्वार पर रंगोली है। स्वागत के तासे बज रहे हैं, देश वर्ष 2047 का सुखद भारत बनाने में आपके बजट के साये में संकल्पित खड़ा है। युवा पढ़कर रोजगार दे सके, ऐसा बनने में अड़ा है। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कुटीर उद्योगों की प्रेरक श्रृंखला लिए खड़ी हैं, स्वास्थ्य सुधार के बड़े अभियान हैं, तो आधुनिक भारत के निर्माण की दृढ़ संकल्पना है।

माननीय सभापति जी, निश्चित ही भारत बदल रहा है। तभी तो वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक एमपीआई कहता है कि भारत में 415 मिलियन लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए हैं। वर्ल्ड

बैंक की रिपोर्ट भी कहती है कि भारत अति गरीबी से मुक्ति के द्वार पर है। गरीबी से मुक्ति मिले, इसीलिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ से भी अधिक आबादी को निःशुल्क राशन मिले, ऐसा सुदृढ़ प्रबंधन किया है। कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री ने 2,05,764 करोड़ रुपये का विशाल प्रबंधन किया है।

जन-धन खाते, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस चूल्हा, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा बैंकिंग, स्वनिधि योजना, स्वसहायता समूह, बजटीय ताकत बनी है। डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, स्वच्छ भारत मिशन, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, ग्रामीण कुटीर उद्योगों का विकास, स्वामित्व योजना एवं अनगिनत योजनाएं हैं।

माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को भारत सरकार ने प्रशस्ति पत्र दिया था। मैं यहां पर उसका जिक्र करना चाहता हूं। उनको पुरस्कृत करने का अवसर था कि 5,000 परिवारों के बीच देश की बजटीय धारणाओं से निकली योजनाओं को घरों तक पहुंचाना। उसका एक वाक्या है। एक अम्मा हैं, जिनकी उम्र 80 साल है। उनका जन्म आजादी के पहले हुआ था। जन्म की खनक बाल मन के कानों में थी कि देश आजाद हुआ है। 5-6 वर्ष की उम्र की में ये खनक उनके कानों तक पहुंची कि मैं आजादी में सांस ले पा रही हूं।

वह बड़ी हुई, विवाह हुआ, बच्चे हुए, दादी बनी। बुढ़ापे का एक दौर आया, तब तक घर के ऊपर कोई आश्रय, छत नहीं थी। जब भारत सरकार के अधिकारी जिले के अधिकारियों के साथ उस अम्मा के निवास पर गए, तो वह खुश थी, क्योंकि प्रधान मंत्री आवास योजना में उनको आवास मिला था। शाम का समय था। अधिकारियों ने पूछा कि अम्मा कैसा लग रहा है? अम्मा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि जीवन के प्रारम्भ में आज़ादी देखी थी, मगर आज मुझे लगता है कि मेरे को पक्का मकान मिला है। आप चाय पीयेंगे क्या? अधिकारियों ने उस अम्मा का चाय पीने का आग्रह स्वीकार किया। अपनी बकरी हो सके इसलिए बैंक की योजनाओं से उनका बेटा जीवन में पहली बार बकरी लेकर आया था। बकरी का दूध निकाला, घर के अंदर गए, उज्ज्वला गैस के चूल्हे पर चाय बनाई। शाम का

समय था, अंधेरा ढला। उजाला योजना का बल्ब जलाया, तब उस घर में पहली बार आज़ादी आई। माननीय सभापति जी, यह बजट की योजनाओं का संदेश है।

आजादी की चमक तथा प्रधान मंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में बजट की खनक कैसे 80 वर्षीय अम्मा के घर तक आती है, यह शायद बिना मकसद यात्रा करने वाले यात्री की समझ से बाहर है या यों कहें कि बिना मकसद के जिंदगी उस कोरे लिफाफे की तरह है, जिस पर मंजिल का पता न लिखा हो, वह कहीं पर भी नहीं पहुंच सकता है। ये भटके हुए यात्री एक बार मेरे संसदीय क्षेत्र में आ गए, मंदसौर, मध्य प्रदेश में आ गए।

माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन आज शिवराज सिंह चौहान जी के कठोर परिश्रम से तथा भारतीय जनता पार्टी की सतत लगन से मध्य प्रदेश में दृश्य बदला है, लेकिन इस भटके हुए यात्री को कुछ पता नहीं था। वे मकसद विहीन यात्रा में जहर, भ्रम, झूठ तथा निर्लज्जता की हद तक बोले।

माननीय सभापति जी, उसका परिणाम क्या हुआ? अनगिनत संस्थाओं में आग लगी, सैकड़ों गरीब किसानों के वाहन जला दिए गए। मजदूरों के बेटों ने बैंकों से कर्ज लेकर ट्रकों और वाहनों को खरीदा था, लेकिन वे आग के हवाले हो गए। परिणाम गोलीचालन, लोगों की मौत तथा भयानक बर्बादी हुई। मकसद विहीन यात्रा को जनता ने निरस्त कर दिया, क्षेत्र ने अस्वीकार कर दिया।

माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के निकट राजस्थान का चित्तौढ़ जिला है, वहां पर एक मातारानी है– भंवर माता। भंवर यानी मधुमक्खी, हनी बी। वह माता है, जो भंवर की पूजा, आराधना होती है, भटके हुए यात्री जब उधर आए थे, मकसद गलत लेकर आने वाले के ऊपर मनुष्य तो क्या देवता भी कैसा प्रसाद और आशीर्वाद देते हैं, यह रिकार्ड पर है कि एक लाख से अधिक भंवर इस भटके हुए यात्री के ऊपर घिरे। ये पटरी-पटरी दौड़े और दौड़ते हुए का दृश्य भी है, रिकार्ड पर भी है। यह भटकाव, यह छलाव दुनिया को क्या छल सकता है, ईश्वर भी जानता है। पापों का घड़ा भर जाता है।

माननीय सभापति जी, मैं अभी दो-तीन राज्यों के विषय में सुन रहा था। हालांकि मेरा कमेंट करने का उद्देश्य नहीं है। मगर दो वरिष्ठ जन बोल रहे थे। एक बंगाल से थे और एक बिहार से थे। अब बंगाल और बिहार की व्यथा, कहानी उन्होंने सुनाई। वह बड़ी दर्द भरी थी। यह परिलक्षित हो रहा था कि वे दोनों सांसद साथी उन सरकारों से परेशान हैं, क्योंकि वे जिक्र कर रहे थे कि उन्हें राशि नहीं मिली, उन्हें बजट नहीं मिला। तब मैंने रिकार्ड उठा कर देखा तो इस बजटीय संरचना में केन्द्रीय कर और शुल्कों के हिस्से की 1 लाख 2 हजार 737 करोड़ रुपये की राशि बिहार राज्य को जानी है। 76 हजार 843 करोड़ रुपये की विशाल राशि बंगाल को जानी है। मेरे मध्य प्रदेश को 80 हजार 183 करोड़ रुपये की राशि मिलनी है। मध्य प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी इस राशि के साथ-साथ अपने परिश्रम से उस प्रदेश को सुदृढ़ करने के लिए अभी बहनों को लाडली बना रहे हैं। हमने बेटियों को लाडली बनाया है। हमने प्रधान मंत्री आवास योजना में आवास दिए हैं। हम शिकायत लेकर नहीं आए हैं। यह बात इस समस्या को इंगित करती है। इन दोनों सांसद भाइयों का बंगाल और बिहार में अभिनंदन होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उनकी सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं, जो 80 करोड़ लोगों को राशन, गैस का चूल्हा, पक्के मकान, इतनी बड़ी राशि, एक लाख दो हजार करोड़ की विशाल राशि का उपयोग नहीं कर पाए। इन्होंने सिद्ध कर दिया, इसलिए मैं तो जनता से यही आग्रह करूंगा कि दोनों भाइयों का स्वागत करे कि अपनी-अपनी सरकार की पोल खोल कर चले गए।

पापों का घड़ा भरता नहीं है। योजनाएं आती हैं, नीचे दुरुपयोग होता है और कैसे भोली-भाली जनता को ऐसे तेज-तेज भाषण देकर लोग चले जाते हैं। पिछली गलती से कहें या जनता के भ्रम से कहें, मेरे मध्य प्रदेश में सरकार बन गई, कमलनाथ उसके प्रमुख हो गए। वहां भी यही यात्री थे, इन्होंने क्या वायदे किए थे? इन्होंने कहा था कि एक, दो, तीन और दस तक गिनना, तब तक सारा कर्ज माफ हो जाएगा। भाई साहब, वे आज भी खड़े हैं। इन्होंने बोला था कि हर खेत के पास प्रोसेसिंग प्लांट लगा दूंगा, यह बात रिकॉर्ड पर है। हर खेत के पास प्रोसेसिंग प्लांट लगा देंगे, ताकि आपके खेत का उत्पादन सीधा पैक हो जाए। हर गांव में मोबाइल की एक फैक्टरी होगी, अपने गांव के नाम से 'मेड इन इंडिया' की तरह से हर गांव में 'मेड इन पिपलिया मंडी,' 'मेड इन मंदसौर,' 'मेड इन नीमच' बना दूंगा, युवाओं

को बेरोजगार भत्ता दे दूंगा। वे अभी ढूंढ रहे हैं, इस चुनाव में ढूंढ लेंगे। सामाजिक पेंशन तीन गुनी कर दूंगा, बेटियों के विवाह के लिए 51 हजार रुपये दे दूंगा, दूध पर पांच रुपये का बोनस दूंगा, सेल्फ हेल्प ग्रुप की उन बहनों से कहा कि तुम्हारा कर्ज माफ कर दूंगा, 60 वर्ष से बड़े पत्रकार भाइयों को कहा कि तुम्हे सहायता देंगे, सफाई कर्मचारियों से कहा कि तुम्हे नियमित कर दूंगा, नेताओं से कहा कि एक विधान परिषद बना दूंगा, बेघरों से कहा कि तुम्हे ढाई लाख रुपये अतिरिक्त दूंगा और लड़कियों से कहा कि तुम्हे दो पहिए के वाहन दूंगा। ऐसे पोस्टर लगे **हैं**, यह घोषणा पत्र है। वह सरकार बन गई थी, वह सरकार रही**,** बाद में सिन्धिया साहब को समझ में आ गया कि यह भटका हुआ यात्री है, इसलिए सरकार वापस शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में है।

सभापति महोदय, क्या करें, बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी हो जाती हैं। आंकड़े ले आते हैं, परसेंटेज बताते हैं, गांव का व्यक्ति परसेंटेज में बात नहीं करता है, उसे पता चलना चाहिए कि मुझे मिला क्या है। नेहरू जी की बात करते हैं, पुरानी बातें करते हैं। मैंने भी सोचा कि नेहरू जी ने कुछ तो किया होगा। जब मैं कमेटियों में गया तो मुझे समझने का मौका मिला कि कृषि पर आधारित पहली पंचवर्षीय योजना एनाउंस की थी। एनाउंस करते ही बड़े बांध लाए, लेकिन 30 साल से अधिक समय में ब्रिटिश इंडिया ने बड़े बांधों को बनाने के लिए मैपिंग, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग वर्क, टेक्निकल वर्क आदि अपडेट करके महामहिम के हाथ में दिया था। उस दौर में जितने योजनाएं थीं, उनमें सरदार पटेल भी थे, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी थे, अम्बेडकर जी की छत्रछाया भी थी, बाबू जगजीवन राम जैसा विशाल हृदय का व्यक्तित्व भी था, राम मनोहर लोहिया जी की कांग्रेस को दी पृष्ठभूमि भी थी। इन सब चीजों को लेकर बातें तो बहुत कर ली। अगर हम बात करें प्रथम पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951 **से** 1956) – अर्थव्यवस्था संतुलित विकास । आप पहले भी कह रहे थे, आज यात्री फिर भटक कर कह रहे हैं। वर्ष 1956 से 1961 तक समाजवादी समाज की रचना, बहुत अच्छी बात है। वर्ष 1961 से 1966 तक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था, वर्ष 1966 से 1968 में मैक्सिको के नॉर्मन बोरलॉग और भारत के स्वामीनाथन जी ने हरित क्रान्ति पर काम किया। वर्ष 1967 से 1968, वर्ष 1968 से 1969 और फिर वर्ष 1969-1970 में बोले – स्थायित्व के साथ विकास और वर्ष 1971 में कहा गया - 'गरीबी

हटाओ, देश बचाओ।' हम तो हम, मनोज कुमार जी भी प्रभावित हो गए, उन्होंने एक पिक्चर बना डाली – रोटी, कपडा और मकान । सबको लगा कि भाई, अब और क्या चाहिए। रोटी मिल गई, कपड़ा मिल गया, मकान मिल गया और लोगों ने छप्पर फाड़कर वोट दे दिया। मगर मुझे एक बात समझ में नहीं आई। वर्ष 1980 से 1985 में गरीबी उन्मूलन और रोजगार वृद्धि की बातें आपने इस सदन में कहीं, दुनिया के सामने कहीं। वर्ष 1985 से 1990 में उत्पादकता बढ़ाना और रोजगार के अवसर बढ़ाना, वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार, मानव संसाधन विकास पर वर्ष 1992 से 1997 तक काम हुआ। परन्तु, माननीय सभापति जी, देश को समझ में आया, यह भूल, छलावा और भटकाव समझ में आया, तब नीति आयोग सामने आया। नीति आयोग में थिंक टैंक है, अधिकतम शासन और न्यूनतम सरकार की बात है। इसमें व्यापक विशेषज्ञ सदस्य शामिल हैं और परिणाम सतत विकास और शहरी सूचकांक डैशबोर्ड सामने आया। स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स सामने आया, संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक सामने आया, अटल नवाचार मिशन आया, नवाचार के क्षेत्र में स्टार्ट-अप, विश्वसनीय मदद और विशेषज्ञता प्रदान करने की एक रणनीति सामने आई।

माननीय सभापति जी, देश समझ चुका है। हम कितने बजट और कितने पैसे की बात करें? हम स्वास्थ्य की ही बात कर लेते हैं। हम स्वास्थ्य पर ही बात कर लें तो आज 86 हजार 200 करोड़ रुपये का विशाल बजट प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बहन निर्मला जी ने दिया है। मैं इसके लिए धन्यवाद दूंगा। यह वर्ष 2012-13 में 37 हजार करोड़ रुपये था। ये उलझाने के लिए परसेंटेज में बताते हैं। ये गरीब आदमी का सिस्टम समझते हैं कि इसे परसेंटेज में बता दीजिए। एनपीए क्या हुआ, फिस्कल डेफिसिट यह हो गया। अरे छोड़ो भाई, जिससे वोट लाते हो, उसे समझा दो कि तुमने क्या किया?

महोदय, मैं एक बात जानता हूं कि यथार्थ कैसे होगा? अगर मैं अपने क्षेत्र की बात करूं तो माननीय प्रधान मंत्री जी उस समय गुजरात के मुख्य मंत्री थे, मैं पार्टी का जिला अध्यक्ष था। हमने जिला अध्यक्ष के रूप में उनको आमंत्रित किया था। उस समय गुजरात के माननीय मुख्य मंत्री जी आए थे और उन्होंने दो लाख से अधिक जनता को संबोधित करते हुए कहा था कि मैं जानता हूं कि इस क्षेत्र

में स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है और लोग अहमदाबाद चलकर आते हैं। मेरे पास भी आते हैं और यहां स्वास्थ्य की सुविधा सुधरनी चाहिए।

मैं आज फोरम पर खड़े होकर कह रहा हूं कि मुझे 14 और 22 के इन आंकड़ों से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि मेरे यहां की जनता खुश है। हम आश्चर्यचकित हैं कि सरकरों का कैसा स्नेह होता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज आए। मेरे यहां तीन जिला मुख्यालय हैं और तीनों जिला मुख्यालयों पर तीन मेडिकल कॉलेज आए हैं। उनमें से एक बनकर चालू हो गया है और दोनों इतनी हाइट पर आ गए हैं तो भाई मनसुख मांडविया जी यहां बैठे हैं, मैं उनको बधाई और धन्यवाद दूंगा, डॉक्टर हर्षवर्धन जी को भी दूंगा, नड्डा साहब स्वास्थ्य मंत्री थे, उनको भी दूंगा, माननीय प्रधान मंत्री जी को दूंगा तथा माननीय अमित शाह जी को भी धन्यवाद और बाधाई दूंगा। कमाल कर दिया साहब कि मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन मेडिकल कॉलेज दिए हैं। हम सोच नहीं सकते थे, हम तो अभिभूत हैं। तीन मेडिकल कॉलेजेज़ के साथ-साथ बजट में हमें पता चल गया है कि नर्सिंग कॉलेज भी आएंगे। उनमें से कुछ तो मेरे भी दरवाजे आएंगे, इसलिए तीनों में आ जाएंगे। इसलिए जनता खुश है, प्रसन्न है, अभिभूत है। हम कैसे धन्यवाद दें?

महोदय, हम जानते हैं कि पोषण अभियानों एनिमिया मुक्त देश बनाने का परिणाम है। हमारे मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल आए थे। वे बहुत संवेदनशील हैं। उन्होंने सिकल सेल पर एक सेमिनार का आयोजन किया था। सिकल सेल जैसी घातक बीमारी आजादी के बाद आज तक दूर न हो सकी, लेकिन भारत सरकार की संवेदनाएं देखो, आपकी सहृदयता देखो कि सिकल सेल मुक्त भारत बनाने के लिए आपने वर्ष 2047 का लक्ष्य रखा है।

सभापति जी, हम जानते हैं कि प्रति वर्ष 4 लाख लोग टीबी से मारे जाते हैं। मैं स्वास्थ्य मंत्रालय को धन्यवाद दूंगा, मैं मोदी जी को धन्यवाद दूंगा कि वर्ष 2025 तक भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। इस पर यह देश कठोर काम कर रहा है। इसलिए मैं तो बधाई और धन्यवाद दूंगा। हम सब जानते हैं कि आज मातृ मृत्यु दर में, बच्चों की मृत्यु दर और जो गिरावट आ रही थी, उसको सुधारने का काम हुआ है। भारत कालाजार से मुक्त हो, इसके लिए प्रयास हो रहे हैं। हम सब जानते हैं और

हमने देखा है। इन्होंने तो उपहास उड़ाए थे। जब अटल जी की सरकार में पल्स पोलियो अभियान, रोटरी क्लब और अटल जी की सरकार के संयुक्त सहयोग से देश में आया था - दो बूंद जिंदगी की। आज उसका परिणाम क्या है, दो बूंद पोलियो की दवाई पिलाने का परिणाम है कि भारत में किसी की मां, किसी की बेटी, किसी की बहन, किसी की पत्नी अपनी कोख से अपंग बच्चे को जन्म नहीं देती है। अगर यह हिन्दुस्तान बनाने का संकल्प लिया है तो वह बजटीय धारणा में प्रकट है।

माननीय सभापति जी, वैक्सीनेशन प्रोग्राम पर कैसे उपहास थे। दिल्ली में माइक से अनाउंसमेंट था और मुंबई में टिकटों का प्रलोभन था। उनके लिए बसें लगा रहे थे कि उनको अपने घर भेजेंगे। लेकिन पता नहीं था, लोगों को सड़कों पर चलने को मजबूर कर दिया। इनके भटकाने का परिणाम यह आया कि पेट में 8 महीने का बच्चा लिए हुआ मां, हाथ में डेढ़ महीने, एक महीने का बच्चा लिए हुए बहन, सड़कों पर पैदल चलने को मजबूर थीं। इनकी सरकारों ने बसें लगाईं और उन लोगों को बार्डर पर छोड़ दिया। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मेरी पार्टी और देश के ऐसे तमाम लोगों ने देश में करोड़ों लोगों को भोजन पहुंचाने का प्रबंध किया है। मैं नड्डा साहब को धन्यवाद दूंगा, मैं धन्यवाद दूंगा अपने प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जी को कि रात दिन उन्होंने देश और प्रदेश भर के अंदर कार्यकर्ताओं को खड़ा किया, सरकारें खड़ी हुईं। हम सब जानते हैं कि 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन देने का महान अभियान उस समय हम सभी के लिए कारगर हुआ। कोई भूख से परेशान नहीं हुआ। ये भारत बनाने के लिए किया गया।

हम अपने क्षेत्र की जानते हैं। मेरे कई कांग्रेसी मित्र भी हैं। वे मुझे वोट भी करते हैं। मैं यह सार्वजनिक रूप से कहता हूं कि उनमें से कई पार्टी में हमारे साथ आ गए हैं। स्नेह का यह रिश्ता, दुश्मनी में नहीं चलता है। उनकी पत्नियों और बहनों के टेलीफोन आ रहे थे कि हमारे नेता ने कहा है कि मोदी वैक्सीन नहीं लगाना है। अरे! आपका पत्रकार फोटो खिंचता है। यह मोदी वैक्सीन लगा लेंगे, तो पार्टी मुझे निकाल देगी। हमारे बड़े नेता कह रहे हैं कि यह वैक्सीन, मोदी का वैक्सीन, मोदी का वैक्सीन।

मैंने कलेक्टर से बात की। मैंने कहा कि कलेक्टर साहब बड़ी परेशानी का काम हो गया है। ये सभी भाभियां मुझे टेलीफोन करती हैं कि इन नेताओं को वैक्सीन लगाने के लिए क्या करें? हमने एक अभियान चलाया। हम ने रॅाट्री क्लब, लायंस क्लब, जैसे तमाम क्लबों को कहा कि आप अपने-अपने धर्मशालाओं में वैक्सीनेशन प्रोग्राम चलाएं ताकि हमारे जो भाई फोटोग्राफी से डर रहे हैं, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए भेज दें। आज मैं गर्व कह से कह सकता हूं कि ऐसे नेताओं की अपील न सुनते हुए, तमाम लोगों ने वैक्सीन लगवा लिए। मैं ऐलान करता हूं कि कोई ऐसा भाई बता दे, जो वैक्सीन विरोधी हो और उसने वैक्सीन नहीं लगाया हो, तो कृपा करके मेरे सामने आ जाए। इस वैक्सीनेशन प्रोग्राम के लिए मैं मनसुख भाई को धन्यवाद दूंगा। क्या गजब का उनका मैनेजमेंट था। मैं उस समय के स्वास्थ्य मंत्री जी को भी धन्यवाद दूंगा, मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा, मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा। कमाल का कार्यक्रम साहब – वैक्सीनेशन प्रोग्राम। देश और दुनिया में इसकी क्या ख्याति हुई, मैं उस पर बात नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं एम्स के बारे में कहना चाहता हूं।…(व्यवधान) अभी मैंने शुरू किया है।

मैं एम्स के बारे में कहना चाहता हूं। यह कहते हैं कि हम एम्स लाए। मेरा बेटा एक दिन मुझसे बोला कि पापा, क्या एम्स कांग्रेस के लोग लाए थे? मैंने कहा कि इसे ढूंढते हैं तो पता चला कि दिल्ली का एम्स पंजाब की महारानी की बड़ी कृपा और योजना से आया था। इसके बाद का एम्स का क्या हुआ, तो मैंने उसकी सूची निकाली, तो भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर ऋषिकेश, गजब हो गया साहब, ये तो अटल जी ने वर्ष 2003 में घोषित किए थे। अरे! ये बड़े नाम ले-ले कर देश भर में घूमते हैं, लेकिन अब के बच्चे पढ़े-लिखे हैं। ये भरोसा नहीं करने वाले हैं। इनके परिवार के लोग ही गायब हो गए। वे बोले कि पापा ये झूठ बोलने वालों के साथ हैं। ये रिकॅार्ड पर है। वर्ष 2003 से काम करते-करते वर्ष 2012 आ गया। हां! उन्होंने एक एम्स के लिए काम किया है – रायबरेली। गजब, रायबरेली का एम्स इनके नाम है। मगर साहब, देव कृपा ऐसी थी कि इनको उसे पूरा करने का मौका नहीं मिला। हमने उसे भी वर्ष 2018 में पूरा किया। इनके खाते-में लिखा-पढ़ा कुछ नहीं। ये कागज लिए घूमते रहते हैं और एक नेता का नाम ले लेते हैं। उस जमाने के कांग्रेस के लोग सरदार पटेल से लेकर

बाबू जगजीवन राम तक कोई तुम्हें लाइक नहीं करता, तुम डिसलाइक हो गए। उनकी चीजें गिनाया न करें।

हम एक बात जानते हैं। हम धन्यवाद देंगे। मैं अधीर रंजन जी के साथ श्रीनगर 15 अगस्त, 2021 को गया था। वहां झंडा वंदन था। 15 कॉर्प्स के साथ, पूरी टीम गलवान घाटी तक गई थी। वे भी खुश थे, हम भी खुश थे। हम भारत की सेना के बारे में कहना चाहते हैं। अभी ये लोग परसेंटेज बता रहे थे। हम परसेंटेज-वरसेंटेज कुछ नहीं समझते। हम आंकड़े समझते हैं, आप आंकड़े बताएं। इनका आखिरी बजट 2,03,000 करोड़ रुपए का है। ये 2.03.000 करोड़ रुपए सेना को देते थे। 10 हजार करोड़ रुपए पेंशन के लिए, इनका नेता सड़क पर पर धरने पर था और हम भी पूछते थे कि 10 हजार करोड़ रुपए की बड़ी राशि वन रैंक – वन पेंशन के लिए कैसे देंगे? आज आप बड़ी-बड़ी बातें करते हो, लोगों को भटकावे और छलावे में ले जाते हो। आज लोग इतने बेवकूफ नहीं हैं। वे पढ़े-लिखे हैं। वे जानते हैं कि भारत ने अपने वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ करके 2,03,000 करोड़ रुपए के बजट को 5,95,000 करोड़ रुपए के विशाल बजट पर पहुंचाया, लेकिन इनसे धन्यवाद के स्वर नहीं निकलते।

मैं राजनाथ जी को धन्यवाद दूंगा। मैं अमित शाह जी को धन्यवाद दूंगा और निर्मला सीतारमण जी को भी धन्यवाद बनता है एवं धन्यवाद मनोहर परिकर जी को भी बनता है। हम कैसे चूकेंगे? उन्होंने देश को बदल दिया है।

मैं अपने क्षेत्र की बात करता हूं। हमारे यहां सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स का मुख्यालय नीमच में है। सीआरपीएफ वहीं से बना। यह सीआरपीएफ का बर्थ प्लेस है। आप कहते हैं कि उस बर्थ प्लेस में पैसा नहीं आता। मेरे क्षेत्र में कभी पैसा नहीं आया। ब्रिटिशर्स ने सीआरपीएफ बनाया था, वह खंडहर होने वाला था, लेकिन सभापति जी आप आश्चर्य करेंगे कि 58 करोड़ रुपए की राशि से 360 आवासीय क्वार्टर बनाए गए हैं, 28 करोड़ रुपए की राशि से पांच बैरक बनाए गए हैं, जिसमें महिलाओं की बैरक पहली बार बनी है। चार करोड़ रुपए का ऑडिटोरियम और पांच करोड़ रुपए का स्वीमिंग पुल है। हम इतना जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल मेरे सीआरपीएफ में आ गया है।

माननीय सभापति महोदय, क्या-क्या बात करें? अब देश बहुत बदल गया है। आईएनएस विक्रांत और नौसेना के ध्वज के लिए बच्चों में रोमांच है। वह ध्वज बदलना भूल गए थे। आज बच्चों में रोमांच है कि हमारे ध्वज को स्मरण किया गया है।

राफेल का विषय या ब्रह्मोस मिसाइल की बात तो मैं करूँगा नहीं, क्योंकि अब हम दुनिया को यह बेचने वाले देश हो गए, किस तरीके से अब एचएएल ने लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर बनाया है, चिनूक और अपाचे हमारी सेनाओं में सम्मिलित हैं, मैं उन बातों को नहीं करूँगा।

निर्यात में 307 सामग्रियाँ सम्मिलित हैं। मेक इन इंडिया, मेक बाई इंडिया और मेक फॉर इंडिया की तर्ज पर भारत में आई हैं। मैं तो इतना जानता और गर्व भी करता हूँ, इन्होंने बातें बड़ी-बड़ी की थीं, मेरे अपने गांव में भारत सरकार ने एक सैनिक स्कूल दे दिया है और दूसरा सैनिक स्कूल मेरे ही संसदीय क्षेत्र में नीमच में स्थापित होने के लिए तैयार खड़ा है। सैनिक स्कूल दो, मेडिकल कॉलेज तीन दिए गए। गजब है! एक सैनिक स्कूल आ गया, दूसरा आएगा। हम तो मांग पर खड़े हैं, संभावनाओं पर खड़े हैं। नर्सिंग कॉलेज तीन हैं। कितना गिनाए। ये इतने सालों से कहाँ थे? इसीलिए हम एक बात जानते हैं कि आज देश गर्व करता है। भारत की सेनाएं बदली-बदली हैं। भारत की सेनाएं गर्व से खड़ी हैं।

माननीय सभापति जी, यदि हम पीयूष गोयल जी को धन्यवाद नहीं देंगे, अश्विनी वैष्णव जी का धन्यवाद नहीं करेंगे, मनोज सिन्हा जी का स्मरण नहीं करेंगे, तो मज़ा नहीं आएगा। हम सब पटरी-पटरी पर लगे थे, लेकिन पूरा रिकॉर्ड खोजा, तो पता चला की सारी पटरियाँ अंग्रेजों की लगाई हुई हैं। बहुत-से स्टेशन भी वैसे ही बने हुए थे, पटरियाँ भी वही और डिब्बा लिये बताते रहे कि उसे हम लाए। आज मैं गर्व से कहता हूँ, क्षेत्र का सीना फूला हुआ है, क्योंकि आपने 400 करोड़ रुपए तो नीमच से रतलाम तक दोहरीकरण के लिए मेरे क्षेत्र में दे दिया। नीमच से बड़ी सादड़ी तक के लिए 150 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वह सांसद जी पीछे बैठे हैं। नीमच से चित्तौड़गढ़ के लिए 50 करोड़ रुपए दिए गए। बड़ा गजब है! पिछले साल दिया गया, उसे तो मैं गिना ही नहीं रहा हूँ। माननीय निर्मला जी का यह पाँचवाँ बजट है, यदि पिछली बार का भी गिनाऊँगा तो ये लोग कहेंगे कि टाइम पूरा हो गया। मुझे एक बात समझाएं, पूरा

इलेक्ट्रिफिकेशन हो गया। हमारे यहाँ के वृद्ध लोग, महिला बहनें रेल के आखिरी डिब्बे में चढ़ नहीं सकते थे। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक भी प्लेटफॉर्म ऐसा नहीं है, जो रेल की लम्बाई के बराबर नहीं हो। हम इस पर गर्व कर सकते हैं। आपने महिलाओं पर वृद्ध लोगों पर क्या ध्यान दिया? क्या बच्चों पर ध्यान दिया? लेकिन हम गर्व से कह सकते हैं। हमारे यहाँ से कांग्रेस की एक सांसद रही हैं, उनके समय एक अंडरब्रिज दिया गया था। मेरे संसदीय क्षेत्र में आपने 65 अंडर ब्रिजेस और ओवर ब्रिजेस दिए हैं। क्या हम इसकी प्रशंसा नहीं करेंगे?

अमृत स्टेशनों की झड़ी लगी है। मंदसौर रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन बना दिया, नीमच रेलवे स्टेशन को भी बना दिया, गरोट और श्यामगढ़ रेलवे स्टेशन इसके लिए घोषित हो चुके हैं और जावरा और सुहासरा रेलवे स्टेशनों को हम डिमांड पर लगाए हुए हैं।

मध्य प्रदेश को इस बजट में रेलवे के लिए 13,607 करोड़ रुपए की विशाल राशि दी गई है जबकि इनके पूरे कार्यकाल में केवल 631 करोड़ रुपए आए थे।

माननीय सभापति जी, यदि हम गडकरी जी की बात नहीं करेंगे, उनको धन्यवाद नहीं देंगे और सड़कों की बात नहीं करेंगे, तो हम कैसे रह पाएंगे। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे मेरे पूरे संसदीय क्षेत्र का प्राण बन गया है। चार मार्ग दिए गए हैं। यहाँ पर उज्जैन के सांसद जी बैठे हैं। इनके क्षेत्र को उधर से जोड़ दिया गया है। अभी झालावाड़ के सांसद जी को भी उन्होंने हाँ कर दिया है। अकेले मेरे संसदीय क्षेत्र को कुछ छ: मार्गों से जोड़ा गया है। एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली विशाल सड़कें मेरे संसदीय क्षेत्र को मिली हैं। इसके लिए हम धन्यवाद तो देंगे, लेकिन हम एक बात यह भी कहेंगे कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सुदूर ग्राम सड़कें भी दी गई हैं। ये तो ले-लेकर भूल जाते हैं। इनके सांसद गिनाते नहीं हैं और ये पता नहीं कहाँ-कहाँ डब्बा बजाते रहते हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 1,496 सड़कें दी गई हैं। मैं लिस्ट के साथ यह बता सकता हूँ। मैं साथ में डायरी रखता हूँ। अकेले मेरे संसदीय क्षेत्र में 1,496 सड़कें बनी हैं।

आप क्या विकास गिनेंगे? … (व्यवधान) सीआरएफ मद की सड़कें गिनाएं, पीएमजीएसवाई की 312 सड़कें बनी हैं। मैं अपनी मालवीय भाषा में कह सकता हूं कि हम 'नुगरे' नहीं हो सकते हैं, लेने के

बाद भूल नहीं सकते हैं, कोई हो तो हो। अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के विकास में भारत सरकार के इस बजट को नहीं गिनाकर ये अपराध करते हैं। … (व्यवधान) ग्रामीण विकास सड़कें, पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन, शांति धाम बने हैं। मेरे जिले में कपिल धारा के 1,864 कुएं हैं, 1,817 कुएं नीमच जिले में हैं और जावरा जिले में 1,059 कपिल धारा के कुएं लेकर हम भूल जाएं? … (व्यवधान) अमृत तालाब का क्या कहना! पूरे 75 अमृत तालाब बन गए हैं। इसलिए, मैं श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल और माननीय गडकरी जी को धन्यवाद दूंगा। … (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, कांग्रेस भी मोदी जी को रोकती है और जनता भी उन्हें रोकती है। कांग्रेस भी मोदी रोको अभियान में लगी है और जनता भी मोदी रोको अभियान में लगी है। फर्क बस इतना है कि कांग्रेस ने सोचा कि आने नहीं देंगे और जनता ने सोचा कि जाने नहीं देंगे। … (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, पर्यटन की बात नहीं करेंगे, तो मजा नहीं आएगा और पर्यटन के साथ जानवरों की बात नहीं करेंगे, तो मजा नहीं आएगा। अभी मैंने एक संवाद को दस बार सुना कि मेरी यात्रा में कुत्ता आ गया, मेरी यात्रा में सुअर आ गया। अरे भाई**!** कुत्ता आ गया, सुअर आ गया, गाड़ी से कभी उतरे नहीं, हवाई जहाज से नीचे कभी पांव नहीं रखा। मेरे गांव में अगर आप आकर देखें, तो मेरे गांव में कुत्ता अतिथि को विदा करने के लिए गांव के बाहर तक भी आता है और जब गलत आदमी आता है, तो उसका पजामा पकड़ने भी आता है। अरे भाई! आप कुत्ते और सुअर की बात बताते हैं, आप चीते और शेर की बात नहीं करते हो। एक जमाना था, जब कुत्ते हवाई जहाज में आते थे, लेकिन अब जमाना बदल गया है, अब हवाई जहाज में चीते आते हैं। … (व्यवधान) मेरे प्रदेश में हवाई जहाज में चीता आया है। … (व्यवधान)

आप मेरे क्षेत्र में आइए। मैं सबको निमंत्रण देता हूं, आप सब मेरे संसदीय क्षेत्र के बदले-बदले रूप में आइए। मेरा संसदीय क्षेत्र आठ सालों में बदला है, उसको देखने आइए। उसे स्वदेश दर्शन सर्किट में जोड़ा है, बौद्ध सर्किट में जोड़ा है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, उमा महेश की प्रतिमा फ्रांस और वॉशिंगटन गई थी। नंदी की प्रतिमा भारत महोत्सव में फ्रांस और वॉशिंगटन गई। धमनार की गुफाएं, धर्मराजेश्वर की गुफाओं में रॉक कटिंग के लिए भारत सरकार ने भी पैसा खर्च किया है। आप आइए और चतुर्भुज नाले को देखिए, उसकी प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनेगी। यात्री अब भारत के बाहर न जाएं बल्कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आएं। वहां वॉटर स्पोर्ट्स मिलेंगे, वहां कुत्ते और सुअर के साथ-साथ आपको चीतल मिलेगा, गिद्ध मिलेगा। देश का गिद्ध संरक्षण अभियान मेरे ही क्षेत्र में है।

माननीय सभापति जी, वहां 70 तेंदुए मिल जाएंगे, भेड़िए, सियार, लोमड़ी, लकड़बघ्घा और रीछ मिल जाएंगे। दो-चार हजार मगरमच्छ भी मिल जाएंगे। देश और दुनिया के दुर्लभ पक्षी मिल जाएंगे। आप कहां ढूंढने जाते हैं? चार हजार टन मीठे पानी की मछली हम बंगाल भेजते हैं। आप मेरे क्षेत्र में आइए, बंगाल में पसंद की जाने वाली मीठे पानी की मछली भी मेरे यहां है।

माननीय सभापति जी, पशुपतिनाथ भगवान के मंदिर बहुत बड़ा भव्य-दिव्य मंदिर है। हमारे यहां आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने उसे संरक्षित किया है। लॉर्ड जाइना जिन हूणों से डरते थे, वह पराजय का स्थल मेरा स्थल है। आप उसके दर्शन करने के लिए आइए। अभी 28 करोड़ रुपए नमामि गंगे अभियान से मेरे क्षेत्र को मिले हैं।

**माननीय सभापति :** सुधीर जी, अब आप कनक्लूड कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री सुधीर गुप्ता :** सर, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

तपस्या करो, तो फल जरूर मिलता है, मौहब्बत करो, तो प्यार जरूर मिलता है।
दाढ़ी रखो तो शिवाय और टैगौर जैसी, तो नमन करने को जरूर मिलता है।
दाढ़ी रखोगे मार्क्स या सद्दाम जैसी, तो लोगों को नोचने का मौका जरूर मिलता है।

माननीय सभापति जी, अगर एजुकेशन की बात नहीं करूंगा, तो मेरी बात पूरी नहीं होगी। हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी ने CM Rise स्कूल्स प्रारंभ किए हैं। मुझे दो अतिरिक्त सेंट्रल स्कूल्स गिफ्ट में मिले हैं। सेंट्रल स्कूल, सैनिक स्कूल, अटल टिंकरिंग लैब, लेकिन पीएम श्री स्कूल्स आने की खबर इस

देश में बहुत शानदार है। 14 हजार पीएम श्री स्कूल्स आ रहे हैं, जिनमें से मुझे 200 से अधिक स्कूल्स मिलेंगे। यह मौका तो बड़ा जोरदार है। इसके लिए मैं सभी लोगों को धन्यवाद दूंगा।

महोदय, मैं एक बात कोट करना चाहूंगा कि वर्ष 1950 में इसी सदन में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि संविधान लागू होने के दस साल के भीतर अनिवार्य, निशुल्क और गुणवत्ता वाली शिक्षा दे दी जाएगी। मगर पंडित जी सदन में कही बात को भूल गए और उसी बात को राजीव गांधी जी ने दोहराया कि 21वीं सदी आने के पहले-पहले ऐसा कर देंगे, लेकिन यह हो नहीं पाया। सर्व शिक्षा अभियान तो अटल जी लाए, लेकिन शिक्षा नीति में परिवर्तन तो नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आया है।

माननीय सभापति जी, सिंचाई की बात तो करने दो। यदि किसान की बात रह गई, तो बात रह जाएगी। मैं इन लोगों को बताना चाहता हूं कि चम्बल डैम वर्ष 1956 में बना था, लेकिन मेरे क्षेत्र भानपुरा में 13354 हेक्टेयर, गरौड़ में 21400 हेक्टेयर, श्यामगढ़ में 80 हजार हेक्टेयर, क्यामपुर में 1,12,000 हेक्टेयर, रामपुरा में 65 हजार हेक्टेयर और मल्हारगढ़ 46500 हेक्टेयर कुल 3,38,000 हेक्टेयर माननीय प्रधान मंत्री, माननीय शिवराज चौहान जी के नेतृत्व में प्रधान मंत्री जी का ड्रीम माइक्रो इरिगेशन सेटेलाइट से नियंत्रित होता है। वह इरिगेशन प्रोडक्ट मेरे यहां आया है इसलिए मैं बधाई न दूं, यह संभव नहीं है। जल जीवन मिशन बहुत कमाल का है।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री सुधीर गुप्ता :** महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। मेरी बात उद्योग विषय पर बाकी है, खेल पर बाकी है। यदि मैं अपनी बात समाप्त भी कर देता हूं, तो सहकारिता पर बात करनी ही चाहिए।

**माननीय सभापति :** आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री सुधीर गुप्ता :** महोदय, हमारे यहां यात्रा का बहुत महत्व है।

**माननीय सभापति :** आप समाप्त कीजिए।

श्री ए.राजा।

… (व्यवधान)

**श्री सुधीर गुप्ता :** महोदय, ठीक है। इसे भी छोड़ देता हूं। मैं इस बजट की प्रशंसा कर रहा हूं। सारे मंत्रियों और बजट की प्रशंसा में भाव आते हैं, उसे मैं गीत के माध्यम से पढ़कर सुनाना चाहता हूं।

"चंदन है इस देश की माटी, तपो भूमि हर ग्राम है
हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा-बच्चा राम है
हर शरीर मंदिर सा पावन, हर मानव उपकारी है
जहां सिंह बन गए खिलौने, गाय जहां माँ प्यारी है
जहां सवेरा शंख बजाता, लोरी गाती शाम है
हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा-बच्चा राम है।
जहां लोगों के भाग्य बदलते, श्रम निष्ठा कल्याणी है
क्या घोर तप की गाथाएं गाती कवि की वाणी है
ज्ञान जहां गंगा जल सा, निर्मल अविरामी है
इसके सैनिक रण भूमि में गाया करते गीता है
जहां खेत में हल के नीचे खेला करती सीता है।"

सभापति जी, मैं देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद दूंगा। मैं धन्यवाद दूंगा निर्मला सीतारमण जी को और धन्यवाद दूंगा देश के सभी सांसदों को।

**SHRI A. RAJA (NILGIRIS):** Mr. Chairman, Sir, I thank you for the opportunity given to me to comment on the Budget presented to this House. I had the opportunity to hear the speeches of Her Excellency the President and the hon. Finance Minister.

During the past two days, Parliament has witnessed heated arguments and accusations. The allegations have been made strongly by the Opposition against the Prime Minister. Even though the allegations were serious in nature, for the reasons best known to the Treasury Bench, the allegations have not been refuted. The status of the allegation, in the absence of refutation, I think, will stand as true. I do not know what news the Treasury Bench is going to give to the nation. What type of message this will send to the nation?

For the first time, I have come across an irony in the Parliament. Two friends were brought into the opposite poles by raising slogans. When the Prime Minister started his speech, my friends from the Treasury Benches used to say Modi, Modi, Modi.

When allegations were being levelled against the Prime Minister, at the same time or simultaneously, the Opposition Benches started to say: *'Adani, Adani, Adani."* Is it not an irony that two friends were apart, on opposite sides, but slogans were raised? What type of message is being sent to the people where the Prime Minister claims as if he is enjoying confidence, patronage, protection and trust of 144 crore people. How can he claim trust of 144 crore people?

Sir, they are having 310 or 320 seats with pre-poll alliance, and remaining almost 200 plus seats are with the non-BJP parties. It means, people from almost 215 Constituencies are not in consonance with their claims made in the House or are not in consonance with the celebrations that they made in the Parliament.

It is a rough calculation. I asked Shrimati Supriya-ji, and she says that she is being represented by 23-lakh people. My friend from Kashmir says that he is being represented by 30-lakh people. Another friend of mine, Gaurav Gogai-ji says that he represents 25-lakh people. So, on an average, we may put it as 20-lakh people per Constituency. So, 215 Members of Parliament are not representing them and not accepting them, but they are claiming that they have the trust of 144 crore people … (*Interruptions*) That is official. That is Constitutional … (*Interruptions*) He is not saying that he is representing the

people; he is saying that he is enjoying the confidence, patronage and protection of 144 crore people … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Raja-ji, you please address the Chair.

**SHRI A. RAJA:** Sir, the statement that has been made by the Prime Minister yesterday that he is enjoying the confidence of 144 people, is nothing but a diabolical contrivance.

Sir, coming to the Budget, I am neither an expert in financial diligence nor in fiscal consolidation, yet I want to submit that this Budget gave some disappointments not only to me, but also to the people, those who are living at the lowest ebb of the social and economical order in the country.

I would cover it one-by-one. Most of the media and televisions are showering encomiums upon the Prime Minister and the Government. The reason is known to everybody, and there is no secret. They have been incumbent and they have been confined. Otherwise, they cannot run the media. That is the situation today.

Why am I disappointed with the Budget? I would try to synchronise my disappointments with facts and figures. I am disappointed with the Budget because it fails to live up to the expectations of the people at large. My disappointments are on four counts. First is education; second is health; third is food and agriculture; and fourth is employment and social security. In view of the time constraints, I have shortlisted just four counts of disappointment. But that does not mean that they are having jubilant achievements in other fields.

Yesterday, the Prime Minister claimed that they have made the President of India from the tribal community. Here, I want to recall the words of Ambedkar who said: “It is easy to give power to a person but it is very difficult to give knowledge and wisdom.”

Simply because Her Excellency came from a tribal village -- I respect her, I am having reverence for her -- this Government have no right to claim that they are the saviour of the tribals. It is because the fact is otherwise. What are all the attempts that have been made by the Government to give knowledge and wisdom to the tribal people, to the Scheduled Castes, to the under-privileged communities, and to the disabled? Where is the provision in the Budget which will bring knowledge, which will give education to them? We have to teach them. You have to create infrastructure. Is it all there in the Budget? What are their initiatives on primary and secondary education? They are claiming that the allotment has risen substantially. I do accept it. But let us come to the primary and secondary education. There is no doubt that they have enhanced the allocations on the higher education. But that does not mean that this Government is giving due attention to the primary education which is clubbed with the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and gullible masses of this country.

**15.00hrs**

Still, the Budget is very silent on the issue of providing primary and higher secondary education to the SC, ST and OBC.

A promise has been made for the recruitment of 38,000 teachers in the Eklavya Schools – I appreciate it as they are meant for tribals – but not even a

single new school for tribals has been opened. The Government has promised it. Is it now a mockery? They are calling it Eklavya School. Do they know the story of Eklavya? Eklavya was compelled to give his thumb. Since he got education as a *shudra*, he was compelled to give his thumb. They are running Eklavya Schools on the one hand and on the other you are taking away the thumbs of *dalits*, OBCs, and *adivasis*. Is it not a verbal jugglery in your Budget? You are entitled to say legitimately that 13 per cent of the substantial allocation has been enhanced in the Budget. But, what is the truth? Certainly, the hike is not sufficient if we keep in mind the need of the public educational institutions and augmenting teaching and research at par with global standards. Do not go merely for figures. Even yesterday, the Railway Minister said that budget allocations made to Tamil Nadu are nine times more than the allocations made in 2009. The Railway Minister is isolated to the railways. I request him to go for the General Budget.

The amount of bulk of General Budget, its numerical strength, went up to ten times. When the total budget went up to ten times, they are talking about seven times bigger railway budget. Is it not a numerical jugglery? Is it not a joke? Is it not a mockery? I request them not to play this numerical game. So, the allocation that has been made for education is not at all meeting the needs of the people, especially, those who belong to the lowest rung in the social ladder. Ultimately, what has happened? The private educational institutions are going to loot the public money. Consequently, the purchasing power of the middle class is going to be drastically eroded. Finally, I can say that the assurance, which has

been given to the people for the last nine years that this Government is going to spend six per cent of the GDP on education, was not achieved. The Government did not fulfil its assurance as six per cent of the GDP was not spent on education. So, as far as education is concerned, my disappointment is true and the Government cannot refute it.

Sir, now, I am coming to the issue of health. What has happened with the health sector? The Prime Minister celebrated himself on the matter of vaccination during COVID-19. It is just because of science and not by anyone else. Does it mean to say that they have tackled the pandemic when it was at peak? Is this the Government's achievement? I can dare challenge that none of the ministers in this Government visited any hospital during the pandemic. None of the Chief Ministers visited any one of the hospitals. My leader Dr. M.K. Stalin – the present Chief Minister of Tamil Nadu – at that time was the Leader of the Opposition, wore the medical dress, went to COVID-19 ward, touched the people and gave assurance: "Do not worry, I will be there." He is the only leader available in the entire world who had done this at that time. I can say this. Nobody from the Government side had come out at the time of the pandemic. … (*Interruptions*) I would like to know why the former Health Minister was sacked. You know the answer better. The pandemic situation was not at all handled properly, medically and prudently. That is our charge. There were no preparatory measures taken in terms of medicine, in terms of beds, in terms of doctors, in terms of nurses, and even in terms of oxygen cylinders. That is the status. There were no ventilators at all. Thousands and thousands of dead bodies were cremated even without

civilised burial. That is the performance of your Government. What did the Government do at last? They lit the candles. Is it the scientific temper to establish? … (*Interruptions*)

Now, I come to the situation after COVID-19. … (*Interruptions*) You leave it. You got the vaccination done now. But 230 million Indians were pushed to poverty due to COVID-19. How much? It is 230 million. What is your solace for them? It is nothing. What did you do? I think that no solace was given to them.

What does the NFHS data say? The NFHS data says, 'after COVID-19, 35 per cent of students were stunned; 32 per cent became underweight; yet there is no rise in the budgetary support this year.' No attempt has been made to equip yourself, right from the Primary Health Centres to the district hospitals to withstand before another epidemic, if it comes. There is an announcement of 157 nursing schools in the Budget. It is being celebrated exorbitantly. But without any proper care, when the structural problem is there, these 157 nursing schools will not serve any purpose. You take it for granted. What is hard to digest is, this year, there is a decline in the allotment to the National Health Mission to the tune of Rs. 500 crore. There is a cut of Rs. 500 crore in the allotment to the National Health Mission. What is the answer? Rs.150 crore is reduced to the National Livelihood Mission. There is total disappointment in the health sector.

Then, coming to my third count, agriculture. Good health is associated with agriculture. What is your earlier promise? This Government will double the income of the farmers in the agricultural sector by 2022. Now, we are standing in 2023. Has it been doubled? Where is your promise? You are claiming substantial

rise in CAPEX. Always, they are saying that the capital expenditure allocation is more and substantial. The allocation is Rs. 7.5 lakh crore. But you see the agriculture sector. There is utter neglect. Out of Rs. 7.5 lakh crore of CAPEX, you are spending only Rs. 120 crore on crop and animal husbandry.

In the public domain, millets became the menu of the Prime Minister. Millets came to the Central Hall. Today, my lunch was millet. You are celebrating millets. Where is the budgetary provision? Is it Rs. 1 crore or Rs. 2 crore or Rs. 3 crore for millets? There is no allocation.

The allocation for irrigation dwindled down from Rs. 350 crore to Rs. 310 crore for this current year. The Finance Minister used attractive captions in the Budget. I quote: 'Agricultural Accelerator Fund'. I do not know where is the accelerator and where is the clutch. The numerical figure is missing. This Agricultural Accelerator Fund is in the Budget paper but when you are going in for the Budget Estimate, there is no allocation. Who is going to be cheated? Is it the people or the Opposition? Or, are you cheating yourself? I do not know.

Coming to food storage and warehouse relating to the Ministry of Consumer Affairs, the Budget Estimate has been reduced to the tune of Rs. 90,000 crore. The Ministry of Agriculture is deprived of Rs. 8,000 crore when compared with the last year's Budget Estimates.

I can go on but in short, health, nutrition, and the agricultural sector are being undermined, and as such my disappointment became true.

Now I come to employment and social security. … (*Interruptions*)

Sir, I will take two minutes. There is one more Head to talk about. The Finance Minister claims in the Budget, and I quote:-

> "Investment in infrastructure and productivity capacity have a large multiplier impact on growth and employment."

This is the line in the Budget. She reiterated in the Press Conference that job creation and control of inflation will be taken care of by the huge investment in infrastructure. I do admit that there is a substantial and exponential allotment for investment in infrastructure. But what is the truth? The increases in CAPEX on infrastructure are to a larger extent in highways and railways. Am I correct? You have given money to the railways and highways, and this capital is being used by high-intensive technology to build the infrastructure. But it has very small component of wages. You say that fund worth of hundreds of crores is being pumped into infrastructure development. But wage component is not even 0.0001 per cent. How can you create jobs with this meagre sanction? Why are you making something so naïve, I am not able to understand.

Sir, much has been spoken about MGNREGA. I do not want to touch more on it. About Rs. 20,000 crore have been dwindled down. *....(Interruptions)* What does the report of People's Action for Employment Guarantee (PAEG) say? According to the scientific report of this association, we need about Rs. 2,71,000 crore for this year to satisfy all the people. The need is of Rs. 2.7 lakh crore whereas you have already reduced about Rs. 20,000 crore. Now, it is only Rs. 60,000 crore. Who is going to fill up this gap? Sorry, not 'gap' but 'gulf'. Who is going to fill up this gulf? I do not know.

Please look at the National Social Assurance Programme (NSAP), which is the most important programme for aged people, orphanages, widows, disabled people, etc. More than 10 per cent funds under this programme has been reduced.

Sir, you are supposed to be guided by the 'Gujarat model'.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI A. RAJA:** Sir, I am completing it in two minutes. *....(Interruptions)*

What is the Gujarat Model which you are applying here? What are the results? Please have a look at that. Our hon. Chief Minister explained what the Dravidian model to the Prime Minister. This model is being run in the State of Tamil Nadu. The issues in terms of employment opportunities and social security measures are not at all viewed and addressed properly in the Budget.

Yesterday, during the Question Hour I came across some figures. I give you simple example for the quick reference of this House, and would go for final conclusion. The figure with regard to Below Poverty Line in Gujarat is 22 per cent. In UP, it is 31 per cent. I cannot read the figures for all other States. But in Tamil Nadu, it is 14 per cent, and Kerala, it is just 10 per cent. This is the Dravidian model. Please decide which model this country is going to prefer.

महोदय, हमारे मुल्क में एक तिहाई आबादी बच्चों की है। कुल आबादी का 33 प्रतिशत हमारे बच्चों का है और उसी सेक्टर में चाइल्ड वेलफेयर में मिड डे मील के अंदर 43 प्रतिशत की कमी की गई है। आईसीडीएस में भी 40 प्रतिशत की कमी की गई है जिसका कोई जस्टीफिकेशन नहीं है। जब आप वीकर सैक्शन्स की बात करते हैं, तो उस मामले में इतनी कटौती वाजिब नहीं है। एग्रीकल्चर में पांच प्रतिशत की कटौती की गई है और फूड प्रोसेसिंग में हैरान करने वाले तरीके से कटौती की गई है। एमएसपी का कोई जिक्र नहीं है। नरेगा में 18 प्रतिशत की कमी की गई है। बार-बार कहा जाता है कि नरेगा डिमांड ड्रिवन आधारित है, लेकिन जब आपने एलोकेशन नहीं किया है तो डिमांड ड्रिवन कैसे हो सकता है? हमारे जम्मू कश्मीर में मैटीरियल कम्पोनेंट में 2017 से पुलवामा और दूसरी जगहों पर जो वाजिब अदायगी दी जानी चाहिए थी, उसकी अदायगी नहीं की गई है। यह भी हैरानी की बात है कि हैल्थ सेक्टर में भी कमी की गई है। सारे मुल्क में हैल्थ सेक्टर के सामने काफी चुनौतियां हैं और जम्मू-कश्मीर में हैल्थ सेक्टर और सोशल वेलफेयर सेक्टर में कमी की गई है। हमारी उम्मीद थी कि जो विकलांग है, स्पेशियली एबल्ड हैं, जो फैमिली पेंशन है, उसमें बढ़ोतरी की जाएगी। एक हजार रुपये से एक गैस सिलेंडर भी स्पेशियली एबल्ड या ओल्ड एज पेंशन प्राप्त करने वाले के घर नहीं आता है। सोशल वेलफेयर में कमी करने से एडवर्स इम्पेक्ट जरूर पड़ेगा। हमारा मुतालबा है कि जो पेंशन दी जा रही है, उसमें तकरीबन ढाई गुना बढ़ोतरी की जाए लेकिन अब यह तो बिल्कुल नामुमकिन लग रहा है। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल 44538 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान था, उसका एक तिहाई काटा गया है और दो तिहाई किया गया है। इस साल 32581 करोड़ रुपये का प्रोविजन है। जम्मू-कश्मीर के सामने जो चैलेंजेज हैं, उनका इस बजट में कोई जिक्र ही नहीं है। बेरोजगारी का सबसे बड़ा चैलेंज है।

आप रेलवे केपेक्स के लिए बजट देते हैं, लेकिन यहां बेरोजगारी के लिए कुछ नहीं देते हैं, जैसे यह कोई चैलेंज ही नहीं है। यह जम्मू-कश्मीर के लिए सबसे ज्यादा परेशानी वाली बात है। जम्मू-कश्मीर में मुल्क के अंदर सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, please conclude.

**श्री हसनैन मसूदी :** महोदय, मैंने तो अभी शुरूआत की है। जम्मू-कश्मीर नई समस्याओं का सामना कर रहा है। यह बात नहीं है कि वहां केवल बेरोजगारी की ही समस्या है। वहां बुलडोजर का मामला चला गया है। वहां सैकड़ों, हजारों दुकानें गिराई जा रही हैं। जो लोग दुकानों पर काम करते थे, वे सारे कुनबे बेरोजगार होते जा रहे हैं। मुझे इसमें कोई विस्डम दिखाई नहीं देता है कि जो बना बनाया मकान है, उसे आप बिना किसी कारण गिरा रहे हैं।

**HON. CHAIRPERSON:** The time allotted for your party was six minutes, and six minutes are already over. You are exceeding your time limit now. But other Members have completed their speeches within their allotted time limits.

Please conclude now.

**श्री हसनैन मसूदी :** महोदय, अभी तक किसी को कंक्लूड करने के लिए नहीं कहा है। जब कंटिंजेंट पेड वर्कर्स, हैल्थ केयर वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स, होम गार्ड्स, नेशनल यूथ कार्प्स, सीआईसी वर्कर्स आदि ऐसे हजारों हैं, जो अंडर पेड हैं और ऐसे वेजेज दिए जा रहे हैं कि वे ह्यूमिलेट हो रहे हैं।

अब जम्मू-कश्मीर में नया सिलसिला, नया चैलेंज शुरू हुआ है। उत्तराखंड के तरीके पर जम्मू-कश्मीर जा रहा है। डोडा में, चेनाब वैली में ओवर एक्स्प्लॉइटेशन की वजह से अब जमीन सरकती जा रही है। जमीन सरकने की वजह से नया चैलेंज यह हुआ है कि जो जम्मू-कश्मीर नैशनल हाईवे है, वह साल के 365 दिनों में से ज्यादातर न सिर्फ बंद रहता है, बल्कि उसका सीधा-सीधा असर हमारी मेवा इंडस्ट्री पर पड़ा है। मेवा इंडस्ट्री में करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा हमें यह उम्मीद थी कि एक बड़ा पैकेज दिया जाएगा, ताकि 61 हजार जो हमारे डेलीवेजेज वर्कर्स, जो अंडर-पेड हैं,

जिनको बहुत ही कम वेजेज दी जा रही हैं, उनको रिकोग्नाइज किया जाएगा, लेकिन इस बजट में उसका कोई जिक्र ही नहीं है, जबकि आगे से इसे 30 परसेंट कम किया गया है।

जनाब, नई समस्या हो गयी है। श्रीनगर के लिए माना गया है कि सारे मुल्क में लंग कैंसर के सबसे ज्यादा इंसिडेंट्स यहीं हैं, लेकिन डायग्नोस्टिक फैसिलिटीज को मुस्तहकम करने के लिए कोई एडिक्वेट प्रॉविजन नहीं है। इसके लिए मैं कई बार मिनिस्टर साहब से भी मिला।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, please wind up.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, मैं दो-तीन मामलों का जिक्र करके खत्म कर रहा हूं।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, please wind up. The time allotted to your party is only six minutes.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, लोन को माफ करने का मेरा मुतालबा था, क्योंकि सड़क बंद होने की वजह से और भाव गिरने की वजह से एप्पल इंडस्ट्री को भारी नुकसान हुआ। यह भी मेरी डिमांड है। सैफ्रॉन की पैदावार 22 हजार किलोग्राम से 4 हजार किलोग्राम हो गयी। मेरा यह मुतालबा था कि डायग्नोस्टिक सिस्टम आप मजबूत करें। हमारा जो थर्ड नैशनल हाईवे है, जो कापरन-देसा का रोड है, जिसके लिए प्रपोजल दिया हुआ है, उसे बनाया जाए।

**HON. CHAIRPERSON:** Please made your last point.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, मुझे केवल दो-तीन सेकेंड्स और लगेंगे। लेहनदगन से भटनूर की रोड, साहिबाबाद से ग्यूशार की रोड बनाइए, ताकि पहलगाम, अमरनाथ यात्रा के लिए सुविधा हो जाए।

**HON. CHAIRPERSON:** Please try to wind up.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, एक सिस्टम बनाया जाए, ताकि डस्ट पॉल्यूशन की वजह से खैबर तथा आसपास के इलाके में सैफ्रॉन तथा हॉर्टिकल्चर की फसलों को जो नुकसान हुआ, उसे डिटर्मिन किया जा सके कि कितना नुकसान हुआ। सैफ्रॉन केवल 25 परसेंट रह गया है। मैं यह नहीं कहता कि वह नहीं मिलता, लेकिन उसकी पैदावार केवल 25 परसेंट रह गयी है।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, मैं कनक्लूड करने जा रहा हूं। हमारे यहां टनल्स अंडर कंसिडरेशन हैं। साल में औसतन 225 दिन हमारी नैशनल हाईवे बंद रहती है, तो हजारों-लाखों टन मेवा वहीं का वहीं रह जाता है। अत: ये सारे जो हमारे चैलेंजेज हैं, 61 हजार जो हमारे डेलीवेजेज हैं, उनकी समस्या को दूर किया जाए।

**HON. CHAIRPERSON:** No, you have to conclude within a minute, otherwise, I will be constrained to call another Member.

… (*Interruptions*)

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, आपने जो यह नया अभियान डिमॉलिशन का शुरू किया है, it is being used as a weapon. दो-दो मालों पर दुकानें बनी हुई हैं, उनको बंद कर दीजिए, ताकि आपके लिए समस्या और न बढ़ जाए। थैंक्यू।

**[جناب حسنین مسعودی صاحب (اننت ناگ): چیرمین صاحب، آپ نے بجٹ پر بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے میں آپ کا شکر گزار ہوں۔ بجٹ ایک ایکسرسائز ہے کہ جو چیلنجز ہیں ان کا مقابلہ کیسے کیا جائے۔ اور جو سپنے ہیں وہ کیسے بُنے جائیں، اور لوگوں میں سپنےدیکھنے کا حوصلہ کیسے پیدا کیا جائے۔ جہاں تک موجودہ بجٹ کا تعلق ہے، یہ سہی ہے کہ ڈیفیسِٹ کو کنڑول کرنے کی کوشش ہے۔ اگر جی۔ڈی۔پی۔ میں 6 یا 4 فیصد کا ڈیفِسیٹ رہےگا۔ جبکہ ریوائز ایکسپینڈیچر**

41 لاکھ کروڑ روپئے کے قریب ہے۔ جہاں اچھے پروگرام کو بجٹ میں شامل کیا گیا ہے، وہیں دوسرے معاملوں میں بجٹ مایوس کرتا ہے جیسے پی۔ایم۔ پرمان ایگریکلچر ایکسریلیریٹِڈ فنڈ، پردھان منتری ڈیولپمینٹ فنڈ یا مہیلا سمّان بجٹ ایسی کچھ یوجنائیں ہیں، جہاں احساس ہو جاتا ہے کہ شاید کوشش کی جا رہی ہے کہ ہر طبقے کی ترقی ہو سکے۔ کچھ معاملات میں بجٹ کافی مایوس کرتا ہے۔

جناب، ہمارے ملک میں ایک تہائی آبادی بچوں کی ہے۔ کل آبادی کا 33 فیصد ہمارے بچوں کا ہے اور اسی سیکٹر میں چائلڈ ویلفئر میں مِڈ ڈے میل کے اندر 43 فیصد کی کمی کی گئی ہے۔ آئی۔سی۔ڈی۔ایس۔ میں بھی 40 فیصد کی کمی کی گئی ہے جس کا کوئی جسٹیفیکیشن نہیں ہے۔ جب آپ ویکر سیکشن کی بات کرتے ہیں، تو اس معاملے میں اتنی کٹوتی واجِب نہیں ہے۔ ایگریکلچر میں پانچ فیصد کی کٹوتی کی گئی ہے، اور فوڈ پروسیسِنگ میں حیران کرنے والے طریقے سے کٹوتی کی گئی ہے۔ ایم۔ایس۔پی۔ کا کوئی ذکر نہیں ہے۔ نریگا میں 18 فیصد کی کمی کی گئی ہے۔ بار بار کہا جاتا ہے کہ نریگا ڈیمانڈ ڈریون پر آدھارِت ہے، لیکن جب آپ نے ایلوکیشن نہیں کیا تو ڈیمانڈ ڈریون کیسے ہو سکتا ہے؟ ہمارے جموں کشمیر میں مٹیریل کمپونینٹ م یں 2017 سے پلوامہ اور دوسری جگہوں پر جو واجِب ادائیگی دی جانی چاہئیے تھی، اس کی ادائیگی نہیں کی گئی ہے۔ یہ بھی حیرانی کی بات ہے کہ ہیلتھ سیکٹر میں بھی کمی کی گئ ہے۔ سارے ملک میں ہیلتھ سیکٹر کے سامنے بہت مسائل ہیں اور جموں کشمیر میں ہیلتھ سیکٹر اور سوشل ویلفئر سیکٹر میں کمی کی گئی ہے۔ ہماری امید تھی کہ جو وِکلانگ ہیں ، اسپیشیلی ایبلڈ ہیں، جو فیملی پینشن ہے، اس میں بڑھوتری کی جائے گی۔ ایک ہزار روپئے سے ایک گیس سلینڈر بھی اسپیشیلی ایبلڈ یا اولڈ ایج پینشن حاصل کرنے والوں کے گھر نہیں آتا ہے۔ سوشل ویلفئر میں کمی کرنے سے ایڈورس

اِمپیکٹ ضرور پڑے گا۔ ہمارا مطالبہ ہے کہ جو پینشن دی جا رہی ہے، اس میں تقریباً ڈھائی گُنا بڑھوتری کی جائے، لیکن اب یہ تو بالکل نا ممکن لگ رہا ہے۔ جموں کشمیر میں پچھلے سال 44538 ہزار کروڑ روپئے کا پراوُدھان تھا، اس کا ایک تہائی کاٹا گیا ہے اور دو تہائی کیا گیا ہے۔ اس سال 32581 کروڑ روپئے کا پرووِیزن ہے۔ جموں کشمیر کے سامنے جو چیلنجز ہیں، ان کا اس بجٹ میں کوئی ذکر نہیں ہے۔ بے روزگاری سب سے بڑا چیلنج ہے۔ آپ ریلوے کیپیکس کے لئے بجٹ دیتے ہیں، لیکن یہاں بےروزگاری کے لئے کچھ نہیں دیتے ہیں، جیسے یہ کوئی چیلینج ہی نہیں ہے۔ یہ جموں کشمیر کے لئے سب سے زیادہ پریشانی والی بات ہے۔ جموں کشمیر میں ملک کے اندر سب سے زیادہ بے روزگاری ہے۔

جناب، میں نے تو ابھی شروعات کی ہے، جموں کشمیر نئے نئے مسائل کا سامنا کر رہا ہے، یہ بات نہیں ہے کہ وہاں صرف بےروزگاری ہی ایک مسئلہ ہے۔ وہاں بلڈوزر کا معاملا چلایا گیا ہے۔ وہاں سیکڑوں ہزاروں دوکانیں گِرائی جا رہیں ہیں۔ جو لوگ دوکانوں پر کام کرتے تھے، وہ سارے کنبے بے روزگار ہوتے جا رہے ہیں۔ مجھے اس میں کوئی وِزڈم دیکھائی نہیں دیتا ہے کہ جو بنا بنایا مکان ہے، اسے آپ بِنا کسی وجہ گرائے جا رہے ہیں۔

جناب، ابھی تک کسی کو کنکلوڈ کرنے کے لئے نہیں کہا گیا ہے۔ جب کنٹیجینٹ پیڈ ورکرس، ہیلتھ کیئر ورکرس، آنگنواڑی ورکرس، ہوم گارڈس، نیشنل یوتھ کارپس، سی۔آئی۔سی۔ ورکرس وغیرہ ایسے ہزاروں ہیں، جو انڈر پیڈ ہیں اور ایسے ویجز دئے جا رہے ہیں کہ وہ ہیومِلیٹ ہو رہے ہیں۔

اب جموں کشمیر میں نیا سلسلہ، نیا چیلنج شروع ہوا ہے۔ اتراکھنڈ کے طریقے پر جموں کشمیر جا رہا ہے۔ ڈوڈا میں، چیناب ویلی میں اور ایکسپلائٹیشن کی وجہ سے اب زمین سرکتی جا رہی ہے۔ زمین سرکنے کی وجہ سے نیا چیلنج

یہ ہوا ہے کہ جو جموں کشمیر نیشنل ہائی وے، وہ سال کے 365 دنوں میں سے زیادہ تر نہ صرف بند رہتا ہے، بلکہ اس کا سیدھا سادھا اثر ہماری میوہ انڈسٹریز پر پڑتا ہے۔ میوہ انڈسڑیز میں کروڑوں روپئے کا نقصان ہو رہا ہے۔ اس کے علاوہ ہمیں یہ امید تھی کہ ایک بڑا پیکیج دیا جائے گا تاکہ 61 ہزار جو ہمارے ڈیلی ویجز ورکرس ہیں، جو انڈر-پیڈ ہیں، جنکو بہت ہی کم ویجز دی جا رہی ہے، ان کو ریکوگنائز کیا جائےگا، لیکن اس بجٹ میں اس کا کوئی ذکر نہیں ہے، جبکہ آگے سے اسے 30 فیصدکم کیا گیا ہے۔

جناب، نئی سمسیاں ہو گئی ہے، سری نگر کے لئے مانا گیا ہے کہ پورے ملک میں لنگ کینسر کے سب سے زیادہ انسیڈینٹس یہی ہیں، لیکن ڈآئیگنوسٹِک فیسِلیٹیز کو مستحکم کرنے کے لئے کوئی ایڈیکویٹ پرووِیزن نہیں ہے، اس کے لئے میں کئی بار منسٹر صاحب سے بھی ملا ہوں ۔

جناب، میں دو-تین معاملوں کا ذکر کرکے ختم کر رہا ہوں۔ جناب، لون کو معاف کرنے کا میرا مطالبہ تھا، کیونکہ سڑک بند ہونے کی وجہ سے اور بھاؤ گِرنے کی وجہ سے ایپّل انڈسٹری کو بھاری نقصان ہوا۔ یہ بھی میری ڈیمانڈ ہے۔ زعفران کی پیداوار 22 ہزار کلو گرام سے 4 ہزار کلوگرام ہو گئی۔ میرا یہ مطالبہ تھا کہ ڈائیگنوسٹِک سسٹم آپ مضبوط کریں۔ ہمارے جو تھرڈ نیشنل ہائی وے ہے، جو کاپرن-دیسا کا روڈ ہے، جس کے لئے پرپوزل دیا ہوا ہے، اسے بنایا جائے۔

جناب، مجھے صرف دو-تین سیکنڈس اور لگیں گے۔ لیہن دگن سے بھٹنور کی روڈ، صاحب آباد سے گیوشار کی روڈ بنائیے، تاکہ پہلگام ، امرناتھ یاترا کے لئے سہولیات ہو جائے۔

جناب، ایک سسٹم بنایا جائے، تاکہ ڈسٹ پولیوشن کی وجہ سے خیبر اور آس پاس کے علاقے میں زعفران اور ہارٹیکلچر کی فصلوں کو جو نقصان ہوا،

اسے ڈیٹرمین کیا جا سکے کہ کتنا نقصان ہوا۔ زعفران صرف 25 فیصد رہ گیا ہے۔ میں یہ نہیں کہتا کہ وہ نہیں ملتا، لیکن اس کی پیداوار صرف 25 فیصد رہ گئی ہے۔

جناب، میں کنکلوڈ کرنے جا رہا ہوں، ہمارے یہاں ٹنلس انڈر کنسیڈریشن ہیں، سال میں اوسطاً 225 دن ہمارا نیشنل ہائی وے بند رہتا ہے، تو ہزاروں لاکھوں ٹن میوہ وہی کا وہی رہ جاتا ہے۔ اس لئے جو چیلنجز ہیں، 61 ہزار جو ہمارے ڈیلی ویجز ہیں، ان کے مسائل کو دور کیا جائے۔

جناب، آپ نے جو یہ نیا ابھیان ڈیمولیشن کا شروع کیا ہے، It is being used as weapon. دو-دو معاملوں پر دوکانیں بنی ہوئیں ہیں، ان کو بند کردیجئے، تاکہ آپ کے لئے سمسیا اور نہ بڑھ جائے۔ ]

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you.

Shri Rajkumar Chahar.

… (*Interruptions*)

**श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी):** सभापति महोदय, आपने मुझे सामान्य बजट पर चल रही चर्चा में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद। मैं इस बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। अभी जो अमृतकाल का बजट देश के प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी बहन श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने प्रस्तुत किया, इसकी चहुं-ओर से प्रशंसा हो रही है। आम-जनमानस इसकी प्रशंसा में चारों तरफ लगा हुआ है। वहीं दूसरी ओर मैं देख रहा हूं कि जो नकारात्मकता वाले लोग हैं, वे संसद में बैठे-बैठे कभी-कभी गाल बजाने का भी काम करते हैं। उनको बजट की प्रशंसा करनी चाहिए, लेकिन वे गाल बजाने का काम करते हैं।

महोदय, यह अमृतकाल का बजट है, जो आने वाले समय में देश की दशा और दिशा को बदलने वाला है। यह बजट आगामी समय में भारत को विकसित बनाने की एक आधारशिला है। मैं इस अवसर पर माननीय मोदी जी द्वारा कही गई एक कविता को स्मरण करना चाहूँगा :

अपने मन में लक्ष्य लिये, मंजिल अपनी प्रत्यक्ष लिये,
हम तोड़ रहे हैं जंजीरें, हम बदल रहे हैं तस्वीरें,
यह नवयुग है, नव भारत है,
हम खुद लिखेंगे अपनी तकदीरें,
हम बदल रहे हैं तस्वीरें,
हम निकल पड़े हैं प्रण करके,
अपना तन, मन अर्पण करके,
जिद है एक सूर्य उगाना है,
अम्बर से ऊँचा जाना है,
एक नया भारत बनाना है, एक नया भारत बनाना है।

ऐसी एक कल्पना, ऐसी एक योजना लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में बहन सीतारमण जी ने यह बजट प्रस्तुत किया है।

महोदय, इस बजट में समाज का कोई भी वर्ग छूटा नहीं है, चाहे वह युवा हो, चाहे महिला हो, चाहे किसान हो, पिछड़े वर्ग के लोग हों, अनुसूचित जाति के लोग हों, अनुसूचित जनजाति के लोग हों। सबका साथ-सबका विकास का जो मंत्र माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिया है, उसी मंत्र पर यह बजट तैयार किया गया है।

महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि मैं गाँव से आता हूँ, ठेठ गाँव का रहने वाला हूँ। मुझे याद है कि एक समय पर हमारे घर, परिवारों में गाँव की महिलाएं सुबह 3 बजे जगती थीं। 3 बजे से 4 बजे के बीच में उन्हें अपनी दैनिक क्रिया के लिए खेतों में जाना पड़ता था। उन्हें लगता था कि पुरुष जागेंगे, वे निकलेंगे, उससे पहले हम दैनिक क्रिया करके आ जाएं।

महोदय, आज में हर्ष और गर्व के साथ कह सकता हूँ कि वह एक जमाना था, जब हमारी महिलाएं 3 बजे जागकर खेतों की तरफ जाती थीं। आज यह मोदी जी का जमाना है कि आज माननीय मोदी जी ने घरों में इज्जत घर देकर हमारे घरों में शौचालय बनाने का जो काम किया है, उससे आज हमारी बहनों का, माताओं का, बुआओं का, नानी का, दादी का, हमारी बेटियों का सम्मान और इज्जत बढ़ी है।

महोदय, गाँव में ये इज्जत घर बनाकर माननीय मोदी जी ने महिलाओं के सम्मान को भी बढ़ाने का काम किया है, उनकी इज्जत की रक्षा करने का भी काम किया है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि एक समय था, जब खेतों से लकड़ियाँ बीन-बीन कर हमारी महिलाएं लाती थीं। हमारी महिलाएं कंडे थापकर, कंडे लेकर घर आने का काम करती थीं। बहुत से लोग तो कंडे क्या होते हैं, समझते भी नहीं होंगे। उन कंडों से, उन लकड़ियों से चूल्हा जलाकर, फूंकनी से फूंक मार-मार कर आग जलाती थीं और खाना बनाती थीं। उनकी आँखों में धुआँ भर जाता था। इस कारण से हमारी अनेक बहनों का बीमारी से वास्ता पड़ता था। आज मैं आपको बताना चाहता हूँ कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने 10 करोड़ घरों में एलपीजी गैस कनेक्शन देने का काम किया है। यह काम मेरे देश के प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने करके दिखाया है।

महोदय, हम ग्रामीण भारत के लोग हैं। मुझे याद है कि अपने बचपन के समय में हम कुएं पर पानी भरने के लिए जाते थे। मेरी माताएं, बहनें बाल्टी में रस्सी बाँधकर कुएं से पानी खींचने का काम करती थीं। उनके हाथों में निशान पड़ जाते थे। आज मैं अपने देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने आज जल-जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर नल से स्वच्छ जल देने का काम किया है। यह काम भी मेरे मोदी जी ने करके दिखाया है।

पानी की बात चल रही है तो पानी पियूँगा। एक समय पर हमारे गाँवों और बस्तियों में करोड़ों लोग झोंपड़ी के अंदर, टीन शेड के अंदर, खुली छत के नीचे रहने के लिए मजबूर हुआ करते थे। वे परेशान रहते थे कि हम कैसे रहें, लेकिन मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को, जब उनकी सरकार आयी तो उन्होंने गरीबों को, गरीब किसानों को, मजदूरों को, श्रमिकों को, छोटे दुकानदारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उनको घर की छत देने का काम किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को छत देने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी ने करके दिखाया है।

माननीय सभापति जी, आज मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि एक समय हुआ करता था कि गांव में लोग समझते नहीं थे कि हमारा बैंक में खाता है कि नहीं। लोग चाहते थे कि उनके

खाते बैंकों में खुले, लेकिन उनके बैंकों में खाते नहीं होते थे। गांव का आदमी समझता था, बस्ती का आदमी समझता था कि बैंकों में खाते तो बड़े लोगों के होते हैं। मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज करोड़ों-करोड़ों लोगों के, गरीबों के, मजदूरों के, श्रमिकों के खाते जनधन योजना के माध्यम से बैंकों में खोलने का काम माननीय मोदी जी ने किया है। माननीय सभापति जी, आज कितनी सारी योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से मेरे गरीब भाइयों के खाते में जाने का काम हो रहा है।

माननीय सभापति जी, मैं आपको एक ऐसे विषय की ओर ले जाना चाहता हूँ, जो कभी बहुत गंभीर था। गांव में रहने वाले गरीब, बस्तियों में रहने वाले गरीब लोग जब बीमार पड़ जाते थे, तो उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं होते थे और वे गांव में साहूकारों के पास जाकर अपने इलाज की व्यवस्था करने की बात करते थे। किसान अपने खेत को गिरवी रखकर इलाज करवाने की व्यवस्था करता था और गांव का श्रमिक अपने घर को गिरवी रखकर अपना इलाज करवाने की व्यवस्था की बात करता था। मैं धन्यवाद क्यों नहीं दूँ और मैं ही नहीं, देश की करोड़ों-करोड़ों जनता आज माननीय मोदी जी को धन्यवाद दे रही है कि उन्होंने 'आयुष्मान कार्ड' लाकर हमारे देश के गरीबों का इलाज करवाने की व्यवस्था करने का काम किया है।

माननीय सभापति जी, मैं आपको अनेक योजनाओं के बारे में बताना चाहता हूँ। मैं किसान समाज से आता हूँ। मेरा जो समाज है, वह किसान समाज है। मैं भी खुद खेती करने वाला छोटा, गरीब किसान हूँ, सीमांत किसान हूँ। मेरे पिताजी भी खेती करते थे। आज किसानों के जीवन में जो बदलाव लाने का काम किया, अनेक नेता इस देश में हुए, वे अपने आपको किसानों के मसीहा कहलाते थे। वे अपने समर्थकों से कहलवाते थे, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूँ कि आज किसानों के हित में यदि अनेकानेक योजनाएं लाकर किसानों के जीवन में बदलाव लाने का किसी ने काम किया है तो वह देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

किसान क्रेडिट कार्ड – आपको याद होगा कि गांव का किसान, गांव का गरीब आदमी अपनी खेती की बिजाई के लिए, उसके बीज के लिए, खाद के लिए, यूरिया के लिए हाथ फैलाता फिरता था

कि मेरे हाथ में पैसे आ जाएं, लेकिन उसको पैसा नहीं मिलता था। साहूकार उनकी जमीनों को गिरवी रखवाकर उनको पैसा देने का काम करते थे। मैं तत्कालीन प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, उन्होंने किसानों के दर्द को समझा और किसानों को केसीसी कार्ड देने का काम किया। आज किसान अपनी जेब में केसीसी कार्ड रखता है और जाकर बैंक से पैसा लेने का काम करता है। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि इस केसीसी कार्ड के अंदर पशुपालन के लिए और मछलीपालन के लिए धन देने तथा व्यवस्था करवाने का काम किया तो माननीय मोदी जी ने करके दिखाया है।

माननीय सभापति जी, मैं मत्स्य सम्पदा योजना के बारे में बताना चाहता हूँ, जो माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमें दी है। यह किसानों को शक्ति देने का काम करेगी, इसके लिए 6 हजार करोड़ रुपये के इंवैस्टमेंट की व्यवस्था की गई है। इससे किसानों के जीवन में एक सुधार आएगा।

फसल बीमा योजना – एक समय था जब किसानों की फसल बर्बाद हो जाती थी, उनको मुआवजा नहीं मिलता था। हमारे प्रधान मंत्री जी ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत को नीचे लाकर 30 परसेंट करके अगर किसानों की फसल अतिवृष्टि में, ओलावृष्टि में बर्बाद होती है, तो आज उनको मुआवजा तथा बीमा मिलने का काम होता है। इसी प्रकार एक समय था। कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। यूपीए की सरकार में जब किसान यूरिया और डीएपी लेने जाता था तो न उसको यूरिया मिलता था, न डीएपी मिलती थी, मिलता क्या था– लंबी लाइनें और ऊपर से लाठीचार्ज। आज मैं अपने आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने किसानों के लिए नीम कोटेड यूरिया करके हमारे किसानों को यूरिया और डीएपी देने का काम किया है।

यही नहीं, 50 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों को डीएपी और यूरिया देने का काम किया है और जो भ्रष्टाचार और कालाबाजारी यूपीए की सरकार के समय होती थी, उसको समाप्त करने का काम भी किया गया।

माननीय सभापति जी, पीएम कृषि सिंचाई योजना – 'पर ड्रॉप, मोर क्रॉप', जो एक क्रांतिकारी कदम किसानों के लिए उठाया गया। जिन गांवों में सिंचाई का अभाव था, जिन गांवों में पानी की कमी

थी, उन क्षेत्रों में ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से किसानों को सिंचाई की व्यवस्था करने का काम किया गया और किसानों को व्यापार के क्षेत्र में लाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने 10,000 एफपीओ बनाने की योजना बनाई। आज 6,000 से ज्यादा एफपीओ बन चुके हैं। आज किसान का पढ़ा लिखा नौजवान बच्चा एफपीओ बना कर खेती को भी व्यापार की तरफ ले जाने का काम कर रहा है, इसके लिए मैं मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ।

माननीय सभापति जी, एक समय था, जब यूपीए की सरकार में कृषि का बजट मात्र 23,000 करोड़ रुपये हुआ करता था। आज वही बजट 1,25,000 करोड़ रुपये है, इससे किसानों के कल्याण के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं बनाने का काम किया है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन की राशि 7 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 450 करोड़ रुपये करने का का किया है] जो कि 7 गुना की बढ़ोत्तरी है।

माननीय सभापति, किसान अन्नदाता की तरह ऊर्जादाता बने, इसके लिए सोलर पंप लगाने की व्यवस्था अनुदान देने के साथ कh गयh है। किसान से सरकार भी ऊर्जा खरीद सके, इस तरह की व्यवस्था भी सरकार ने किसानों के लिए की है। माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रणाम योजना के द्वारा एक वैकल्पिक उर्वरक, रसायन उर्वरक को संतुलित उपयोग कर के पैदावार बढ़ाने के लिए भी भूमि की पुनर्उद्धार, जागरुकता, पोषण और सुधार के लिए प्रणाम योजना देने का काम इस बजट में किया है।

माननीय सभापति जी, गोबर-धन योजना, इसका नाम ही गोवर्धन है, हम सब जानते हैं कि उत्तर भारत ही नहीं दक्षिण भारत सहित पूरे देश के लोग गिरिराज जी की परिक्रमा करने के लिए मथुरा में आते हैं और गिरिराज महाराज का जयकारा लगाते हैं, क्योंकि गिरिराज महाराज का जयकारा किसानों के लिए है। गिरिराज की कृपा हमेशा रही है। ऐसे गिरिराज जी के नाम से गोबर-धन योजना लाने का काम माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस बजट में किया है और इसके लिए 10,000 हज़ार करोड़ रुपये आवंटित करने का काम किया है। सभापति महोदय, 500 बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए इस रकम का आवंटन किया गया है। स्पेशल कॉटन कपास के उत्पादन के लिए पीपीपी मॉडल पर क्लस्टर

आधारित किसानों की आय को बढ़ाने के लिए, उसके निर्यात को बढ़ाने के लिए इस बजट में व्यवस्था की गई है। माननीय सभापति जी, आज पूरे देश और दुनिया में देख रहे हैं कि रासायनिक खादों के उपयोग से, डीएपी, यूरिया, कीटनाशक दवाओं के उपयोग से आज अनेक प्रकार की गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। चाहे कैंसर हो, चाहे अन्य बीमारियां हों, हमारे देश के नागरिकों में इन गंभीर बीमारियों का कारण ये जो कीटनाशक दवाएं, डीएपी यूरिया के कारण जो अत्यधिक प्रयोग होता है, यह एक बड़ा कारण है। यह वास्तव में देश की बहुत गंभीर समस्या है। अब इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए देश के प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने यह सुझाया है कि हम लोगों को प्रकृतिक खेती अपनानी चाहिए। आज मैं देश के प्रधान मंत्री जी को धन्वाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से इस देश के लोगों के जीवन में, उनकी रक्षा के लिए, लोगों की रक्षा के लिए उन्होंने प्राकृतिक खेती का अभियान प्रारंभ किया है। एक समय था जब हमारे किसान प्राकृतिक खेती करने का काम करते थे, लेकिन आज बीज में परिवर्तन आया तो आज प्राकृतिक खेती के लिए तीन करोड़ किसानों तक जाने के लिए तीन साल का लक्ष्य रखा गया है। मैं चाहूंगा कि हम सब लोग मिल कर इस सदन में जो लोग बैठे हुए हैं, वे भी और दश के नागरिक भी मिल कर हम लोग प्राकृतिक खेती के अभियान को आगे बढ़ाने का काम करें, मैं सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूँ।

माननीय सभापति जी, जब हम छोटे थे, तब भी और आज भी हम बाजरे की रोटी, बाजरे की महेरी और बाजरे की खिचड़ी को मट्ठा और छाछ के साथ खाने का काम करते हैं। थोड़ा जमाना बदला, लोग जंक फूड की तरफ चले गए, पिज्जा और बर्गर की तरफ चले गए। हम पिज्जा और बर्गर खाने को मना तो नहीं कर रहे, लेकिन इतना जरूर कहना चाहते हैं कि आज मिलेट्स को और मोटे अनाज को 'श्री अन्न' नाम देकर निर्मला सीतारमण जी ने सम्मानित करने का काम किया है, वह हमारे लिए, किसानों के लिए बड़े सम्मान की बात है।

माननीय सभापति जी, आज संसद के अन्दर भी हमारे केन्द्रीय कृषि मंत्री आदरणीय तोमर जी ने और कैलाश जी ने हम सबको श्री अन्न के दर्शन करवाए और श्री अन्न को खिलाया। यह साल 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स' है। जिस प्रकार से माननीय प्रधान मंत्री जी ने योग को पूरी दुनिया में

स्वीकार कराया, उसी प्रकार से आज 'श्री अन्न' को भी पूरी दुनिया में स्वीकार कराने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रण किया है।

माननीय सभापति जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस बजट के माध्यम से एक बहुत ही ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। वैसे ऐतिहासिक कदम तो उसी दिन उठाया गया था, जिस दिन भारत सरकार में सहकारिता मंत्रालय को लाया गया और हमारे देश के गृह मंत्री और आज के जमाने के 'लौह पुरुष' अमित शाह जी उसके मंत्री बने, उसी दिन यह तय हो गया था कि सहकारिता का क्षेत्र बहुत आगे जाएगा। मैं प्रसन्नता के साथ यह कह सकता हूं और एक किसान होने के नाते भी यह कह सकता हूं कि आज इस को-ऑपरेटिव सेक्टर के माध्यम से गांव-गांव हमारी सरकार जा रही है। हर गांव में को-ऑपरेटिव सोसायटी बनेगी। आज गांव में किसानों की जो उपज होती है, जो अन्न उपजाने और उसका उत्पादन करने का काम किसान करते हैं, उस अन्न  और उस उत्पादन का भंडारण करने की जगह हमारे किसानों के पास नहीं होती है। मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं, माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, माननीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और बहन निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि को-ऑपरेटिव सेक्टर के लिए हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाने का काम किया है। आने वाले समय में किसानों की उन्नति का रास्ता अगर कहीं से निकलेगा तो वह रास्ता को-ऑपरेटिव से होकर निकलेगा, सहकारिता के क्षेत्र से निकलेगा, यह मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं।

माननीय सभापति जी, मैं आपको किसानों की कुछ समस्याओं के बारे में बताना चाहता हूं। किसानों की उन समस्याओं का समाधान करने का काम देश के प्रधान मंत्री मोदी जी लगातार कर रहे हैं। जिनको लगता है कि भारत टूटा हुआ है और उसे जोड़ने की जरूरत है, यह अलग बात है कि उनके बाप-दादा ने भारत के साथ क्या किया, यह पूरा देश जानता है। लेकिन, राजस्थान में विधान सभा के चुनावों से पहले राहुल जी ने एक भाषण में बयान दिया था और एक गिनती भी गिन कर सुनाई थी। हम तो समझते थे कि पता नहीं, उन्हें गिनती आती है या नहीं आती है, पर उसी दिन यह पता चला कि उन्हें गिनती आती है। उन्होंने कहा - one, two, three, four, five, six, seven, eight,

nine, ten, जब दस दिन हो जाएंगे तो दस दिनों के बाद राजस्थान में किसानों के कर्ज माफ कर दिए जाएंगे, लेकिन उनकी बात नहीं रही, वे केवल गाल बजाते रहे, किसानों के नाम पर राजनीति करते रहे, लेकिन राजस्थान में किसानों के कर्ज को माफ करने का काम आज तक नहीं किया गया है। आज किसानों की जमीनों के पेपर्स नीलामी के लिए जा रहे हैं। मैं इस संसद के माध्यम से देश की जनता को यह कहना चाहता हूं कि ऐसे झूठे, फरेबी लोगों की बातों को पूरे देश की जनता आज जान गई है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, मैं बस आधे घंटे और बोलूंगा, ज्यादा समय नहीं बोलूंगा।… (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, मैं दिल्ली के मुख्य मंत्री केजरीवाल की किसान विरोधी नीतियों के बारे में भी आपको बताना चाहता हूं। केजरीवाल जी ने दिल्ली में किसानों को उनका हक नहीं दिया। किसान का जो दर्जा होता है, वह भी किसानों का देने का काम नहीं किया।… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, 20 more Members from your Party have to speak. Please conclude.

**श्री राजकुमार चाहर :** सभापति जी, केजरीवाल जी ने अपना किसान विरोधी चेहरा दिखाने का काम किया है। केजरीवाल जी ने ट्रैक्टर को भी किसान का व्हिकल नहीं माना, उसको भी व्यावसायिक व्हिकल मानने का काम किया है। हमारे दिल्ली के 15 गांव ऐसे हैं, जिनमें आज भी सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर चार-चार फूट पानी और कीचड़ भरा हुआ है। हमारे किसान परेशान है। दिल्ली में चकबंदी करने का काम नहीं किया गया है, जो किसानों का हक है। उनका जो ढोंग है, वह जिस प्रकार की बातें करते हैं, वह सामने आता है। माननीय सभापति जी, मैं दो-तीन बातें कह कर अपनी बात पूरी करूंगा। पंजाब के अंदर जब आम आदमी पार्टी की सरकार आई, सरकार आने से पहले उन्होंने कहा था कि जब अप्रैल आएगी, तो अप्रैल के बाद पंजाब के अंदर कोई भी किसान आत्महत्या नहीं करेगा। माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि पंजाब के अंदर हमारे दो गांव ऐसे हैं, एक गांव बाजक है और दूसरा गांव गैरीबुटर है। उन गांवों में दो किसान नौजवानों ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उनकी फसलें बर्बाद हो गई थी। पंजाब की सरकार ने उनको मुआवजा नहीं दिलवाया। माननीय

सभापति जी, यह बड़े शर्म की बात है कि जब मैं उन परिवारों से मिलने गया, पंजाब के अंदर मैं उन दोनों गांव बाजक और गैरीबुटर में गया और उन किसान परिवारों से मिला। वहाँ जाकर पता चला कि सरकार का कोई नुमाइंदा, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम से लेकर, न कोई एमएलए, न कोई एमपी और न ही उनका कोई मंत्री उन परिवारों से मिलने तक नहीं गया। इससे ज्यादा शर्म की बात कुछ नहीं हो सकती है। माननीय सभापति जी, उन परिवारों की स्थिति मैं बयां नहीं कर सकता। एक नौजवान बेटी विवाह के लिए थी, माता-पिता बुजुर्गियत में अपने अंतिम दिन जी रहे थे। उनके पास खाने के लिए भी व्यवस्था नहीं थी। हम लोगों ने समाज के साथ मिलकर उनकी मदद की।

हमें भी व्यक्तिगत रूप से ऐसा लगा कि किसान परिवार की मदद करनी चाहिए। हमने व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग करने का काम किया। वहां पर हमारे समाज के लोगों ने भी उनको मदद करने का काम किया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि उन परिवारों ने यह बात कह कर मुझे चौंकाया। उन्होंने कहा – राजकुमार जी, हम वही लोग हैं, जो इनकी बातों में आ गए, किसानों के नाम पर बहक गए। इन्होंने हमें बहकाने का काम किया। इन्हीं के लिए हम दिल्ली के बाहर सड़कों पर धरने पर बैठे रहे। लेकिन, आम आदमी पार्टी का कोई भी नेता उनसे मिलने के लिए नहीं गया।

माननीय सभापति जी, मैं बहुत अधिक न कह कर, बस यही कहना चाहता हूं कि आज गांव, गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, महिला, आदिवासी, अनुसूचित जाति सहित सभी वर्गों में मैं बात करके देखता हूं, आज पूरे देश के जनमानस में यह चल रहा है कि आज केवल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह देश आगे बढ़ रहा है। हर वर्ग आगे बढ़ रहा है।

किसान की उन्नति हो रही है। किसान का विकास हो रहा है। गांव का विकास हो रहा है। आज एक नए भारत के निर्माण के लिए हम चल चुके हैं और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज पूरी दुनिया में जो सपना हमने देखा था, एक दिन विश्वगुरू बनने का, आने वाले इस अमृत-काल के समय में भारत विश्वगुरू बन कर रहेगा। इतना कह कर मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल (भटिंडा):** सर, शुरू करने से पहले मैं केवल इतना कहना चाहूंगी कि मेरे साथी राजकुमार जी पंजाब की बहुत बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे। इन्होंने मेरे क्षेत्र की बात की। गैरीबुटर मेरे ही क्षेत्र में पड़ता है। उन्होंने बोला कि दो किसानों ने आत्महत्या कर ली, लेकिन उनके यहाँ कोई मंत्री मिलने नहीं गया। इन्होंने यह भी बताया कि किसान डेढ़ साल इधर दिल्ली की सरहदों में बैठे रहे, 800 किसान शहीद हो गए, आपके कौन-से मंत्री उनसे मिलने के लिए गए?… (व्यवधान) आपके मंत्री कहते हैं कि कोई मरा ही नहीं। यह बहुत अच्छा बोल रहे हैं, परंतु अपने गिरेबान में भी झांक लें।

सर, उस टाइम हमने छोड़ दिया था।… (व्यवधान) हम किसानों के साथ थे और आप किसान के विरोध में थे।… (व्यवधान)

सर, हम पंजाबी में कहते हैं कि बोलने से पहले अपनी पीड़ी पर सोटा मार लिया करो।… (व्यवधान)

*Sir, when this Government presented its 9th Budget, we hoped that promises made in the earlier Budget regarding 'Acche Din' and self-reliance will be fulfilled. In last year's Budget, the word 'self-reliance' was used 21 times. But, this Budget did not ever mention 'self-reliance'. The country wanted to know as to how many Indians were lifted from below the poverty-line to above the poverty-line. How many farmers were saved from committing suicide and made self-reliant? How many small industries have spread their wings and become self-reliant? We kept listening from 2016* … (*Interruptions*) आजादी के 75वें साल में हर एक गरीब का मकान होगा, हर मकान में उनके लिए पीने का पानी होगा, किसान की आमदनी दोगुनी होगी।

**HON. CHAIRPERSON:** Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

*…* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Punjabi.

**HON. CHAIRPERSON:** Nothing will go on record except Shrimati arsimratKaur Badal's speech. *… (Interruptions) …*[£]

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Rajkumar Chahar, you spoke whatever you wanted. The House was very patient to hear your speech. Please sit down.

… (*Interruptions*)

**SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL:** *The budget for total agriculture and allied sectors has been reduced by five per cent in this Budget. … (*Interruptions*) The Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana budget has been reduced by 12 per cent. … (*Interruptions*) PM KISAN budget has been reduced by 13 per cent. … (*Interruptions*) The budget for MGNREGA has been reduced by 18 per cent, which is the lowest ever in five years. … (*Interruptions*) The Rashtriya Krishi Vikas Yojana budget has been reduced by 31 per cent. … (*Interruptions*) The Krishi Niti Yojana budget has been reduced by 2 per cent. … (*Interruptions*)*

मार्केट इंटरवेंशन के 1500 करोड़ रुपये को काटकर एक करोड़ रुपये कर दिया और मार्केट इंटरवेंशन पीएम आशा को एक करोड़ रुपये काटकर एक लाख रुपये कर दिया। सबसे बड़ा … [£] इस सरकार ने इस बजट में किसान, मजदूर और गरीब के साथ भद्दा मजाक किया है। मैं यह जरूर जानना चाहूंगी कि फर्टिलाइजर सब्सिडी 22 पर्सेंट इन्होंने घटा दी है, फूड सब्सिडी 37 पर्सेंट घटा दी है, तो क्या डबल इंकम ऐसे होगी, आत्मनिर्भर ऐसे होंगे, अच्छे दिन ये हैं कि लोगों को आज यह देखना पड़ रहा है? … (व्यवधान) सर, आटोमोबाइल सैक्टर और मोबाइल सैक्टर से लोगों का पेट नहीं भरता है। यह एग्रीकल्चर सैक्टर है, जो इस देश की रीढ़ की हड्डी है। सबसे ज्यादा मजदूरी एग्रीकल्चर सैक्टर

---

[£] Not recorded

*…* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Punjabi.

में पचास फीसदी लोगों की होती है। उनका सब बजट आपने काट दिया है। यहां तक कि आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2015 में खेती की मजूदरी के लिए 224 रुपये एवरेज मिलते थे, जो सात सालों के बाद केवल 323 रुपये हुए हैं। आपकी सरकार के समय में 100 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है।

जब खेती की बात करें तो मैं अपने राज्य पंजाब की बात जरूर करना चाहूंगी। वर्ष 1960 से, जब इस देश में पूरा अन्न नहीं था, तब से लेकर आज तक इन सारे सालों में पंजाब ने अपना पानी खत्म किया, अपनी मेहनत और मजदूरी से इस देश का पेट भरने का काम किया।

*It was said that all youths will be provided with employment. 75 years of India's independence have already passed. Unemployment is rampant. Prices have leap- frogged.

The present Budget only has new slogans and new names. This Budget did not talk about price-rise or unemployment. The hapless farmers were cheated. For one and half years, the farmers agitated near Delhi. 8oo farmers become martyrs. You promised to them that MSP on food-grains would be guaranteed. But, the Budget maintains a stunning silence on these issues.

The input cost of farmers is increasing constantly. The Government is patting itself on the back that they are providing food to 80 crore people. दो-तीन फुट वॉटर टेबल हर साल कटी जा रही है लेकिन सरकार ने And who provides 80 crore people with food- grains? Who grows the crops? It is because of farmers* देश तरक्की कहां से करेगा, जब राज्य तरक्की नहीं करेगा। आपका डबल इंजन वाला स्लोगन है। जहां आपकी इंजन डबल नहीं है, वहां आप उनको ब्लैकमेल करते हैं, उनके हक खोते हैं। एक रूरल डेवलपमेंट एक्ट है, एक्ट कहता है, *Sir, I got 10 minutes. Please give me time to finish. Today, the farmers of Punjab are facing huge problems. Our agitating farmers

---

*…* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Punjabi.

were cheated. No MSP was provided on food-grains despite promises. Punjab did not even find a mention in this Budget. A state that fills the coffers of the nation was neglected and ignored. We have been providing food-security since last 60 years. But, tricks have been played upon us. Our water-level has gone down too much. The ground-water report says that in the coming 6 years, water-level will go down below 100 meters. In 17 years, Punjab will become a dry state as ground-water will be gone. How will we grow crops? If foodgrains are affected, citizens will die of hunger and starvation. Budget maintains a stunning silence about farmers out of 133 blocks, 117 blocks of Punjab are dark zones. The water table is declining every year by 2 to 3 feet. But, the Central Government is silent about this problem. Look at their discrimination. You are playing politics and trying to garner votes for yourself. But, you have reduced the Budget for the farmers.

The Act says that a State is allowed to put taxes on their rural development. This is a provision of the Act that the State may enact. Punjab Government puts six per cent tax. This Government has withheld Rs. 3,000 crore of our RDF and said, "Reduce the tax," or else we will not give RDF. This is blackmail. How can you force us? It is our right. It is against the federal structure. ”

Sir, I will appeal to you and tell you that my State is knee-deep in debt due to the mismanagement of the last seven years.* पंजाब में जो डेट 60 सालों में 1.82 लाख करोड़ रुपये होता था, कांग्रेस की सरकार पांच साल के लिए आई और उस डेट को सीधे 2.75 लाख करोड़ रुपये कर दिया। पंजाब में एक खास पार्टी राज कर रही है। मैं उनको प्रचार पार्टी कहती हूं।

उनका सीएम भगवंत ...** जो बड़ी-बड़ी बातें करके बड़ी-बड़ी गारंटी करके सत्ता में आई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कांग्रेस सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज पांच साल में चढ़ा दिया और भगवंत ...** ने एक साल में ... (व्यवधान) 40 हजार करोड़ रूपये चढ़ा दिया।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL:** Sir, through you, I would appeal to the Government. The Government has reduced the minority scholarship. We have the highest number of SCs in the State. माइनोरिटी स्कॉलरशिप में 38 पाइंट की कटौती कर दी है। *Today, the farmers of Punjab are facing huge problems. Our agitating farmers were cheated. No MSP was provided on food-grains despite promises. Punjab did not even find a mention in this Budget. A state that fills the coffers of the nation was neglected and ignored. We have been providing food-security since last 60 years. But, tricks have been played upon us. Our water - level has gone down too much. The ground-water report says that in the coming 6 years, water-level will go down below 100 meters. In 17 years, Punjab will become a dry state as ground-water will be gone. How will we grow crops? If foodgrains are affected, citizens will die of hunger and starvation. Budget maintains a stunning silence about farmers out of 133 blocks, 117 blocks of Punjab are dark zones. The water table is declining every year by 2 to 3 feet. But, the Central Government is silent about this problem. Look at their discrimination*

**17.00 hrs**

---

** Not recorded

*...* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Punjabi.

* मैं आज आपसे विनती करती हूं कि इस स्टेट को बचाने के लिए, फूड सिक्योरिटी बचाने के लिए दो चीजें करें, हमारी जीएसटी की कम्पनसेशन खत्म हो रही है, our State is a landlocked State. We have not been able to live up to the measures that we were supposed to. Please continue the GST. If you are unable*— फिर हमारी राजधानी चंडीगढ़ वापस दीजिए, एक राज्य की राजधानी है जहां से सबसे ज्यादा फंड आता है,

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL:** Why is the Centre taking that access? Give *Rajdhani* back to us. हमारे बार्डर एरिया के उन डिस्ट्रिक्टस को टैक्स फ्री का स्टेट्स दीजिए। वहां पर अनएम्पलायमेंट बहुत ज्यादा है। इंडस्ट्रीज को टैक्स फ्री कीजिए ताकि बार्डर डिस्ट्रिक्ट में इंडस्ट्री आए और लोगों को रोजगार मिले।

**HON. CHAIRPERSON:** Please wind up.

**SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL:** *We have asked that MSP be made a legal guarantee in order to compensate States that have been unable to meet the GST due to unforeseen circumstances. So, I would request and appeal to the Government, through you, Sir, to please ensure that these demands of mine are fulfilled in this Budget. Thank you.*

**इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम):** सभापति महोदय, मुझे बोलने का समय देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। अमृत काल में अगले 25 वर्षों के राष्ट्र विकास पथ का रेखांकन करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को गरीबी से मुक्त कराने वाले इस बजट को मैं उसकी आधारशिला मानता हूं। हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में एक समावेशी बजट प्रस्तुत किया है।

---

*...* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Punjabi.

आप जानते हैं कि यह बजट अमृत काल का सप्तऋषि वाला बजट है, जिसकी सात प्राथमिकताएं हैं। ये प्राथमिकताएं क्या है, ये प्राथमिकताएं हैं, किसान, ग्रामीण जनसंख्या, जनजाति, महिला, सहकारिता, विश्वकर्मा, मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, एमएसएमई, व्यापार, स्वास्थ, शिक्षा, कौशल और युवा।

मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सुन रहा था। हमारे मित्रों ने उस अभिभाषण का खुलकर विरोध किया, हर बात का विरोध किया। हमारी यात्रा के दौरान हमको देखने को क्या मिला? मैं आपके माध्यम से विपक्षी मित्रों से पूछना चाहता हूं कि आपको तकलीफ किससे है?

क्या आपको तकलीफ आदिवासियों से है, आपको तकलीफ विद्यार्थियों से है, आपको तकलीफ युवाओं से है, आपको तकलीफ किसानों से है, आपको तकलीफ विश्वकर्माओं से है या आपको तकलीफ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से है? आपको किससे तकलीफ है? आपको परेशानी क्या है? मैंने पूरी बात सुनने के बाद मनन किया तो निष्कर्ष निकला कि विपक्ष के हमारे मित्रों को तकलीफ है और वह तकलीफ इस बात की है कि इस देश की महामहिम राष्ट्रपति आदिवासी समाज की हैं। आदिवासी समाज के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा बजट अभिभाषण पढ़ा गया, उसे लेकर बहुत तकलीफ है। इन्होंने 50-60 साल तक आदिवासियों को नहीं देखा, इन्होंने 50-60 साल तक आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। इन्होंने हर तरफ से आदिवासियों को दबाया, चाहे शिक्षा का मामला हो, चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या रोजगार का मामला हो। इन्होंने हर क्षेत्र में आदिवासियों को दबाया।

सभापति जी, मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि आज हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री परम आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजाति समाज, अनुसूचित जाति समाज, किसान और युवा सब विकास कर रहे हैं, लेकिन यह विपक्ष के मित्रों को पसंद नहीं आया।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि विपक्ष के हमारे मित्रों ने जनजाति समाज के स्वतंत्रता वीरों और सेनानियों को पूरी तरह से भुला दिया। वे कौन थे? मध्य प्रदेश से रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह, टंटिया भील, उत्तराखंड से नंदराम नेगी, कृष्ण चंद्र, झारखंड से भगवान बिरसा मुंडा, बिहार से तिलका

मांझी तमाम स्वतंत्रता सेनानी थे, लेकिन इनको कभी याद नहीं किया और उनके इतिहास पर और कचरा डाल दिया, ऐसे हैं विपक्ष के हमारे मित्र।

हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने जनजाति समाज के स्वतंत्रता संग्राम के जन नायकों का मान-सम्मान किया है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 15 नवंबर, 2021 को यशस्वी प्रधान मंत्री भोपाल आए और भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को गौरव दिवस घोषित करके पूरे देश के जनजाति समाज को गौरवान्वित महसूस कराया। यह काम हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने किया है। ये बातें विपक्ष के हमारे मित्रों को कैसे पसंद आएंगी? जब जनजाति समाज पूरे तरीके से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा है, प्रधान मंत्री मोदी जी के साथ जुड़ा है। इनके पेट में इसीलिए दर्द हो रहा है कि इनका साथ छोड़ दिया। ये आज अनाथ जैसे हो गए हैं, इनको कोई पूछने वाला नहीं है और इनके साथ कोई घूमने वाला है। यह स्थिति हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री ने कर दी है, इसलिए इनके पेट में दर्द है और इसीलिए इन्होंने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का विरोध किया। यही कारण है कि ये आदिवासी समाज को देखना नहीं चाहते हैं। … (व्यवधान) अभिभाषण महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पढ़ा गया, उनका सम्मान करना चाहिए था।… (व्यवधान)

मैं आपको कहना चाहता हूं कि हमारे देश में आज लगभग 12 करोड़ जनजातियां हैं। 12 करोड़ जनजातियों की आज तक यानी 50-60 सालों तक अनदेखी होती रही और आज पहली बार मान-सम्मान हो रहा है। इस मान-सम्मान के कारण आपके पेट में दर्द क्यों उठ रहा है? आपको क्या परेशानी है? आपको सम्मान करना चाहिए कि पहली बार पिछड़े, कुचले और वंचित लोगों को उनका अधिकार दिया जा रहा है, समाज में बराबरी का अधिकार दिया जा रहा है। आपको इस बात का सम्मान करना चाहिए। मैं आपको एक बात और बताना चाहता हूं कि राजस्थान में मानगढ़ धाम है, जहां 1500 आदिवासियों को भून दिया गया था।

परन्तु, इतिहास में उसका जिक्र नहीं हुआ। पहली बार 1 नवम्बर, 2022 को प्रधान मंत्री वहां गए और उन 1500 जनजातीय वीर नायकों को श्रद्धांजलि व्यक्त की। यह मान-सम्मान की और गौरव जगाने की बात है। इतना ही नहीं, हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी गरीबों के लिए हर प्रकार की योजना

लेकर आए हैं। वे गरीबों को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सक्षम कर रहे हैं। प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत पिछले दो सालों में 80 करोड़ से अधिक लोगों को नि:शुल्क अनाज दिया गया है। मेरी लोक सभा क्षेत्र के लगभग 95 प्रतिशत आबादी को इसका लाभ मिला है। मैं झाबुआ, अलीराजपुर और रतलाम में गया था। वहां मैंने वृद्ध महिलाओं, बेटियों और बहनों से पूछा कि ये आपको कौन दे रहा है तो हर कोने से आवाज आई कि बाबा प्रधान मंत्री दे रहा है। हमारे यहां 'बाबा' बहुत सम्मानजनक शब्द है। मैंने पूछा कि बाबा कौन हैं, तो उन्होंने कहा कि मोदी जी दे रहे हैं। आज गाँव-गाँव और घर-घर में मोदी जी का नाम लिया जा रहा है। ऐसे हमारे प्रधान मंत्री जी हैं और नाम क्यों नहीं लेना चाहिए। मेरे क्षेत्र में लगभग सभी आवासहीनों और भूमिहीनों को प्रधान मंत्री आवास दिए गए हैं। जो 2 करोड़ 79 लाख आवास बनाए गए हैं, उसका अधिक लाभ जनजातीय समाज और आदिवासी समाज को मिला है। आज आजादी के अमृतकाल में पहली बार जो 75 प्रिमिटिव टाइप्स हैं, उनके लिए प्रधान मंत्री पीबीजीटी मिशन चलाया गया है। उन 75 समूहों के लिए भारत शासन द्वारा 75 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो पिछड़े हुए हैं, उनको बराबरी पर लाने के लिए 15000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन 15000 करोड़ रुपये से वहां सड़कें बनेंगी, पीने के पानी की व्यवस्था होगी, वहां मोबाइल टॉवर लगेंगे, वहां स्कूल बनेंगे और वहां स्वास्थ्य सुविधाएं भी बढेंगी। इन सब चीजों के बारे में किसने सोचा? इन सब चीजों के बारे में हमारे यशस्वी और परम आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने सोचा है।

सभापति महोदय, हमारे क्षेत्र में उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत लगभग सभी परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। मेरा क्षेत्र वनवासी और जंगल वाला क्षेत्र है। वहां पर विद्युत एक बहुत बड़ी समस्या थी। चन्द्रशेखर आजादी की जन्मस्थली अलीराजपुर जिले में भाबरा नामक जगह में है। उस भाबरा विकास खंड में वन होने के कारण विद्युतीकरण नहीं हो पा रहा था, लेकिन मुझे यह कहते बहुत खुशी और गर्व है कि 'सौभाग्य योजना' के अंतर्गत शत-प्रतिशत घरों में विद्युतीकरण हो गया है। आज हमारा आदिवासी भाई बल्ब की रौशनी में अपना जीवनयापन कर रहा है और पढ़ाई भी कर रहा है। 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत हमारे हर आदिवासी भाइयों के घर में शौचालय बनाए गए हैं। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर सबसे ज्यादा किसी चीज पर ध्यान दिया गया है तो शिक्षा पर

दिया गया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के हर विकास खंड में एकलव्य रेसिडेंशियल मॉडल स्कूल है और एक स्कूल में 490 बच्चे पढ़ते हैं। इन बच्चों के लिए 38,800 शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती हो रही है। हमारे क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जनजातीय समाज का दूसरा कार्यक्रम, जो बहुत महत्वपूर्ण है, 112 आकांक्षी जिले बनाये गए हैं। वे सभी आकांक्षी जिले जनजातीय जिले हैं। इन आकांक्षी जिलों में सब तरह की, शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, जो दूसरा सबसे महत्वपूर्ण और हमारी फ्लैगशिप स्कीम है, वह 'जल जीवन मिशन' है। सभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि दूर से पानी लाते-लाते हमारी माताओं और बहनों के सिर के बाल घिस गए थे। आज उन माताओं और बहनों के चेहरे पर चमक है, खुशी है और गौरव का भाव है, क्योंकि उनके घर में नल से पानी मिल रहा है। इस प्रकार से जनजातीय क्षेत्रों में इस बजट में हर प्रकार से विकास करने का प्रयास किया गया है। इसके लिए मैं अपने यशस्वी प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

हमारे रेल मंत्री जी ने इंदौर-दाहोद रेलवे लाइन जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र से गुजरती है, उसके लिए 440 करोड़ रुपये दिए हैं। दूसरा, छोटा उदयपुर से धार रेलवे लाइन के लिए 355 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं माननीय नितिन गडकरी जी का भी आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे क्षेत्र में ग्रीन वे और 8 लेन एक्सप्रेस वे का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर दिया गया है। मैं माननीय मंत्री जी को निमंत्रण देता हूं, ताकि वे आएं और उसका शुभारंभ करें। अगर आप देखेंगे, तो जनजातीय समाज के विकास के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी है। मध्य प्रदेश में जनजातीय विकास के लिए एक और कानून आया है, वह पेसा एक्ट है। संविधान की 5वीं अनुसूची के प्रावधान के अनुसार मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में 15 नवंबर, 2022 को महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा पेसा एक्ट लागू करने की घोषणा की गई थी। उस एक्ट के लागू होने से जो हमारे आदिवासी भाई हैं, अगर मैं एक लाइन में कहूं, तो वे जल, जमीन और जंगल के मालिक बने हैं। मध्य प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां पर जनजातीय समाज के घरों में

राशन पहुंचाया जा रहा है। हमारे मध्य प्रदेश के जनजातीय समाज में सबसे बड़ी बीमारी सिकल सेल है, उसकी शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करके, उनका इलाज भी किया जा रहा है। इस बजट में वर्ष 2047 तक सिकल सेल को समाप्त करने की बात की गई है। परंतु मध्य प्रदेश में ये काम शुरू हो गया है। महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी समाज के सभी वर्गों का ध्यान रख रहे हैं, वे सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, क्या उनको भारत रत्न नहीं दिया जाना चाहिए? मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी को भारत रत्न देना चाहिए। मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले एक पंक्ति और कहूंगा – 'तेवर तो हम वक्त आने पर दिखाएंगे ही, चाहे तुम कुछ भी कर लो, हुकूमत तो हम ही चलाएंगे'।

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (औरंगाबाद) :** महोदय, यकीनन आप हुकूमत चलाने की बात कर रहे हैं। मैं आपको सरकार के कुछ ऐसे गुणों के बारे में बताना चाहता हूं, जिसके बारे में शायद आपको भी पता नहीं होगा। सरकार बहुत अच्छे तरीके से जादू का खेल खेलती है। वह कैसा जादू का खेल खेलती है, मैं आंकड़ों समेत बताऊंगा। एक हाथ से देना और दूसरे हाथ से खींचकर कैसे लेना है, मैं पूरे आंकड़े समेत बताऊंगा, इस वजह से बहुत ज्यादा विरोध करने की जरूरत नहीं है।

सभापति महोदय, 8 फरवरी, यानी कल के दिन भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 25 बेसिस प्वाइंट से बढ़ा दिया है। 4 मई, 2022 को हमारा रेपो रेट 4.40 था। 8 महीने के अंदर 6 मर्तबा रेपो रेट बढ़ाया गया है। अब यह रेपो रेट 6.50 हो गया है। अब हो सकता है कि आपमें से कोई खड़ा होगा और कहेगा कि आरबीआई है, उसका हमसे क्या लेना-देना, बजट से क्या लेना-देना है? तो गौर से सुनिए, जब आरबीआई रेपो रेट बढ़ाता है, तो किसी ने 20 साल के लिए होम लोन लिया है, यानी उसने 240 महीने के लिए लोन लिया और रेपो रेट सवा 2 प्रतिशत से बढ़ गया है, तो उसको 120 से 160 महीने का एडिशनल ईएमआई भरनी पड़ती है। अगर किसी ने 25 साल यानी 300 महीने के लिए लोन लिया है, अगर रेपो रेट सवा 2 प्रतिशत बढ़ गया है, तो उसे 199 महीने एडिशनल ईएमआई देनी पड़ती है। आप कहेंगे कि हमारा इससे क्या लेना-देना है? यही तो जादू का खेल खेल रहे हैं। आपने इन्कम टैक्स में रिबेट दी, बहुत सारे लोगों को खुश किया और सैलरीड वर्ग से कहा कि हम तुमको इन्कम टैक्स में

रिबेट दे रहे हैं, लेकिन अब जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी तुम्हारी ईएमआई चलती रहेगी, तुम्हारा लोन चलता रहेगा। सरकार ने एक ऐसा संदेश दिया है।

सभापति महोदय, एजुकेशन लोन में सरकार ने स्कूल और हाइयर एजुकेशन के लिए जो आंकड़ा दिया है, वह 1,12,899 करोड़ रुपये है। बहुत अच्छा, बढ़िया फिगर है, जिसमें से 61 प्रतिशत स्कूल एजुकेशन के ऊपर खर्च किया जाएगा और इन्हीं पैसों से 14,500 'पीएम श्री' नाम के स्कूल्स बनाए जाएंगे।

सभापति महोदय, मैं पूछना चाहता हूँ कि जो बच्चे आज गांवों के अन्दर पढ़ रहे हैं, जो बच्चे जिला परिषद के स्कूलों के अन्दर पढ़ रहे हैं, चूँकि मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद जिले में सरकार के जरिए अभी सर्वे कराया गया, राणे साहब आप महाराष्ट्र से आते हैं, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि अकेले औरंगाबाद जिले के अन्दर 1600 ऐसे स्कूल्स हैं, जिनके क्लास रूम्स के अंदर पक्की छत नहीं है। टीन की शेड के नीचे ये 1600 स्कूल्स के बच्चे तालीम हासिल कर रहे हैं। उनका कसूर सिर्फ इतना है कि वे किसानों के बच्चे हैं, गरीबों के बच्चे हैं, मजदूरों के बच्चे हैं। आप बनाइए नए स्कूल्स, लेकिन आपके पास सिर्फ एक साल बचा हुआ है। आप यह काम करिएगा, प्रधान मंत्री जी को कहिएगा कि पीएमश्री नहीं, अगर आप एक साल के अन्दर औरंगाबाद के इन 1600 स्कूल्स को बदलते हैं तो हम उन सभी स्कूल्स को पीएम महाश्री नाम देंगे। हम भी कहेंगे। अगर एक साल के अन्दर यह कर पाते हैं तो ईमत्याज़ जलील यहां पर खड़े होकर कहेगा कि वाह मोदी जी वाह।

सभापति महोदय, माइनॉरिटीज के बारे में मैं बताना चाहता हूँ। राणे साहब, हम तो फूल थे, तुमने हमें कांटा बना दिया और इसी कांटे से कहते हो कि चुभना छोड़ दे। हम नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे, क्योंकि इस मुल्क के ऊपर जितना आपका अख्तियार है, उतना ही ईमत्याज़ जलील का भी अख्तियार है। अगर आप हमारे साथ नाइंसाफी करेंगे तो हम खामोश नहीं बैठेंगे। हम लड़ेंगे। आज फाइनेंस मिनिस्टर हमको इस बात का जवाब दे कि कौन सी ऐसी मिनिस्ट्री है, जिसके लिए 38 परसेंट का बजट कम कर दिया गया है? आप हमारे 1913 करोड़ रुपये गायब कर देते हैं और आप यह उम्मीद करते हैं कि हम इसे खामोशी से बर्दाश्त कर लें। मैं आपको बताता हूँ कि नीति आयोग की

पॉलिसी का एक डॉक्यूमेंट है। The Action Agenda and the Strategy Document ने क्या कहा है।

> “Muslims and other religious minorities in India have been lagging in several development indicators, including educational attainment, gender equality and work force participation.”

इसके बावजूद भी आप हमारा 38 परसेंट बजट कम कर देते हैं। वर्ष 2022-23 के अंदर आपका जो टोटल बजट था, उसमें से माइनॉरिटीज के हिस्से में 0.12 परसेंट बजट का हिस्सा आया। इस बार आपने जो बजट दिया है, वह कितना हुआ है? अगर बीई देखा जाए तो 0.07 परसेंट है।

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude.

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील :** सभापति महोदय, मैं सिर्फ दो मिनट लेना चाहूंगा**।** जो टोटल एलोकेशन है, यह कितनी गम्भीर बात है कि देश आगे बढ़ेगा, लेकिन माइनोरिटीज के लिए जो बजट दिया गया है, वर्ष 2012-13 के अंदर जो बजट था, वह बजट इस बार दिया गया यानी कि देश आगे बढ़े और माइनॉरिटीज़ पीछे रहे, यह कब तक चलेगा?

**HON. CHAIRPERSON:** Please wind up now.

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील :** सभापति महोदय, सिर्फ एक मिनट दीजिए। जीडीपी, फिस्कल डेफिसिट, मोनेटाइजेशन, आरई, बीई इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस देश के अंदर वह सम्मान के साथ कैसे जी सकता है, उसकी फिक्र बस उसे यही रहती है। हम वित्त मंत्री जी से इस बजट के अंदर यह उम्मीद कर रहे थे कि वह ईपीएस-95 के बुजुर्ग पेंशनर्स के बारे में बोलेंगी। किसानों की आय कैसे बढ़ाई जाएगी, वे इसके बारे में जिक्र करेंगी।… (व्यवधान) महोदय, पूरे देश के अंदर कान्ट्रैक्ट वर्कर्स जो हैं, उनके साथ कैसी नाइंसाफी हो रही है। पार्लियामेंट के अंदर भी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स लगाए जा रहे हैं। उनका पीएफ नहीं भरा जाता है। उनका ईपीएफ नहीं भरा जाता, ईएसआईसी का पैसा नहीं भरा जाता है। मैं यह उम्मीद कर रहा था कि जाने से पहले इस देश को तम्बाकू और शराब मुक्त करके जाएंगे। हम इस बात के लिए आपको सराहते। मैं जाते-जाते सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि मैं नाम लूंगा, मैं अडानी

का नाम इसलिए लूंगा, क्योंकि एलआईसी में मेरा भी पैसा है। एसबीआई का मैं भी कस्टमर हूं। प्रधान मंत्री जी हरेक के बारे में बात करेंगे, 140 करोड़ की जनता मेरे पीछे कैसे हैं, यह बताएंगे, लेकिन अडानी का नाम नहीं लेंगे। कहीं ऐसा न हो जाए कि उस एक शख्स के चक्कर में 140 करोड़ की जनता तुम्हारे हाथ से निकल जाए।... (व्यवधान)

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** सभापति महोदय, यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मुझे स्वतंत्र युग के मेरे स्वाभिमानी देश में संकल्प से सिद्धि का संकल्प लिए एक सक्षम नेतृत्व द्वारा, जिनका आधार वसुधैव कुटुम्बकम् हो एवं जिनका विश्वास सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया पर हो। ऐसे लोकप्रिय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में हमारी महिला सशक्तिकरण की परिचायक देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले बजट वर्ष 2023-24 पर अपने नेतृत्व एवं अपने दल के कारण मुझे अपनी बात को आज इस सदन में रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

महोदय, हम देशवासियों के लिए इससे सुखद क्षण क्या हो सकता है कि जब 2019 की मोदी सरकार में, वर्ष 2023-24 के बजट सत्र के प्रथम दिवस को जनजातीय समाज की गौरव, हम बहनों की सशक्त हस्ताक्षर, राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर आसीन माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा सम्बोधित किया गया हो। सभापति महोदय, यह खुशी तब और दोगुनी हो जाती है, जब हमारे देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण कर हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे होते हैं। इस बजट के माध्यम से हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश स्वर्णिम काल में प्रवेश करके, समृद्ध राष्ट्र के रूप में पुन: विश्वगुरू बनकर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रभाव को स्थिर रख सके। 100 वर्षों में आए कोविड संक्रमण काल के बाद जब विश्व के बड़े देशों की आर्थिक विकास दर कम हो रही थी, तब हमारे देश की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत हम सबके समक्ष दिखाई देती है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें नम्बर से हटकर 5वें नम्बर पर पहुंचकर हम सबको गौरवान्वित कराती है। आज कठिन वैश्विक चुनौतियों के बीच में भी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की जी-20 की अध्यक्षता विश्व आर्थिक व्यवस्था में भारत को सशक्त बनाने का एक बड़ा मौका है।

आदरणीय सभापति महोदय, किसी देश और राज्य के सुव्यवस्थित संचालन व उत्थान के लिए वेदों में कहा गया है कि प्रजा को सुखी रखने की नीति बनाना व लागू करना ही राजा का धर्म है। प्रजा के सुख में ही राजा का संतोष होना चाहिए। वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर विराजमान, जिन्होंने देश की देवतुल्य जनता का विश्वास जीता, ऐसे हमारे नेता व देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अमृत काल वर्ष 2023-24 में सप्तर्षि बजट की जो परिकल्पना, उसका मूल उद्भव, मूल धारा से जोड़कर वंचितों का उत्थान करना, युवाओं की क्षमता को देश निर्माण के लिए लगाकर भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाना, पूरे जीवन संघर्ष के बाद सम्मान व खुशहाल जीवन की चाह रखने वाले हमारे बुजुर्गों को निश्चिन्तता के साथ जीने का अवसर देना और नारी शक्ति को सशक्त बनाकर देश को नया आयाम देने के यज्ञ में सहभागी बनाना है। सम्माननीय सभापति महोदय, हमारे भारत देश की मूल पहचान गांवों और किसानों से है। हमारी सरकार के चरणबद्ध तरीकों से किसानों के लिए पिछले 9 वर्षों में किए गए काम आप सबके समक्ष हैं। उसी दिशा में सोच को आगे बढ़ाते हुए किसानों के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये का जो बजट इस वित्तीय वर्ष के लिए तय हुआ है, वह पर्याप्त बजट के रूप में हम सबके समक्ष है। हमारी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए अपने इरादे सबके समक्ष दिखाए हैं। किसान भाइयों की मूल समस्या रबी और खरीफ की फसलों की जुताई, बुवाई, खाद एवं सिंचाई की लागत रहती है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान बजट में हमारी सरकार ने कृषि ऋण के लिए 20 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। यह अपने आप में अभूतपूर्व कदम है। इससे पहले किसी अन्य सरकार ने किसानों के लिए इतने बड़े बजट की व्यवस्था कभी भी नहीं की है। सभापति महोदय, मैं इसमें एक बात जरूर जोड़ना चाहूंगी कि हमारे मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने किसानों के लिए पर्याप्त चिन्ता की है और प्रधानमंत्री जी के द्वारा बनाई गई योजनाओं में अपने सामर्थ्य को जोड़कर, कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने का प्रयास किया है। इसका जीवन्त उदाहरण किसान सम्मान निधि है, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी किसान भाइयों को 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। उसमें उन्होंने 4 हजार रुपये जोड़कर, 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष देने की व्यवस्था करके किसानों का सम्मान बढ़ाया है।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने जिस संवेदना के साथ किसानों की छोटी से छोटी आवश्यकताओं व पीड़ाओं को समझा है, वह दर्शाता है कि उनके मन में गांव, गरीब और किसान के लिए कितनी आत्मीयता है। खादी एण्ड विलेज इंडस्ट्री जैसी जो हमारी छोटी-छोटी योजनाएं हैं, जिनके लिए हमारे इस बजट में एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, निश्चित रूप से यह उस बात का परिचायक है।

सभापति महोदय, हमारी सरकार ने इस समावेशी बजट में हर क्षेत्र के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों की चिंता की है। अगर हम बात करें तो दूरस्थ एवं वनांचल में रहने वाले वंचित आदिवासी जनजातीय भाई-बहनों की तो इस बजट में उनके जीवन में उत्थान व सशक्तिकरण के लिए सरकार दृढ़संकल्पित है। 'प्रधान मंत्री आवास योजना' से सभी को मकान, 'जल जीवन मिशन' से ऐसे सभी लोगों को शुद्ध पेयजल, एकलव्य विद्यालय को अधिक संसाधन युक्त बनाकर बच्चों को शिक्षा का अधिकार व उनके स्वास्थ्य की बेहतरी की दिशा में एनीमिया मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2047 तक लक्ष्य बनाकर सुव्यवस्थित खुशहाल जीवन को देने की कटिबद्धता, ये सब सरकार ने अपने इस बजट में दर्शाया है, जो हमारे देश के लिए बेहद गौरवजनक विषय है।

आदरणीय सभापति महोदय, एक लाइन संस्कृत में लिखी हुई है, मैं उसको यहां पर पढ़ना चाहूंगी। 'नारी अस्य समाजस्य, कुशल वास्तुकारा अस्ति।' महिलाएं हमारे समाज की आदर्श शिल्पकार हैं। नारी के सशक्तिकरण में ही समाज का सशक्तिकरण है। भारतीय संस्कृति में नारियों के सम्मान को ईश्वर की प्रसन्नता से जोड़कर परिभाषित किया गया है। मुझे बड़े गर्व की अनुभूति हो रही है कि मैं जिस बजट के समर्थन में बोल रही हूं, वह हमारे इस सदन की वरिष्ठ सांसद एवं हम सबकी बड़ी बहन, हमारे देश की वित्त मंत्री माननीय निर्मला सीतारमण जी के द्वारा ही बनाया गया बजट है। यह अपने आप में नारी की सशक्तिकरण का अनुपम प्रस्तुतीकरण है। इसी के साथ मैं यह सम्बद्ध करना चाहती हूं कि यह बजट और भी अधिक विशिष्ट इसलिए माना जाता है, क्योंकि इस बजट की सृजक एक भारतीय नारी है। भारतीय नारी तो हमेशा से बजट की निर्माता रही है। सामान्य से सामान्य परिवार में घर चलाने के लिए अर्थतंत्र की बागडोर महिला के हाथ में ही होती है। वह जिस तरह से परिवार के प्रत्येक सदस्य की आवश्यकताओं, खुशियों के साथ भविष्य की योजनाओं, परिवार की सुरक्षा, सीमित संसाधन के बीच

में समन्वय बनाती है और परिवार को एक आदर्श परिवार बनाकर समाज में सम्मान दिलाती है, उसी तरह इस बजट में माननीय प्रधान मंत्री जी की राष्ट्र संचालन परिकल्पना को हमारी निर्मला दीदी ने उकेरते हुए इस देश के लिए एक-एक व्यक्ति व राष्ट्र के सम्मान को इस बजट के माध्यम से एकीकृत किया है।

आदरणीय सभापति महोदय, हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए बजट में अपनी पूरी चिंता और सुनिश्चितता हम बहनों के लिए जताई है, लेकिन मैं यहां पर थोड़ा सा विषय रखना चाहूंगी। जब मैं महिला सशक्तिकरण की बात करती हूं तो निश्चित रूप से यह तुलना का विषय बनता है। जब मैं यूपीए सरकार के बारे में बात करती हूं तो सबसे पहले मैं साक्षरता दर पर आती हूं। वर्ष 2015-16 में साक्षरता दर 68.4 प्रतिशत थी, आज के समय जब हम इसका आकलन करते हैं, जो हमारी महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष बिंदु है, वह 71.5 प्रतिशत पाई जाती है। आज जब बच्चों के जन्म की बात होती है, मैं एक गांव से संबंध रखती हूं और मैं देखती हूं कि सरकार की इतनी सारी योजनाएं बनाए जाने के बाद भी स्थाई रूप से उनका संचालन करने की जिम्मेदारी करीब-करीब सभी पर निर्भर करती है। बच्चों के संस्थागत जन्म की जो जिम्मेदारी थी, उसे यूपीए सरकार ने गैर जिम्मेदाराना एक विषय और आंकड़े के रूप में प्रस्तुत किया है, उस समय वह 78.9 प्रतिशत थी, लेकिन अब हमारी सरकार में 88.6 प्रतिशत हो गई है। महोदय, एनडीए सरकार में वित्त मंत्रालय द्वारा वर्तमान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए जो बजट आवंटन किया गया था, क्योंकि यह विशेष बिंदु है, मुझे इस बात को रखना अत्यंत आवश्यक है, आज हमारी सरकार ने इस मंत्रालय के लिए 25 हजार 948.75 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है, लेकिन तब यूपीए की सरकार में यह बजट सिर्फ 18 हजार 285.65 करोड़ रुपये आवंटित किया गया था।

आप जानते हैं कि किसी भी विषय में इतने कम बजट को एलॉट करना इस बात का परिचायक होता है, इस बात को चिन्हित करता है कि हम उसके लिए कितने संवेदनशील हैं। अगर मैं आज आकांक्षी जिलों के बारे में कहूं तो निश्चित रूप से मैं भी एक आकांक्षी जिले से ही आती हूं, जिसमें 40 हजार सक्षम आंगनवाड़ियों की पहचान कर ली गई है और 9.84 करोड़ रुपए देकर लाभार्थियों को

पोषण ट्रैकर से जोड़ा गया है। सभापति महोदय, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने मिशन शक्ति को वर्ष 2022 में लाँच किया था। इससे बहनों को नया संबल और सामर्थ्य मिला है।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: More than 15 Members are there to speak on the Budget from your Party. You have to accommodate them also.

**श्रीमती रीती पाठक :** मुझे थोड़ा समय चाहिए।

महिला ई-हाट लाँच किया गया है। इस बजट में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का काम सुनिश्चित किया गया है। इससे हमारी बहनें अपने-आप को सशक्त और संबल महसूस करती हैं। मैं इसमें अपने विषय को जोड़ना चाहूंगी कि लाडली-लक्ष्मी योजना, जिसमें 41 लाख से अधिक लाडलियां लाभान्वित हुई हैं। हमारे माननीय मुख्य मंत्री शिवराज चौहान जी की सोच से यह योजना संचालित हुई है। 42 जिलों में बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ जैसी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, इसको तीसरे स्थान का पुरस्कार भी मिला है। कोविड काल में हुए अनाथ बच्चों को इन योजनाओं से जोड़ा गया है। गांव की बेटी जैसी योजनाए हैं।…(व्यवधान) हमारे माननीय मुख्यमंत्री शिवराज चौहान जी के द्वारा अभी एक योजना लाँच की गई है। इस योजना का नाम लाडली-बहना योजना है। मैं महिला सशक्तिकरण के बारे में बात कर रही हूं, इसलिए मुझे बोलने के लिए थोड़ा और समय दे दीजिए। लाडली-बहना योजना एक ऐसी योजना है, जिसे पूरे देश में पहली बार हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी ने लाँच किया है। …(व्यवधान) मैं अपनी बात को पांच-सात मिनट में खत्म करूंगी।

**HON. CHAIRPERSON:** You have taken 15 minutes. Please conclude within a minute.

**श्रीमती रीती पाठक :** सर, आप मुझे बोलने के लिए पांच मिनट का समय और दे दीजिए। …(व्यवधान) सर, मैंने आपसे पहले रिक्वेस्ट किया था, मुझे पांच मिनट और समय चाहिए।

पूरे देश में यह योजना पहली बार बनाई गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि हर बहनों के खातों में एक हजार रुपए प्रति माह आएंगे और साल में 12 हजार रुपए उनके खातों में आएंगे। हमारी बहनों के सशक्तिकरण को कोई रोक नहीं सकता है।

आदरणीय सभापति महोदय, मैं अपनी बात को एक छोटे-से वृतांत के रूप में कहना चाहूंगी। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं। निश्चित रूप में हम सभी जनता के कामों के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। निश्चित रूप से मेरा कार्य मेरी योजना के तहत मेरे पंचायतों में भ्रमण के स्तर हमेशा चलता रहता है और यह हम सभी जनप्रतिनिधियों का चलता है। मैं उससे जुड़ा हुआ एक विषय इस सदन में साझा करना चाहती हूं। जब मैं एक बार क्षेत्र भ्रमण के लिए निकली और अपना कार्यक्रम खत्म किया। उसके बाद अपने कार्यकर्ता और अपने भाइयों-बहनों से मिल रही थी, तो वहां पर एक महिला आई। मैं इस बात को इसलिए कहना चाहूंगी कि इस बजट का पूरा स्वरूप इस बात, इस विषय पर निर्भर करता है। उसने यह कहा कि मैं आपके लिए कुछ लेकर आई हूं और आपसे मिलना चाहती हूं। कार्यकर्ता उन्हें लेकर मेरे पास आए। मैंने उनसे पूछा कि आपका क्या काम है? उन्होंने कहा कि मेरे पास आपके लिए कुछ काम नहीं है। आपने यहां अपनी उपस्थिति बहुत दूर से दी है, तो मैं केवल आपको एक उपहार देने के लिए आई थी। यह मेरा गांव है। मैं गांव के दूसरे कोने में रहती हूं। मैंने उनसे पूछा तो उन्होंने कुछ भी नहीं बताया, उनके आंख में आंसू आ गए। मेरे कार्यकर्ताओं ने मुझे उनके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर कठिनाई की दौर से गुजरी हुई महिला है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार की सारी योजनाओं ने इनके जीवन को परिवर्तित करके रख दिया है। उनके पति को लकवा मार गया था और वह बेहद गंभीर बीमारी से ग्रस्त भी थे। उनके दो बच्चे थे। वह कच्चे मकान में रहती थी।…(व्यवधान) सर, मैंने पांच मिनट का समय मांगा है।…(व्यवधान)

उसके बाद उन्होंने बताया कि हमें सरकार की सभी योजनाओं से लाभ मिला। आयुष्मान कार्ड के तहत उनके पति का इलाज हुआ। उनकी दोनों बच्चियों का उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन हुआ। आज वह शहर में रह कर उनको पढ़ा रही हैं। सासु मां के विधवा पेंशन से उनके जीवन को आगे चलाने का स्तर बढ़ा।

इस विषय के बारे में मैंने इसलिए यहाँ पर कहा, क्योंकि हरेक जनप्रतिनिधि, जो यहाँ पर सांसद के रूप में बैठे हैं, वे किसी न किसी तरह से केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्रभावित हैं। मैं ऐसा मानती हूँ कि जब वे अपने क्षेत्र में जाते हैं, तो सरकार की योजनाएं, उनके वोट बैंक को प्रभावित करती हैं। मैं केन्द्र सरकार को और श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को इस बजट के लिए धन्यवाद देती हूँ, जिन्होंने इस बजट के माध्यम से एक बेहतर जीवनयापन का प्रावधान किया है। यह चुनावी बजट नहीं है। वर्ष 2047 में आज़ादी के सौ वर्ष पूरे होने वाले हैं, यह उसका बजट है।

माननीय सभापति जी, किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना बिना उन्नत यातायात के साधनों के संभव नहीं हो सकती है। इस दिशा में, हमारी सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त किये हैं। वर्ष-दर-वर्ष का कार्य-लक्ष्य बनाकर सड़क, रेलवे और हवाई क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को शीर्षस्थ स्थान तक पहुंचाया गया है। इस वर्ष बजट में राजमार्गों के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 38 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 2 लाख 58 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसी तरह से, रेलवे के बजट में 75 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए, वर्ष 2023-24 के बजट में 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगी कि मेरे क्षेत्र के तहत विकास हेतु ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के लिए 7 सौ करोड़ रुपए और दोहरीकरण के लिए 400 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

माननीय सभापति जी, मैं अब अपनी बात समाप्त करने जा रही हूँ। लेकिन मैं इस बात को यहाँ पर रखने से स्वयं को नहीं रोक सकती हूँ। मैं गौरवान्वित हूँ और माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का आभार भी व्यक्त करती हूँ कि भारत देश की सबसे चौड़ी और देश का हृदय-स्थल मेरे प्रदेश के सबसे लम्बे राजमार्ग एनएच 39 पर, मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी जिले व पड़ोस के संसदीय क्षेत्र रीवा के बीच सुरंग बनाई गई है। मोहनियाँ घाटी पर अवस्थित यह टनल 2300 मीटर लम्बी है और यह छ: लेन की है। एक करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई टनल वर्ष 2022 में जनता को समर्पित की गई है।

माननीय सभापति महोदय, मैं अपनी सरकार को धन्यवाद करना चाहती हूँ। मैं आपका भी धन्यवाद करना चाहती हूँ।

महोदय, मैं अब समापन बिन्दु तक आ गई हूँ... (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Hon. Member, please conclude. You have taken more than 18 minutes. 15 members are also there from your party to speak. Please conclude now. Otherwise, I will be compelled to call the name of other hon. Member.

**श्रीमती रीती पाठक :** महोदय, यदि समेकित रूप में कहें, तो अमृत काल वर्ष 2023-24 के इस सप्तऋषि बजट में उदार हृदय से सभी वर्गों व सभी क्षेत्रों की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाले कामधेनु बजट की झलक भी है, तो माँ भारती की रक्षा में तटस्थ वीर की तरह देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली आवश्यक गतिविधियों को पूर्ण करने वाली पराक्रमी बजट की झलक भी है।

इस बजट में जनता के लिए माँ के वात्सल्य की आहट भी है, तो राष्ट्र-निर्माण के लिए पिता के कर्तव्य-बोध का अनुशासन भी है। यह बजट युवाओं के भविष्य का बजट है, यह बजट बुज़ुर्गों की आशाओं का बजट है, यह बजट महिलाओं के अस्तित्व की स्वीकार्यता का बजट है, यह बजट किसानों के चेहरे पर मुस्कान की सुनिश्चितता का बजट है, यह बजट वंचितों के जीवन की महत्ता पहचानने का बजट है, यह बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में नींव का पत्थर है, जिसके आधार पर विकसित राष्ट्र की संरचना आकार ले रही है।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

**डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (सम्भल):** मैं एक शेर के साथ अपनी बात शुरू करना चाहता हूँ।

हमारी बर्बादियों पर मुस्कराओ न चमन वालों,
गुजरनी एक दिन सिर से तुम्हारे भी क़यामत है।

वर्ष 2023-24 का जो जनरल बजट पेश किया गया है, मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि खास तौर से मुसलमानों के लिए इसमें कोई जिक्र नहीं किया गया है।

इसमें मुसलमानों के लिए कोई बात नहीं कही गई। … (व्यवधान) मुसलमान भी इसी देश के रहने वाले हैं। … (व्यवधान) मुसलमानों ने भी इस देश को अंग्रेजों से छुड़ाने में किसी से कम कुर्बानी नहीं दी है। … (व्यवधान) मैं बताना चाहता हूं कि मरकज़ी-हुकूमत ने अकलियतों के लिए मजमूई तौर पर 38 फीसदी से ज्यादा की कमी कर दी है। … (व्यवधान) दूसरी तरफ, मेरिट, स्कॉलरशिप में भी 87 फीसदी तक कमी कर दी गई है, जिससे मुल्क-ए-मुसलमानों पर खास तौर पर गहरा असर पड़ा है, लिहाजा प्रधान मंत्री जी का नारा 'सबका साथ, सबका विकास' बेअसर साबित हुआ, गलत साबित हुआ। … (व्यवधान) जबकि अकलियती उमूर की मरकज़ी-हुकूमत ने माइनॉरिटी स्टूडेंट्स के लिए मौलाना आजाद फेलोशिप स्कीम के अलावा तालीम के हक का हवाला देते हुए आठवें क्लास तक स्कॉलरशिप को बंद करने का ऐलान किया था। इस पर मुस्लिम दानिशवरों ने अपनी राय का इज़हार किया, अफसोस जाहिर किया।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस पर कोई तवज्जो नहीं दी गई, लेकिन इस बार हुकूमत ने गुज़िश्ता माली साल के मुकाबले सन् 2023-24 के लिए अकलियती उमूर की विज़ारत के लिए बजट की रकम को 38 फीसदी कम कर दिया है।

इसको 3,097 करोड़ रुपए कर दिया गया, जबकि गुज़िश्ता माली साल में अकलियती उमूर की विज़ारत को 5,020 करोड़ रुपए फंड दिया गया था, लेकिन नज़र-ए-सानी करने के बाद इस साल 2,612 करोड़ रुपए कर दिया गया। यानी मुस्लिम अकलियतों के लिए बिल्खुसुस फंड में इजाफा करने के बजाए फंड में बेहद कमी कर दी गई है।

मुझे अफसोस के साथ यह जाहिर करना पड़ रहा है कि यह देश मुसलमानों का भी है। मुसलमानों ने इस देश के लिए कुर्बानी दी है और आगे भी देंगे, इंशा अल्लाह। अगर खुदा-न-खास्ता

कोई वक्त आया, तो मुसलमान किसी से पीछे नहीं रहेगा। ... (व्यवधान) दोस्तों, इन हालातों में मुसलमानों को इग्नोर करना और उनका कोई ज़िक्र नहीं करना, यह बहुत ही अफसोस की बात है। इससे नफरत झलकती है। इस बात से नफरत की हिंदू-मुस्लिम पॉलिसी झलकती है कि मुसलमानों को खास तौर से नजरंदाज किया जा रहा है। ... (व्यवधान) हम इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस देश में रहने के बाद हम किसी भी कीमत पर अपने हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे, लड़ी है और हमेशा लड़ते रहेंगे।

खुदा हाफ़िज।

**[ڈاکٹر شفیق الرحمٰن برق (سنبھل) : محترم چیرمین صاحب، میں ایک شعر کے ساتھ اپنی بات شروع کرنا چاہتا ہوں۔**

**ہماری بربادیوں پر مسکراؤ نہ چمن والوں**
**گزرنی ایک دن سر سے تمہارے بھی قیامت ہے**

**سال 2023-24 کا جو جنرل بجٹ پیش کیا گیا ہے، مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑ رہا ہے کہ خاص طور سے مسلمانوں کے لئے اس میں کوئی ذکر نہیں گیا ہے۔ اس میں مسلمانوں کے لئے کوئی بات نہیں کی گئی ہے (مداخلت)۔ مسلمان بھی اسی ملک کے رہنے والے ہیں (مداخلت)۔ مسلمانوں نے بھی اس ملک کو انگریزوں سے چھُڑانے میں کسی سے کم قربانی نہیں دی ہے۔ (مداخلت)۔ میں بتانا چاہتا ہوں مرکزی حکومت نے اقلیتوں کے لئے مجموعی طور پر 38 فیصد سے زیادہ کی کمی کر دی ہے۔ (مداخلت)۔ دوسری طرف میرِٹ اسکالرشِپ میں بھی 87 فیصد تک کمی کر دی گئی ہے، جس سے ملک کے مسلمانوں پر خاص طورسے گہرا اثر پڑا ہے، لہٰذا وزیرِ اعظم کا نارہ سب کا ساتھ، سب کا وِکاس بے اثر ثابت ہوا، غلط ثابت ہوا۔ (مداخلت)۔ جبکہ اقلیتی امور کی مرکزی حکومت نے مائینوریٹی اسٹوڈینٹس کے لئے مولانا آزاد فیلوشِپ اسکیم کے علاوہ تعلیم کے**

حق کا حوالہ دیتے ہوئے آٹھویں کلاس تک اسکالرشِپ بند کرنے کا اعلان کیا تھا۔ اس پر مسلم دانشوروں نے اپنی رائے ظاہر کیا، افسوس ظاہر کیا۔

میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس پو کوئی توجہ نہیں دی گئی، لیکن اس بار حکومت نے گزشتہ مالی سال کے مقابلے سال 2023-24 کے لئے اقلیتی امور کی وزارت کے لئے بجٹ کی رقم کو 38 فیصد کم کر دیا ہے۔

اس کو 3097 کروڑ کر دیا گیا، جبکہ گزشتہ مالی سال میں اقلیتی امور کی وزارت کو 5020 کروڑ روپئے فنڈ دیا گیا تھا، لیکن نظرِ ثانی کرنے کے بعد اس سال 2612 کروڑ روپئے کر دیا گیا۔ یعنی مسلم اقلیتوں کے لئے بالخصوص فنڈ میں اضافہ کرنے کے بجائے فنڈ میں بے حد کمی کر دی گئی ہے۔

مجھے افسوس کے ساتھ یہ ظاہر کرنا پڑ رہا ہے کہ یہ ملک مسلمانوں کا بھی ہے۔ مسلمانوں نے اس ملک کے لئے قربانی دیں ہیں اور آگے بھی انشا اللہ دیں گے۔ اگر خدا نہ خواستہ کوئی وقت آیا تو مسلمان پیچھے نہیں رہے گا۔ (مداخلت) دوستوں ان حالات میں مسلمانوں کو اِگنور کرنا اور ان کا کوئی ذکر نہیں کرنا، یہ بہت ہی افسوس کی بات ہے، اس سے نفرت جھلکتی ہے۔ اس بات سے نفرت کی ہندو۔مسلم پالیسی جھلکتی ہے کہ مسلمانوں کو خاص طور سے نظر انداز کیا جا رہا ہے۔ (مداخلت)۔ ہم اس بات کو برداشت نہیں کریں گے۔ اس ملک میں رہنے کے بعد ہم کسی بھی قیمت پر اپنے حق کے لئے لڑائی لڑیں گے، لڑی ہے اور ہمیشہ لڑتے رہیں گے۔ خُدا حافظ۔

(ختم شُد]

**श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर) :** सभापति जी, थैंक-यू, आपने मुझे बजट के ऊपर हो रही चर्चा में बोलने का मौका दिया।

सर, जब सीतारमण मैडम बजट पेश कर रही थीं, तो उसके जादुई आंकड़े थे, जो कि देखने में बहुत अच्छे लगते हैं, लेकिन जब धरातल पर उतरेंगे, तो उनका असर और तरह का रहता है। जब बजट पेश होता है, तो उसमें हमारा सबसे ज्यादा ध्यान, जो नौजवान पीढ़ी है, जिसे देश को आगे लेकर जाना है, उसके ऊपर होना चाहिए।

इसके साथ-साथ कल जब प्राइम मिनिस्टर जी बोल रहे थे, तो उनका बड़ा दिल होना चाहिए था। बड़ी बात – बड़ा दिल, इससे बड़ी कोई उपाधि नहीं है। प्राइम मिनिस्टर सबसे ऊपर रहते हैं। मैं उनके ऊपर एक शेर के माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं –

दिल बदला, हवा बदली, निज़ाम-ए-जिंदगी बदला
सुकूं मिलता जहां दिल को, न अब तक वो मुकाम आया।

प्राइम मिनिस्टर साहब का दिल भी बदल गया, हवा भी गुजरात से दिल्ली आ गई, दिल्ली से अमेरिका चली गई। निज़ाम-ए-जिंदगी बदला, वे 12 लाख का सूट पहन रहे हैं, 800 करोड़ रुपए के जहाज पर सफर कर रहे हैं। सुकूं मिलता जहां दिल को, न अब तक वो मुकाम आया - अब इसके आगे आपको क्या चाहिए?

आपने कल कहा कि विपक्ष आपको गाली देता है। प्राइम मिनिस्टर साहब, विपक्ष ही नहीं, आपको कोई भी आदमी गाली नहीं दे सकता, आप हमारे भी प्राइम मिनिस्टर हैं।

सभापति जी, कोई आदमी प्रधान मंत्री के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं कर सकता है, आप हमारे भी प्रधान मंत्री हैं, लेकिन आपको आलोचना तो सुननी पड़ेगी। यदि आप हाउस में आलोचना भी नहीं सुनेंगे और उसे गाली का नाम देंगे, यह हमें बहुत बुरा लगा है। हम आपको आश्वासन देते हैं कि देश का कोई आदमी आपको गाली नहीं निकाल सकता है।

महोदय, इस बजट को अमृत बजट का नाम दिया गया। मैं आपका ध्यान नौजवान पीढ़ी की तरफ ले जाना चाहता हूं। आज की पीढ़ी को 'अमृत पीढ़ी' का नाम दिया गया। अमृत पीढ़ी की बेरोजगारी की दर वर्ष 2018-19 में पांच प्रतिशत थी और वर्ष 2020-21 में 4.2 प्रतिशत थी, लेकिन

जो सैंटर मोनिटरिंग ऑफ इंडिया है, उसके मुताबिक वर्ष 2021-22 की बेरोजगारी दर 7.1 परसेंट है और मान कर चलिए कि आज सबसे ज्यादा नौजवान बेरोजगार हैं। बेरोजगार नौजवानों का शोषण हो रहा है। जब पेपर दिए जाते हैं तो वह लीक हो जाता है। एक हजार पोस्ट निकलती है, तो दस-दस लाख लोग उसके लिए एप्लाई करते हैं, चाहे राजस्थान हो, बिहार हो या देश का कोई भी राज्य हो। जॉब मिलना तो दूर की बात है लेकिन यदि कहीं जॉब मिल भी जाती है तो वह बाद में कैंसिल कर दी जाती है। आप केंद्र की सरकार हैं, आप ऐसा मैकेनिज्म डेवलप कीजिए कि देश के नौजवानों के साथ खिलवाड़ न हो। देश का नौजवान सुबह से लेकर शाम तक एक्सरसाइज करता था और उसका ध्यान था कि आर्मी में भर्ती हो जाएंगे। अब वह भी प्राइवेट हो रही है और अग्निवीर बन रहे हैं। हम अंडर डेवलप्ड कंट्री हैं। हमारे समाज में बहुत कुरीतियां हैं। मैं रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि नौजवानों को सही तरीके का आइना दिखाएं कि यह देश की स्थिति है। मकान चाहे जितना बड़ा बना लीजिए, यदि उसकी नींव मजबूत नहीं होगी, तो अच्छा मकान नहीं बन सकता है।

महोदय, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना में आपने कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक थ्री डी पेंटिंग, ड्रोन आदि की बात कही है और नौजवानों को इनमें स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। मैं कहना चाहता हूं कि वर्ष 2015 में स्किल इंडिया बना था। कितने लोग कामयाब हुए, कितनों को रोजगार मिला, इसके कोई आंकड़े नहीं हैं। वर्ष 2017 में जेटली जी ने बजट पेश किया था कि 100 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर्स बनेंगे लेकिन पहले सेंटर का उद्घाटन 16 अप्रैल, 2022 को धर्मेन्द्र प्रधान जी भुवनेश्वर में करके आए। जिन नौजवानों की बात हम संसद सत्रों में करते हैं और दिखाते हैं कि भारत का यह भविष्य होगा और वर्ष 2022 से 2027 की बात करते हैं और कहते हैं कि अमृत काल चलेगा, तो मैं कहना चाहता हूं कि पहला स्किल सेंटर आपका छह साल में एक बनता है, तो नौजवान कैसे कौशल विकास में आगे बढ़ेंगे। इससे ब्रेन ड्रेन हो रहा है। 11 लाख विद्यार्थी बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं। आपका स्टडी का बजट 2.4 लाख करोड़ रुपये का है लेकिन देश के बच्चे बाहर पढ़ने जाते हैं और वहां फीस देते हैं, जिसमें पंजाब से भी करीब 35 हजार करोड़ रुपये की फीस विदेश में जा रही है और वह पीढ़ी वहीं सैटल हो जाएगी। जब वह पीढ़ी बाहर सैटल हो जाएगी तो अच्छा ब्रेन देश

से बाहर सैटल हो जाएगा तो देश का विकास कैसे होगा। हमें उन्हें रोकना होगा। पंजाब गुरुओं की धरती के नाम से जाना जाता है। देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा हिस्सा पंजाब ने दिया है। जब अन्न की जरूरत हुई तब और देश की आजादी से पहले 80 परसेंट कुर्बानियां, जो रस्सियां गले में डालीं, वे पंजाब के लोग हंस कर फांसी पर चढ़े। पंजाब के ऊपर सबसे ज्यादा कर्जा 3 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। अभी हमारे अकाली दल के साथ बोल कर गए हैं, पंजाब पर जो कर्ज है, वह हमारे लिए खतरा है नहीं तो जो हमारा नौजवान बार्डर पर लड़ता है, वह कहां से लेकर आएंगे, क्योंकि आज हमारे पंजाब के नौजवान विदेशों में जा रहे हैं।

सर, उसके आगे मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब में बेरोजगारी की दर बढ़ रही है। ड्रग्स की बड़ी समस्या है, जिस पर कुछ नहीं बोला गया। सारे देश में इंडस्ट्रीज आ रही हैं, लेकिन पंजाब में कोई भी इंडस्ट्री नहीं आ रही है। आपने एसईजेड हिमाचल में दे दिया है, जम्मू में दे दिया है। हमारी जो इंडस्ट्री है, वह भी वहां चली गयी है। क्या पंजाब को एसईजेड की जरूरत नहीं है? बॉर्डर एरियाज में भी बड़े मुश्किल हालात हैं। वहां एंटी ड्रोन सिस्टम सेट करना है।

**HON. CHAIRPERSON**: Aujla Ji, please conclude. Some more Members have to speak from your Party.

**श्री गुरजीत सिंह औजला :** सर, बंदी लोगों का मसला है। जो संविधान के तहत सजा पूरी कर चुके हैं, तो आप तो मानेंगे कि उन्हें छोड़ना होगा, लेकिन उनको भी नहीं छोड़ रहे। जिनकी सेहत खराब है, उनको तो छोड़ दीजिए। इसके स्थान पर हो यह रहा है कि बाबा राम रहीम को छोड़ा जा रहा है। वे लोग जिन पर रेप के आरोप हैं…

**HON. CHAIRPERSON**: Please wind up. You have already taken 10 minutes.

**श्री गुरजीत सिंह औजला :** सर, थोड़ा टाइम दीजिए। रेपिस्ट को छोड़ा जा रहा है, जिससे हमारा माहौल खराब हो रहा है। इनके लोग जाकर उनके सामने नतमस्तक हो रहे हैं। उन पर बड़े ब्लेम हैं।

**HON. CHAIRPERSON**: You confine yourself to the Budget, and conclude within a minute. Otherwise, I will call the next Member.

**श्री गुरजीत सिंह औजला:** सर, उसमें भी हमारे पैसे लगते हैं। वह भी हमारे बजट का सिस्टम है। बॉर्डर एरिया, दरिया पार एक भी अच्छा हॉस्प्टिल नहीं है। अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट तक एम्स हॉस्प्टिल चाहिए। सबसे ज्यादा स्पोर्ट्समेन अमृतसर से पैदा हुए हैं। कनाडा की फ्लाइट मांगते हुए हमें कितना समय हो गया है? अत: टोरंटो के लिए डायरेक्ट फ्लाइट होनी चाहिए।

**HON. CHAIRPERSON:** You finish within a fraction of second. You come to your last point.

**श्री गुरजीत सिंह औजला :** सर, स्मार्ट सिटी के लिए कितना पैसा दिया गया? रीवो ब्रिज बनने वाला है। हमारे अमृतसर में बहुत परेशानी है। मेरी इतनी विनती है कि अमृतसर, जो बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट है, पंजाब से ज्यादा बॉर्डर इसका पाकिस्तान से लगता है। इसे एक अच्छा एसईजेड दीजिए, जो कर्ज है, वह माफ कीजिए। चंडीगढ़ पंजाब को दीजिए, पानी के मसले हल कीजिए। पूरा पंजाब देश के साथ खड़ा है।

*** SHRI K. SUBBARAYAN (TIRUPPUR):** Hon Chairman Sir, Vanakkam. As it is said when the doom approaches one's intellect works against his best interest, same is the case with BJP. This was the feeling when Prime Minister yesterday replied to the discussion on the Motion of Thanks to Hon. President's Address. He said the People of this country are protecting and shielding him and opposition could do nothing. Like Sita deceived by the golden deer Maricha, the people who were deceived by the gimmicks of BJP have now become aware of the truth. Therefore I wish to state that the punishment judgment for BJP will very soon be pronounced. If you want to understand the functioning of BJP during the last 8 years, I wish to remind you the statement made by the then Finance Minister Shri Arun Jaitley while presenting the General Budget in the year 2014. He said and I

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

quote. “Our policy is to have a conducive atmosphere for the free flow of FDI in India.” BJP’s policy is to create conducive environment for FDI and the corporate companies to engage in business in India without any hindrance.

**17.58 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

This has taken place during the last 8 years. The present Government during the last 8 years have converted 44 laws into just 4 laws and have taken away even the small benefits extended by the laws that existed before. Rural areas of the county are very much affected. During the last 8 years lakhs of people have migrated to urban areas from the rural areas. What is the reason for this? Due to the urbanisation the rural areas are loosing their importance. This Government has not understood the consequences; rather it should try to understand. I blame this present Government for its worst economic policies and anti-farmer policies which are the reasons for the debacle faced by rural India, MSMEs. Textile Industry provided major employment opportunities next to MSMEs. MSMEs provide 92 per cent employment in India. Why can’t you exempt MSMEs from GST?

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, कृपया आप एक सेकेंड के लिए रूकिए।

माननीय सदस्यगण, 6 बज रहे हैं, यदि सदन की सहमति हो तो 2 घंटे के लिए सदन का समय बढ़ा दिया जाए।

**कई माननीय सदस्य :** महोदय, ठीक है।

**माननीय सभापति :** ठीक है। माननीय सदस्य, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**कई माननीय सदस्य :** सर, दो घंटे में कुछ नहीं होगा।… (व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य :** सर, 12 बजे तक कीजिए।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अभी दो घंटे किया है, बाद में देखेंगे।

माननीय सदस्य आप बोलिए।

***SHRI K. SUBBARAYAN:** Hon Finance Minister is very much aware of the fact that MSMEs provide 92 percent of employment in the country. I urge that MSMEs which provide major employment should be completely exempted from GST. Pump manufacturers and vest or banian manufacturing companies are in large numbers in my Tiruppur constituency and the neighbouring Coimbatore constituency. Lakhs of people are getting employment. I therefore request you to fulfil my demand for giving full exemption from GST to these companies. One year ago, this Government reduced the corporate tax by 10 per cent. This is evident to show that whom this Government wants to benefit. It is the corporates and no one else. Reduction of 10 per cent of corporate tax is a testimony to prove this. I urge upon you to levy a super tax of 70 per cent tax on the income of corporate companies. Not only I say, but it was also stated by a Nobel Laureate and an economic expert. If you make 70 per cent as tax rate for corporates then you need not levy any tax on MSMEs. I want you to do this. I also want to say 18 per cent is the GST rate for MPLADS funds provided by this Government for MPs. Only 4 Crore and 10 lakh rupees will be given as MPLADS funds to each MP in one year as against the claimed Rs. 5 Crore. For two years, during Corona, this fund was not even released. This 5 Crore rupees money is for the people's welfare schemes to be proposed by every MP under MPLAD Scheme. Why

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

should you levy 18 per cent GST?  Why can't you give GST exemption? I urge that MPLADS should be exempted from GST. Poor becomes poorer and the rich and corporate giants are becoming richer day by day. This is the outcome of the functioning of the present Government. There is no measure announced in this Budget for reducing this much widening gap.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

***SHRI K. SUBBARAYAN**: I will conclude in two minutes Sir. Similarly, there is a reduction of 33 per cent in the allocation of funds for MGNREGA. Those who are at the helm of affairs and claim to be the saviours of the poor, should have increased the allocation for MGNREGA by providing 200 man days of employment and a daily wage of Rs. 400. But instead of doing that this Government has reduced the fund allocation for MGNREGA. Within a minute I will conclude Sir. Please allow me. I wish to conclude by pinpointing the functioning of the Government. The Economic Advisor to Hon Prime Minister says that India will progress only when 10000 Ambanis and 20000 Adanis are created. Who said this? This is the statement of the Economic Advisor to the Hon Prime Minister. If people with such a mind-set are in the corridors of power, even if God is said to be alive, He cannot protect this country. With these words I conclude.

**माननीय सभापति :** श्रीमती संध्या राय जी, आप प्रारंभ कीजिए।

… (व्यवधान)

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

**श्रीमती संध्या राय (भिंड):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट की चर्चा पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं। संकल्प से सिद्धि तक, जनप्रिय बजट… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Nothing is going on record. Please sit down.

(*Interruptions*) …*

**माननीय सभापति :** श्रीमती संध्या राय जी, आप बोलिये।

**श्रीमती संध्या राय :** संकल्प से सिद्धि तक, जनप्रिय बजट सभी वर्गों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। बजट में अंत्योदयों का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है। देश में स्वतंत्रता के बाद विपक्ष अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ हमेशा छलावा करती रही, लेकिन कभी भी अंतिम छोर के व्यक्ति को अग्रिम पंक्ति में लाने की कोशिश नहीं की। लेकिन जब माननीय अटल जी की सरकार बनी और वर्ष 2014 से माननीय मोदी जी की सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को जोड़ते हुए हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार ने बजट में सभी वर्गों के कल्याण की दिशा में एससी, एसटी, ओबीसी व अन्य वर्गों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। हमारी सरकार ने लक्ष्य अंत्योदय, पंथ अंत्योदय, प्रण अंत्योदय के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए एससी, एसटी वर्गों को स्थायी समाधान मिले और उनके स्थायी सशक्तिकरण की दिशा में काम करने वाली सरकार के तौर पर काम किया है।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में एससी, एसटी वर्ग की महिलाओं, ग्रामीण बहनों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए 81 लाख स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का काम किया है। एक-एक टीम में 10-10, 11-11 बहनों की टीम रहती है। इससे हमारी कई बहनों को रोजगार के अवसर मिले हैं और वे अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रही हैं।

---

* Not recorded

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ परिवारों को शौचालय देने का काम किया गया है, जिसे हम इज्जतघर भी कहते हैं। स्वतंत्रता के बाद विपक्ष लगातार सत्ता में रहा, लेकिन कभी भी हमारी एससी वर्ग की बहनों की चिंता नहीं की गई। जब मैं सबसे पहले विधायक बनी थी, मैं ग्रामीण क्षेत्र से चुनकर आई थी तो मैंने देखा था कि हमारी माताएं एवं बहनें रोड्स पर या खेतों में लोटा लेकर जाती थीं। अगर इतनी महत्वपूर्ण बात की किसी ने चिंता की तो हमारे प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी ने की और आज हमारी अनुसूचित वर्ग की बहनों के घरों में शौचालय है, इज्जतघर है। इससे हमारी सरकार ने इन बहनों का आत्म-सम्मान बढ़ाने का काम किया है और उनका गौरव बढ़ाने का काम भी किया है।

सबसे ज्यादा प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के घर हुआ करते थे। कच्ची मिट्टी के घर हुआ करते थे, छत पर छान हुआ करती थी, सिर पर पक्की छत भी नहीं हुआ करती थी। हमारे अनुसूचित वर्ग के लोगों को घर देने का काम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत माननीय मोदी जी के माध्यम से किया गया है। हमारे गरीब वर्ग को, प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी के माध्यम से ऐसे 11.7 करोड़ परिवारों को शौचालय देने का काम हमारी सरकार ने किया है।

नल-जल योजना के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है। जब हम ग्रामीण क्षेत्र में जाते हैं तो कई ऐसे परिवार और कई ऐसे घर हैं, जहां दूर से हमारी मातृशक्ति सिर पर एक-एक, दो-दो घड़े रखकर अपने घरों के लिए पानी ले जाया करती थीं। आज उन सबसे उनको निजात मिलेगी और आज प्रत्येक घर में नल से पानी पहुंचाने का काम हमारी मोदी जी की सरकार ने किया है।

उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ गैस कनेक्शन देने का काम हमारी सरकार ने किया है। आज तक लगातार विपक्ष सरकार में रहा, लेकिन कभी भी एससी वर्ग, गरीब वर्ग की चिंता नहीं की। माननीय मोदी जी के माध्यम से सबसे ज्यादा लाभ इसमें अनुसूचित वर्ग को हुआ है। अनुसूचित वर्ग के घरों में जो माताएं और बहनें कभी धुएं से लंबी बीमारी से ग्रसित हो जाया करती थीं, आँखों से दिखाई

देना कम हो जाता था, आज उन बहनों के बीच में हर्ष है और प्रत्येक घर में उज्ज्वला योजना के माध्यम से वे गैस पर खाना बनाने का काम कर रही हैं। बहनों को धुएं से छुटकारा मिला है।

सभापति महोदय, अनुसूचित वर्ग के तमाम भाई-बहन, जो कि अन्य प्रदेशों में काम करते थे, जब कोविड के समय वे वापस घर आए तो उनका रोजगार ठप हो गया था। ऐसी स्थिति में माननीय प्रधान मंत्री जी की बहुत महत्ती योजना 'स्वनिधि योजना' से हमारे एससी/एसटी वर्ग को सबसे ज्यादा लाभ मिला है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत ह्रदय से धन्यवाद देती हूँ। इस स्वनिधि योजना के माध्यम से हमारे पूरे देश में अनुसूचित वर्ग के लोग अपना छोटा-छोटा व्यापार लगाकर अपना जीवन-यापन करते हुए अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

कोविड के समय वैक्सीन देने का काम मुफ्त में हुआ। वर्ना हमारा अनुसूचित वर्ग पैसे दे कर शायद वैक्सीन नहीं लगवा पाता। अंत्योदय के लिए हमारी सरकार ने लगातार काम किया है। उन्हें फ्री वैक्सीन देने का काम हमारी सरकार ने किया है। जीरो बैलेंस पर हमारी माताओं और बहनों का खाता खोलने का काम किया गया। जब उनके खाते खोले जा रहे थे तो विपक्ष ने मज़ाक उड़ाया था कि ये खाते क्यों खुलवाए जा रहे हैं? इस योजना से हमारी लाखों बहनों के खातों में सीधा, कोविड के समय, माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा 500-500 के हिसाब से 3 किश्तों में जो 1500 रुपये हमारी बहनों के खातों में पहुंचाने का काम किया। जब हम उन बहनों से मिलते थे तो उनके लिए ये 1500 रुपये बड़े महत्वपूर्ण थे, जिससे कि वे अपने घर का खर्च चला सकती थीं। कोविड के समय 1500 रुपये के हिसाब से बहानों के खाते में पहुंचाने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है। पीएम आयुष्मान भारत योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी या सामान्य वर्ग के गरीब लोग इस योजना से काफी लाभ ले रहे हैं, जिसमें 5 लाख रुपये तक इलाज प्रत्येक परिवार का मुफ्त में किया जाता है। उसके बाद भी मैंने अपने क्षेत्र में कम से कम 200 परिवारों को प्रधान मंत्री सहायता राशि के तहत इसका लाभ दिलवाया। उसके बाद माननीय मोदी जी के माध्यम से उनको सीधे-सीधे, किसी को साढ़े तीन, किसी को चार तो किसी को दो लाख रुपये, उनकी बीमारी के हिसाब से उन्हें पैसे देने का काम मोदी जी ने लगातार किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना और लाडली लक्ष्मी योजना में हमारे प्रदेश के मुख्य मंत्री जी

लगातार लाभ दे रहे हैं। कुछ समय पहले जो गरीब परिवार थे, जब उनके घरों में बेटी होती थी, तब उनको वह बोझ लगती थीं, लेकिन हमारे मुख्य मंत्री जी ने लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया है, जिससे लिंग अनुपात में सुधार हो रहा है। … (व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं अपनी बात 2-3 मिनट में पूरी कर लूंगी, आप मुझे बोलने का थोड़ा अवसर दीजिए। कन्यादान विवाह योजना के माध्यम से हमारी अनुसूचित वर्ग की बेटियों को 51,000 रुपये का चैक मिलता है और दहेज़ का छोटा-मोटा सामान ले कर उनको हमारी प्रदेश की सरकार विदा करती है। जननी सुरक्षा योजना, और मातृ वंदना योजनाओं को जोड़ कर 16,000 रुपये गर्भवती महिलाओं को हमारी दोनों सरकारें लगातार दे रही हैं। एमएसएमई के माध्यम से मैं बताना चाहूंगी कि एससी एवं एसटी के युवा भाई-बहनों को उद्यमी बनाने का अवसर हमारी सरकार ने उन्हें दिया है। एससी के 8.92 लाख और एसटी के 2.85 लाख, टोटल 11.77 लाख लोगों को अपना रोज़गार बढ़ाने का अवसर हमारी सरकार ने दिया है। यह बहुत बड़ी संख्या है, जो आगे चल कर, बड़े उद्यमी बन कर अपने परिवार को चलाने का काम करेंगे। अभी उनका छोटा उद्यम है, जो आगे चल कर बड़ा भी बनेगा। केंद्र की एक राष्ट्रीय योजना है - एससी एवं एसटी हब, जो सिर्फ इन्ही वर्गों के लिए है। इसमें 134 करोड़ रुपये की सब्सिडी हमारे एससी एवं एसटी वर्ग के भाई-बहनों को दी जा चुकी है। पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए स्फूर्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति को कवर किया है, जिससे कि अनुसूचित जाति के लाभान्वित कारीगर 60.133 और अनुसूचित जाति के लाभार्थी 58.320, जिसका टोटल 1,18,000.453 है, वे स्फूति योजना से लाभ ले रहे हैं। मोदी सरकार के लिए सामाजिक न्याय महज एक नारा नहीं है, बल्कि एक मिशन है। सरकार द्वारा विभिन्न पहलों के माध्यम से सफाई कर्मचारियों और श्रमजीवियों को सहायता दी जा रही है। उनकी मानवीय गरिमा की रक्षा की है और उसे बनाए रखने के लिए मैला ढोने की सदियों पुरानी मानवीय गरिमा के मुद्दे को बजट में संबोधित किया है और उस बजट में इस विषय को रखा है। सभी शहरों एवं कस्बों में सीवरेज़ तंत्र की सफाई को पूरी तरह मशीनीकृति करने के लिए मैनहोल को मशीनहोल मोड में बनाने के लिए धन की राशि आवंटित की है। इस दिशा में मोदी जी की सरकार काम कर रही है।

महोदय, हमारे मऊ में डा. अम्बेडकर जी का जन्म स्थल है। मऊ में, नागपुर में, दिल्ली में, लंदन में, मुम्बई में, ऐसे पंच तीर्थ हैं, जिन्हें हमारी पार्टी ने, मोदी जी की सरकार ने, प्रदेश की सरकार ने भव्य तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम किया है।

माननीय सभापति जी, हमारी सरकार को मैं धन्यवाद देना चाहूंगी कि शिवपुरी से मुरैना, भिंड को अटल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा गया है।

महोदय, हमारे प्रदेश में दूसरा सैनिक स्कूल भिंड जिले को मिला है, मैं उसके लिए भी अपनी सरकार को, वित्त मंत्री जी को और माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं।

महोदय, ग्वालियर-भिंड-इटावा मार्ग को 4-लेन बनाने की दिशा में काम हो रहा है, इसकी डी.पी.आर. बन रही है। इसके लिए मैं माननीय गडकरी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं कि अमृत योजना में भिंड और दांतिया रेलवे स्टेशन को जोड़ा गया है।

मैं मांग कर रही हूं कि आने वाले समय में वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हमारे भिंड, दांतिया जिले को मिले, क्योंकि वहां के लोगों को आने-जाने में दिक्कतें होती हैं और वे सीधे दिल्ली से जुड़ पाएं। इसलिए भिंड जिले को वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी जाए।… (व्यवधान)

महोदय, हमारे यहां दो पुल हैं। एक, भिंड में अटेर मार्ग पर है। वह बहुत बड़ा विषय है। वहां पर ब्रिज बनाया जाए, चाहे ओवरब्रिज बनाया जाए या अंडरब्रिज बनाया जाए।

**माननीय सभापति :** अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्रीमती संध्या राय :** महोदय, भिंड और दांतिया, ये जिले आज़ादी के समय से ही जिले हैं, लेकिन ये बहुत पिछड़े हैं। इनके पिछड़े होने के कारण मैं मांग करती हूं कि दोनों जिलों को आकांक्षी जिला के रूप में जोड़ा जाए, जिससे कि वे आने वाली योजनाओं से जुड़ सकें।… (व्यवधान)

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET):** Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on the Union Budget. I am speaking on behalf of the people of Andhra Pradesh whose State has been divided very

unscientifically. I am also speaking on behalf of the people of Narasaraopet, my Parliamentary constituency, which is very rural and very much dependent on agriculture.

When you look at this Budget, it is encouraging in some way, worrying in some ways, and disappointing in many ways. Let me start off with a few issues that are encouraging. The first one is the enhancing productivity of the long staple cotton coming from Guntur. All the farmers are very much dependent on cotton. This is very much encouraging. The value addition happens in Guntur after the cotton crop comes out after ginning, spinning etc. which is very high in Guntur. So, this is a good initiative that the Central Government is taking. Most of this value addition had moved in the last ten years to fifteen years to Vietnam, Bangladesh and other such countries. At least, at this time, they are looking at this very seriously and trying to bring that value addition back to India.

The second encouraging factor is on the aqua exports as well as decrease in feed imports of aqua products. This is an encouraging factor because 80 per cent of the aqua exports actually happen from Andhra Pradesh. So, most of the cost that is actually incurred by the farmers, 80 per cent of it is on the feed. So, decrease in the import of feed cost from 25 per cent to 15 per cent is very encouraging for our farmers.

The third encouraging factor is the GST tweak that has been given for the MSMEs and professionals. The difference is, earlier GST was deducted when the invoice was raised. But now GST is deducted only when the payment is actually made. So, now MSMEs need not pay GST when the invoice is raised. This is a

very good initiative. Also, MSMEs have to take loans at the rate of 12 per cent. So, they have to incur anywhere between 20 per cent to 25 per cent. By the time the bill comes, one or one-and-a-half years later, it is already too late and they feel dejected. So, this is a very welcome move as it helps them in competing with other countries.

The fourth encouraging factor, a very small one, is regarding the law services for which the Central Government has provisioned for some financial support for the poor people who are in prisons and are unable to afford penalties. But I will take it with a pinch of salt because in the last Budget also, the Finance Minister had spoken very eloquently on the crypto currency, but in this Budget, nothing has been spoken about it. It is completely forgotten. In the last Budget, they had levied 30 per cent tax on income as well as one per cent TDS on the crypto currency. The Finance Minister used the words, 'it is a sunrise industry'. But what actually has happened is that in the last six months, Rs. 32,000 crore of this transaction has shifted from domestic exchanges to the foreign exchanges. This is what has happened with the sunrise industry which they had spoken about. So, when I say encouraging stuff, I take it with a pinch of salt.

I am coming to the next point that is really worrying because I come from a very rural constituency where most of them are dependent on agriculture. The first one is rural distress and unemployment. Rural inflation is hovering around seven per cent and above, and it is almost breaching the levels that RBI has put up. They have put up to six per cent, but it is breaching that. The second one is that the growth in rural wages has remained negative. When inflation is going up,

wages also have to go up, but it did not go up. The CMIE data also shows that workforce participation rate has fallen since 2016. People are not actually going and trying to find work. These are the very worrying factors.

With these in perspective, it is very disappointing that the budget for MGNREGA has been reduced by almost Rs. 30,000 crore. The National Rural Livelihood Mission funds has also been reduced. Further, as if to add salt to the wound, MGNREGA funds that was supposed to be released to the States on time are not being released. We are actually asking for extra man hours for our people from the State of Andhra Pradesh, but instead of increasing it, decreasing it is a very unhelpful thing. It is a very disappointing thing.

The second most disappointing thing was agri input inflation. This is a very worrying factor because in the last 20 months the agricultural input inflation has remained in double digits. Inflation is going up every month, but the budget outlay for the market intervention scheme and price support scheme is supposed to be more. When the input is very costly, then at least you should cover the farmer when the produce comes out by giving him MSP. This is the scheme that was conceived to protect them, but it has been slashed from Rs. 1,500 crore to almost nil in this year's Budget.

The second one was the PM ASHA Scheme, which has been almost wound up in the last three years. The third one is PM KISAN. Its outlay has been reduced by almost Rs. 8,000 crore this year. In PM KISAN Scheme, the Central Government is giving Rs. 6,000 to each farmer. I would request the Central Government to actually look at what Andhra Pradesh Government is doing with

YSR Rythu Bharosa. We are giving the farmers an input subsidy of Rs. 13,500 so that they can actually fight this inflation and try to stand on their feet when the cropping season comes. But instead of increasing the budget for this, they are actually cutting down Rs. 8,000 crore. This is very disappointing to see.

The third most worrying factor is employment and jobs. MSMEs are the growth engines of this country, which produces a lot of employment and jobs. But yes, they have launched a PLI Scheme, which is a good scheme and almost 15-18 industries are availing that Scheme. … (*Interruptions*)

Sir, I have 12 minutes. I have started only 4 minutes back.

**HON. CHAIRPERSON:** Okay.

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU:** I am the second speaker in my Party. So, I have 12 minutes.

**HON. CHAIRPERSON:** The time is of the House. Please continue.

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU:** Okay, Sir.

But after launching the PLI Scheme, Make-in-India, etc., still the trade deficit with China remains at almost $ 73 billion. The PLI Scheme was launched so that Make-in-India, etc. goes up. Whoever takes PLI Scheme are the anchor institutes, but the ancillary institutes or MSMEs, which are supposed to be taken care of have not been taken care of. Two Schemes have been announced last year in the Budget and one year has passed, but till now not even one inch of it has moved. One scheme is Raising and Accelerating MSME Performance (RAMP). It was announced in the last year's Budget, but nothing has happened in it. The second one is the surety bonds in public procurement. This was also

announced last year, but nothing has happened in it too. MSMEs are where jobs are created. So, I think that the Finance Minister will take account of it. … (*Interruptions*)

Sir, give me another two minutes and I will wind up. These are the signs, which are very much visible on the ground. For example, these are the figures that are coming out. The two-wheeler sales have fallen off by almost 36 per cent. Now, it is almost to the level of 2012-2013. Commercial bank loans against gold jewellery have increased by 218 per cent. So, people are pawning gold. In India, gold is valued very well and they do not pawn it that easily, but they are pawning almost 218 per cent just to make sure that they can live well. Other than for household borrowings as well as for housing, vehicles, security or education, they are borrowing just to live. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, please conclude.

… (*Interruptions*)

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU:** These are the very worrying things. … (*Interruptions*) The one thing that is growing in the last one year is manufacture of luxury cars. Mercedes has increased sales by almost 64 per cent.

Anyway, it is a disappointing factor concerning our State. Our Chief Minister has given this letter to the Prime Minister. Numerous letters were given to the Prime Minister.

The first and most important is the Special Category status promised to us in the AP Reorganisation Act of 2014. Nine years have passed; one more year is left. Till now, it has not been fulfilled. Special Category status was promised

because our State was bifurcated in a very unscientific way. We didn't have any industry; we didn't have any capital. That is why it was given. Till now, this promise has not been fulfilled.

Even the Polavaram project, which is the lifeline of Andhra Pradesh, has not been fulfilled. In my constituency, the Nagarjuna Sagar dam was built in the 1950s, when the technology was not there. It was built much faster than the Polavaram project. In 2020s, we are not able to build this project, which is very disappointing.

Sir, Telangana's power dues of Rs. 6,800 were supposed to be settled by them, but they were not. In regard to the setting up of medical colleges, we have been requesting Central support; for national institutes, land has been provided but nothing has happened. About railway projects, Rs. 8,000 crore have been sanctioned this year, but I am sure, the capital outlay will not be spent. Adding salt to the wounds, they want to privatise Vizag Steel Plant. We are against this privatisation of Vizag Steel Plant. The people of Andhra Pradesh are very attached to the Vizag Steel Plant. … (*Interruptions*) Thank you very much.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं कि आपने हमारे भारत की वित्त मंत्री माननीय निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत बजट पर बोलने का अवसर दिया है। मैं बहुत देर से इस बजट की चर्चा पर सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के साथियों को सुन रहा था। एक देश का सबसे महत्वपूर्ण, देश की प्राप्तियों या देश की रिसीव्स की जो भी इंकम है और उसके एक्सपेंडीचर का, यह पूरे साल का एक लेखा-जोखा होता है। हमारे तमाम माननीय सदस्य इस बात के गवाह होंगे कि बजट पर जब भी चर्चा होती थी, तो यह चर्चा होती थी कि अगर फिस्कल डेफिसिट इतना है तो सरकार कैसे कम करेगी, रेवेन्यू डेफिसिट अगर इतना है तो इसको कैसे कम करेगी या

प्राथमिक घाटे को कैसे कम करेगी? हम इसी चर्चा तक सीमित रहते थे कि हमारा कैपिटल एक्सपेंडीचर कैसे बढ़े या हम रेवेन्यू एक्सपेंडीचर को कैसे कम करें।

अमृत काल के बजट को हमारी सरकार ने प्रस्तुत किया है। अमृत काल में उन्होंने सात पैरामीटर्स को तय किया है। हम सात पैरामीटर्स पर अगले पच्चीस वर्षों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने जा रहे हैं, चाहे वह डेवलपमेंट हो, रीचिंग दी लास्ट माइल हो, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इनवेस्टमेंट हो, अनलीजिंग दी पोटेंशियल्स हो, ग्रीन ग्रोथ हो, यूथ पॉवर हो या फाइनेंशियल सैक्टर हो। आपने देखा है कि इस बजट का क्या परिणाम हमारे सामने है। हमारे तमाम साथी कह रहे थे कि इस बजट में क्या है और भारत की अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति है? पिछले 9 वर्षों में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है तो भारत ने इन 9 वर्षों में अपनी आर्थिक विकास यात्रा कहां तक की है? हम इस बात के गवाह हैं कि आज दुनिया में पहली बार अपनी अर्थव्यवस्था की किसी देश से तुलना नहीं कर रहे हैं, बल्कि आज दुनिया से इसकी तुलना हो रही है। भारत 9 वर्षों के पहले दुनिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में था, आज 9 वर्षों में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह दुनिया की टॉप 5 इकोनॉमी में आ गया है। यह निश्चित तौर से भारत की 9 वर्षों की यात्रा है। यह यात्रा ऐसे ही नहीं है। इस यात्रा को करने में कई कदम उठाये और अगले कुछ वर्षों में हम इसको दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे।

आपको याद होगा कि जब कोविड की चुनौती आई थी, तब पूरे देश को दिक्कत थी। चाहे पीपीई किट हो, एन 95 मास्क हो, वेंटिलेटर हो, हम चाइना पर निर्भर रहते थे, बाहर के एक्सपोर्ट पर निर्भर रहते थे। उस समय भारत के प्रधान मंत्री ने कहा कि जो परिस्थितियां निर्मित हुई हैं, इन्हें भारत ने पहले कभी नहीं देखा है और हमें इसके लिए अपने भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। हम भारत को आत्मनिर्भर करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। आप देखिए कि इलेक्ट्रॉनिक का एक्सपोर्ट जो हुआ है, वह थ्री फोल्ड में राइज किया है।

वर्ष 2019 में 4.4 बिलियन यूएस डॉलर से वर्ष 2022 में इलेक्ट्रोनिक्स एक्सपोर्ट बढ़कर 11.6 बिलियन यूएस डॉलर हो गया। आप रिन्यूएबल एनर्जी में देखिए। पिछले सात वर्षों में यह विश्व का

सबसे फेवरेट डेस्टिनेशन बन गया है। सौर ऊर्जा में 78.1 बिलियन यूएस डॉलर इन्वेस्टमेंट हो चुका है। आज केवल इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर ही नहीं बल्कि सारे सेक्टर्स में हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

मैं प्रतिपक्ष के साथियों से कहना चाहूंगा कि इंडिया, डिफेंस के मामले में पूरी तरह से आश्रित रहते थे। यह लोक सभा इसका गवाह है। इसी लोक सभा में प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि अब तक हम डिफेंस में ज्यादा से ज्यादा चीजें बाहर से ले रहे थे। भारत 101 रक्षा उत्पाद अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खुद बनाएगा। आज भारत केवल डिफेंस की चीजें बनाने के लिए ही काम नहीं कर रहा है बल्कि दुनिया को एक्सपोर्ट करने का भी काम कर रहा है, यह निश्चित रूप से भारत के लिए उपलब्धि है।

मैं पिछले नौ वर्षों की बात कर रहा हूं। इंडिया का डिफेंस एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। पिछले पांच-छह वर्षों में हम डिफेंस इक्विपमेंट्स और सर्विसेज में दुनिया के 75 कंट्रीज में डिफेंस के सामान को एक्सपोर्ट कर रहे हैं। आज हम दुनिया में टेक्साटाइल और क्लॉदिंग में सेंकड लार्जेस्ट हैं। जहां पहले लोग कहते थे कि हमको इंग्लैंड की शूटिंग चाहिए, फॉरेन के कपड़े के लिए लोगों के मन में किस तरह से इच्छा रहती थी। Now, India is the second largest textile and clothing exporter in the world with a total export of 44 billion US dollars. आज जिस तरह से टेक्सटाइल के मामले में, क्लॉथ के मामले, फार्मा के मामले में, आज जिस तरीके से एफडीआई इनफ्लो हुआ है। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में वर्ष 2014-15 में 45.14 बिलियन यूएस डॉलर का फॉरेन इन्वेस्टमेंट था। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने हमेशा कहा, कोविड की वैश्विक चुनौतियों के पहले जहां लोग चीन में इन्वेस्टमेंट कर रहे थे, जापान में इन्वेस्टमेंट कर रहे थे। केन्द्र सरकार द्वारा एक प्रयास हुआ और दुनिया का मोस्ट फेवरेट डेस्टिनेशन एफडीआई के लिए भारत बना। ऐसी स्थिति बनी कि वर्ष 2021-22 में 83.57 यूएस बिलियन डॉलर आज फॉरेन इन्वेस्टमेंट यहां हुआ है।

लोगों ने कहा कि बजट में आपने क्या किया? आज 13 ऐसे महत्वपूर्ण मंत्रालय हैं, उनको हमने हाईएस्ट एलोकेशन किया है। वर्ष 2023-24 में हाईएस्ट एलोकेशन परसेंटेज को इन्क्रीज किया है।

मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे के बजट में 49 परसेंट इन्क्रीज हुआ है। किसी देश का बुनियादी ढांचा उसका इन्फ्रास्ट्रक्चर होता है। हमने इस देश में किस तरह से अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया है।

हमारे प्रतिपक्ष के लोगों ने लगातार महंगाई के बारे में चर्चा की, रेट ऑफ इनफ्लेशन की बात आई, अनएम्पलायमेंट की बात आई। मैं उसका भी जवाब दूंगा। लेकिन मैं बुनियादी ढांचे पर बात करना चाहता हूं। आज बुनियादी ढांचे की बात करें तो सबसे ज्यादा इसमें कैपिटल एक्सपेंडिचर होता है। आज हम अपनी तुलना कांग्रेस और यूपीए सरकार से नहीं कर रहे हैं, हम अपनी तुलना पिछले वर्ष से कर रहे हैं।

अगर वाकई में भारत को बुनियादी ढांचा में दुनिया की बराबरी करनी है, आज हम पांचवी बड़ी इकोनॉमी हैं, कल तीसरी बड़ी इकोनॉमी होंगे। आज हमने जीडीपी में दुनिया की सबसे तेज 7 प्रतिशत विकास दर को पाया है, इसे बढ़ाकर 8-9 प्रतिशत करना है। हमको अपने बुनियादी ढांचे, चाहे वह रोड हो, हाईवे हो, पोर्ट हो, एयरपोर्ट हो या इनलैंड वॅाटरवेज हो, इन सारी चीजों को बढ़ाना होगा।

वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपये बुनियादी ढांचे के लिए बजट में प्रावधान किया था।

वर्ष 2022-23 में, एक साल में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में प्रधान मंत्री जी के प्रयास के कारण हमने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा बुनियादी ढांचे को मजबूत करके केवल आत्मनिर्भर भारत का नारा ही नहीं दिया है बल्कि आत्मनिर्भर भारत को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए इस बार 7.5 लाख करोड़ की जगह 10 लाख करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करने जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में हमने 33 प्रतिशत बुनियादी ढांचे में पिछले वर्ष की तुलना में पूंजीगत व्यय में वृद्धि की है, एलोकेशन्स को बढ़ाया है। अगर इसकी हम यूपीए सरकार से तुलना करें तो वर्ष 2013-14 में पूंजीगत व्यय केवल 2,57,641 करोड़ रुपये था। वर्ष 2014 के बाद हमने नौ गुना बुनियादी ढांचे पर खर्च किया है जो आने वाले दिनों में अपने आप में अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय होगा।।

महोदय, जहां तक राज्यों की बात कही गई है, हमने इस बजट में प्रावधान किया है कि राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण देंगे। माननीय वित्त मंत्री जी ने भी कहा कि हम पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को 50

वर्षों की अवधि के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान करेंगे। हम फेडरल स्ट्रक्चर में काम करते हैं और हम इस बात को मानते हैं कि राज्यों के पास कुल मिलाकर जो सार्वजनिक निवेश का बड़ा भाग होता है, उसे ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा में निवेश करने से निवेश की गतिविधियां बढ़ेंगी और राज्यों को अपने खर्च में वृद्धि लाने में प्रोत्साहन मिलेगा। इस तरीके से काम करने के लिए कहा गया है।

महोदय, भारतीय रेलवे के लिए रिकॉर्ड बजट का आबंटन हुआ है। आप भी 10-15 साल से इस सदन में गवाह हैं, रेलवे को बजटरी सपोर्ट कितना मिलता था? कभी 25,000 करोड़, 30,000 करोड़ या कभी 35,000 करोड़ रुपये मिलते थे। अब आदरणीय मोदी जी की सरकार ने रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया है जो वर्ष 2013-14 से नौ गुना ज्यादा है। तमाम माननीय सदस्यों ने कहा कि सिद्धार्थ नगर आकांक्षा जनपद है, … (व्यवधान) हमारे प्रदेश को भी मिला है।

महोदय, मैं भी संसदीय जीवन का व्यक्ति हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने जिस तरीके से आह्वान किया था कि आप निश्चित तौर से आलोचना करें क्योंकि आलोचना सरकार को स्ट्रैंथ देती है। आरोप की बात ही नहीं होती है। क्या सदन में प्रतिपक्ष आदरणीय मोदी जी की आलोचना ही करेगा? आदरणीय मोदी जी को गाली ही देगा? निश्चित तौर से आज जिस तरह से उनका नेतृत्व है, वह केवल भारत में ही स्वीकार्य नहीं है, दुनिया ने आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व को स्वीकारा है। यह बात मैं नहीं कह रहा हूं, प्राइम मिनिस्टर नरेन्द्र मोदी जी वर्ल्ड के मोस्ट पापुलर लीडर बने हैं। यह रेटिंग भारत की  नहीं है, यह यूनाइटेड स्टेट्स की कंसल्टिंग फर्म मॉर्निंग कंसल्टेंट्स की है - Prime Minister Narendra Modi ji has emerged as the world’s most popular leader with an approval rating of 78 per cent. 78 परसेंट में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने हैं। हम अमेरिका को देखते थे, जो बाइडन जी इस रेटिंग में चौथे नंबर पर हैं। आज जो महत्वपूर्ण देश हैं, चाहे फ्रेंच प्रेसीडेंट इमेनुअल मैक्रॉन हों, वह नीचे हैं, युनाइटेड किंगडम के प्राइम मिनिस्टर ऋषि सुनक पीछे हैं। क्या यह हमारे लिए फख्र की बात नहीं है? राजनीति हो सकती है, सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष में मतभेद हो सकते हैं। अगर इस नेतृत्व में हमने मुद्रास्फीति पर कंट्रोल पाया है, जीडीपी बढ़ाई है, तो आप दुनिया के साथ तुलना कर सकते हैं।

मैं दो बातें कहकर अपनी बात सीमित करता हूं। आज सबसे ज्यादा बात महंगाई, विकास और बेरोजगारी की हुई है। मैं अपने आंकड़े नहीं दे रहा हूं। अगर जीडीपी की बात करें तो दुनिया के किसी भी देश को देख लीजिए, हर देश के साथ तुलना कर लीजिए। आईएमएफ जीडीपी फोरकॉस्ट फॉर इंडिया, 2033 ग्रोथ 7 परसेंट है। आईएमएफ के अनुसार यूएस का ग्रोथ रेट 1.4 परसेंट है। यह आईएमएफ का आंकड़ा है, इंटरनेशनल मानेटरी फंड का आंकड़ा है। आईएमएफ ने चीन का ग्रोथ रेट रिवाइज किया है जो 9 परसेंट पर था और 4.4 परसेंट अक्टूबर में था, अब 5.2 परसेंट है।

आज हम फख्र के साथ कह सकते हैं कि पिछले नौ वर्षों में हमने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे तेज विकास दर से बढ़ने वाली भारत की अर्थव्यवस्था है। मैं उस अर्थव्यवस्था की बात कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि जिस कोविड से, ये कह रहे हैं कि इस बजट ने क्या दिया, इस आत्मनिर्भर भारत ने क्या दिया? जहां हम दुनिया में हैजा, प्लेग, जापानी इंसेफेलाइटिस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिन्ड्रोम, इनके लिए हम दुनिया की बाजारों से मांगते रहते थे कि हमको वैक्सीन मिल जाए, आज उस कोविड की वैक्सीन से, जिसकी चपेट में पूरी दुनिया थी, भारत ने न केवल अपनी दुनिया के 260 करोड़ लोगों को फ्री वैक्सीन दिया बल्कि मुल्क के 150 करोड़ लोगों की जिन्दगी की भी हिफाजत करने का काम भारत की सरकार ने और आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने किया है।

**माननीय सभापति :** कृपया अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** मैं एक बात महंगाई के बारे में कहना चाहता हूं।

**माननीय सभापति:** आप एक मिनट में समाप्त कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** महोदय, आप मुझे दस मिनट का समय दे दीजिए। मैं खत्म कर रहा हूँ।

**माननीय सभापति:** आपके पन्द्रह मिनट हो चुके हैं। आप एक मिनट में समाप्त कीजिए। मैं अगले वक्ता का नाम बोल दूंगा।

**श्री जगदम्बिका पाल :** आप बोल देंगे तो हम बैठ जाएंगे।

**माननीय सभापति:** आप एक मिनट में पूरा कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** इंफ्लेशन के बारे में इसी लोक सभा में बात होती थी। आप भी गवाह हैं। 10 परसेंट, डबल डिजिट से नीचे इंफ्लेशन कभी नहीं रहा। मैं तो चुनौती देकर कहता हूं। कल गोगोई जी बोल रहे थे। आज आप देखिए कि हमने महंगाई पर जिस तरह से कंट्रोल किया है, आज मैं जनवरी, 2022 में इंडिया इंफ्लेशन की बात कर रहा हूं, वह 5.6 परसेंट है। यह हमारी रिपोर्ट नहीं है, यह आईएमएफ की रिपोर्ट है। आज हमने इंफ्लेशन इतना कम किया है। आप यूरोप का इंफ्लेशन देख लीजिए। In European countries, the rate of inflation is 8.9 per cent; in 19 countries. पूरा यूरोपियन कंट्रीज, जिसको हम आदर्श मानते थे, आज वहां इंफ्लेशन 8.9 परसेंट है। इटली में 8.4 परसेंट और जर्मनी में 8.5 परसेंट है। Food inflation in Europe is recorded 9.8 per cent. In the United Kingdom, the rate of inflation is 9 per cent. In USA, the rate of inflation is 8.4 per cent. Food prices in USA have increased to 11.9 per cent. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** श्री चन्देश्वर प्रसाद जी।

**SHRI JAGDAMBIKA PAL:** Sir, I am only giving the figures. Kindly give me a few minutes more to speak. आप पाकिस्तान को देख लीजिए। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री चन्देश्वर प्रसाद जी।

पाल साहब, देखिए समय तो सदन का है और हमारा उसके अंदर जो अंश है, वह आनुपातिक है। कृपया आप इसका ध्यान रखिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** आप मुझे पांच मिनट का समय दे दीजिए।

**माननीय सभापति :** पांच मिनट का समय नहीं दे सकते हैं। बहुत बड़ी संख्या में माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं। एक निश्चित समय है, उसके अंदर आपको अपने वक्तव्य के बारे में प्लान करना चाहिए। आप पूरे बजट पर विस्तार से बोलेंगे, यह संभव नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप कृपया सेलेक्टेड पाइंट्स लीजिए और निश्चित समय-सीमा में अपना विषय पूर्ण कीजिए।

आदरणीय चन्देश्वर जी।

**श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद):** आदरणीय सभापति महोदय, बजट वर्ष 2023-24 में कुल प्राप्तियां करीब 27 लाख करोड़ रुपये और कुल व्यय 45 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के वर्ष 2014 में आने के समय देश पर 53 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, लेकिन नौ वर्ष बाद यह कर्ज बढ़कर 150 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस वर्तमान बजट में 15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज और बढ़ जाएगा। इससे बहुत ही भयावह स्थिति उत्पन्न होगी। हम विगत् नौ वर्षों से ऐसे कई वायदे सुनते आ रहे हैं, जैसे-बुलेट ट्रेन चलेगा, किसानों की आय दुगुनी होगी और 60 लाख रोजगार सृजित करने का भी वादा किया गया था। बजट में रोजगार सृजन या भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। कई सालों से लोग रेकॉर्ड महंगाई, बेरोजगारी और घटती आय से परेशान हैं। इस सरकार के पास महंगाई को रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं है। आज देश में बेरोजगारी दर 8.3 परसेंट तक पहुंच गई है। शहरी क्षेत्रों में तो 10 फीसदी तक लोग बेरोजगार हैं। यह बजट न सिर्फ गंभीर चुनौतियों से निपटने में विफल रहा है बल्कि इसमें गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं में आवंटन की कमी करके इन समस्याओं को और गंभीर बना दिया गया है। इस बजट के चलते ग्रामीण मजदूरों के लिए अवसर कम होंगे, क्योंकि मनरेगा की फंडिंग एक-तिहाई घटाई गई है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मिलने वाला राशन आधा हो गया है। केंद्र सरकार ने एक बार फिर गरीब मजदूरों और किसानों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है।

बजट में सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य में भारी कटौती गरीब लोगों को चोट पहुंचाने और हमारी प्रगति को रोकने वाली है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पेश हुए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन अभी प्रगति शून्य है। शिक्षा नीति में सिफारिश की गई है कि सरकार को शिक्षा बजट पर 6 प्रतिशत खर्च करना चाहिए। हकीकत यह है कि केन्द्र सरकार ने शिक्षा के बजट को कम कर दिया है।

सर्वशिक्षा अभियान और मिड डे मील की फंडिंग 10 प्रतिशत तक घटाई गई है। इस बजट में अपर्याप्त फंडिंग और बढ़ती महंगाई का खतरनाक जोड़ सीधे-सीधे गरीब, वंचित और बेसहारा लोगों को नुकसान पहुंचा रहा है।

सभापति महोदय, वर्ष 2000 में झारखंड को बिहार से अलग करने के बाद से ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग हो रही है। बिहार विभाजन के कारण 67 प्रतिशत राजस्व स्त्रोत झारखंड में चले गए और सिर्फ 33 प्रतिशत स्त्रोत बिहार में रह गए, जबकि बिहार की आबादी 65 प्रतिशत है। राज्य के लगभग 32 प्रतिशत परिवारों के पास जमीन नहीं है। राज्य की 52 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीच रहती है। इन सब चुनौतियों के बावजूद बिहार में आदरणीय मुख्यमंत्री नीतीश बाबू के नेतृत्व में पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से लगातर वित्तीय विवेकशीलता दिखाई है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है, लेकिन वह संतोषजनक नहीं है। बिहार के विकास की केन्द्र सरकार ने कभी चिंता नहीं की है।

सभापति महोदय, इसके फलस्वरूप बिहार में प्रति व्यक्ति आय, जीवन-यापन, मानव विकास जैसे सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे है। बिहार विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त करने का हकदार है, इसलिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। सीमित संसाधनों के बावजूद नीतीश बाबू की अगुआई में बिहार सरकार अपने नागरिकों के जीवन-स्तर को सुधारने के लिए हमेशा तत्पर है। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिया जाए, इसका रेकमेंडेशन बिहार विधान सभा और बिहार सरकार ने भी किया है। मेरी केन्द्र सरकार से विनती और आदरणीय प्रधानमंत्री जी से यह आग्रह है कि कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिया जाए।

महोदय, अब मैं भारत सरकार से अपने संसदीय क्षेत्र जहानाबाद के लिए कुछ आग्रह करना चाहता हूं। जहानाबाद अर्बन को आकांक्षी जिले में शामिल किया जाए। जहानाबाद जिले को 'नमामि गंगे योजना' में शामिल करके मेरे संसदीय क्षेत्र की सभी नदियों की उड़ाही कर तत्काल मरम्मत का काम कराया जाए। मैंने रेल से संबंधित बहुत सारे प्रतिवेदन रेल मंत्री जी को दिए हुए हैं। उन प्रतिवेदनों को ध्यान में रखते हुए, मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल की सुविधाओं का विस्तार किया जाए। जहानाबाद में केन्द्र

प्रायोजित खेल इंस्टीट्यूट खोला जाए। इतना कहते हुए, मैं आपसे एक और मिनट का समय चाहता हूं।…(व्यवधान)

महोदय, मैं केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत फंड केन्द्र सरकार का होना चाहिए, क्योंकि हमारे देश के अधिकतर प्रदेश आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। योजनाओं का नाम तो भारत सरकार देती है, लेकिन राज्यों को पैसा लगाना पड़ता है। इसके लिए हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री जी समय-समय पर अपनी बात रखते रहे हैं और केन्द्र सरकार को बिहार राज्य के हित में उन मांगों को पूरा करना चाहिए। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि आज की तिथि में राज्य सरकार से जो भी प्रपोजल आए हैं, उन पर ध्यान दिया जाए।….(व्यवधान)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Thank you very much, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to take part in the General Discussion on the Union Budget for 2023-24.

Sir, I rise to oppose these Budget proposals for the financial year 2023-24, because they do not address the genuine concerns of the people of India, in particular, concerns regarding unemployment, poverty and inflation. The proposals envisaged in the Budget are not sufficient to address the general issues concerning the down-trodden or most of the population of our country.

You may kindly see, the speech of the hon. Finance Minister begins with the sentence, and I quote:

> “We envision a prosperous and inclusive India, in which the fruits of development reach all regions and citizens, especially our youth, women, farmers, OBCs, Scheduled Castes and Scheduled Tribes.”

Hon. Chairperson, Sir, Madam Finance Minister spoke about the inclusive growth in her Budget speech. Special paragraphs are also being enunciated in

the Budget speech. But if you do the micro-level scrutiny of the speech, it is seen that the term 'minorities' is deliberately avoided in the inclusive development which is being envisaged in the Budget speech of the hon. Finance Minister. This is not only in the Finance Minister's Budget speech, but also in the Presidential Address. It mentions only SCs, STs, OBCs, weaker sections of the society, North Eastern people, and Jammu and Kashmir people. Normally the term 'minorities' is also there in the weaker sections of the society, but it is quite unfortunate to note that it is missing in the speech. That itself shows that a deliberate act of discrimination against the minorities is reflected in the Budget for which I strongly oppose.

The main allegation that I would like to pose is that the Budget proposals are not sufficient to meet the purposes envisaged in the Preamble or in the Preface of the Budget. Why is it so? I do appreciate the Government and the hon. Finance Minister for maintaining the fiscal deficit at 6.4 per cent and maintaining the growth at 7 per cent. Yes, the country is having a very good economic growth. Even after the COVID-19 pandemic situation, we are able to have seven per cent GDP growth and we are able to honour the commitments made in the 2022-23 Budget speech of the hon. Finance Minister that the fiscal deficit will be contained at 6.4 per cent. On behalf of my Party and on my own behalf, I do pay appreciation. But my specific question to the hon. Minister is this. When there is an economic growth of seven per cent and when we are able to contain the fiscal deficit at 6.4 per cent, as declared in the previous Budget, why are we not able to address the issues of unemployment, poverty, and inflation?

Hon. Chairperson, Sir, I am not going into the statistics with regard to unemployment. I know that there is paucity of time. As per the estimates of CMIE, about 8.3 per cent is the rate of unemployment growth. The National Statistical Office says that it is 7.1 per cent. The post-Independent India has never seen such an exponential growth of unemployment in this country. That is the first issue which I would like to make.

What are the labour-intensive sectors? These sectors include, agriculture, mining, manufacturing, trade, hotel, transport, and telecommunications. There is a growth of 13.7 per cent in the telecommunications sector. But there is no change in the growth in all the other sectors. With respect to industrial production, the growth rate is 1.6 per cent. It is less than what was there in 2022-23. The growth in the manufacturing sector is 9.1 per cent. In 2021-22, it was 11.5 per cent. That means there is a reduction of two per cent. If this be the ground reality, I would like to know from the hon. Finance Minister how the Government is going to address the issue of unemployment. Please tell the House about that.

The second issue is with regard to poverty. I am not going into the details. Now, India has been pushed into 132 rank, out of 191 countries, as far as the Human Development Index is concerned. This is the UNDP Report. As per the National Multidimensional Poverty Index, about 16.4 per cent of the population is poor. As per the National Multidimensional Poverty Index, about 18.7 per cent of the population is vulnerable. This is the situation. About 48 crores of the people are below poverty line. As per the report of NITI Aayog, the number is 50 crores. The Government itself is admitting that 81 crores of people are being provided

with free ration. That means they are also in poverty. This is an accepted fact by the Government.

So, in such a situation, I would like to pose this question once again. When there is an economic growth of seven per cent even after COVID-19 pandemic and when we are able to have a good growth, why are we not able to address the issue of poverty which is increasing? That is the second question which I would like to pose.

The third question is with regard to inflation. What is the rate of inflation? It is 6.7 per cent. It is above the upper band of six per cent. There is a provision in the RBI Amendment Act of 2016 that when the rate of inflation exceeds the upper band of six per cent, there is a mandatory provision on the part of the RBI that the matter should be informed to the Government through a letter. It is really quite unfortunate to see the situation. The RBI should inform the Government, through a letter, the reasons for inflation exceeding the upper band of six per cent.

Sir, through you, I would like to ask the hon. Finance Minister some questions. I want to know whether the RBI had written to you regarding the reasons for inflation. If so, please disclose the reasons for inflation as given by the RBI.

I would also like to ask the hon. Finance Minister about the Minutes. Why is the Minutes of the recent Monetary Policy Committee meeting not made public and is not available in the public domain as there is a mandatory provision that the Minutes of the MPC meeting should be published in the public domain? Why

is it not put in the public domain? That is my next question which I would like to ask.

The basic principles of your liberalized economic policy are through wealth creation which will create employment and development. Unfortunately, that is missing in our country. I am not going into the Current Account Deficit. I am passing on it.

My last point is about the direct taxes. The hon. Prime Minister as well as the entire Treasury Benches were thumping their desks when a populistic announcement was made by the hon. Finance Minister, that is, upto rupees seven lakhs, there is no income tax.

Sir, this is also a *jumla*. I will explain this. If you are having an income of Rs. 9.5 lakh in the present tax regime, you are entitled to have Rs. 4.5 lakh of standard deduction and exemptions and you need not pay any pie of tax. If you are having Rs. 9.5 lakh of income as per the old tax regime, you need not pay anything because you are having an entitlement of Rs. 4.5 lakh of deductions and exemptions under Section 80C and all other sections. I am not going into all those details.

Suppose you are having an income of Rs. 7,10,000, you have to pay Rs. 26,000 as income tax. If you are having Rs. 9.5 lakh as per the new tax regime, you have to pay Rs. 45,000 as income tax. Which is better, Sir? I am not going into the comparative study of all these things because of the time constraint. I would like to say that this is just a *jumla* to mislead the middle class.

Sir, with all these observations, I would like to say that the Budget proposals are not favouring the common people at large and even the middle class. Hence, I strongly oppose the Budget proposals for the year 2023-24.

Thank you very much, Sir, for providing me this much of time to speak on the Union Budget.

**माननीय सभापति :** श्री राम कृपाल यादव जी, आप दस मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र):** माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने की अनुमति प्रदान की और सबसे अधिक आभार प्रकट करता हूं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी और बहन निर्मला जी के प्रति, जिन्होंने बहुत जानदार, शानदार बजट देश के 140 करोड़ लोगों को देने का काम किया है।

सर, संसद में लम्बा काल बीता है। मैंने बहुत प्राइम मिनिस्टर्स और वित्त मंत्रियों को देखा है। मैंने विगत 9 वर्षों से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को, वित्त मंत्री के रूप में अरुण जेटली जी, जो अब नहीं हैं, मैं उनको श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और बहन निर्मला जी को वित्त मंत्री के रूप में देखा है।

निश्चित तौर पर जब एक गरीब का बेटा देश का प्रधान सेवक बनता है तो गरीबों के लिए सोचता है। मोदी जी ने भूखे रहकर, जिसकी मां बर्तन साफ करती थी, जिसके पिताजी चाय बेचते थे, उसके बेटे को जब देश की जनता ने प्रधान सेवक बनने का मौका दिया तो उसने गरीबों के लिए काम किया, मजदूरों के लिए काम किया, नौजवानों के लिए काम किया, शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए काम किय, पिछड़े और अति पिछड़ों के लिए काम किया। अंतिम पंक्ति में बैठे हुए वे लोग, जिनकी तरफ आज़ादी के बाद जो सरकारें आईं, उन्होंने नहीं देखने का काम किया, जो बदहाल था, फटेहाल था, बेहाल था, ऐसे लोगों को संभालने का काम किया।

**19.00 hrs**

उनको सम्मान दिया, इज्जत दी, उनके जीने के स्तर को ऊंचा करने का काम किया और सब कुछ देने का काम किया। विकट परिस्थितयों में, संकट की घड़ियों में भी मोदी जी का जो विज़न रहा, सचमुच में उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम होगी। हमारे आदरणीय पाल साहब चले गए, वे बोल रहे थे कि हमने और आपने नहीं, बल्कि दुनिया में विदेशी लोगों ने असससेमेंट किया है कि सबसे अधिक लोकप्रियता प्राप्त करने वाला कोई और नहीं, इस देश के गरीब का बेटा नरेन्द्र मोदी है, जिसने अपने पूरे 9 साल के कार्यकाल में क्षमता और कूवत के साथ हर चुनौतियों का मुकाबला करके देश को आगे बढ़ाने का काम किया है तथा देश की जनता के जीवन को सहज करने का काम किया है।

महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने आजादी के अमृत काल का यह पहला बजट प्रस्तुत करने का काम किया है, जिसमें देश के पिछड़ों, देश के अति पिछड़ों, देश के शेड्यूल्ड कास्ट के लिए, देश के अल्पसंख्यक लोगों के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए, मजदूरों के लिए और सभी वर्ग के युवाओं के लिए अगले 25 साल का विज़न डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने का काम किया है। इस बजट को सोशल जस्टिस विद इकोनॉमिक एम्पावरमेंट के सूत्र पर रखने का काम किया है।

सभापति महोदय, देश की प्रथम महिला आदिवासी महामहिम राष्ट्रपति जी के रूप में उनका जो अभिभाषण हुआ, उसमें कई तरह की टिप्पणियां हुईं। उन्होंने जो अभिभाषण रखा, मैं उस पर चर्चा नहीं करना चाहता हूं। विपक्ष के लोगों ने जो टिप्पणी की, उस टिप्पणी के बारे में आप सब लोगों ने, सदन ने, दुनिया ने सुनने का काम किया होगा। उसमें ऐसी कोई चीज नहीं थी, जिसका जिक्र करके सरकार को घेरने का काम किया जा सके। केवल एक ही मुद्दा मिला और विपक्ष में बैठे हुए जो बड़े नेता हैं, उनको एक ही मुद्दा मिला अडाणी, जिसमें कोई दम नहीं है। …(व्यवधान)

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) :** आप जेपीसी करवा लीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** आप बैठ जाइए। मैं आप पर आऊंगा तो परेशान हो जाएंगे। …(व्यवधान) आप बैठ जाइए। मैंने आप लोगों को बहुत देखा है।

महोदय, इस देश की जो मूलभूत समस्या है, जैसे रोजी-रोटी, कपड़ा, आवास, पानी, बिजली इस पर कहीं कोई चर्चा नहीं हुई है, पूरा समय अडाणी पर ही निकालने का काम किया गया। यह बताता है कि अब देश में रोजी-रोटी, मकान, सड़क, बिजली की समस्या नहीं रही है। यह मोदी जी की क्षमता का ही नतीजा था, जिसने इन समस्याओं को बजट से बाहर कर दिया, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से बाहर कर दिया। गौरवशाली इतिहास में नरेन्द्र मोदी जी का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, उसको कोई काट नहीं सकता है। आप क्या बोलेंगे? पहले मैंने इनके साथ में भी रहकर काम किया है और अब हम मोदी जी के साथ रहकर काम कर रहे हैं, उसमें बहुत अंतर है। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा।

महोदय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था जितनी सबल होगी, देश उतना ही सुखी और संपन्न होगा। हमारी सरकार ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं, जिसकी मैं विस्तार से चर्चा नहीं करना चाहता हूं। देश की अर्थव्यवस्था खेत और खलिहान में काम करने वाले लोगों के ऊपर डिपेंड करती है, मजदूरों के ऊपर डिपेंड करती है। हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है कि हम किसानों के हित में काम करें और न जाने कितनी सारी योजनाएं हैं, जिसमें किसान सम्मान निधि एवं ऐसे कई काम हैं, मैं सबका जिक्र नहीं करना चाहता हूं, क्योंकि आपने समय बांध दिया है।

हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने पूरा ध्यान दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आज हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। पहले हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें नम्बर पर थी। इनके रिजीम में यह पांचवें नम्बर पर आ गई है। इसमें सबसे बड़ा योगदान देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों और महिलाओं का है। सभी लोगों ने मिलजुल कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। आज हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गई है। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए, उसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

महोदय, मैंने ग्रामीण विकास मंत्रालय में लगभग साढ़े चार सालों तक काम किया है। मेरा अपना अनुभव है। मोदी जी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से अद्भुत काम हुआ है। मैं उनकी जितनी चर्चा करूंगा, वह कम होगी।

हिन्दुस्तान की आजादी के बाद ऐसे कई लोगों के सर पर छत नहीं थी, लोग खुले आकाश के नीचे रहा करते थे, फुटपाथ पर जीवन व्यतीत करते थे। वे दर-दर की ठोकरें खाते थे। उनका जीवन स्तर बिल्कुल खत्म-सा हो गया था। सबसे पहले प्रधान मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास की तरफ निगाह डाली। मैं यह कह सकता हूं कि इंदिरा आवास योजना की परिकल्पना 29 साल पहले प्रारंभ हुई थी। हमारी सरकार ने उसे आगे बढ़ाया है। मैं यह कह सकता हूं वर्ष 2029 की प्राथमिकता को देखते हुए वर्ष 2014 के पहले 29 सालों में लगभग तीन करोड़, 25 लाख मकान बनाए गए। वर्ष 2014 से मोदी जी की सरकार आने के बाद हम ने आठ सालों में साढ़े तीन करोड़ मकान बना कर गरीबों के सपनों को साकार किया है। ऐसे कई घर थे, ऐसे कई परिवार थे, जिनके यहां बेटी कुंवारी रह जाती थी। वे इसलिए कुंवारी रह जाती थीं कि उनके घर पर छत नहीं थी। उनसे शादी करने के लिए कोई तैयार नहीं था। उनके सपनों को साकार किया गया।

सर, मैंने अपनी आंखों से देखा है। मैं गरीब परिवार का बेटा हूं। मैं गांव से आता हूं। मैंने उनकी दर्द और पीड़ा को देखा है। ऐसे कई लोग थे, जो खुले आकाश के नीचे अपना जीवन जीते थे। जिनके पास झोपड़ी होती थी। जब बरसात होती थी, तब छत से पानी टपकता था, तो वे अपने दुधमुंहे बच्चे को साड़ी से ढंक कर पानी से बचाती थीं। वे रात भर जागती थीं। उनके सपनों को पूरा किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि बढ़ाई है। पहले लोगों को करीब 75 हजार रुपए मिलते थे, अब उनको एक लाख, 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। इसके अलावा मकान में बिजली-पानी कनेक्शन, शौचालय, एलईडी बल्ब, बैंक एकाउंट, रुपए एटीएम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, आधार कार्ड, वन नेशन-वन राशन कार्ड, मुफ्त टीकाकरण, मुफ्त राशन, हाई स्पीड इंटरनेट, मुद्रा लोन, गांवों में पक्की सड़क, गांवों के बाहर टू लेन, फोर लेन और सिक्स लेन सड़कें, घर की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ कर, उनको

आर्थिक सशक्तिकरण करने का काम किया है। यह बदलाव है।...(व्यवधान) मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं।

**माननीय सभापति :** कृपया आप अपनी बात समाप्त कर दीजिए। आप को बोलते हुए 12 मिनट हो गए।

**श्री राम कृपाल यादव:** सर, अगर मैं कोई खराब बात कह रहा हूं तो आप मुझे बैठा दीजिए।

मैं एक उदाहरण देता हूं। मैं छत्तीसगढ़ में फील्ड विजिट करने गया था। वहां एक बूढ़ी महिला को नया मकान बन कर मिला था। उसका नाम मुनिया देवी था। वह 70-80 साल की होगी। वह अपने पति के साथ बैठी थी।

मैंने उनसे पूछा- चाची आपका मकान पहले कहाँ था? बूढ़ी चाची झुककर मेरा हाथ पकड़कर अपनी पुरानी झोंपड़ी के पास मुझे ले जाती है, जहाँ वह पिछले 50 वर्षों से रह रही थी। हमने पूछा- चाची, इसमें कितने साल से रह रही हैं? उन्होंने कहा- 50 साल से। फिर मैंने उनसे कहा कि क्या कभी आपने सपना देखा था कि आपको पक्का मकान मिलेगा?... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अब समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं बहुत गम्भीर बात कह रहा हूँ। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप बहुत वरिष्ठ सांसद हैं। कृपया अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, आप सुन तो लीजिए। मैं यह बात बहुत वेदना के साथ कह रहा हूँ।

देश का यह गरीब का बेटा और देश का आम आवाम मोदी जी का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने उनके जीवन को सफल किया। मैं उसका उदाहरण दे रहा हूँ। मैं कोई कहानी नहीं गढ़ रहा हूँ।

मैं वहाँ गया और पूछा कि चाची बताइए, क्या आपने कभी सोचा था कि आपका पक्का मकान होगा? उन्होंने कहा- नहीं बेटा। उनकी आँखों से आँसू बहने लगे। उन्होंने पूछा- इस सपने को किसने पूरा किया। मैंने उन्हें बताया कि और कोई नहीं, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस सपने को पूरा किया है, जो हमारे लिए भगवान का रूप हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने लाखों-करोड़ों लोगों के अरमान को पूरा करने का काम किया है।

सड़कों की क्या हालत थी? आपने सड़कों की हालत देखी होगी। मैं बता रहा हूँ कि उनके जीवन को सहज करने के लिए कौन-कौन से काम किए गए हैं।

**माननीय सभापति :** आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** एक मिनट में सर?

**माननीय सभापति :** जी हाँ, केवल एक मिनट में। आप प्रयास कीजिए, आप अपनी बात समाप्त कर पाएंगे।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं अपनी पार्टी के सम्माननीय नेता से आग्रह करूँगा कि मुझे पाँच मिनट का समय दिलवा दिया जाए।

**माननीय सभापति :** ठीक है। आप पाँच मिनट और बोलिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं आभारी हूँ। आप मेरी वेदना को, मेरी पीड़ा को मत रोकिए।

**माननीय सभापति :** जी-जी, आप बोलिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं देश के गरीबों की पीड़ा से पीड़ित हूँ। माननीय सभापति महोदय, मुझे माफ कीजिएगा, आप समय की पीड़ा से पीड़ित हैं।

**माननीय सभापति :** समय मेरा नहीं है, समय सदन का है। मेरा समय, आप जितना चाहें, ले लें।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं बोल रहा था कि मनरेगा में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अद्भुत काम किया। मनरेगा इनका दिया हुआ था। ये तरह-तरह की भ्रांतियाँ फैलाया करते थे, मजाक उड़ाया करते थे कि मोदी जी मनरेगा बंद कर देंगे, वगैरह-वगैरह बातें करते थे। मैं उन बातों में नहीं जाना चाहता हूँ। वे झूठ फैलाने का काम करते थे। यूपीए के आठ वर्षों में, मनरेगा में लगभग 2 लाख 15 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, वहीं मोदी जी की सरकार ने 9 वर्षों में तीन गुना यानी छः लाख करोड़ रुपए खर्च करके गरीब मजदूरों के हाथ में काम देने का काम किया है और देश को मजबूत करने का काम किया है।

यही नहीं, उसमें बिचौलियों की व्यवस्था थी, जो पैसे खा जाया करते थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि मैं यहाँ से पैसे भेजता हूँ, तो केवल 15 रुपए पहुंचते हैं और बाकी रास्ते में ही गायब हो जाते हैं। सरकार ने उस पर भी अंकुश लगाने का काम किया। बिचौलियों से व्यवस्था को मुक्त करने के

तहत मजदूरी का भुगतान डीबीटी के माध्यम से, सीधे मजदूरों के बैंक के खातों में देने का काम किया। फर्जी जॉब कार्ड्स हटाए गए और 80 प्रतिशत जॉब कार्ड्स को आधार से लिंक किया गया। इस साल मार्च तक सौ प्रतिशत जॉब कार्ड्स को आधार से लिंक कर दिया जाएगा। इनके समय में 17 परसेंट एसेट क्रिएशन था, जो बढ़कर लगभग 60 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं की भागीदार जो पहले 45 प्रतिशत थी, वह बढ़कर लगभग 56 प्रतिशत हो गई। मजदूरों को स्किल्ड करके उनको मजदूरी से बाहर निकालने के लिए योजना की शुरुआत की गई 'उन्नति', जिसके तहत 90 दिनों की ट्रेनिंग और तीन महीने के स्टाइफन की व्यवस्था की गई। ट्रेनिंग के बाद उनको बैंकों से लिंक करके स्थानीय स्तर पर रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने का काम हो रहा है। यह काम मनरेगा के तहत एक नयी दिशा है।

महोदय, मैं एक और बात कहना चाहता हूँ। सड़क निर्माण के क्षेत्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री रहे श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनकी सोच का यह परिणाम है, पहले केन्द्र सरकार गांव में सड़कों का निर्माण नहीं करती थी, उनका इसमें कोई योगदान नहीं होता था।

मोदी जी गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए योजना लाए और प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जिनका ग्रामीण परिवेश में जीवन बहुत खस्ताहाल था, उनकी अपनी सोच के तहत, मोदी जी ने अटल जी के कनेक्टिविटी कार्यक्रमों को लिया और उनके अपग्रेडेशन का काम किया। पीएमजीएसवाई की अटल जी से लेकर मोदी जी तक जो यात्रा हुई है, उसमें 7,25,000 किलोमीटर बारहमासी सड़कों का निर्माण हुआ है। इनमें से 3,45,000 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण मोदी जी की सरकार में हुआ है। इसके साथ-साथ उग्र बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीएमजीएसवाई ने क्रांतिकारी परिवर्तन करने का काम किया है। आज गांवों की तकदीर और तस्वीर बदल गई है। आज लोग गांवों से पढ़ने-लिखने के लिए आ-जा सकते हैं। गांवों में ट्रैक्टर जाते हैं, जिन पर किसानों का धान आता है, चावल आता है। लोगों का जीवन ही बदल गया है। …(व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। …(व्यवधान) आप घंटी बजा रहे हैं, मैं देख रहा हूं। …(व्यवधान)

सर, बिहार में हुए बहुत सारे कामों के बारे में मुझे बताना था। मैं उन्हें छोड़ देता हूं। मैं अपनी बात कन्कलूड करता हूं।

**माननीय सभापति :** आप प्लीज कोऑपरेट कीजिए। अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं सेल्फ हैल्प ग्रुप्स - एसएचजी के बारे में चर्चा कर रहा था। Sir, I am going to conclude my speech. Do not worry about it. आज बड़े पैमाने में जिस तरह से देश-दुनिया में महिलाओं को मजबूती प्रदान की गई है, मैं उसके बारे में जितना कहूं, वह कम होगा। सेल्फ हैल्प ग्रुप्स ने निश्चित तौर पर आज बड़े पैमाने पर महिलाओं को रोजगार देने का बहुत बड़ा काम किया है। मोदी सरकार के आने के पहले 2 करोड़ 35 लाख महिलाएं सेल्फ हैल्प ग्रुप्स से जुड़ी हुई थीं। 88 हजार करोड़ रुपए का बैंक लिंकेज था। 9.85 परसेंट एनपीए था, लेकिन मोदी सरकार आने के बाद नौ करोड़ महिलाओं को सेल्फ हैल्प ग्रुप्स से जोड़ा गया, जिनको छः लाख करोड़ का बैंक लिंकेज दिया गया।

मैं सेल्फ हैल्प ग्रुप्स की महिलाओं को धन्यवाद देना चाहता हूं। आज एनपीए मात्र दो प्रतिशत है। यह परिवर्तन हुआ है। …(व्यवधान) मैं अब बिहार के विषय पर आता हूं। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले जी।

… (व्यवधान)

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं बिहार पर आता हूं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले जी आप बोलना शुरू कीजिए। –

… (व्यवधान)

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):** Sir, thank you very much for giving me an opportunity to speak on such a serious topic as the Union Budget.

Sir, the Finance Ministry seems to have slipped a few points while writing about the Budget such as the issues of unemployment, recession, poverty, inflation, growth versus inflation challenges, and import and export imbalances. One of the Union Cabinet Ministers was in Pune District about two weeks ago. He, in one of his speeches, mentioned that India is going to go into recession by June. So, I see the disparity and a challenge in this Government because the hon. Finance Minister talks nothing about employment, recession, poverty, and inflation. But, there are three or four places where it is highlighted. Her colleague in the Cabinet talks about India going into recession by June. So, what is the Government's stand on this?

The Finance Minister has not talked about recession but a Union Cabinet Minister talked about recession on record. What is the real picture? It is because what we read in the media and what is happening around us is slightly different. Sometimes, I feel that this entire Government is like a fairy tale. They have an alternative reality. I heard, one of the speakers was talking about cooperative movement. I was so happy. कोऑपरेटिव मूवमेंट महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक में बहुत अच्छा चला है। आज इस सरकार को देर आए', दुरुस्त आए', लेकिन कोऑपरेटिव्स से प्यार होने लगा, यह अच्छी बात है। मैं इसका स्वागत करती हूं। …(व्यवधान) I absolutely welcome it.

As far as organic farming is concerned, that is a very concerning and alarming sector. I am not taking it away from the intent of the Government. I welcome this step. We welcome it. But I put a small caveat to it. Sri Lanka, which is our neighbouring country, had proposed and promoted organic farming. It had a huge food crisis. I am saying this purely from the academic point of view

not as a criticism. It is just a suggestion that I am making to this Government. Organic farming is a good step forward but with suitable kind of infrastructure. Here, the entire agricultural land is going for roads, which is natural and happening everywhere in the world.

But our population is not going down. The number of mouths they are feeding are as many, if not more. So, if we are going to depend on organic farming, will you be able to look at our Food For All Programme? That is the challenge. I want to flag it. It sounds wonderful for jingoism but I hope the Government is alarmed and it is aware of it. It is okay to give speeches. It sounds wonderful. It is appalling to me. इतने किसान के बच्चे हैं, तो क्या मिलेट्स उनके लिए नई बात है? बोलते हैं कि हम गांव से आते हैं, गरीब हैं, शोषित हैं, पता नहीं क्या-क्या भाषण करते हैं। हम जब से पैदा हुए हैं, मिलेट्स खा रहे हैं। महाराष्ट्र में, कर्नाटक में तो यह बहुत लोगों के लिए नया होगा, लेकिन मेरी माँ के घर आज भी बाजरा, ज्वार और मिलेट्स ही बनते हैं। दूसरा कुछ नहीं बनता है जैसे पास्ता वगैरह नहीं बनता है। गेहूं की रोटी भी ज्यादा बनती है, क्योंकि किसान के हर घर में ऐसा ही होता है और यह कोई नई बात नहीं है। महाराष्ट्र में जो जिंगोइज्म शुरू किया है उसके लिए कहना चाहती हूं कि आप किसी भी मराठी आदमी के घर जाएं, तो देख सकते हैं कि उनके घर में चपाती और शाम को भाखरी खाई जाती है। But I really want to bring it. I appreciate that, but they should look into it.

You are talking about poor people. My colleague, Shri Manickam Tagore talked about a very, very sensitive and important subject related to the pension scheme. It is called ESOP. Now, I really want to know this. Their National Agitation Committee met him. I still remember this. Unfortunately, with great humility and a lot of respects to him, I am quoting Shri Arun Jaitley Ji. If you

remember, before he became the Finance Minister, when he was the Leader of the Opposition, he had gone to this agitation. Please do not get me wrong. With great respect, I am taking his name. I am not criticizing him because I have a lot of regards for Arun Ji in my heart. I am just putting the context. That is all.

So, there were 60 lakh pensioners who have been on agitation और उन्होंने एक दिन की भूख हड़ताल की और वह चार मार्च को माननीय प्रधान मंत्री जी को मिले थे और प्रधान मंत्री जी ने वायदा किया था कि सुप्रीम कोर्ट के आर्डर पर वे अमल करेंगे। He committed to them. I would like to tell you what happened. It is a coincidence. भगत सिंह कोश्यारी जी हमारे गवर्नर साहब हैं। उनकी एक कमेटी थी और उस कमेटी ने रिपोर्ट दी थी। उसके बारे में इन 9 सालों में सरकार ने कुछ नहीं किया है। The hon. Prime Minister had given a commitment in the meeting. He had met them, to be precise, on 4th of March. He had committed to give pension to all these pensioners who have worked very hard and given their money. The pensioners have contributed Rs.417, Rs.541, and Rs.1,215 respectively, like this, every month from their salary. What is the monthly pension they are getting? It varies. आप सोचिए, आप संवेदनशील हैं। आपको मालूम है कि 460 रुपये में किसी का क्या होने वाला है? So, I am just making a suggestion to this Government. Like you have a GST Council, why do you not take it up with all the State Governments? It is because this is not only our problem. There is the old pension scheme. I think now Chhattisgarh, Punjab, Rajasthan and two or three other States have started the old pension scheme. So, like the GST Council, why do we not put something? It is because this is a problem in every State. It is not only in my State or in your State. Why do you not bring in a good council for the pensioners? They have built this nation. We have inherited the nation from them.

So, I request you to please get all these old pensioners together, form a council and let us see how we can work together for the States and also for the States to work together. That is really an issue. अब अमृत काल की बात करते हैं। I want to ask them. I will make it very short now. I will only ask questions. I want to ask about the cess that this Government collects for education. Everybody is saying, हर किसी ने कहा कि एजुकेशन में कम पैसा दिया गया है। Even the ASHA Report says that. The same situation is there for health. If so much amount of cess is collected for health, education and agriculture, where does it go?

Now the other question is about the PM Kisan payment. किसान-किसान की बहुत बात हुई और मुझे अच्छा लगा। But I want to ask two pointed questions. I want to know from this Government about the PM Kisan payment. पहले छह हजार रुपया डालने वाले थे, आपने कहा कि अब आठ हजार रुपये देंगे। I welcome it. यदि आप 16 हजार रुपये करते तो हम आपके साथ डबल ताली बजाते। It is because the cost of cultivation has gone up by 20 per cent. So, I expected more from this over-generous Government. But I want to ask about the expenditure shown. The expenditure that is shown in the Budget is the same. We have the same number of farmers and the same amount of money. Then, should this amount of Rs.16,000 crore become more?

The Market Intervention Scheme, I still remember, was a wonderful scheme. We also supported it. So, if the Market Intervention Scheme had Rs.1,500 crore, how come it is only Rs.1 lakh now? I am not sure about it. Maybe, it is a typing error. You must find out what it is.

They are all boasting about the PLI scheme. Please explain to me what is new in the PLI Scheme?

There is nothing for the new sector in this Government. They talk about MSMEs a lot. Half of them are sick after this. We really need to look into it.

I will make two-three very short points. There is a reference to the 80ब् deduction, which Shri Premachandran ji has also talked about. What will happen? I am neither a capitalist nor a socialist. I do understand that you have to take the middle path if we are going ahead in this Government. We are a global economy, we are a global player, we are not insulated anymore we used to be. My question is, though you are giving all these tax benefits – and, it is sounding again like jingoism – if you are not encouraging them to invest in LIC, what is going to happen to our insurance? You want the whole country to be insured, and not even 4-5 per cent people in this country are insured at present.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE :** I have just one last point, and I will conclude. *....(Interruptions)* I have a lot to speak, but I will touch upon only main points.

Sir, 'cooperative federalism' was a favourite word of late Shri Arun ji. He used to give confidence to every State, even if we had ideological differences. I would like to bring to your notice that if there is cooperative federalism, and you want to help the States, why is it not reflecting in this Budget?

Sir, according to the $14^{th}$ Finance Commission, you are supposed to reverse 42 per cent of the tax to the States. We were at 33 per cent in this Budget. Now, it is 30.4 per cent. अगर आप मुख्य मंत्री बनकर जाएंगे, तो दिक्कत हो जाएगी। Everybody has to think. We cannot do this to the States. States are just

recovering from the pandemic. So, how will the States survive? दिवाला निकल जाएगा, सर । So, you please consider this, and please look at price rise and inflation. This is a serious concern in this country. We are not an insulated economy any more. I would request the hon. Finance Minister to address all these issues.

**माननीय सभापति :** श्री रामशिरोमणि वर्मा जी, आप 5 मिनट में अपनी बात पूरी करें।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** एक सेकेंड रुकिए, माननीय मंत्री जी, कुछ कहना चाहते हैं।

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा):** सभापति महोदय, अभी सांसद महोदया ने कहा कि एमएसएमई आधे से ज्यादा रुग्ण है। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि करीब 6.3 करोड़ एमएसएमई हैं और उनका योगदान भी 33 परसेंट के आस-पास जीडीपी में आता है। साथ ही साथ एक्सपोर्ट भी 48 परसेंट जाता है। एक रिपोर्ट के आधार पर 96 परसेंट सारी की सारी जितनी भी हमारी एमएसएमई हैं, वे ग्रोथ कर रही हैं।

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE:** Sir, what I was saying was not about MSMEs. The numbers were with reference to the 14th Finance Commission. They were not about MSMEs. जो टैक्स स्टेट्स को जाता है, मैं उसके बारे में बोल रही थी। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति** : ओके । बात दूसरी थी। कोई बात नहीं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति** : ठीक है, कोई काँट्राडिक्शन नहीं है। इनकी बात आ गयी और उनकी बात भी आ गयी। सिम्पल।

… (व्यवधान)

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** धन्यवाद सभापति जी।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार करना चाहता हूं। बजट भाषण में 174 नर्सिंग कॉलेजेज शुरू करने की घोषणा की गयी है, जो अच्छी बात है, लेकिन बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की बात की जाए, तो अब भी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाओं, नर्सिंग स्टाफ एवं विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की भारी कमी है। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला बलरामपुर में भी मेडिकल कॉलेज अभी चालू नहीं हो सका है। साथ ही साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ावा देन के लिए मेरा जनपद पिछड़े क्षेत्र में आता है। मैं चाहूंगा कि वहां एक मेडिकल कॉलेज बनाया जाए। अम्बेडकर नगर मेडिकल कॉलेज में आज भी नॉर्मल बीमारी के इलाज के अलावा कोई खास सुविधा नहीं है। मरीजों की दवाइयों की कमी, समय पर इलाज न होना तथा जांच न होने की समस्याओं से जूझना पड़ता है। अस्पताल आने वाले मरीजों को कभी दवा के नाम पर तो कभी जांच के नाम पर बाहर जाना पड़ता है। यहां सुविधा न होने के कारण मरीजों को तुरंत लखनऊ रेफर कर दिया जाता है, जिनमें से अधिकांश गरीब मरीज अपना इलाज प्राइवेट अस्पतालों में कराने के लिए मजबूरन इलाज के नाम पर अपने जीवन की गाढ़ी कमाई को गंवा बैठते हैं। यदि इन गंभीर रोगों की जांच व इलाज की सुविधा शुरुआती स्तर पर जिले में ही हो जाए, तो इनकी जान समय रहते बचाई जा सकती है। सरकार को इस ओर भी विशेष ध्यान देकर एक मजबूत हेल्थ सिस्टम, लोगों की बढ़ती हेल्थ केयर जरूरतों एवं एडवांस मेडिकल एवं डिजिटल तकनीक को ध्यान में रखकर तमाम मेडिकल सुविधाएं जिले में ही उपलब्ध करानी चाहिए।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती, बलरामपुर आकांक्षी जनपद की श्रेणी में आता है। यहाँ बहुत बड़ी समस्या है। यहाँ की महिला अध्यापकों को अपना घर, परिवार छोड़कर बहुत दूर-दूर, करीब 700-800 किलोमीटर दूर बच्चों को पढ़ाने के लिए जाना पड़ता है। वे 10-15 साल से वहाँ कार्यरत हैं, लेकिन उनका ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है। मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि यह बहुत बड़ी समस्या है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए इन महिला अध्यापकों का ट्रांसफर इनके गृह जनपद में कराया जाए।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती पर्यटन के लिहाज से एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। यह एक विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। यहाँ देश, दुनिया से लाखों की संख्या में बौद्ध अनुयायी और पर्यटक प्रतिवर्ष घूमने आते हैं। यहाँ सुहेलदेव वाइल्ड लाइफ सेंचुरी है, जो करीब 452 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है। यह विशाल प्राकृतिक सम्पदा और जैव विविधता से भरी हुई है। इसके दक्षिणी छोर से होते हुए बौद्ध अनुयायी कपिलवस्तु, लुंबिनी और कुशीनगर को जाते हैं। श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल के करीब 24 वर्ष बिताये थे और यह उनके जीवनकाल के दौरान देश का छठवां सबसे बड़ा शहर हुआ करता था। यहाँ प्राचीन पुरातात्विक माहट कच्ची और पक्की कुटी, विभूति नाथ टेम्पल, सीताद्वार, विपासना मेडिटेशन सेंटर, अंगुलिमाल और अनेक बौद्ध तीर्थ स्थल हैं। सरकार को यहाँ पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, बजट भाषण में श्रावस्ती एयरपोर्ट का जिक्र नहीं हुआ है। वह काफी दिनों से बन रहा है। मैं चाहूँगा कि श्रावस्ती एयरपोर्ट को जल्द से जल्द बनाकर वहाँ से भी उड़ान चालू की जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के दोनों जनपदों श्रावस्ती और बलरामपुर में हर वर्ष राप्ती नदी में आने वाली भीषण बाढ़ और वर्षा के कारण कई सौ गाँव पूरी तरह से जलमग्न हो जाते हैं। इसके कारण वहाँ प्रतिवर्ष जान-माल की भारी क्षति होती है। किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है और लोगों के घर नदी में बह जाते हैं। मेरी सरकार से माँग है कि राप्ती नदी व उसकी सहायक छोटी-छोटी नदियों की सफाई और खुदाई की जाए। राप्ती नदी के दोनों किनारों पर ऊँचे-ऊँचे बाँध बनाये जाएँ, जिससे नदियाँ गहरी हो जाएँगी और बरसात का पानी सुचारू रूप से बह पाएगा।

महोदय, श्रावस्ती जनपद में कई वर्षों से रेल लाइन बनाने की व्यवस्था चल रही है। आज पता लगता है कि बहराइच-खलीलाबाद-भिंगा-बलरामपुर-उतरौला-डुमरियागंज-मेहदावल और वासी रेल लाइन की मंजूरी तो हो गई है, लेकिन अभी भी वहाँ जमीनी स्तर पर कोई योजना चालू नहीं की गई है।

महोदय, आज पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। घरेलू गैस की खुदरा बिक्री कीमत 1 मार्च 2014 में लगभग 410.50 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम प्रति सिलेंडर थी, वह

सिलेंडर आज बढ़कर 1100 रुपये से भी अधिक का हो गया है। मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूँगा कि रसोई गैस की कीमत कम की जाए।

महोदय, मैं आज देश के एक बहुत बड़े मुद्दे की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। यह पूरे देश में आज भी बहुत बड़ा मुद्दा है। अभी 4 दिन पहले हमारे लोक सभा क्षेत्र में श्रावस्ती के तहसील जमुनाहा में क्षेत्र के किसानों ने छुट्टा जानवरों को खदेड़कर तहसील परिसर में कैद कर दिया और तहसील के काम को रोक दिया गया। मेरा कहना है कि ग्राम सभा स्तर पर गौशाला बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

महोदय, मैं अंतिम पॉइंट कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। मैं माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान ईंट भट्टा व्यवसाय की तरफ दिलाना चाहता हूँ। यह बहुत बड़ा व्यवसाय है। लगभग पूरे देश में आज जो स्थिति है, मैं भट्टा व्यवसाय की तरफ वित्त मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि इस पर जो जीएसटी लगाया गया है, उसका थोड़ा सरलीकरण किया जाए, जिससे किसानों, गरीब मजदूरों को राहत पहुँच सके। धन्यवाद।

**श्री सुनील सोरेन (दुमका):** महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2023-24 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

माननीय**,** यह अमृत काल का पहला बजट है, जो कई मायनों में दूरदर्शी एवं देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला बजट है। यह एक ऐसा बजट है, जो आत्मनिर्भर भारत की हमारी संकल्पना को एक दिशा देता है। इस बजट में सभी क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं, किसानों, अन्य पिछड़े वर्गों एवं अनुसूचित जाति और जनजातियों का विशेष ध्यान रखा गया है।

महोदय, यह विकसित भारत के सपनों का साकार करने वाला बजट है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि कोविड महामारी के बाद संपूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी। ऐसी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था के बीच आशा की किरण केवल भारत ही है, यह मैं नहीं, विश्व की कई प्रतिष्ठित अंतरर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं भी कह रही हैं। जहां एक ओर हमारी सरकार ने कोविड के दौरान 80

करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराकर उनके जीवन की रक्षा की है, वहीं दूसरी ओर हमने अपनी अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई कार्य किए हैं। जैसा कि आप जानते हैं कोविड-19 के दौरान न केवल हमने अपने देशवासियों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराईं, बल्कि जरूरतमंद देशों को भी यह सुविधाएं उपलब्ध कराईं हैं। हमारी सरकार की नीति सबका साथ', सबका विकास और सबका प्रयास की रही है यानी कि हमारे वैश्विक परिप्रेक्ष्य में वसुधैव कुटुंबकम् की विचारधारा का समर्थन करती है। यह खुशी का विषय है कि इस वर्ष भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। भारत ने सदा से ही संपूर्ण विश्व को अपना एक परिवार माना है। इसीलिए इस वर्ष जी-20 की थीम भी वन वर्ल्ड', वन फैमिली और वन फ्यूचर है। आज हमारी अर्थव्यवस्था प्रगति की ओर अग्रसर है। हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उनके नेतृत्व में और कुशल मार्गदर्शन में भारत ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बहुआयामी कार्य किए हैं। खेती, किसानी से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सेक्टर तक, सड़क से लेकर वायुमार्ग तक बढ़ोतरी हुई है। हमारी सरकार ने समुद्र को और जल मार्गों को एक एसेट के रूप में माना है।

महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों और सुदूर उत्तर पूर्व के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया है, जिसका परिणाम है कि इन क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर कई क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य हुआ है। हमारी कुशल रणनीति का ही परिणाम है कि आज प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी हो गई है। भारत की अर्थव्यवस्था पिछले 9 साल में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जहां तक डिजिटल भुगतान का प्रश्न है, तो वर्ष 2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ रुपये के 7,400 करोड़ रुपये के डिजिटल भुगतान किए गए हैं। हमारे देश के नागरिकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। जहां एक तरफ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11.7 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए हैं, वहीं उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन्स दिये गए हैं। लगभग 8 करोड़ लोगों को नल से जल प्रदान किया गया है। 45.8 करोड़ लोगों को जनधन खाता से जोड़ा गया है, वही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 44.6 करोड़ लोगों से भी अधिक को जोड़ा गया है।

कोविड-19 के दौरान 102 करोड़ लोगों को लक्षित करते हुए कोविड रोधी टीकाकरण किया गया। अब तक टीकाकरण का आंकड़ा 220 करोड़ को पार कर गया है। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कितनी चिंतित है। हमारी सरकार ने अब तक पीएम सम्मान किसान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया है।

सरकार का यह कदम सराहनीय है। समावेशी विकास एकदम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सरकार की जो अवधारणा है, वह हमारे बजट में स्पष्ट दिखती है। माननीय अध्यक्ष महोदय, नागरियों की स्वास्थ्य सुविधा की बढ़ोत्तरी कोदृष्टिगत रखते हुए मौजूदा 157 चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ-साथ संस्थानों में 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। महोदय, हमारी सरकार का ध्यान स्पष्ट रूप से जनजातीय क्षेत्रों के कल्याण के लिए है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की योजना है कि अगले तीन वर्षों में 3.5 लाख जनजातीय विद्यार्थियों के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालाय खोले जाएंगे, जिनमें 38,000 अध्यापकों और सहयोगी कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। महोदय, निश्चित ही इस कदम से आदिवासी इलाके में रहने वाले विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा।

महोदय, मैं झारखण्ड राज्य से आता हूँ। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब-तब आदिवासियों को जो सम्मान दिया है, वह और किसी पार्टी ने नहीं बल्कि भाजपा ने दिया है। इस बात को मैं सबूत के साथ कहना चाहता हूँ। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को मैं नमन करता हूँ कि उनकी सरकार ने आदिवसी मंत्रालय अलग से बनाया और संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का काम किया। माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के कार्यकाल में राष्ट्रपति के पद पर एक आदिवासी महिला को पहुंचाने का काम किया है।

मैं झारखण्ड की हेमंत सोरेन की सरकार को निश्चित रूप से यह कहना चाहता हूँ, जो अपने आप को आदिवासियों का हितैषी समझते हैं। मैं चुनौती देता हूँ कि आज तक आपने राज्य सभा में एक भी आदिवासी को भेजने का काम नहीं किया है। यह भी मैं कहना चाहता हूँ कि झारखण्ड में आज ऐसी गठबंधन की सरकार है, जिन्होंने झारखण्ड के साथ नाइंसाफी की है। आज निश्चित रूप से मैं कहना

चाहता हूँ कि झारखण्ड में ऐसे लोग हैं, जिन्होंने झारखण्ड आंदोलन को दबाने का काम किया है। झारखण्ड को बेचने का काम किया है। झारखण्ड को लाश पर बनाने की की बात की। ऐसे गठबंधन की सरकार है। इससे भलाई होने वाली नहीं है। मैं कहना चाहता हूँ कि इस हेमंत सोरेन के राज्य में, जिनके पिताजी ने झारखण्ड ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री हनुमान बेनीवाल जी, आप बोलिए।

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि सदन में बजट पर 2 दिनों से जो चर्चा हो रही है, और पक्ष- विपक्ष के 2 दर्जन से ज्यादा साथियों ने अपनी- अपनी बात बजट के विषय को लेकर इस सदन में रखी। पक्ष के साथी सदस्यों ने बजट को सही बताया है। विपक्ष के साथी सदस्यों ने आरोप लगाए हैं।

सभापति महोदय, जब एनडीए की पहली सरकार बनी और उसके बाद एनडीए-2 बनी, तब देश ने बहुत बड़ी उम्मीदें लगाई थीं। नौजवान, किसान, आदि प्रत्येक वर्ग ने कि अब 50 सालोंका जो छुटकारा हुआ था, अब जा कर कुछ ठीक होगा। लेकिन इस बजट में कोई बहुत ज्यादा कुछ नहीं नज़र आया है। मैं कुछ सुझाव भी दूंगा कि जब वित्त मंत्री जी रिप्लाई देंगी, तब उस समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

सभापति महोदय, सब्सिडी योजनाओं की धनराशि में कटौती की गई है। केंद्र सरकार के वर्ष 2023-24 के आम बजट में सब्सिडी योजनाओं की धनराशि में बड़ी कटौती की गई है। इसके साथ ही कई सब्सिडी योजनाओं का बजट खत्म कर दिया है। सरकार ने खाद्य सब्सिडी के बजट में 89,844 करोड़ रुपए की कटौती करते हुए 1,97,350 करोड़ रुपए कर दिया है। 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान में खाद्य सब्सिडी 2,87,194 करोड़ रुपए थी। यानी खाद्य सब्सिडी के बजट में 31 प्रतिशत से अधिक कटौती हुई है। उर्वरकों को दी जाने वाली सब्सिडी में भी 50,121 करोड़ रुपए की कटौती हुई है जो 2022-23 से 22 प्रतिशत कम हुई है। कोरोना काल में देश में अनगिनत मौते हुई हैं, सरकार ने तो वास्तविक आंकड़े छुपा लिए और इस बुरे दौर में भी और यूरोप में भी जारी अशांति के बीच वर्ष

2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी स्थिर रह पायी तो केवल देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खेती-किसानी की वजह से और आपने किसानों की आय दुगुनी करने की बात पर खरा नहीं उतर पाए।

सरकार अपने भाषणों और रिपोर्ट्स में खेती-किसानी के विकास के आंकड़े तो दिखा देती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। वर्ष 2022-23 के आर्थिक सर्वे में कृषि क्षेत्र की सालाना औसत वृद्धि दर 4.6 फीसदी बताई गई, लेकिन उन्हीं आंकड़ों को अगर ध्यान से देखें तो पता चलेगा कि कृषि क्षेत्र की सालाना 4.6 फीसदी औसत वृद्धि दर स्पष्ट तस्वीर पेश नहीं करती है। वर्ष 2014-15 में कृषि और संबंधित क्षेत्रों की वृद्धि दर 0.2 फीसदी, वर्ष 2015-16 में 0.6 फीसदी, वर्ष 2018-19 में 2.1 फीसदी यानी न्यूनतम स्तर पर रही। इन सभी वर्षों को सूखे का सामना करना पड़ा था जबकि वर्ष 2016-17 में 6.8 फीसदी, वर्ष् 2017-18 में 6.6 फीसदी, वर्ष 2019-20 में 5.5 फीसदी, वर्ष 2020-21 में 3.3 फीसदी और वर्ष 2021-22 में 3 फीसदी की औसत वृद्धि दर मॉनसून के बल पर ही बेहतर रही। अब आप यह नहीं कहना कि आप अच्छा मॉनसून लेकर आए। यह श्रेय आप न लें, यह मॉनसून की वजह से हुआ था।

सभापति महोदय, कर्नाटक में आगे चुनाव है, आपने पैकेज दिया। यह अच्छी बात है। कर्नाटक वाले भी हमारे भाई हैं। राजस्थान में भी चुनाव है। हमें बड़ी उम्मीद थी कि इस चुनावी वर्ष में राजस्थान को भी कुछ मिलेगा, विशेष पैकेज मिलेगा, क्योंकि हम लोग विशेष राज्य के दर्जे की मांग लगातार कर रहे हैं और हमारा राज्य इसके लिए सभी मापदंड भी पूरे करता है। लेकिन, बजट में राजस्थान का नाम भी नहीं लिया गया। करीब छ: से ज्यादा मंत्री हैं, जो राजस्थान को रिप्रेजेंट करते हैं।

कृषि क्षेत्र में सरकार का अपना निवेश घटता जा रहा है। वर्ष 2014-15 में सरकार का कृषि क्षेत्र में निवेश 5.4 फीसदी था जबकि वर्ष 2020-21 में यह घटकर 4.3 फीसदी हो गया था।

सभापति महोदय, ग्रामीण रोजगार के मामलों में भी सरकार ने निराश ही किया है। 6 जनवरी, 2023 तक कुल 225.8 करोड़ श्रम दिवस पैदा किए गए, जो कि वर्ष 2018-19 में पैदा किए गए 267.9 करोड़ श्रम दिवसों के मुकाबले काफी कम हैं। इस बात के संकेत बीते दो वित्तीय वर्ष से मिल रहे हैं क्योंकि बीते दो वित्तीय वर्षों से बजट में मनरेगा के लिए फंड्स के प्रावधान को लगातार कम

किया जा रहा है। इस साल के बजट में मनरेगा के लिए फंड्स में सबसे भारी कटौती की गयी है, जो चिंता का विषय है। …(व्यवधान) माननीय सदस्य, आप बाद में बता देना, हम लोग बाद में बात कर लेंगे। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं कॉमर्स विषय का या फाइनैंस विषय का छात्र नहीं रहा हूं, लेकिन जब मैंने बजट भाषण को सुना तो मुझे खुशी हुई कि यहां कहा गया कि 7 लाख रुपये की आय तक सरकार कोई टैक्स नहीं लेगी। फिर बाद में यह पता लगा कि नए टैक्स सिस्टम में ही यह बदलाव किया गया है। इसका मतलब कि जो नए टैक्स सिस्टम से टैक्स भरेगा, उसे ही छूट मिलेगी। पुराने टैक्स सिस्टम में भी 7 लाख रुपये तक की सालाना सैलरी पर 50,000 रुपये का स्टैण्डर्ड डिडक्शन, सेक्शन - 80 (सी) की अधिकतम छूट 1.5 लाख रुपये को लगाने के बाद पाँच लाख रुपये तक की राशि ही आती थी, जिस पर कोई टैक्स नहीं लगता था । नई टैक्स प्रणाली देश के मध्यम वर्ग के लिए घातक है क्योंकि यह बीमा और सेक्शन - 80 (सी) के अंदर हो रही पोस्टल पॉलिसी में हो रही बचत को हतोत्साहित करती है। एक मध्यम वर्ग के करदाता के भविष्य की स्थिति, सेवानिवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा का ध्यान भी सरकार को रखना चाहिए। उनके भविष्य के लिए एक सामाजिक सुरक्षा बनाएं।

आपने कहा कि 20-25 साल बाद ही यह होगा। जरा सोचिए कि 20-25 साल बाद क्या होगा? जब कोई जिंदा रहेगा, तब ही होगा। जब व्यक्ति बूढ़ा हो जाएगा और वह मर जाएगा तो क्या होगा? इसका क्या पता कि अगर कोरोना की तीसरी लहर आ गयी तो फिर क्या होगा? अगर उसके पास आय का स्रोत नहीं होगा तो पैसा कहां से आएगा?

सभापति जी, मेरी सरकार से मांग है कि मध्यम वर्ग के करदाताओं के लिए पुरानी टैक्स प्रणाली में 7 लाख रुपये तक की आय की सीमा को बढ़ा कर 10 लाख रुपये की जाए। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। उन्हें इस पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। ऐसा बदलाव इसमें लाया जाए।

सभापति महोदय, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना की बात करते हैं। आपने कनेक्शन्स दिए, लेकिन गैस की महंगी दर को गरीब आदमी कैसे वहन करेगा? गरीबों को दी जाने वाली एलपीजी सब्सिडी में भी 75 प्रतिशत की कमी कर दी।

वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमानों को 9,170 करोड़ रुपये से घटाकर 2,257 करोड़ रुपये कर दी गयी, यानी 6,913 करोड़ रुपये की भारी-भरकम कटौती कर दी गयी, जो सरकार की मंशा पर सवालिया निशान है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 12 अप्रैल, 2022 को जारी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार भारत में ग्रामीण उपभोक्ता खाद्य महंगाई में मार्च, 2021 से मार्च, 2022 के बीच 100 प्रतिशत का इजाफा हुआ। वर्ष 2021-22 में भारत की वार्षिक थोक मुद्रास्फीति 13 प्रतिशत रही, जो दशक में सर्वाधिक है। इसमें खाद्य एवं ईंधन के बढ़े मूल्य की बड़ी भूमिका रही।

वर्ष 2014 में मोदी जी प्रधान मंत्री बने, तब कच्चे तेल की औसत कीमत 98.97 डॉलर प्रति बैरल थी, जो वर्ष 2021 में घटकर औसत 70 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही थीं। यह कम होने के स्थान पर और अधिक बढ़ी। आज कच्चे तेल की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल है। मेरी मांग है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और अधिक कमी करके देश की जनता को राहत दी जाए।

सभापति महोदय, लुधियाना से राजस्थान के अन्दर जो इन्दिरा गांधी नहर का पीने का पानी आ रहा है, वह हमारे नागौर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में आ रहा है। वहां बीकानेर होकर कैंसर ट्रेन चलती है। लुधियाना की फैक्ट्रियों में जो रसायन और उर्वरक डालते हैं और जो गंदा पानी पटाया जाता है, उससे लोगों को कैंसर की बीमारी हो रही है।

केंद्र सरकार ने वहाँ ट्रीटमेंट प्लांट के लिए कुछ पैसा दिया है। इसके लिए मेरी मांग है। इसमें लुधियाना के एमपी साहब, बिट्टू जी भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मुझे पूरी बात करने दें। मेरी मांग है कि ट्रीटमेंट प्लांट उस क्षमता की बने, केंद्र पूरा पैसा दे, जिससे राजस्थान सहित पंजाब के अंदर पीने का शुद्ध पानी लोगों को मिले और वे कैंसर से मुक्त हों। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात पूरी कर दूंगा। मेरे राजस्थान में पानी की किल्लत है। नागौर और पश्चिमी राजस्थान में पानी की कमी से लोग वर्षों से जूझ रहे हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 1981 में पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के मध्य रावी व्यास नदियों के जल बंटवारे को लेकर जो समझौता हुआ, उसके अनुसार आज भी राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं मिल रहा है। ताजेवाला हेड से राजस्थान को उसके हिस्से का पानी प्राप्त नहीं हो रहा है।

महोदय, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना जिसको राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बड़ी उम्मीद थी, लेकिन इसको आपने पूरा नहीं किया। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्लीज, अब आप आखिरी वाक्य बोलिए।

**श्री हनुमान बेनीवाल :** महोदय, मेरी मांग है कि ईआरसीपी जो राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की बहुत बड़ी परियोजना है, उसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाए। भाजपा और कांग्रेस इसे लेकर राजनीति नहीं करना चाहिए।

महोदय, मेरा कुछ सुझाव है। ...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी सुझाव दे देता हूं। हम लोग लास्ट टाइम तक बैठते हैं। आपने मुझे 10 मिनट का समय दिया है। अभी मेरा छह मिनट भी नहीं हुआ है। यदि आपने राम कृपाल जी का समय 15 मिनट बढ़ाया तो मेरा भी 2 मिनट बढ़ा सकते हैं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मेरी कुछ प्रमुख मांग है। बजट में आपने अग्निवीर योजना में बजट देने की बात कही। मेरी मांग है कि अग्निपथ योजना को बंद किया जाए, ताकि सेना का मनोबल बना रहे। सेना में ऐसी प्रथा ठीक नहीं है।

सीआरपीएफ, सीआईएसफ, बीएसएफ, एसएसबी सहित तमाम पैरा मिलिट्री के जवानों को केन्द्रीय कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से प्रारंभ की जाए।

महोदय, समर्थन मूल्य पर खरीद का गारंटी कानून बने। …(व्यवधान) केंद्र सरकार बाजरा का एमएसपी 2350 रुपये तय करती है। लेकिन, राजस्थान में बाजारा खरीदा नहीं गया। केंद्र को कुछ ऐसे प्रावधान करना चाहिए। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात पूरी करता हूं। …(व्यवधान)

**श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती):** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वर्ष 2023-24 के यूनियन बजट पर आज सभी लोग डिबेट कर रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहूंगी। मैंने कई लोगों को बोलते हुए सुना कि यह बजट अच्छा नहीं है। इस बजट में बहुत सारी कमियाँ हैं। मुझे आपसे गुहार लगानी है, क्योंकि दो साल कोविड के पीरियड में जिस स्थिति से यह देश गुजरा है, उसके बाद देश को इतना स्टेबल रखना अपेक्षित नहीं था। अगर हम फाइनैंसियली देखें तो आज 10वें नंबर से पांचवें नंबर पर आए हैं। अगर हम बाकी कंट्रीज़ को देखते हैं तो आज पाकिस्तान की ऐसी स्थिति वहाँ एक किलो आटा 200 रुपये में मिल रहा है। अगर हम यूरोप और अमेरिका की स्थिति देखेंगे तो मुझे लगता है कि इस हाउस में जो अच्छी चीजें हैं, उसका उल्लेख करना बहुत जरूरी है। जितना भी नेगेटिव बोलना है, उनको सिर्फ नेगेटिव ही नेगेटिव बोलना है। यह सरकार फार्मर्स को किस तरीके से मदद कर रही है, मुझे लगता है कि हमारे जो मंत्री कराड साहब हैं, निर्मला सीतारमण जी हैं और हमारे देश के प्राइम मिनिस्टर जी हैं, उन्होंने देश को डूबने नहीं दिया। कोविड की स्थिति के बाद उसे इतना मेंटेंन रखा और उसे उतना बजट दिया कि देश को आगे बढ़ने के लिए जो लाइन चाहिए, उसके लिए उन्होंने काम किया। यहां यह स्थिति नहीं आई है, आज हमारे देश में दूसरे देशों की तरह 200 रुपये किलो आटा मिलने की स्थिति नहीं है। इसका पूरा क्रेडिट हमारे देश के प्रधानमंत्री जी को जाता है। उसके बारे में हमें बात करनी चाहिए। कोलकाता से हमारे सीनियर अंकल है, वह इसके बारे में बोल रहे हैं। उन्होंने आवास योजना की बात यहाँ पर रखी। वर्ष 2022 तक आवास योजना कंप्लीट होनी चाहिए। देश की हर महिला को अपना घर मिलना चाहिए था। उसके लिए प्रधानमंत्री जी ने वादा किया था। मुझे बताइए कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने घर के लिए वादा किया था, उसको पूरा करने के लिए भी इस बजट में फंड

की घोषणा हुई है। हर महिला को अपना पक्का मकान मिलना चाहिए। कई राज्यों में त्रुटियां होती हैं। उन राज्यों की प्रॉब्लम की वजह से, वह फंड नहीं देते हैं। इस तरह से वह प्रोजेक्ट और आवास पूरा नहीं हो सका। प्रधानमंत्री जी ने जो वादा किया, मैं अपनी उम्र के हिसाब से जितना समझती हूं, मैं पहली बार इस पार्लियामेंट में आई हूं, परंतु प्राइम मिनिस्टर से हमारी अपेक्षा बहुत ज्यादा है। स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज को 2 लाख करोड़ रुपये देकर उन्हें मजबूत करने का काम किया गया है। 2 लाख करोड़ रुपये कोई स्मॉल अमाउन्ट नहीं है।

कोविड के बाद इतनी अपेक्षा नहीं थी। स्माल स्केल इंडस्ट्रीज़ को, एमएसएमई को मजबूत करने के लिए इतना बड़ा फंड देकर उन्हें टैक्स रिलैक्सेशन दिया है। कुछ त्रुटियां, कुछ प्रॉब्लम्स हैं। आने वाले समय में ये प्रॉब्लम्स हमें एमएसएमएई वालों के लिए सॉल्व करनी चाहिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 और वर्ष 2027 तक हमारे महाराष्ट्र में काफी रेलवे स्टेशंस लिए गए हैं। उनको मॉडर्न रेलवे स्टेशन बनाना है। उसमें बडनेरा स्टेशन है, जो वर्ष 2025 तक पूरा होगा, वर्ष 2027 तक अमरावती स्टेशन पूरा होगा और भुसावल डिवीजन, जिसे हम रिप्रेजेंट करते हैं, साथ ही बहुत सारे दूसरे स्टेशंस पर भी नया काम होगा।

सर, कौन कहता है कि महाराष्ट्र को फंड नहीं दिया गया? हम महाराष्ट्र के एक डिस्ट्रिक्ट को रिप्रेजेंट करते हैं। वर्ष 2022-23 में 11 हजार करोड़ रुपये महाराष्ट्र को दिए गए थे, रेलवे बजट में आबंटित किए गए थे। वर्ष 2023-24 में 13,500 करोड़ दिए गए हैं। कौन कहता है कि हम बजट में नीचे गए हैं? बजट में हमने बढ़ोत्तरी की है। हमने बढ़ाकर राज्यों को बजट दिया है। इरीगेशन में महाराष्ट्र को 800 करोड़ रुपये दिए गये हैं, रूरल कनेक्टिविटी के लिए 400 करोड़ रुपये दिए गए हैं और क्लाइमेट प्रोजेक्ट के लिए महाराष्ट्र में 585 करोड़ रुपये दिए गए हैं, मिनिस्ट्री ऑफ अर्बन प्रोजेक्ट के लिए 786 करोड़ रुपये दिए गए हैं। स्टेट को हेल्प करने के लिए 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपये का एक प्रो बैलेंस अमाउंट बनाया है। जितना स्टेट मांगेगी, उसके एकॉर्डिंगली राज्य सरकार को केंद्र सरकार देगी। इसके लिए मैं केंद्र सरकार का दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। कौन कहता है कि मदद नहीं कर रहे हैं, कौन कहता है कि बजट में कुछ नहीं है?

सर, हमारे बडनेरा में वैगन कारखाना है। इसका प्रोजेक्ट ऑलमोस्ट 90 पर्सेंट कंप्लीट हो गया है। उसके लिए वर्ष 2023-24 के बजट में 40 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हमारे वैगन कारखाने को मिला है। मैं आपसे विनती करूंगी कि उसका भी जल्द से जल्द लोकार्पण करके वहां पर रोजगार की लाइन की शुरूआत की जाए। जलजीवन मिशन, हमारे मिनिस्टर साहब यहां बैठे थे, जलजीवन मिशन में रूरल एरियाज़ और ट्राइबल एरियाज़ में किसी ने नल से जल मिलने का नाम भी कभी नहीं सुना था। हर गांव में, हर ट्राइबल क्षेत्र में, हर घर में नल की योजना, पानी की टंकी, पाइपलाइन का काम जलजीवन मिशन के अंतर्गत हो रहा है। सुबह ही हमारे मंत्री महोदय ने यहां पर हमारे डिप्टी सी.एम. साहब की तारीफ की कि जिस तरीके से राज्यों का, केंद्र का साथ देना अपेक्षित है, उससे कहीं ज्यादा साथ देवेन्द्र फडणवीस जी दे रहे हैं और जलजीवन मिशन का जो टार्गेट है, वह महाराष्ट्र में पूरा करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

सर, 75 सालों में जो एयरपोर्ट के नंबर्स भी पूरे नहीं कर सके, इन 8 वर्षों में इस सरकार ने उतने नये एयरपोर्ट बनाने की घोषणा अपने बजट में की है। अमरावती क्षेत्र के लिए 75 करोड़ रुपये पिछले साल दिए गए। मैं विनती करूंगी कि जल्दी से जल्दी उसका काम पूरा हो, जिससे हमारी अमरावती भी आने वाले समय में उड़ान भरे। हेल्थ डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हो, एम्स हो, नर्सिंग कॉलेज हो, यही सब होता है जब आप देश की अर्थव्यवस्था, बजट के बारे में चर्चा करते हैं तो सामान्य लोगों की आपसे यही अपेक्षा होती है। टेक्सटाइल पार्क के लिए मैं कराड साहब से विनती करती हूं। हमारे देश के प्राइम मिनिस्टर जी ने टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की थी कि कई राज्यों में, कई डिस्ट्रिक्ट्स में हम टेक्सटाइल पार्क देंगे। हमारा क्षेत्र कपास उत्पादन करने वाला जिला है। टेक्सटाइल पार्क की हमने वहां से डिमांड की है, महाराष्ट्र से भी रिकमेंडेशन सेंट्रल गवर्नमेंट तक आई है। आपने अगर वह दिया तो हमारे यहां पर रोजगार के बहुत सारे साधन उपलब्ध होंगे और किसानों की बहुत बड़ी मदद होगी। आदिवासी क्षेत्र के लिए एकलव्य स्कूल्स देकर 38 हजार नई भर्तियां जो टीचर्स की करेंगे, मुझे लगता है कि आदिवासी क्षेत्र में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। आने वाले समय

में, अगर टीचर्स और इतनी भर्तियां रूरल एरिया में करेंगे तो हमारे जो आदिवासी भाई-बहन और उनके बच्चे हैं, उनको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

बिहार से मेरे भाई, जो बहुत सीनियर हैं, उन्होंने हाउस में जोर-शोर से बोला कि क्या किया दलितों के साथ, क्या किया पिछड़ों के साथ? दलित, पिछड़े और गरीब लोगों के लिए घर हैं, अगर हेल्थ की व्यवस्था कोई कर रहा है तो देश के प्राइम मिनिस्टर जी उनके लिए कर रहे हैं, अगर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बना रहे हैं तो गरीब लोगों के लिए बना रहे हैं, अगर मनरेगा के अंतर्गत कोई काम करता है तो वह गरीब करता है।

**20.00 hrs**

**माननीय सभापति :** आप अंतिम वाक्य बोलकर बैठिए।

**श्रीमती नवनित रवि राणा :** सभापति महोदय, पिछली बार प्राइम मिनिस्टर जी के जन्म दिन पर संसद का सत्र चल रहा था। किसान भाइयों को सालाना 6 हजार रुपये मिलता है, उसको बढ़ाकर बारह हजार रुपये कर दिया जाए। मैं विनती करूंगी कि इस बजट में उनको यह दिया जाए। …(व्यवधान)

यूनियन बजट के लिए मेरा सपोर्ट तो ले लीजिए। मैं फाइनेंस मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर साहब को पूरे दिल से सपोर्ट करती हूं और हम इस बजट का स्वागत करते हैं।

**माननीय सभापति :** अभी आठ बज गए हैं, कुछ माननीय सदस्यों की फ्लाइट्स हैं और वे आज ही बोलना चाहते हैं। अगर सदन की सहमति हो तो सदन का समय साढ़े आठ बजे तक बढ़ा दिया जाए।

**अनेक माननीय सदस्य:** हां ।

**SHRI PRADYUT BORDOLOI (NAWGONG):** Sir, on the 1st of February, when hon. Finance Minister read her Budget Speech, I heard her with rapt attention. And I was almost tempted to nod my head in approval when she mentioned that there were no apparent back-breaking new tax proposals. She spoke about widening of tax concessions for the salaried and the middleclass people. She also

mentioned the increased allocation for capital investment, thrust on green initiatives, and energy transition. However, on closer scrutiny, actually we find that there are a lot of contradictions in the budget proposals.

Sir, I would like to say this in Assamese. *Khun nahay khunali samakar eta aavaran hoe*. It roughly means, all that glitters is not gold. Actually, beneath the veneer of the glitter of a self-trumpeted Amrit Kaal, India is menacingly poised to become the most unequal country in the world. Sir, the character of the economic management and the state of economy reflect an aura of 'Rahu kaal'. It is not the Amrit Kaal. We all know that Rahu gobbles up everything. In this current state of economy in India today, the 'Rahu kaal' is gobbling up the poorest of the poor, the small traders, the small businessmen, the salaried people, and the middleclass people. Therefore, there are lot of contradictions in the Budget.

Sir, I would like to quote Article 39(c) of our Constitution which says, "that the operation of the economic system does not result in the concentration of wealth and means of production to the common detriment;" The Directive Principles of State Policy say that the state shall, in particular, direct its policy towards securing the operation of the economic system that does not result in concentration of wealth in a few hands.

**20.04 hrs** (Dr. Kakoli Ghosh Dastidar *in the Chair*)

Sir, the crorepatis of this country today are controlling 55 per cent of country's wealth today. The top 10 per cent of the 140 crore Indians own 78 per cent of the total national wealth; and 75 per cent of the wealth generated after 2016 went to the richest one per cent of the Indian population. On the other hand,

the number of hungry Indians has gone up from 19 crore to 35 crore in last six years. This is a figure put out by the World Inequality Report. That is the contradiction of the Budget.

Sir, India's tax system is making the lives of the poor people more difficult. On the one hand, the salaried and middleclass people are being exploited, and they are having a tough time. On the other hand, the revenue forgone by the Government between 2019 to 2022 in the form of tax concessions and waivers to the corporates was more than Rs. 1.2 lakh crore.

As you can compute, that can fund MGNREGA for 1.6 years. So, this is the contradiction. Today, in India, ultimately there is rising of poverty and rising of very affluent, elite. We all know that the rich are getting richer and the poor are getting poorer. We can have the Bloomberg Billionaires Index as an indicator. I can give you one example. Take the case of Mr. Gautam Adani. Before 2014, his position was 609th. But probably a booster rocket has been installed at his back that his upward mobility went up at a supersonic speed and he attained the 2nd position as the most wealthy person in the globe today in 2022. This is the irony of the present state of the economy.

India is now among the most unequal countries in the world today. In this backdrop, the Finance Minister would have taken measures and very clearly spelt out measures to reduce the gap between the poor and the rich, which has not been done. That is why, I am worried today. I am worried as a rational thinker that on the one hand there are some glitters in the Budget, but on the other hand

there are a lot of lacunae. I am worried because there is a sinkage of public spending.

As per the Budget data from 2009-10 to 2023-24, the social sector expenditure – as this Budget spelt out – as a share of total expenditure has been lower than 20 per cent. So, this is quite alarming. We all know that we do not have to be a rocket scientist to know that when you put money in the pockets of the downtrodden people, the poorest of the poor people, who actually live and stay in the lowest strata of the pyramid, they are the people when they get money that our economy is rejuvenated. The top one per cent, no matter how much money they spend, the economy is not rejuvenated. But in a situation like this when we need the economy to be rejuvenated, the economic condition to be improved and the economic activities to be generated, the poorest of the poor are being deprived. Thank you.

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN (KOTTAYAM):** Madam, thank you very much for giving me an opportunity to participate in the general discussion on the Union Budget. I oppose the Budget proposals for the following reasons

All of us in this august House and the millions across the country had expected the hon. Finance Minister to give a healing touch to the ailing Indian economy. This could have been done by increasing public spending so as to provide social security net to the poorest of the poor in this time of distress. But to my sheer disappointment, the Government focused more on fiscal consolidation.

Poverty alleviation programmes have been given less importance in this Budget. The glaring example among them is MGNREGA where the allocation has been cut down to Rs. 60,000 crore from the previous year's Rs. 73000 crore. The total allocation for the National Social Assistance Scheme, anganwadis, the National Livelihood Mission and nutrition programmes has stagnated at less than Rs 60,000 crore. As a ratio to GDP, the allocation for the above anti-poverty programmes has declined from 0.79 per cent in 2022-23 to 0.53 per cent. The other two major programmes are the drinking water and housing programmes with an overall allocation of Rs 1.5 lakh crore and an increase of 13 per cent only from the Revised Estimate of 2022-23. It is still below the Budget Estimate of 2021- 22.

Here, I would humbly remind hon. Finance Minister that despite Prime Minister Modi calling MGNREGA the 'living monument of failure', only it had served as the migrant workers' cushion during the COVID-19 pandemic. Moreover, the Budget cuts will drive women to the periphery of the MGNREGA's interests.

The Budget fails to address measures to check inflation and generate employment. These were the need of the hour.

The allocation for agriculture and allied sectors, including PM-KISAN is Rs. 1.4 lakh crore, which is lower than the Budget Estimate of 2022-23. The food subsidy has been cut by 31 per cent, and the fertiliser subsidy has been cut by over 22 per cent. The allocation for food procurement and market intervention has been reduced from Rs. 72,000 crore to Rs. 60,000 crore.

Madam, I wish to emphasise here the discriminatory farm policies of the Government. The rubber producers in Kerala do not get adequate price for their product vis-à-vis the cost of production. Several times in the past, I had raised this issue in this House. As per the Swaminathan Commission Report, the farmers should get at least 150 per cent of the cost of production to make farming feasible. The cost of production of rubber is Rs. 172 per kg. As per the Swaminathan Commission Report, the rubber producers should get at least Rs. 258 per kg. of rubber. I urge upon the Government to fix a minimum price of Rs. 250 per kg. of rubber. At present, the farmers are getting only Rs. 13 per kg. of rubber.

In the Budget, the Finance Minister has raised the import duty on compounded rubber from 10 per cent to 25 per cent, bringing parity with that of natural rubber. However, when we go deep into the proposal, it can be observed that this may not benefit the rubber growers much. The tyre manufacturers import compounded rubber which compose carbon black, silica, and natural rubber. During last year, a total of around 1.02 lakh tonnes of compounded rubber was imported. Out of this, almost 60 per cent was imported from ASEAN countries which have Free Trade Agreement with India, and as a result the import duty imposed was only zero to five per cent. Hence, this hike on import duty will not be applicable to them.

The only solution to save the rubber growers from the present predicament is for the Government to take steps to renegotiate or revisit the Free Trade Agreement by which the bound rate can be raised to at least 40 per cent instead

of the present 25 per cent. This is possible as the bound rate of coffee and tea is fixed at 100 per cent. Renegotiation of FTA is due as ten years have elapsed since the original date of Agreement.

Thank you, Madam.

*__DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM):__ Madam Chairperson Vanakkam. Budget for the current financial year has once again proved that this Government is anti-poor. The budget allocations have proved that this Government is not only against the marginalised section of society, particularly it is anti-Dalit, anti-Muslim and anti-Christian. MNREGS is aimed at providing daily employment to the poor and working class on a regular basis. This year's budget allocation for MNREGA is very less. The present allocation has been reduced to Rs 60000 Crore as against the last year's allocation of Rs 80000 Crore. With this allocation, you cannot even provide employment for 10 man days in one year for a family. This reduction of allocation for MNREGA is reflective of the fact that the Government wants to exploit and supress the poor people of this country. I want to blame this Government for being anti-poor. And for the Dalits, the fund allocation has not been raised this year as compared to last year. They have been ignored. This Government has not shown concern for the welfare of Dalits.

The current Budget has proved that the Government has not taken care of the welfare of Dalits. Similarly, for the minorities, last year the allocation was Rs. 5020 Crore. But this year it is only a meagre amount of Rs 3097 Crore. With this, they have almost reduced Rs 2000 Crore in the allocation for minorities. It is

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

evident for this reduced allocation the Government is completely ignoring the welfare of minorities including the Muslims and Christians. Pre-matric Scholarships provided to students from Classes 1 to 10 have seen a reduction in allocation of Rs 1000 Crore. This is just like hitting under the belly of our student community. This once again proves that the Government is anti-muslim. Last year Rs 1650 Crore was allocated for improving the infrastructure facilities for the minorities. This year, this allocation is only Rs 600 Crore. There is a drastic reduction of almost Rs 1000 Crore this year. This Government wants to keep aside the interests of minorities by not even providing the needed basic infrastructure facilities. Maulana Azad National Fellowship Scheme is completely withdrawn. This has taken away the opportunities of the Muslim students becoming research scholars and pursuing research activities. Not only this Government is anti-Muslim, it is also functioning as anti-Christians and particularly anti-Dalit Christians. Targeted attacks are carried out against Christians in the North-eastern States. Christians living in the North-eastern States are being attacked in the pretext of religious conversions, similar to the group and violent attacks faced by minority Muslims. A Committee has been set up under the Chairmanship of Shri K. G. Balakrishnan. But this is seen as a delaying tactic. The Presidential Order of 1950 is deterrent for extending benefits of reservation to the converted Muslims and Christians.

Therefore I urge that this Presidential Order of 1950 should be withdrawn and these converted Muslims and Christians should be included in the list of Scheduled Castes and the much needed reservation benefits should be extended

to them by the Government. I am duty bound ay here that this Government, on one side, is upholding *Sanaatana Dharma* and on the other side engaged in corporatisation. There should be an enquiry against Adani. His assets should be seized. Hon Prime Minister should openly state that Adani is not his friend. Thank you for this opportunity.

**SARDAR SIMRANJIT SINGH MANN (SANGRUR):** Thank you, Madam Chairperson.

As minorities, we are not consulted in the making and drafting of the Budget. So, I cannot speak professionally about it because we are never consulted. The other thing is that the Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee is the mini-Parliament of the Sikhs. Elections to that have not been held for the last twelve years, and it is the responsibility of the Union Home Minister to hold these elections.

Madam Chairperson, then the next question is with regard to Sikh political prisoners who have been languishing in jails for the last thirty-two years and they have not been freed though Bilkis Bano's rapists and her relatives' murderers were set free on $15^{th}$ of August, which is the Independence Day.

The other thing is that two Sikh leaders Deep Singh Sidhu and Sidhu Moosewala, and two Russian descendants in Odisha, have been killed under mysterious circumstances and we want a top investigation on these murders.

Many cases of sacrilege of the Sikh religion have been committed since 2015 and the culprits have not been arrested.

The MSP of agriculture, allocation of funds to NREGA and fertilizer subsidy – we want all these things on priority. In the Defence sector, the flying craft – the squadrons of the Air Force - have depleted to a very considerable extent. And the Jaguar Aircraft, the Mirage aircraft and the MiG series are going to be phased out. So, we cannot fight a two-front war. Then, four-year tenure for a soldier is insufficient. This Government which has come into being post-1947 have no experience in military matters and we are afraid that the Defence is getting very weak.

Madam, then, there are no Sikh Judges in the Supreme Court or Chief Justices in the High Courts. In the Union Territories and in the Parliament, we see no Sikh officer or Sikh person working which is very sad.

In foreign affairs, the Indian Government has not criticized the Russian occupations in Ukraine. In 2014, Russia occupied Crimea. Now, if India does not criticize these occupations in Ukraine, then, it would mean that India has accepted the Chinese aggression in Ladakh and NEFA.

These are some of the points and 60,000 farmers were divested of their legitimate farm lands in Gujarat in 2010 and in 2013. We wish the Prime Minister did something to rehabilitate them.

There is one good word for the Prime Minister. He is doing very well for the poor people but his partymen are putting on too much weight on their tummies. I wonder whether they are working for the poor or fattening themselves on the money the Prime Minister is giving to the poor. वे बहुत मोटे हो रहे हैं।

**डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब) :** चेयरमैन मैडम, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए आपको धन्यवाद।

यह बजट आया और हम लोग मन से चाहते थे कि इस बजट का हम सपोर्ट करें, लेकिन हम जैसे-जैसे इसको पढ़ते गए, वैसे-वैसे कई चीजें सामने आती गईं। एक तो यह सामने आया कि बेरोजगारी, गरीबी, इनइक्वेलिटी, प्राइस राइस जैसे विषय पूरे बजट में कहीं पर भी मेंशन नहीं हैं। वर्ड्स ही गायब हैं। मुल्क में जो प्राब्लम है, वह महंगाई की है, बेरोजगारी की है तथा इस तरह की समस्याएं हैं, लेकिन ये समस्याएं मेंशन्ड नहीं हैं। सरकार जो बनाती है, बजट डॉक्यूमेंट जो बनाते हैं, यह उनकी मर्जी होती है, मैं उस पर क्वेश्चन नहीं कर रहा हूँ। मैं तो सिर्फ यह कह रहा हूँ कि ये सारे विषय मेंशन्ड नहीं हैं। इसमें बहुत बड़ी घोषणा हुई, अच्छी घोषणा हुई कि मिडिल क्लास को 5 से 7 लाख तक इंकम टैक्स से रिलीफ मिला, लेकिन बाद में समझ आया कि उसके साथ बहुत सारी शर्तें लगी हुई हैं कि अब नई टैक्स रिजीम है, जिसमें सारी एग्जम्पशन खत्म हो जाएंगी। अच्छा, उसके बराबर जब बजट पढ़ा तो जो रिचेस्ट लोग हैं, जिनकी पांच करोड़ से ऊपर इंकम है, उनका सरचार्ज कम करके उनको टैक्स से रिलीफ दे दिया गया। बाकी कोई टैक्स कम नहीं किया गया। किसी तरह का इनडायरेक्ट टैक्स कम नहीं किया, जीएसटी कम नहीं की गई, पेट्रोल-डीजल पर इतना सेस लगता है, जिसकी वजह से इतनी महंगाई है, वह भी कम नहीं किया गया। बजट पढ़ा तो अफसोस हुआ कि इसमें कुछ न कुछ तो होना ही चाहिए था। महंगाई पर चोट करने के लिए ये सारी चीजें छोड़ दी गईं।

जब मैंने डिपार्टमेंट्स का बजट देखा तो सोशल सेक्टर के सारे डिपार्टमेंट्स का बजट या तो पिछले साल जितना ही है या उससे कम कर दिया है। कैसे इम्प्लायमेंट बढ़ेगी और कैसे गरीबी कम होगी? कहने को हम कुछ भी कह सकते हैं, एग्रीकल्चर हो, मनरेगा हो, पिछले साल की तुलना में 'पीएम किसान' का बजट कम है। पीएम फसल बीमा योजना का बजट कम है, फूड सब्सिडी कम कर दी, फर्टिलाइजर सब्सिडी कम कर दी, हेल्थ का बजट कम कर दिया, एजुकेशन का बजट कम कर दिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि ये सारे बजट कम कर दिए गए**।** जब हम इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट देखते हैं तो वे कह रहे हैं कि आपका 25 प्रतिशत यूथ अनइम्प्लायड है। फिर

हमको करना क्या है? क्या हम बेइज्जती करना चाहते हैं, उसे वेस्ट करना चाहते हैं? अगर बजट बनाते वक्त कोई चीज रह गई है, टैक्स रिलीफ या कोई अन्य चीज रह गई है तो उसे करेक्ट किया जाए।

जो इनइक्वैलिटी इतनी बढ़ रही है कि रिचेस्ट 1 प्रतिशत लोगों के पास नेशन की 60 प्रतिशत वेल्थ है और बॉटम 50 प्रतिशत लोगों के पास 3 प्रतिशत वेल्थ है, इसको करेक्ट करने की जरूरत है। इसके लिए कौन सी पॉलिसी लेकर आनी है, वह मैडम फाइनेंस मिनिस्टर जब जवाब देंगी, तब बता देंगी।

मैडम, मैं पंजाब की बात करना चाहता हूं। सोशल सेक्टर का 60 से 65 प्रतिशत खर्च स्टेट गवर्नमेंट्स करती हैं, लेकिन हम सेंटर से उनको सिर्फ 30 या 32 प्रतिशत रिसोर्सेस देते हैं। फाइनेंस कमीशन ने कहा कि 42 प्रतिशत दीजिए, वह हम दे नहीं रहे हैं और सेंटर 65 प्रतिशत टैक्सेज लिए जा रहा है। इस इम्बैलेंस को कहीं न कहीं ठीक करना पड़ेगा। मेरी विनती है कि जवाब देते समय इसके बारे में बताएं।

मैडम, मैं पंजाब और अपनी कांस्टीट्वेंसी की बात करूंगा। मैं बहुत कम बोलने वाला आदमी हूं। पंजाब सेंट्रल पूल ऑफ फूड का 35 से 45 प्रतिशत कंट्रीब्यूट करता है। हमारी जमीन खराब हो गई, हमारा अंडरग्राउण्ड वाटर खराब हो गया। पाकिस्तान से लगे हुए एरिया में वे ड्रोन भेज रहे हैं, ड्रग्स भेज रहे हैं, वेपन्स भेज रहे हैं। ऐसे में पंजाब को ज्यादा पैसे चाहिए और पंजाब का रूरल डेवलपमेंट फण्ड यहां सेंट्रल गवर्नमेंट रोककर बैठी है। हम स्पेशल पैकेज मांगते हैं, वह नहीं देते हैं। अब पंजाब को कह रहे हैं कि अपना कोयला पहले श्रीलंका में ले जाकर, फिर उधर से लेकर आओ। इससे हमें तीन गुना ट्रांसपोर्ट चार्ज लगेगा। पंजाब पहले से गरीब हो जाएगा।

मैडम, लास्ट में मैं अपनी कांस्टीट्वेंसी के बारे में बोलना चाहता हूं। मैं शुरू से कहता आया हूं कि मैं श्री फतेहगढ़ साहिब, जहां हमारे छोटे साहिबजादे, दसवें गुरू, गुरू गोविन्द सिंह जी के बच्चों को शहीद किया गया था, उस जगह से आता हूं। मैं बार-बार कहता हूं कि वहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनाइए, क्योंकि सारी दुनिया के सिख वहां आना चाहते हैं। वहां सारा कुछ वर्ल्ड क्लास दीजिए,

उसको इंटरनेशनल टूरिस्ट्स सर्किट में लेकर आइए। यह बात मैं बार-बार कहता हूं। मेरे यहां जो एमएसएमईज़ हैं, मंडी गोविन्दगढ़, खन्ना, दोराहा, सानेवाल, उसके बारे में मैं कई बार मिनिस्टर्स से मिला हूं कि उनको फेसिलिटी दी जाए। छोटे-मोटे रेल के इश्यूज हैं, वे मैं बार-बार कहता हूं। इस गवर्नमेंट से मेरा यही निवेदन है कि इस बजट के बाद इन सारे इश्यूज का समाधान कर दें, क्योंकि यह लास्ट पूर्ण बजट है।

धन्यवाद।

****SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA):** We are happy with the general budget introduced by Finance Minister Smt Nirmala Sitaraman. Earlier, my colleagues from my party have mentioned about several issues. I may be permitted to mention a couple of points. We request the Union Government to grant special category status to our state. I request the honorable prime minister and finance minister to consider this demand. Since coming to power in Andhra Pradesh our chief minister Y S Jagan Mohan Reddy is implementing welfare schemes and ensuring progress of our state with dedication but we need support from the Union Government. I request the honorable prime minister to consider this demand for special status. As this budget is in "Amrit kaal" we expect some ‘Amrit’ for our state Andhra Pradesh. That will help us develop our state further. Therefore, I request the government to take steps which will further strengthen our state Andhra Pradesh. As far as direct tax proposals in the budget are concerned, the common man is disappointed with the exemptions that are no more attractive. Though the tax limit has been increased up to 7 lacs, not extending benefits to various exemptions under section 80C, 80D and 24C has

* English translation of the Speech originally delivered in Telugu.

disappointed the common man. In the earlier tax regime, there were tax exemptions for insurance premium, home loan interest and medical insurance. Such exemptions boosted the housing sector. Such encouragement, indirectly helped people who were employed in the housing sector. Only one more minute madam, I will conclude my speech. I request you to extend those exemptions so that people are encouraged to save more in provident funds. One more point madam, I heartily congratulate our finance minister Nirmala sitaraman for presenting the 4th general budget in a large country like India. As a woman, I am proud of her. Mahatma Gandhi said that if a man is educated only he gets education, but if a woman is educated whole family gets education. We are proud that a woman is Finance Minister of our country.

We have Indian Institute of Foreign Trade in Delhi and Kolkata. Third institute is sanctioned in Kakinada. The finance minister herself laid the foundation stone for this institute and released funds. The fund sharing between state and Union Government is in 50:50 ratio. I request the Union Government to provide 100% funds taking into consideration the financial situation of our State. With this request, I thank you for giving me this opportunity.

**HON. CHAIRPERSON:** The House stands adjourned to meet tomorrow, 10th of February, 2023 at 11 am.

**20.32 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, February 10, 2023 / Magha 21, 1944 (Saka).*

---

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)